दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

वर्ष : 31 | अंक :31
प्रतापगढ़ | मंगलवार , 3 दिसम्बर -2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# दिल्ली कूच पर अड़े किसान अब दलित प्रेरणा स्थल पर करेंगे अपना आंदोलन

## ▶▶ किसानों को महामाया फ्लाईओवर के पास रोका गया, सड़क खाली करने का भी फैसला लिया



**नोएडा, (हि.स.)।** अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच कर रहे हजारों किसानों को पुलिस ने चिल्ला बॉर्डर के पास रोक लिया था। इसके बाद किसानों ने दलित प्रेरणा स्थल के पास नोएडा पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दीं और आगे बढ़ गए। इससे स्थिति गंभीर हो गई है। इसको देखते हुए पुलिस ने डीएनडी के पास कड़े बंदे बंदोबस्त कर दिए हैं। वहीं दिल्ली पुलिस भी किसानों के आंदोलन को लेकर अलर्ट पर है। किसानों के आंदोलन के चलते यहां पर लंबा जाम लग गया है। इससे लोग खासे से परेशान हैं। भारी सुरक्षा के बीच पुलिस इसकी ड्रोन से निगरानी कर रही है। अब किसानों ने अपनी मांगों को लेकर फिलहाल दिल्ली कूच करने के प्लान पर ब्रेक लगा दिया है। किसान अब दलित प्रेरणा स्थल पर ही अपना आंदोलन करेंगे। किसानों ने सड़क खाली करने का भी फैसला किया है।किसानों के दिल्ली कूच के ऐलान के साथ ही उत्तर प्रदेश और दिल्ली के बॉर्डरों पर भारी संख्या में पुलिस बल और आरएएफ टीम को तैनात किया गया है। सभी किसान महामाया फ्लाइओवर के पास एकजुट हो गए हैं। किसानों को रोकने के लिए जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई है। वहीं गाजियाबाद के यूपी गेट पर भी पुलिस तैनात है। किसानों को दिल्ली की तरफ जाने से रोकने के लिए दिल्ली-नोएडा बॉर्डर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर किसानों के प्रदर्शन के चलते दोनों तरफ का यातायात प्रभावित हुआ है।उधर किसानों को दिल्ली की तरफ बढ़ने से रोकने के लिए दिल्ली पुलिस के आलाधिकारी भी बॉर्डर में मौजूद हैं। किसानों को अभी महामाया फ्लाईओवर के पास रोका गया है। किसान प्रदर्शन के चलते दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर यातायात प्रभावित है। किसानों ने एक बार फिर दिल्ली कूच शुरू किया था। लेकिन इसके बाद किसानों ने फिलहाल दिल्ली कूच के फैसले को टाल दिया है। हालांकि पुलिस ने दो बैरिकेडिंग के साथ दो क्रेन और एक ट्रक को बीच हाइवे पर खड़ा कर दिया है।दिल्ली कूच के चलते दिल्ली-नोएडा रोड पर भारी जाम लग गया है। जाम में एंबुलेंस तक फंस गई। कई वाहन घंटों से जाम में फंसे हुए हैं। फिलहाल, पुलिस ने किसानों को नोएडा में ही दलित प्रेरणा स्थल पर रोक दिया है। महामाया फ्लाइओवर से किसानों ने दिल्ली की ओर कूच किया था। आखिरकार थोड़ी दूर चलने के बाद पुलिस ने रोक दिया है। इस पर किसान हाइवे पर ही बैठ गए हैं।

लेकिन वे लगातार नारेबाजी कर रहे हैं।किसान संगठनों ने केंद्र सरकार को अल्टीमेटम दिया है कि सरकार और अधिकारियों के पास हमारी मांगें पूरी करने का समय है। इसके बिना हम अपने घर नहीं लौटेंगे। हमने उन्हें पहले ही अपने कार्यक्रम बता दिए हैं। अगर वे शाम तक कुछ घोषणा नहीं करेंगे, तो हम आगे अपने कार्यक्रम घोषित करेंगे।किसानों के दिल्ली चलो मार्च पर किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा, ÷किसानों को महामाया फ्लाईओवर पर रोक दिया गया है। किसान दिल्ली की ओर जाना चाहते हैं, क्योंकि समाधान दिल्ली से ही निकलेगा...पुलिस किसानों को रोक रही है, जबकि किसान दिल्ली की ओर जाना चाहते हैं... ।

# स्पीकर के साथ सर्वदलीय बैठक के बाद संसद में गतिरोध खत्म

## ● आज से सुचारू रूप से कामकाज की उम्मीद



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** लोकसभा और राज्यसभा में पिछले एक सप्ताह से जारी गतिरोध समाप्त होने जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष के साथ सोमवार को विभिन्न दलों के फ्लोर लीडर की बैठक हुई। बैठक में सहमति बनी कि मंगलवार से सदन को सुचारू रूप से चलाया जाएगा।लोकसभा अध्यक्ष के साथ बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री ने इसकी जानकारी दी और आशा व्यक्त की कि सभी दल मिलकर सदन को चलाने में मदद करेंगे। उन्होंने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सभी सांसदों को सदन में अपनी बात रखने का अवसर मिलना चाहिए। विपक्ष के नेता अपने हर विषय को अनुमति से सदन में रख सकते हैं।रिजिजू ने बताया कि आज की बैठक में संविधान पर चर्चा कराए जाने पर भी सहमति बनी है। लोकसभा में 13-14 दिसंबर यानि शुक्रवार और शनिवार को चर्चा कराई जायेगी।

राज्यसभा में 16-17 दिसंबर को चर्चा कराई जाएगी।उल्लेखनीय है कि लोकसभा और राज्यसभा में पिछले कई दिनों से संभल में हुई हिंसा और अडाणी पर अमेरिका में जांच से जुड़े मुद्दों को लेकर गतिरोध जारी था। विपक्ष इन मुद्दों पर चर्चा कराए जाने की मांग कर रहा था। इसी बीच विपक्ष ने संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर दोनों सदनों में संविधान पर विशेष चर्चा कराए जाने की मांग की थी।

आज हुई बैठक में टीडीपी से लवु श्रीकृष्ण देवरायलु, कांग्रेस से गौरव गोगोई, द्रमुक से टीआर बालू, एनसीपी (शरदचंद्र) से सुप्रिया सुले, सपा से धर्मेंद्र यादव, जेडी (यू) से दिलेश्वर कामैत, राजद से अभय कुशवाहा, तृणमूल से कल्याण बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) से अरविंद सावंत और सीपीआई (एम) से के. राधाकृष्णन ने बैठक में भाग लिया।

# हिंदुओं पर अत्याचार के विरुद्ध अगरतला में बांग्लादेशी दूतावास पर विरोध, प्रदर्शनकारी परिसर में घुसे



**अगरतला, (हि.स.)।** अगरतला में बांग्लादेश के सहायक उच्चायुक्त के कार्यालय के सामने हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के विरोध में और इस्कॉन सदस्य चिन्मय दास प्रभु की रिहाई की मांग को लेकर सोमवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारी परिसर के अंदर भी घुस आए और विरोध स्वरूप बांग्लादेश का झंडा फाड़ दिया और तोड़-फोड़ भी की।इस विरोध प्रदर्शन में 'हिंदू संघर्ष समिति' के साथ ही विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने हिंदू नेता और इस्कॉन सदस्य चिन्मय दास प्रभु को अवैध रूप से गिरफ्तार किया है। उन्होंने उन्हें खाना भी नहीं दिया। यह पूरी तरह से अवैध और अमानवीय है। उन्होंने चिन्मय दास प्रभु की तत्काल रिहाई की मांग की। हिंदू होने के नाते, बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि भारत में मुसलमान तथा अन्य किसी भी अल्पसंख्यक पर कोई अत्याचार नहीं किया जाता है। वे यहां शांतिपूर्ण तरीके से रह रहे हैं।उन्होंने कहा कि हम यहां अपने मुस्लिम भाइयों और बहनों पर हमला नहीं कर रहे हैं।

फिर वे हमारे साथ ऐसा क्यों कर रहे हैं? उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि जब तक यूनुस सरकार इस्कॉन नेता को रिहा नहीं करती, तब तक विरोध जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए नेताओं ने कहा कि हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले काफी बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि वे इस तरह के कृत्यों की कड़ी निंदा करते हैं।उन्होंने कहा कि लंबे समय से और खासकर सरकार बदलने के बाद, ये हमले तेज हो गए हैं। आज हम विभिन्न संगठनों की ओर से यहां विरोध प्रदर्शन करने आए हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने भी बांग्लादेश सरकार को चेतावनी दी है।

# बांग्लादेश की स्थिति पर ममता ने जताई चिंता, कहा-केंद्र सरकार उठाए स्पष्ट कदम

**कोलकाता,(हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से इसके समाधान के लिए स्पष्ट कदम उठाने की मांग की है। सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या विदेश मंत्री. एस जयशंकर से संसद में इस मुद्दे पर बयान देने की मांग की। साथ ही, ममता ने सुझाव दिया कि केंद्र सरकार बांग्लादेश में शांति स्थापित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र से संपर्क कर ÷शांति सैनिकों÷ की तैनाती सुनिश्चित करे।ममता बनर्जी ने इस स्थिति को देखते हुए कहा कि केंद्र सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार केंद्र के दिशा-निर्देशों का पालन करेगी लेकिन बांग्लादेश में स्थिरता के लिए केंद्र को सक्रिय कदम उठाने चाहिए।


# सुखबीर बादल व सुखदेव ढींढसा बनेंगे गुरुघर के चौकीदार

## ▶▶ पूर्व अकाली मंत्री करेंगे शौचालय साफ



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह ने शिरोमणि अकाली दल के पूर्व अध्यक्ष एवं तत्कालीन पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा को सेवादार का चोला पहनकर दरबार साहिब समेत विभिन्न गुरुद्वारों के आगे चौकीदारी करने के आदेश जारी किए हैं।इसके अतिरिक्त जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहब ने बादल सरकार में सत्ता में भागीदार रहे नेताओं को श्री दरबार साहब में बने सार्वजनिक शौचालयों की सफाई करने के आदेश जारी किए हैं। सभी अकाली नेताओं की यह सजा 3 दिसंबर से शुरू होगी। खास बात यह है कि इस सजा के दौरान सुखबीर सिंह बादल समेत सभी नेता अपने गले में दोषी की तख्ती पहन कर सेवा करेंगे। श्री तख्त साहब के इतिहास में करीब 40 वर्ष बाद इस प्रकार की सजा सुनाई गई है। इसके अतिरिक्त जत्थेदार सब ने सभी अकाली नेताओं को श्री दरबार साहब में बने लंगर हॉल में जाकर बर्तन साफ करने तक की सजा सुनाई है।इसके अतिरिक्त सभी नेता एक घंटा कीर्तन सुनने एवं श्री सुखमणि साहब का पाठ करने के आदेश भी जारी किए गए हैं। अकाली नेताओं, जिनमें आदेश प्रताप कैरो, गुलजार सिंह रणीके, परमिंदर सिंह ढींढसा, जनमेजा सिंह सेखों, बिक्रम मजीठिया, सोहन सिंह ठंडल, सिकंदर सिंह मलूका, सुरजीत सिंह रखड़ा, शरणजीत ढिल्लों, डॉ. दलजीत सिंह चीमा, बीबी जगीर कौर, बीबी उपिंदरजीत कौर, सरवन सिंह फिल्लौर, हीरा सिंह गाबड़िया, मनप्रीत बादल के अलावा भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा के नाम शामिल हैं, जिन्हें पांच दिन तक बाथरूम साफ करने से लेकर लंगर हॉल में बर्तन साफ करने एवं एक घंटा कीर्तन सुनने और उसके बाद श्री सुखमणि साहब का पाठ करने के आदेश जारी किए गए हैं।जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहब ने स्पष्ट किया के यह सभी अकाली नेता पांचों तख्तों समेत श्री फतेहगढ़ साहब में भी जाकर यह दो दिन सेवा करेंगे और इसके उपरांत यह नेता अपने गांव या फिर हल्के में किसी भी गुरुघर में जाकर एक-एक घंटा सेवा करेंगे। जत्थेदार साहब ने स्पष्ट किया यह सभी अकाली नेता अपने गले में सेवादार की तख्ती डालकर सेवा करेंगे।इसके अतिरिक्त जत्थेदार श्री अकाल तक साहब ने अकाली दल में मेंबरशिप के लिए भी एक कमेटी का गठन किया है जिसमें शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मौजूदा अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी, इकबाल सिंह झुंदा, गुरुप्रताप सिंह वडाला, मनप्रीत सिंह एयाली, संता सिंह उमेदपुरी एवं श्री अकाल तख्त की ओर से बीबी सतवंत कौर शामिल होंगे।

# दिल्ली-एनसीआर में लागू रहेंगी ग्रैप-4 की पाबंदियां, पांच को सुप्रीम कोर्ट करेगा फैसला



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 के तहत लगी पाबंदियां जारी रहेंगी। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि 5 दिसंबर को हम एक्यूआई लेवल देखेंगे कि उसमें लगातार कमी आ रही है या नहीं। ग्रैप-4 में छूट देने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से दिए सुझाव पर सभी पक्षकारों की राय जानने के बाद कोर्ट उस दिन फैसला करेगा।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एनसीआर के अंतर्गत आने राज्यों की ओर से निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को मुआवजा देने के आदेश पर अमल न करने पर नाराजगी जाहिर की। आज कोर्ट ने कहा कि 5 दिसंबर को सुनवाई में सभी एनसीआर के राज्यों के चीफ सेकेट्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई के दौरान मौजूद रहें, तभी वो हमारे आदेश की गम्भीरता को समझेंगे। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने एनसीआर राज्यों से कहा था कि वो लेबर सेस के रूप में जमा पैसे का उपयोग श्रमिकों को जीविका प्रदान करने के लिए करें। अभी ग्रेप के तहत दिल्ली-एनसीआर में कंस्ट्रक्शन पर पूरी तरह से बैन है।सुनवाई के दौरान कोर्ट कमिश्नर मनन वर्मा ने बताया कि बीएचईएल के वरिष्ठ अधिकारी के निर्माणाधीन घर के बारे में रिपोर्ट तैयार करने के दौरान उनको धमकियां दी गई। उन्होंने कोर्ट को बताया कि मेदांता और अपोलो जैसे अस्पतालों के विशेषज्ञों ने भी आशंका जताई है कि मौजूद स्थिति से जल्दी ही दिल्ली वालों के फेफड़े खराब होने की महामारी से ग्रस्त हो जाएंगे। मनन वर्मा ने पुलिस की स्थिति पर जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा में तो ट्रकों की बेरोकटोक आवाजाही की सूचना जब स्थानीय एसएचओ को दी गई तो उन्होंने कहा कि हमारे पास ऐसा कोई निर्देश नहीं आया है उल्टा वो हमसे ही बहस करने लगे। झड़ौदा कलां में तो टीम ने खेतों में पराली जलती हुई भी देखी। पुलिस से पूछा कि किसका खेत है तो पुलिस इसकी भी कोई जानकारी नहीं दे सकी।

एमिकस एडीएन राव ने कोर्ट को बताया कि सैकड़ों ट्रक दिल्ली में प्रवेश कर रहे हैं। इसको भी देखा जाए। वहीं वकील गोपाल शंकरनारायण ने कहा कि पिछले एक हफ्ते में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने कोई कार्यवाही नहीं की। एडवोकेट कमिश्नर ने कहा कि ट्रकों और टोल का कोई डेटा दर्ज नहीं किया जा रहा है।

एडवोकेट कमिश्नर ने कहा कि कमिश्नर खुद खतरा महसूस कर रहे हैं। दिल्ली सरकार के लिए पेश वकील शदन फरासत ने कहा कि हम कोर्ट के आदेशों का पालन सुनिश्चित कर रहे हैं, लेकिन दो-तीन घटनाओं के आधार पर यह नहीं कह सकते कि पूरी दिल्ली में कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं कर रहा है। तब जस्टिस ओका ने पूछा कि कितने अधिकारी दिल्ली के एंट्री प्वाइंट्स पर तैनात किए गए हैं। तब फरासत ने कहा कि हमने ट्रांसपोर्ट और रेवेन्यू विभाग के अधिकारी लगा रखे हैं पर सटीक संख्या नहीं बता सकते फिर भी हमारे पास उनके ड्यूटी चार्ट हैं। कोर्ट ने कहा कि उनका कोई सुपरवाइजर है। उनको कौन सुपरवाइज कर रहा है। कोर्ट ने पूछा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग क्या कर रहा है।कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को कहा कि हमें यह चिंता है कि 27 नवंबर को एक्यूआई 303 आया, लेकिन 28, 29 और 30 नवंबर को एक्यूआई फिर से बढ़ गया। तब आयोग की ओर से पेश एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि यह ट्रेंड जनवरी तक चलता रहेगा। तब जस्टिस ओका ने संकेत दिए कि आज भी हम किसी तरह की ढील की अनुमति नहीं देंगे।

## मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या बढ़ाए जाने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती, निर्वाचन आयोग को नोटिस

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या बढ़ाए जाने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने आयोग को तीन हफ्ते में हलफनामा दायर करने को कहा। मामले की अगली सुनवाई 27 जनवरी, 2025 को होगी।इंदू प्रकाश सिंह ने एक याचिका दायर कर में प्रत्येक मतदान केन्द्र (पोलिंग



स्टेशन) पर अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1200 से बढ़कर 1500 किए जाने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता ने निर्वाचन आयोग के अगस्त, 2024 में जारी दो निर्देशों को चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि आयोग के फैसले के चलते मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लम्बी लाइन लगेगी। वोट डालने के लिए लंबा इंतजार मतदाताओं को मतदान के लिए हतोत्साहित करेगा।सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि हमारी चिंता इस बात को लेकर है कि वोटरों को परेशानी न हो। चुनाव आयोग की ओर से पेश वकील मनिंदर सिंह ने याचिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि राजनीतिक दलों से बाकायदा विचार विमर्श कर ये फैसला लिया गया है।

## आरोपित जो भाषा समझ सके, उसी में समझाया जाना चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने अहम फैसले में साफ किया है कि अगर अदालत में किसी आरोपित के खिलाफ सबूत ऐसी भाषा में रिकॉर्ड किए जाते हैं, जिसे वो समझता नहीं है तो ऐसी स्थिति में आरोपित को उसकी भाषा में ही समझाया जाना चाहिए। आरोपित के लिए उसका अनुवाद होना चाहिए।सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के एक मामले में आरोपित को बरी करते हुए पब्लिक प्रासिक्यूटर, लीगल एड और ट्रायल कोर्ट के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। कोर्ट ने इस फैसले की कॉपी सभी स्टेट लीगल सर्विस अथॉरिटी को भेजने का निर्देश दिया है।

# गृह मंत्रालय पर अड़े एकनाथ शिंदे

## ▶▶ बीजेपी नेताओं के संपर्क से हुए दूर, सभी बैठकें रद्द



**मुंबई, एजेंसियां।** महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर हो रही देरी के बीच एकनाथ शिदने अपनी पार्टी के लिए गृह मंत्रालय की मांग पर अड़े हुए हैं। इस बीच, स्थानीय भाजपा नेता उनसे मिलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सूत्रों के मुताबिक वह उनसे संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। स्थानीय भाजपा नेताओं को बैठक के लिए समय नहीं मिल पा रहा है। गौरतलब है कि बीमार पड़ने के बाद शिंदे सतारा स्थित अपने गांव से ठाणे लौट आए हैं।

वापसी के एक दिन से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद उन्होंने बीजेपी नेताओं से संपर्क नहीं किया है। इस बीच, एकनाथ शिंदे ने विधायकों और समन्वयकों के साथ आज होने वाली सभी बैठकें रद्द कर दीं। डॉक्टरों द्वारा उन्हें आराम करने की सलाह देने के बाद उन्होंने बैठकें रद्द कर दीं और इसलिए वह आज ठाणे में ही रुकेंगे।

एकनाथ शिंदे के गले में संक्रमण बताया जा रहा है। ऐसी भी अटकलें थीं कि शिंदे के बेटे श्रीकांत, जो एक सांसद हैं, संभवतः उपमुख्यमंत्री बनेंगे। हालांकि, उन्होंने ऐसी अफवाहों का खंडन किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में थोड़ी देरी हो गई है और उनके डिप्टी सीएम बनने की अफवाहें निराधार हैं।भारतीय जनता पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने रविवार रात को बताया कि महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री के रूप में देवेंद्र फडणवीस का नाम तय हो गया है, जिन्हें दो या तीन दिसंबर को होने वाली बैठक में विधायक दल का नेता चुना जाएगा।

इससे पहले, निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि वह नये मुख्यमंत्री के चयन के भाजपा के फैसले का समर्थन करेंगे। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री के तौर पर देवेंद्र फडणवीस का नाम तय हो गया है। भाजपा के नए विधायक दल की बैठक दो या तीन दिसंबर को होगी।''

# डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच के लिए कमेटी की मांग पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में साइबर और डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच और निगरानी के लिए ठोस मैकेनिज्म बनाने और सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाए जाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। चीफ संजीव खन्ना ने सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि इस मामले पर सरकार भी विचार कर रही है। आपके पास कोई सलाह हो तो सरकार से साझा करें।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि साइबर ठगी का शिकार सिर्फ आम आदमी ही नहीं बल्कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जज भी हो रहे हैं।

याचिका में कहा गया था कि पिछले दिनों कई ऐसे मामले सामने आए, जहां रिटायर्ड जज के साथ सिटिंग जज के नाम पर भी ठगी हुई है।

यहां तक कि ठगों ने पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नाम का सहारा लेकर एक बिजनेसमैन से सात करोड़ रुपये ठग लिए गए। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि वह खुद भी इसका शिकार हुआ है।

# देवेंद्र फडणवीस होंगे महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री

## ● 4 दिसंबर को होगी घोषणा, शपथ ग्रहण की तैयारी शुरू

**मुंबई, एजेंसियां।** वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी के हवाले से बताया कि महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की पूर्व संध्या पर,



बुधवार 4 दिसंबर को की जाएगी। पदाधिकारी ने कहा कि यह फैसला भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने विधायक दल के नेता का चुनाव करने के बाद आएगा। भगवा पार्टी ने सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपानी को महाराष्ट्र विधायक दल की बैठक के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों के रूप में नामित किया, जहां विधायक अपने नेता का चुनाव करेंगे।गुजरात के पूर्व सीएम और महाराष्ट्र के लिए बीजेपी के केंद्रीय पर्यवेक्षक विजय रूपाणी ने कहा कि पार्टी ने हम दोनों को महाराष्ट्र पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। हम पर्यवेक्षक के रूप में जा रहे हैं जहां विधायक दल के नेता की नियुक्ति की प्रक्रिया होगी। केंद्रीय कार्यालय हमें बैठक की तारीख बताएगा और हम जाकर सभी से मिलेंगे और फिर आलाकमान से बात करेंगे। हाईकमान की बात मानें तो विधायक दल के नेता की घोषणा कर दी जायेगी। भाजपा नेता और पूर्व मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने सोमवार को घोषणा की कि देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री होंगे।

भाजपा ने कहा कि मेरी राय है कि फैसला विधायक दल की बैठक में लिया जाएगा। बीजेपी कोई आश्चर्य नहीं देगी। सुधीर मुनगंटीवार ने आगे कहा कि एकनाथ शिंदे इस फैसले से नाराज नहीं हैं।

लोकमित्र
● प्रतापगढ़, मंगलवार , 3 दिसम्बर 2024



# स्वच्छ, सुरक्षित एवं प्लास्टिक मुक्त कुम्भ हेतु जन जागरूकता रैली का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महाकुम्भ-2025 के सुरक्षित, स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त आयोजन हेतु जागरूकता अभियान के अन्तर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा के0पी0 ग्राउण्ड में आयोजित स्कूटी एवं बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर जिलाधिकारी ने रवाना किया। इस अवसर पर जनपद प्रयागराज के माध्यमिक विद्यालयों के दो हजार से अधिक शिक्षक, शिक्षिकाएं, स्काउट गाइड, बेसिक शिक्षा के शिक्षक/शिक्षिकाएं अपनी-अपनी स्कूटी/बाईक के साथ सम्मिलित हुये। पी0एन0 सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज ने जिलाधिकारी एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सहित सभी का स्वागत करते हुये कहा कि प्रयागराज में यह विश्व स्तरीय आयोजन हम सब के लिए गौरव का विषय है। महाकुम्भ-2025 को स्वच्छ, सुरक्षित एवं प्लास्टिक मुक्त बनाये जाने के प्रति कृत संकल्पित है। कार्यक्रम में जगत तारन गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं समुद्र मन्थन की थीम पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गयी।




रैली को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी ने स्वच्छता शपथ दिलाते हुये कहा कि अध्यात्म और अध्यापक एक दूसरे के पूरक है। शिक्षक समाज में आकर मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रभाकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। एम आर शेरवानी इंटर कॉलेज के कला शिक्षक इरशाद अहमद ने जिलाधिकारी प्रयागराज का एक सुंदर व्यक्ति चित्र बनाया जिसे कार्यक्रम के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज द्वारा जिलाधिकारी को उन्हें सप्रेम भेंट किया।

रैली के0पी0 ग्राउण्ड से प्रारम्भ होकर मेडिकल चौराहा, हनुमान मन्दिर चौराहा, पत्थर गिरजा चौराहा, एकलव्य चौराहा, ऐ0जी0 आफिस चौराहा, चौधरी चुन्नी लाल चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा, हेलीकाप्टर चौराहा, हिन्दू हास्टल चौराहा, इण्डियन प्रेस चौराहा, महर्षि भरद्वाज चौराहा से जगत तारन गर्ल्स इण्टर कालेज होते हुये के0पी0 इण्टर कालेज मैदान में समाप्त हुयी।


कार्यक्रम में एल0 बी0 मौर्य सह जिला विद्यालय निरीक्षक, डॉ0 बी0 एस0 यादव, खेल सचिव बृजेश श्रीवास्तव सहित जनपद के राजकीय एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। समापन के अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुये रैली में उत्साह पूर्वक भाग लेने के लिए सभी की सराहना की।

## प्रशिक्षण देकर महिलाओं को बना रहे ,रोजगार परक

**थरवई ।** एन जी ओ वं एच डी एफ सी बैंक के सहयोग से समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत थरवई (बनर्जी बंगला) पर दो दिवसीय महिलाओ का उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत स्वरोजगार का प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर दिवेश कुमार ने महिलाओ को हाथ से गाय के गोबर से निर्मित धूपबत्ती, कागज बॉक्स, अगरबत्ती, झाड़ू, वाइपर, कपूर, दियाबत्ती, आदि का हुनर सिखाया। प्रशिक्षण मिलने से महिलाओं में उत्साह है।साथ ही बाजार में उत्पाद को बेच कर धन अर्जित कर अपना आर्थिक विकास कर सकेंगी। ट्रेनर दिवेश कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिला कारीगर न सिर्फ हुनर सीखेंगी वरन स्वरोजगार के जरिए अपना आर्थिक पक्ष भी मजबूत करेंगी।

# वकीलों की हड़ताल 11वें दिन भी जारी, लौट रहे सैकड़ों वादकारी

### अधिवक्ता अखिलेश शुक्ला की हत्या के विरोध में वकीलों ने कामकाज ठप किया




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** वकील अखिलेश शुक्ला उर्फ गुड्डू की हत्या के खिलाफ वकीलों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। सोमवार को 11 वें दिन भी वकीलों की हड़ताल जारी रही। कचहरी परिसर जमा वकीलों ने आमसभा कर पुलिस, प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी किया।

जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने शाम को बैठक कर आगे फैसला लेने का ऐलान किया है। फिलहाल वकीलों की हड़ताल की वजह से कामकाज पूरी तरह ठप है। सैकड़ों केसों की सुनवाई लटकी है। हजारों वादकारी रोज आकर वापस लौट रहे हैं। वकील अपनी मांगों पर अड़े हैं।अपनी मांगों पर अड़े वकील लगातार न्यायिक कार्य से लगातार विरत चल रहे हैं। वकीलों ने कचहरी परिसर के हो टेंट लगाकर कई दिनों तक आमसभा की। अधिवक्ता अखिलेश शुक्ला हत्याकांड में अब तक की गई प्रशासनिक कार्यकार से असंतुष्ट वकीलों के तेवर तीखे हो गए हैं। वकीलों का कहना है कि जब तक सभी मांगे पूरी नहीं होंगी आंदोलन जारी रहेगा। वकीलों ने चेतावनी दी है कि यदि गिरफ्तारी तत्काल नहीं की गई तो आंदोलन की दिशा और दशा बदलने को मजबूर होना पड़ेगा। वकीलों ने निर्णय लिया है कि अब सड़क पर आम सभा शुरू होगी।

वकीलों ने मांग किया है कि परिजनों को आर्थिक सहायता के रूप में एक करोड़ रूपये, शस्त्र लाइसेंस, सरकारी नौकरी दी जाए। हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। हमलावरों के शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जाएं। उन्हे ठेकेदारी में ब्लैक लिस्टेड किया जाए।

## बढ़ी गलन: न्यूनतम तापमान पहुंचा 11 डिग्री सेल्सियस

**प्रयागराज।** दिसंबर की शुरूआत के साथ ही सर्दी के मौसम ने प्रयागराज में दस्तक दे दी। पिछले करीब एक सप्ताह से दिन और रात के तापमान में अंतर ने लोगों को गलन का अहसास कराना शुरू कर दिया है। मौसम में हुए बदलाव के कारण लगातार रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। सोमवार की रात प्रयागराज का तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं दिन में अधिकतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों की माने तो आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने के पूरे आसार दिखाई दे रहे हैं। दिन के तापमान में भी तेजी से गिरावट दर्ज की जाएगी।सुबह और शाम को ठंड बढ़ने के साथ ही रात होते ही कोहरे की दस्तक भी प्रयागराज में दिखने लगी है। रविवार को भी भोर में हल्के कोहरे की चादर ने पूरे जिले को घेर रखा था। हालांकि दिन निकलने के साथ ही कोहरे का असर भी हल्का होने लगा। मौसम विभाग की माने तो अगले एक सप्ताह तक अधिकतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जाएगी। इसके अलावा कोहरे की स्थिति लगातार बनी रहेगी। इस बार पिछले सालों के मुकाबले अधिक ठंड पड़ने के आसार हैं। इलाहाबाद विश्विविद्यालय के पूर्व मौसम विज्ञानी प्रो. एचएन मिश्रा के मुताबिक मौसम में यह परिवर्तन सामान्य है। सूर्य की स्थिति मकर रेखा की तरफ बढ़ रही है। ऐसे में शीत ऋतु बढ़ेगी। सूर्य दक्षिणायन हो रहे हैं, इससे शीघ्र ही लोगों को भीषण ठंड का अहसास होने लगेगा।

## हिमांशु ने गंगा डिग्री कॉलेज को जिताया



**प्रयागराज।** गंगा डिग्री कॉलेज ने आरपी रस्तोगी इंटर कॉलेज को पांच विकेट से हराकर गंगा डिग्री कॉलेज अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में हिमांशु पटेल की अचूक गेंदबाजी (6-0-20-4) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।गंगा डिग्री कॉलेज सोरांव मैदान पर खेले गए मैच में आरपी रस्तोगी इंटर कॉलेज ने 30 ओवर में 135 रन (रुद्र प्रताप 43, साहिल कुमार 34, हिमांशु पटेल 4/20, आकाश सिंह 2/27) बनाये। जवाब में गंगा डिग्री कॉलेज ने 27 ओवर में 5 विकेट पर 139 रन (सुधांशु 43, आयुष यादव 28 नाबाद, आकाश सिंह 23, अवनीश सिंह 2/39, अमन खान, उज्ज्वल शर्मा, साहिल कुमार एक-एक विकेट) बना लिए।

# प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ के लिए नगर निगम ने तेज किया अभियान

### मुख्यमंत्री के ग्रीन महाकुम्भ अभियान का हिस्सा है नगर निगम का प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज का महाकुम्भ विश्व के सबसे बड़े सम्मेलनों में से एक है। सीएम योगी महाकुम्भ को दिव्य भव्य के साथ ग्रीन महाकुम्भ के तौर पर विकसित करने के निर्देश दिये हैं। सीएम योगी महाकुम्भ के वैश्विक सम्मेलन से प्लास्टिक मुक्त, ग्रीन महाकुम्भ का संदेश पूरे विश्व में फैलाना चाहते हैं। उन्होंने महाकुम्भ को पूरी तरह पर्यावरण की शत्रु प्लास्टिक से मुक्त रखने का संकल्प लिया है। इस दिशा में नगर निगम प्रयागराज भी नगर आयुक्त सीएम गर्ग के निर्देशन में पूरे शहर में प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज का अभियान चला रहा है। नगर निगम की टीमें इंफोर्समेंट व्हीकल के साथ शहर में प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज के लिए लोगों को जागरूक कर रही हैं साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर इंफोर्समेंट की कार्यवाही भी की जा रही है।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की मंशा के मुताबिक महाकुम्भ 2025 को स्वच्छ महाकुम्भ, ग्रीन महाकुम्भ बनाने का प्रयास किया जा रहा। इस दिशा में जहां एक ओर मेला प्राधिकरण मेला क्षेत्र को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रखने की कवायद कर रहा है तो वहीं नगर निगम प्रयागराज भी पूरे शहर को प्लास्टिक फ्री रखने का अभियान चला रहा है। नगर आयुक्त सीएम गर्ग के मार्गदर्शन और निर्देशन में पूरे शहर में 12-12 सदस्यों की 2 टीमें और 6 इन्फोर्समेंट व्हीकल के साथ स्वच्छ प्रयागराज, प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज का अभियान चला रही है। उनके निर्देशों के मुताबिक पूरे शहर को 3 नोड और 8 जोन में बांटा गया है। दोनों टीमें पूरे शहर में प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज का जागरूकता अभियान चला रही हैं। साथ ही सिंगल यूज्ड प्लास्टिक का उपयोग करने वालों, गंदगी फैलने वालों और नगर निगम के निर्देशों का उल्लघंन करने वाले दुकानदारों के साथ इन्फॉर्मेंट की कार्रवाही भी की जा रही है। चेतावनी के बाद भी नियमों का उल्लघंन करने वालों से जब्ती और चलान वसूली भी की जा रही है।

## जागरूकता के साथ इन्फोर्समेंट की भी की जा रही है कार्यवाही

**प्रयागराज।** नगर निगम विशेष तौर पर महाकुम्भ के दौरान पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रखना चाहता है। ताकि महाकुम्भ से स्वच्छ, हरित पर्यावरण का संदेश विश्व पटल तक पहुंचे। नगर निगम प्रयागराज के नागरिकों और दुकानदारों से पर्यावरण की शत्रु प्लास्टिक के प्रयोग को हतोत्साहित कर रहा है। प्लास्टिक के विकल्प के तौर पर कुल्हड़, दोनें, पत्तल व कपड़े और जूट के थैलों के प्रयोग को प्रोत्साहित कर रहा है। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के साथ सख्त कार्यवाही भी की जा रही है। इसके लिये नगर निगम की जागरूकता और इंफोर्समेंट टीम में 2 ट्रक, एक जेसीबी के साथ 4 गार्ड, 10 गैंगमैन, एक नोडल आरई के साथ अभियान चला रही हैं। जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद भी ली जा रही है। प्रयागराज नगर निगम सीएम योगी के स्वच्छ महाकुम्भ और ग्रीन महाकुम्भ के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

## जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में तीन दिवसीय कॉम एड्यू फेस्ट का शुभारंभ




**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने सोमवार को महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में तीन दिवसीय कॉम एड्यू फेस्ट 2024 का शुभारंभ हुआ। जिसका शीर्षक ÷द क्रिसलिस इफेक्ट÷ ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया फ्रॉम विदिन÷ रखा। कार्यक्रम के पहले दिन की अतिथि वक्ता डॉ. शेफाली नंदन, एसोसिएट प्रोफेसर इलाहाबाद विश्वविद्यालय रहीं जिनका स्वागत प्रो. शिखा दीक्षित ने पौधा भेंट करके किया। प्रो.शिखा दीक्षित ने छात्राओं को कार्यक्रम की महत्वता बताते हुए प्रोत्साहित करने का कार्य किया। डा. शेफाली नंदन ने स्टार्टअप्स टू मार्केट जायंट्स÷ द बिजनेस मेटामोरफोसिस विषय पर छात्राओं को अपना व्याख्यान दिया और छात्राओं को स्टार्टअप्स एक बेहतर करियर विकल्प के रूप में बताया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग की छात्राओं ने भारी मात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और विषय पर सवाल पूछे।

कार्यक्रम का संचालन डा. आयुषी अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम को आयोजन करने में वाणिज्य विभाग की डॉ. संगीता अग्रवाल, डा. अर्पिता घोष और श्री सुमित शर्मा ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन करने का कार्य सुमित शर्मा ने किया।

# व्यसन के तीन मुख्य प्रकार हैं शारीरिक, मानसिक और आवेग नियंत्रण विकार- भगवान सिंह




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर प्रयागराज में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय की अध्यक्षता में व्यसनमुक्त स्वर्णिम भारत महा अभियान के अंतर्गत व्यसनों से मुक्ति एवं उससे होने वाले बुरे प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारियां प्रदान की एवं समस्त छात्र-छात्राओं को उससे संबंधित पुस्तके वितरित की।

विद्यालय के संगीताचार्य एवं मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता के अनुसार पूर्व जिला जज एवं गायत्री परिवार के स्थानीय प्रतिनिधि भगवान सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यसन से मुक्ति वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से व्यक्ति मादक द्रव्यों के सेवन या व्यवहारिक निर्भरता पर काबू पाने और अपने जीवन पर नियंत्रण पुनः प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। इसमें एक बहुआयामी दृष्टिकोण शामिल है जिसमें शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक उपचार शामिल है। व्यसन के तीन मुख्य प्रकार हैं÷ शारीरिक व्यसन, व्यवहारिक व्यसन, और आवेग नियंत्रण विकार।

इसी संबंध में प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय ने बताया कि संसार में हमें किसी भी पदार्थ में तीन प्रकार की शक्तियों के काम करने का अनुमान होता है। कोई शक्ति किसी पदार्थ को उत्पन्न करती है, दूसरी शक्ति उसका पोषण करती है और तीसरी शक्ति उसका विनाश कर देती है।

उनके साथ अखिल विश्व गायत्री परिवार के रामदेव यादव, सरयू प्रसाद एवं देवव्रत ने भी उनका सहयोग किया। आए हुए अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय ने तथा कार्यक्रम का संचालन दिनेश कुमार शुक्ला ने किया।

## भाजपाईयो ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को दी जन्मदिन की बधाई



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को उनके 64 वें जन्म दिवस पर महापौर कैंप कार्यालय कीडगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। इस अवसर महापौर गणेश केसरवानी, भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने उनके तस्वीर पर तिलक लगाते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को जन्मदिन की बधाई दिया और कहा कि

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री के रूप में नड्डा जी का योगदान अतुलनीय है। उनकी कर्मठता और समर्पण ने पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। इसके अलावा पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि श्री नड्डा की दूरदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा सराहनीय है। बधाई देने वालों में कुंज बिहारी मिश्रा, देवेश सिंह, रमेश पासी, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, राजू पाठक, प्रमोद मोदी, राजू पाठक, पार्षद मुकेश लारा, विवेक अग्रवाल, गिरजेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, संजय श्रीवास्तव, दीप द्विवेदी, कुलदीप मिश्रा, प्रशांत शुक्ला, राकेश भारती, अनुराग सोनकर आदि कार्यकर्ता रहे।

## एसके साहू, डीएसए 'ए' और विष्णु भगवान स्कूल को पूरे अंक

**प्रयागराज।** एसके साहू क्लब और डीएसए 'ए' ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक/बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। इसमें प्रयाग गर्ल्स क्लब की हसी सिंह (107 रन, 132 गेंद, 13 चौके, एक छक्का) और खुशी सिंह (98 नाबाद, 112 गेंद, नौ चौके, एक छक्का) ने पहले विकेट के लिए 226 रन की साझेदारी की। एक अन्य मुकाबले में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल को भी पूरे अंक प्रदान किये गये।




डीएवी कॉलेज मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में प्रयाग गर्ल्स क्लब ने 40 ओवर में एक विकेट पर 227 रन (हसी सिंह 107, खुशी सिंह 98 नाबाद) बनाये। जवाब में एसके साहू गर्ल्स क्लब ने 39.4 ओवर में 9 विकेट पर 228 रन (अनुष्का यादव 62, शालिनी सिंह 44, कात्यायनी पाठक 37, राधा पांडेय 3/29) बना लिए। मैच में मोहम्मद आरिफ व हितेश श्रीवास्तव अंपायर और अंकित पांडेय स्कोरर रहे। गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर डीएसए क्लब 'ए' ने 40 ओवर में 202 रन (कार्तिकेय तिवारी 63, जैद 30, मोहित 28, मानस भारती 25 नाबाद, अनुराग राने 2/26, आदित्य राय, कीर्तिमान पांडेय व उत्कर्ष सिंह एक-एक विकेट) बनाकर राइजिंग स्टार स्पोर्ट्स फाउंडेशन 'बी' को 40 ओवर में 148 रन (आदित्य राय 31, युग पांडेय 30, उत्कर्ष सिंह 28, मानस भारती 2/14, शौर्य पांडेय 2/18, कार्तिकेय तिवारी 1/33) पर सीमित किया। मैच में शिशिर मल्होत्रा व राहुल सिंह अंपायर एवं प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने अपने मैदान पर पहले खेलते हुए 12 ओवर में 55 रन रन बनाये थे तभी हनुमानगंज एएस क्लब के कोच ने मैच नहीं खेल रहे खिलाड़ी को अंतिम एकादश में शामिल करना चाहा, अंपायरों ने इसके लिए विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के कप्तान की सहमति मांगी लेकिन उन्होंने सहमति नहीं दी।

इसके बाद हनुमानगंज एएस क्लब ने मैच को आगे खेलने से मना कर दिया। मैच का निर्णय विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के पक्ष में करते हुए उसे दो अंक दे दिये गये। मैच में अरुण कुमार व तौसीफ शेख अंपायर एवं खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे।

## छात्र को डराकर साइबर ठगों ने ठगे 41 हजार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** साइबर ठगों ने अब एक प्रतियोगी छात्र को निशाना बनाया है। प्रतियोगी छात्र को धमकी दी गई कि उसे मनी लॉड्रिंग और मानव तस्करी में फंसा दिया जाएगा। डराने के बाद बार साइबर शातिरों ने प्रतियोगी छात्र से हजारों रुपये की ठगी कर ली। छात्र ने कर्नलगंज थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंडा के पहड़वा के रहने वाले ऋषभ जायसवाल ने कर्नलगंज थाने की पुलिस को तहरीर दी है। उसका कहना है कि वह प्रयागराज में सलोरी में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता है। उसके पास अंजान मोबाइल नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि तुम मनी लान्ड्रिंग एवं मानव तस्करी के केस में शामिल हो। इसका पूरा साक्ष्य है। तुम्हें जेल जाने से कोई नहीं बचा सकता। छात्र को पुलिस अधिकारी बनकर डराया गया। इसके बाद छात्र के अकाउंट से बारी बारी रुपये ट्रांसफर करा लिए गए।ऋषभ जायसवाल के अनुसार उसने कुल 41118 रुपये कई अकाउंट में ट्रांसफर किए। दो बार तो 10-10 हजार रुपये ट्रांसफर हुए। इसके बाद भी ठग नहीं मानें तो और रुपये दिए गए। छात्र मामले की शिकायत कर्नलगंज थाने में की है।




# किसी भी व्यवसाय में सफलता के लिए अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण- डॉ अरुण कुमार

### पुस्तक 'द डिसिप्लिन ऑफ बिजनेस' का लोकार्पण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन के तत्वाधान में डॉ अरुण कुमार की पुस्तक %द डिसिप्लिन ऑफ बिजनेस% का लोकार्पण समारोह सिविल लाइंस स्थित कार्यालय में संपन्न हुआ।




इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ अरुण कुमार ने व्यवसाय एवं अनुशासन विषय पर वार्ता प्रस्तुत करते हुए कहा कि महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग मैं दिए गए सूत्रों का अनुपालन करके हम किसी भी व्यवसाय में सफल हो सकते हैं। यह आठ सूत्र हैं- यम, नियम आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एवं समाधि। किसी भी व्यवसाय में सफलता के लिए अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण होता है। हमें समझना होगा कि किस तरह से शोर को हम संगीत का रूप दे सकते हैं जंगल को बगीचे का पत्थर से हम किस तरह मूर्ति कर सकते हैं मृदा से किस तरह हम बर्तन बना सकते हैं।

कार्यक्रम की आरम्भ में इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष ओपी गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया। पूर्व अध्यक्ष रवि प्रकाश ने अतिथि वक्ता का परिचय दिया और धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष एवं पी.आर.ओ. डॉ शान्ति चौधरी ने किया। कार्यक्रम में जीके खरे, राजीव माहेश्वरी, डीयू गुप्ता, डॉ. आशुतोष चौधरी और रत्नेश दीक्षित समेत अन्य एएमए के सदस्य शामिल थे।

## शौचक्रिया को निकला किशोर लापता

### हताश मां ने तहरीर देकर लगाई बरामदगी की गुहार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** थाना क्षेत्र का एक किशोर रविवार को अचानक लापता हो गया। किशोर के लापता होने से परिजन हताश परेशान हैं। परिजनों ने चौकी पर तहरीर देकर लापता के सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के बिसहिजन खुर्द गांव की उर्मिला देवी ने मेजा रोड पुलिस चौकी पर तहरीर देकर बताया कि उनका 13 वर्षीय बेटा राजकुमार पुत्र स्वर्गीय संजय रविवार शाम तकरीबन 6 बजे शाम को शौच क्रिया के लिए मिर्जापुर हाईवे की तरफ गया था।



वहीं से लापता हो गया। परेशान परिजन हर संभावित स्थानों पर खोजबीन की लेकिन लापता किशोर का कुछ पता नहीं चल सका। परिजनों ने चौकी पर तहरीर देकर किशोर के सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

## बंदरों के आतंक से घर से बाहर निकलना मुश्किल,दर्जनों नौनिहालों को बंदर के काटने से चल रहा इलाज

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** खीरी थाना क्षेत्र के लालतारा बाजार में इन दिनों बंदरों के आतंक से लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं दर्जनों नौनिहालों को काटने से इलाज चल रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को सूचित किया गया । लेकिन अभी तक बंदरों को न पकड़े जाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।सामाजिक कार्यकर्ता सूरज केशरी ने बताया कि जब कोई घर के बच्चे बाहर निकलते देखते झपट पड़ता है। जिससे घायल होने पर इलाज ले जाने से मजबूर होना पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि राहगीरों के द्वारा खाद्यान्न और सब्जी खरीद कर जैसे ही लोग निकलते हैं। वैसे ही बंदर झोला, या किसी में लिए सामान को झीन कर उठा ले चले जाते हैं। अगर कोई जोर जबरदस्ती किया तो उसे काटकर घायल कर दिया जाता है। जिससे खून से लथपथ होते घर जाने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया जाना पड़ता हैं। बताया जाता है कि लालतारा गांव के शिवांश, नैतिक, लक्ष्य, आर्या विश्वकर्मा, अंचल मौर्या, सार्थक, रूबीना, सिद्धार्थ, विजय साह, कान्हा, जयराजी देवी, टांमी , यश कुमार, प्रियांश, अंजली, बट्टी, देव आदि लोगों को बंदर के काटने से इलाज चल रहा है। वहीं घरों से बच्चों को खेलने के लिए तरसना पड़ रहा है।

## दावत में जा रहे पूर्व प्रधान और उनकी पत्नी की सड़क हादसे में मौत, नातिन गंभीर रूप से घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के छरिबना पुरवा खास गांव में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पूर्व प्रधान और उनकी पत्नी की मौत हो गई। हादसे में नातिन गंभीर रूप से घायल हो गई। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरवा खास के पूर्व प्रधान रईस अहमद (65) अपनी पत्नी अंजुमन (60) और नातिन इल्मा के साथ बाइक पर सवार होकर इलाके के सड़वा गांव में आयोजित दावत में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे। सोमवार को दोपहर करीब ढाई बजे गांव के पास ही रामपुर मार्ग पर छरिबना मजरे में तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पूर्व प्रधान और उनकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। नातिन दूर जा गिरी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल लड़की को अस्पताल भेजवाया। पूर्व प्रधान और उनकी पत्नी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीण जुट गए।

# डीएपी की समस्या को लेकर सकिपा का सहकारिता कार्यालय का घेराव

**▶▶प्रदर्शन, नारेबाजी कर एआर कोऑपरेटिव को सौंपा ज्ञापन**

**▶▶समितियों से किसानो को भरपूर मात्रा में डीएपी वितरित की जाए नही तो होगा आंदोलन-अजय सोनी**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में पार्टी नेता अजय सोनी की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोमवार 2 दिसंबर को डीएपी की समस्या के समाधान को लेकर जिला सहकारिता कार्यालय मंझनपुर का घेराव किया और प्रदर्शन, नारेबाजी कर ए आर कोऑपरेटिव राजेंद्र प्रसाद को एक पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में जिले की समितियों में डीएपी उपलब्ध नही कराए जाने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए तत्काल जिले की समितियों में डीएपी उपलब्ध कराने एवं समितियों से किसानो को भरपूर मात्रा में डीएपी वितरित किए जाने की मांग की गई। सोमवार 2 दिसंबर को समर्थ किसान पार्टी के तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी पार्टी कार्यालय मंझनपुर में मासिक बैठक की। बैठक में किसानो को डीएपी नही मिलने का मुद्दा छाया रहा।

कार्यकर्ताओं का आरोप था कि पूरे जिले में डीएपी नही मिलने से किसान परेशान हैं। बार बार मांग करने पर भी सहकारिता विभाग डीएपी उपलब्ध कराने में हीलाहवाली कर रहा है जिससे किसानो की रबी मौसम की बुवाई पिछड़ रही है, जिसे कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसके बाद पार्टी नेता अजय सोनी की अगुवाई में पार्टी के तमाम कार्यकर्ता, पदाधिकारी मंझनपुर विकास भवन स्थित सहकारिता कार्यालय पहुंचकर कार्यालय घेराव किया और प्रदर्शन, नारेबाजी कर ए आर कोऑपरेटिव राजेंद्र प्रसाद को एक पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में जिले की समितियों जैसे मानपुर गौरा, उदहिन, समसाबाद आदि में डीएपी उपलब्ध कराने, सभी छोटे, बड़े किसान काश्तकारों को उनकी जरूरत भर उन्हे डीएपी उपलब्ध कराने, डीएपी की अवैध बिक्री रोकने, समितियों के सचिवों द्वारा कुछ खास लोगों को अधिक मात्रा में डीएपी उपलब्ध कराने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने और मानपुर गौरा उदहिन खुर्द समिति सहित जिले की कई सचिव विहीन समितियों में नियमित सचिवों की नियुक्ति करने जैसी मांगे शामिल थीं। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि जल्द ही जिले की सभी समितियों से किसानो को भरपूर मात्रा में डीएपी उपलब्ध नही वितरित की गई तो समर्थ किसान पार्टी आंदोलन करेगी। ज्ञापन स्वीकार करते हुए ए आर कोऑपरेटिव राजेंद्र प्रसाद ने जल्द ही समुचित मात्रा में डीएपी उपलब्ध कराने का कार्यक्रताओं को आश्वासन दिया है। इस अवसर पर सुरजीत वर्मा, मुन्ना तिवारी, बद्री प्रसाद प्रजापति, रोहित सोनी, बिनोद सरोज, मुन्ना पटेल, राम शंकर यादव, फूलचंद्र लोधी, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

# भूमिधरी जमीन में कब्जे के प्रयास का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने पीड़ितों की भूमिधरी जमीन में ईंट वगैरह गिरा कर अवैध कब्जे का प्रयास कर रहे है, भू स्वामियों को इस बात की जानकारी हुई तो एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। सिराथू तहसील क्षेत्र के चक खोदायगंज के रहने वाले जगदीश पुत्र रामनाथ, धर्मपाल, पप्पू पुत्र राम कुमारे व रामबाबू, श्यामबाबू, शिवबाबू पुत्र धर्मराज व मलाकसद्दी निवासी इरशाद अहमद, रविन्द्र सिंह आदि लोगों ने सोमवार को एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में उनकी भूमिधरी जमीन है, शिकायत कर्ताओं का आरोप है कि चक खोदायगंज व गौसपुर नवावा गांव के दर्जनों दबंग उनकी भूमिधरी जमीन पर जबरन अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे है, पीड़ितों ने एसडीएम से जमीन की पैमाईश कर कार्यवाही की मांग की है।

# बीआरसी सरसवां में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों हेतु पेरेंट्स काउंसलिंग के तृतीय सत्र का हुआ आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** बीआरसी सरसवां में समेकित शिक्षा के अंतर्गत एनवायरमेंट बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों हेतु पेरेंट्स काउंसलिंग के तृतीय सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी सरसवां डॉ जवाहर लाल यादव द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से दो सत्रों मंह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी ने दिव्यांग बच्चों का नामांकन एवं स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने के विषय में अभिभावकों को प्रेरित किया तथा अभिभावकों से कहा गया कि दिव्यांग बच्चों को उनकी प्रतिभाओं के अनुसार समाज में आगे बढ़ने का कार्य करें। कार्यक्रम में उपस्थित रिसोर्स पर्सन दयाशंकर एआरपी सरसवां खुद दिव्यांग होने के बावजूद अपने जीवन में आ रही कठिनाइयों के बारे में तथा अपनी सफलता के बारे में अभिभावकों को जानकारी दिया तथा छोटेलाल पाल सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा अपने निजी अनुभव एवं दिव्यांगता पर विचार व्यक्त कर अभिभावकों के ज्ञान को समृद्ध किया गया। कार्यक्रम में स्पेशल एजुकेटर शारदा कुमार सिंह, अनिल सिंह द्वारा अभिभावकों को विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता की पहचान, कारण तथा रोकथाम के विषय में जागरूक किया गया तथा समेकित शिक्षा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के विषय में अभिभावकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। तथा विश्व दिव्यांगता दिवस पर बच्चों को डाइट प्रांगण मंझनपुर में परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत सभी दिव्यांग बच्चों को प्रतिभाग करने के लिए जानकारी दी गई।

# शहादते बीबी जहरा सुनकर नाम हुई अजादारों की आंखें

**▶▶नयागंज के इमाम बारगाह इमाम अली रजा (रजाबाद) में आयोजित हुई मजलिस**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** स्थानिय कस्बे में आयोजित अय्यामे फातिमा के सिलसिले की छठवीं मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस में नबी ए करीम की इकलौती बेटी बीबी फातिमा जहरा की फजायल और मसायब बयान किए गए। अकीदत मंदो ने बीबी फातिमा जहरा को याद कर आशु बहाये। कार्यक्रम 7:00 बजे से शुरू होकर रात 10:00 बजे तक चला। मजलिस की शुरुआत कुरान ए मजीद की तिलावत से की गई। मजलिस को अलीजनाब सैय्यद आबिद रिजवी फतेहपुरी ने खिताब किया।सोमवार की रात कस्बे के नया गंज मोहल्ले के इमाम बारगाह इमाम अली रजा (रजाबाद) में अय्यामे फातिमा के सिलसिले की 6वीं मजलिस आयोजित की गई। इसकी शुरुआत कुरआन की तिलावत से मोहम्मद रजा करारवी ने किया। सोजखानी एहसान हैदर ने किया। और पेशखानी तंजीम रजा व इरफान रिजवी लखनवी ने किया। मजलिस को मौलाना सैय्यद आबिद रिजवी ने खिताब किया। आपने कहा कि रसूले खुदा की इकलौती बेटी बीबी फातिमा जहरा की शख्सियत ऐसी थी कि रसूले खुदा अपनी बेटी को अपने बाप की मां कहते थे। यही नहीं जब बीबी फातिमा जहरा आती थी तो नबीये करीम आपके एतराम में अपनी जगह से खड़े होकर बीबी फातिमा जहरा का एतराम करते थे। उन्हें फातिमा जहरा को रसूल की वफात के बाद सताया गया। हेदक पर गासिबाना कब्जा कर लिया गया। जब आप अपना हक मांगने गई तो दरबार में आपको झुटलाया गया। शहादत बयान किया तो हर आंख में आंसू आ गए।आजादारों ने बीबी फातिमा के मसाएब सुने तो चीख मारकर रोये। कार्यक्रम का संचालन अपने बेहतरीन अंदाज में नजीब इलाहाबादी ने अंजाम दिया। मजलिस का एदमाम अल कासिम एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से रखा गया। इसके सचिव आशिक अली वह अध्यक्ष हाशिम अली रहे।

# वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 190वाहनों का ई-चालान किया गया।

# जिलाधिकारी ने की राष्ट्रीय पोषण मिशन एवं ऑगनबाड़ी भवन केन्द्र निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा

**▶▶जिलाधिकारी ने प्रत्येक तहसीलों के एक-एक विकास खण्ड में कैम्प लगाकर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, अन्नप्राशन, सैम एवं मैम बच्चां के वजन कराये जाने के दिये निर्देश**

**▶▶अप्रैल 24 से नवंबर 24 तक सभी विकास खंडों से कुल 112 बच्चे पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराए गए, जिसमें से 35 बच्चे सुधार होकर मध्यम श्रेणी में और 40 बच्चे पूरी तरह से सामान्य श्रेणी में आ गये**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा सम्राट उदयन सभागार में राष्ट्रीय पोषण मिशन एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक तहसीलों के एक-एक विकास खण्ड में कैम्प का आयोजन कर अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अन्नप्राशन एवं सैमध्मैम बच्चां का वजन कराया जाय। उन्होंने कहा कि कैम्प में महिला ग्राम प्रधानों को आमन्त्रित किया जाय, जिससे सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को महिलाओं तक पहुँचाकर लाभान्वित, सम्मानित किया जा सकें। उन्होंने अच्छा कार्य करने वाली ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित भी किया जाय। उन्होंने कहा कि जो भी ऑगनबाड़ी केन्द्र समय से खुलता हुआ न पाया जाय, उस केन्द्र के ऑगनबाड़ी कार्यकत्री के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दियें। मूरतगंज ब्लॉक के ग्राम-फदिलाबाद में ऑगनबाड़ी भवन के हो रहें निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए ऑगनबाड़ी भवन के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने एवं जब तक हैण्डओवर नहीं हो जाता है तब तक जे0ई0 का वेतन रोकने के निर्देश दियें।

इसके साथ ही उन्होंने ऑगनबाड़ी भवनों में चल रहें कायाकल्प के कार्य का निरीक्षण एडीओ पंचायतों द्वारा कराये जाने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने सीडीपीओ, ऑबनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सुपरवाइजरों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन ऑबनबाड़ी केन्द्रों में कायाकल्प का कार्य कराया जाना है, उसकी सूची एक सप्ताह के अन्दर अवश्य उपलब्ध करायें। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सैम बच्चों को चिहिन्त कर मैमध्सासान्य श्रेणी में परिवर्तित करने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। उन्हांने सभी सुपरवाइजरों एवं सीडीपीओ को घर-घर जाकर सैम बच्चों को चिहिन्त कर उन्हें एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश दियें।

उन्होंने जनपद में मातृ शिशु मृत्यु दर कम से कम करने के लिए आरबीएसके की टीम एवं ऑगनबाड़ी सुपरवाइजरों की एक टीम बनाकर कार्य करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने आरबीएसके की टीम को गॉव-गॉव भ्रमण कर ऑगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण एवं पोषण ट्रैकर को चेक करने के निर्देश दियें। जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनू वर्मा द्वारा बताया गया पोषण पुनर्वास केंद्र कुपोषण की जंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अप्रैल 24 से नवंबर 24 तक जिले के सभी विकास खंड से कुल 112 बच्चे पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराए गए, जिसमें से 35 बच्चे सुधार होकर मध्यम श्रेणी में और 40 बच्चे पूरी तौर से सामान्य की श्रेणी में आ गए हैं। अन्य बच्चों के भी वजन और लंबाई में वृद्धि हो रही है। अगस्त 24 में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मोटिवेट करने से कसिया मूरतगंज की मोनी चौरसिया द्वारा अपने बच्चे प्रतीक चौरसिया को पोषण पुनर्वास केंद्र भर्ती होकर 14 दिन रुककर इलाज कराया गया। आज बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है। इतना ही नहीं मोनी चौरसिया ने कसिया क्षेत्र के अन्य कमजोर बच्चों की माताओ को अपने बच्चे के पोषण पुनर्वास केंद्र से इलाज करा कर स्वस्थ होने का उदाहरण बता कर निखिल पिता राकेश, रिवांश पिता राम मूरत, हिमांशु पिता रमेश चंद्र को पोषण पुनर्वास केंद्र भेजने के लिए प्रेरित किया।



आज यह सभी बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं। डीपीओ द्वारा अवगत कराया गया कि कड़ा गांव विकासखंड कड़ा के इशू और अंश पिता दिलीप, नगर पंचायत अझुवा के अंबेडकर नगर से प्रिंस पिता संजय कुमार सिद्धार्थ पिता जगत नारायण विश्वकर्मा ने भी अपने बच्चों का इलाज करा कर पूरी तौर से अपने बच्चों को स्वस्थ कर लिया गया है। पोषण पुनर्वास केंद्र में 14 दिन भर्ती होने पर अभिभावक को खाना नाश्ता, रू0-50 प्रतिदिन के अनुसार अभिभावक के खाते में धनराशि भी प्रेषित किया जाता है। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा लोगों से आग्रह किया।

# मण्डल अध्यक्ष व मण्डल सदस्य के लिए सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य- शिवशंकर

**▶▶संगठन चुनाव की द्वितीय फेज की कार्यशाला हुई संपन्न**




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में संगठन चुनाव महापर्व की दृतीय फेज की कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमे मुख्यातिथि के रूप में पार्टी द्वारा नियुक्त जिला चुनाव अधिकारी शिवशंकर सिंह ने संबोधित करते हुए तमाम संगठनात्मक बाते विस्तार से बताया जैसा की मण्डल अध्यक्ष के लिए व मण्डल सदस्य के लिए पार्टी का सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य है तथा मंडल अध्यक्ष चुनाव के लिए नामांकन पत्र निर्धारित दिन पर 10 बजे 12 बजे के मध्य फार्म में प्रस्तुत करना होगा जिसको चुनाव अधिकारी को सौंपना होगा निर्धारित समय के बाद नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। जांच के बाद मण्डल अध्यक्ष के उम्मीदवार की सूची घोषित की जाएगी व जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने होने वाले तमाम संगठनात्मक संरचना को लेकर उपस्थित कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संबोधित किया कि यदि कोई कार्यकर्ता दो बार लगातार मण्डल अध्यक्ष रह चुके हैं वह तीसरी बार मण्डल अध्यक्ष के लिए नामांकन नही कर पाएंगे व एक विधानसभा में आने वाले मंडलों के मण्डल अध्यक्ष अलग अलग सामाजिक वर्ग से होंगे ऐसी तमाम संगठनात्मक बाते विस्तार से बताया।

इस मौके पर काशी क्षेत्र से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी अवधेश चंद्र गुप्ता, जिला सह चुनाव अधिकारी आशीष केसरवानी, जिला सह चुनाव अधिकारी चक्रेश मिश्रा, जिला महामंत्री संजय जायसवाल, दीप चंद्र दिवाकर, सदस्यता प्रमुख राकेश पाण्डेय, कविता पासी, अजय पाण्डेय, अरविंद द्ववेदी, तारा देवी वर्मा, व जिले के सभी जिला पदाधिकारीगण, सभी मण्डल अध्यक्षगण, मण्डल महामंत्रीगण, शक्ति केंद्र चुनाव अधिकारीगण, मीडिया प्रभारी आईटी संयोजक शोशल मीडिया संयोजक आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में सुनी जनसुनवाई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

# भाकियू टिकैत की जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

**▶▶चंद्रू तिवारी पुनः बने भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है, उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष चंदू तिवारी ने देते हुए बताया कि संगठन के शीर्ष नेतृत्व के अनुमोदन पर कौशांबी को संगठन को मजबूती देने के लिए संगठन का जिला उपाध्यक्ष बच्चा लाल, ए के दूबे, मैकू पटेल, राजन उपाध्याय, संपूर्णानंद तिवारी को बनाया गया है, जिला प्रवक्ता नरेश सिंह गौड़ को, जिला संगठन मंत्री राम जी मौर्य, जिला कार्यकारिणी सदस्य में राम किशुन, सुरेश चंद्र, नगर अध्यक्ष भरवारी पंकज सोनी, जिला प्रचार मंत्री आशीष त्रिपाठी, हसन बाबू, रजनीश कुमार, प्रदीप कुमार व जिला कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे को बनाया गया है।

# वांछित आरोपी गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिलपुलिस उप निरीक्षक सुनील कुमार शुक्ला मय हमराह पुलिस बल द्वारा बीएनएस से सम्बन्धित वांछित आरोपी सुरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ बडकू निवासी खरसेन का पुरवा मजरा बसुहार थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को फकीराबाद चौराहे से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है।



## निरोधात्मक कार्यवाही मे 04 आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना चरवा से 01, थाना सैनी से 01, थाना कड़ाधाम से 01, थाना कोखराज से 01) कुल 04 आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# जिलाधिकारी ने की प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत 25 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के वृहद निर्माण कार्य के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा सम्राट उदयन सभागार में प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत 25 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के वृहद निर्माण कार्य के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने राजकीय माध्यमिक विद्यालयों की विस्तृत समीक्षा की, समीक्षा के दौरान पाया गया कि निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी है, जिस पर उन्होंने कड़ी



नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने के निर्देश समस्त प्रधानाचार्यो, प्रधानाध्यापकों, कार्यदायी संस्था उ0प्र0 समाज कल्याण निर्माण नि0लि0 (यू0पी0सिडको) को दियें है। उन्होंने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य को समय से पूर्ण कराया जाय, यदि कार्य में कहीं पर भी किसी प्रकार की समस्या आ रहीं है तो इसके लिए सक्षम अधिकारी से समन्वय स्थापित कर आ रहीं समस्याओं का निस्तारण कराते हुए कार्य को आगे बढ़ाया जाय। उन्हांने कहा कि निर्माण कार्य में बाउण्ड्रीवाल के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाय।

जिलाधिकारी के विजिट करने के बाद भी जीजीआईसी सिराथू में बाउण्ड्रीवाल के साथ अन्य कार्यो का निर्माण कार्य शुरू न कराये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जीजीआईसी सिराथू के प्रिंसिपल का वेतन रोकने के निर्देश दियें। उन्हांने विद्यालयों में विद्युत वायरिंग, साफ सफई एवं रंगाई-पुताई सहित अन्य आवश्यक कार्यो को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव एवं डायट प्राचार्य सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

संक्षिप्त खबरें

## बिटियन मेला 5 को, तैयारियां जोरों पर



**कुंडा प्रतापगढ़।** मानिकपुर नगर का ऐतिहासिक बिटियन मेला इस बार पांच दिसंबर गुरुवार को होगा। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए तीन दिन पहले से ही तैयारियां की जाने लगी हैं। बिजली, पानी, सफाई के साथ ही दुकानों के आवंटन की भी प्रक्रिया चल रही है। नगर पंचायत मानिकपुर में बिटियन मेला अगहन महीने के तीसरे गुरुवार को होता है। एक दिवसीय मेले में गैर जनपद के श्रद्धालु तिलचौरी चढ़ाने, मनौती मांगने पहुंचते हैं। महीने के चौथे गुरुवार को छोटकी बिटियन का मेला होता है। इसमें स्थानीय लोगों की भी सहभागिता होती है। मेले में प्रकाश व्यवस्था के लिए नगर पंचायत की ओर से विद्युत पोल में हाई मास्ट, एलीडी लाइट लगाई जा रही है। समतलीकरण, सफाई, दुकानों के आवंटन के लिए भूमि चिन्हांकन का काम चल रहा है। चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिम्पू ने बताया कि मेले को लेकर तैयारियां चल रही हैं ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो।

## डॉ. विशाखा की याद में चल रहा 13 दिवसीय साधना शिविर



**कुंडा प्रतापगढ़।** जगद् गुरु कृपालु परिषत की अध्यक्ष डॉ. विशाखा त्रिपाठी की स्मृति में प्रेम मंदिर श्रीधाम वृंदावन में 13 दिवसीय साधना शिविर चल रहा है। 10 दिसंबर को तेरह दिन पूरा होने पर आगे के कार्यक्रम तय होंगे। जगदगुरु कृपालु जी की बड़ी बेटी डॉ. विशाखा त्रिपाठी का 24 नवंबर को भोर में श्रीधाम वृंदावन से दिल्ली जाते समय दकनौर के पास सड़क हादसे में निधन हो गया था। 28 नवंबर को श्री धाम वृंदावन के यमुना तट पर उनका अंतिम संस्कार हुआ। उसके बाद से प्रेम मंदिर में ही स्वास्थ्य लाभ ले रहीं हादसे में घायल उनकी छोटी बहन डॉ. श्यामा त्रिपाठी के निर्देशन में 13 दिवसीय साधना शिविर चल रहा है। सत्संगी लगातार डॉ. विशाखा त्रिपाठी की स्मृति में भजन-कीर्तन कर रहे हैं। जबकि छोटी दीदी डॉ. कृष्णा त्रिपाठी अभी अस्पताल में ही हैं।

## पड़ोसियों ने बैनामे की जमीन में बने मकान का ताला तोड़कर किया कब्जा

**पट्टी प्रतापगढ़।** बैनामे की जमीन में बने मकान पर पड़ोसियों ने ताला तोड़कर कब्जा कर लिया। साथ ही कब्जा किए हुए मकान में भैंस आदि बांध कर कब्जा कर लिया और घर में रखे हुए घरेलू सामान भी उठा ले गए। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बरहूपुर गांव निवासिनी फ़िरदौस पत्नी पत्नी शेख कफिल ने सोमवार को कोतवाली आकर तहरीर देकर आरोपित किया कि वह किसी काम से प्रतापगढ़ गई हुई थी। जब घर वापस आई तो उसके बैनामे की जमीन पर बने मकान पर पड़ोसियों ने कब्जा कर लिया था। पूछ-ताछ करने के लिए गई तो उसे मारने पीटने के लिए दौड़ा लिया। आरोप है कि उसके घर में रखे घरेलू सामान भी उठा ले गए। पीड़िता ने अमुवाही चौकी पर शिकायत की तो वहां से कुछ सुनवाई न होने पर कोतवाली आई, और कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि मामले की जानकारी है, जांच करा कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## मकान का ताला तोड़कर चार बकरी एवं एक बकरा चोरी

**पट्टी प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर उसमें बंधी चार बकरी व एक बकरा गायब कर दिया। पीड़िता ने सुबह घर का ताला टूटा हुआ देखा, जब अंदर गई तो वहां से चार बकरी व एक बकरा गायब था।कोतवाली क्षेत्र के अखौवा गांव की रहने वाली राधिका गुप्ता ने सोमवार की दोपहर पट्टी कोतवाली आकर तहरीर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि बीती रात वह अपने मकान में चार बकरी व एक बकरा बांधी थी, जो बीती रात अज्ञात चोरों ने चुरा लिया । इस मामले में पीड़िता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच-पाताल में जुटी हुई हैं।

## रामलीला के लेखक एवं लक्ष्मण के किरदार का निधन



**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़।** नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह वार्ड नंबर 9 कटरा गुलाब सिंह के भगौती शरण अग्रहरी महाजन 89 वर्षीय का आज निधन हो गया। मृतक भगौती शरण अग्रहरी महाजन व्यापार मंडल के वरिष्ठ संरक्षक थे तथा श्री रामलीला मंडली एवं दशहरा मेला कटरा गुलाब सिंह के रामलीला में अभिनय 66 वर्ष लगातार किया। राम बन गमन , भरत मिलाप ,पंचवटी, सीताहरण , सती सुलोचना,रावण वध तक अपने जीवन में एक ही किरदार लक्ष्मण का निभाया करते थे लेखक व कलाकार मृतक भगाती शरण अग्रहरी महाजन श्री रामलीला मंडली में रामलीला सती सुलोचना ,रावण वध ,लवकुश कांड रामलीला ,राजा भर्तृहरि नाटक भी लिखा था। महाजन परिवार के भगौती शरण अग्रहरी महाजन के निधन पर श्री रामलीला मंडली एवं दशहरा मेला कटरा गुलाब सिंह के पदाधिकारी ,सदस्य ,कलाकार , व्यवस्थापक शोक संदेश श्रंद्धाजलि अर्पित की। उधर व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। इस दौरान नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के अध्यक्ष अशोक कुमार मुन्ना यादव ,सभासद , सभासद प्रतिनिधि इंद्रेश सिंह , दीपक जायसवाल ,विश्वनाथ गंज विधान सभा के विधायक जीतलाल पटेल के प्रतिनिधि रॉबिन कुमार पटेल ,रिंकू पटेल, व्यापारी भोला सेठ अग्रहरी समाज के जिला अध्यक्ष आदि लोग शामिल हुए थे। अंतिम संस्कार मुक्ति धाम श्रृंगेरपुर धाम में आज किया गया।

## शादी का झांसा देकर सात वर्ष से दुष्कर्म करने का आरोप

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** संग्रामगढ़ इलाके के एक गांव की युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर सात वर्ष तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव का ही एक युवक उससे शादी करने का वादा करके बीते सात वर्षों से संबंध बना रहा है। 18 नवंबर को घर के पीछे बुलाया और खेत में जबरन दुष्कर्म किया। उसने शादी की बात कही तो आरोपी ने उसे गालियां दीं और हत्या करके फेंक देने की धमकी दी।

## नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु भाजपा ने प्रेमलता को बनाया प्रत्याशी



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़ ।** नगर पालिका परिषद के रिक्त हुए अध्यक्ष पद के लिए सरगर्मी बढ़ गई है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से श्रीमती प्रेमलता सिंह को प्रत्याशी घोषित किया गया है। प्रेम लता सिंह की दावेदारी मजबूत मानते हुए भाजपा ने उनको प्रत्याशी बनाकर बहुत उनके प्रतिद्वंदियों को बड़ा झटका दिया है। ज्ञात हो कि प्रेम लता सिंह के पति हरि प्रताप सिंह 6 बार नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद पर चुने गए , वह एक बार सदर प्रतापगढ़ विधानसभा सीट से भाजपा से विधायक भी चुने गए थे । नगर पालिका अध्यक्ष पद महिला सीट आरक्षित होने पर प्रेमलता सिंह भी एक बार अध्यक्ष चुनी गई थी। उसके बाद हुए चुनाव में हरि प्रताप सिंह को पुनः भाजपा ने टिकट दिया और वह छठवीं बार अध्यक्ष चुने गए ,इसी बीच उनका कुछ माह पहले निधन हो गया, जिसके कारण अध्यक्ष पद रिक्त हो गया और जिलाधिकारी प्रशासक हो गए । अध्यक्ष पद के लिए उप चुनाव घोषित हो गया है नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है । अन्य राजनीतिक दलों ने भी अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारने का मन बना लिया है। इसी क्रम में सपा ने सदर ब्लाक के पूर्व ब्लाक प्रमुख राज कुमार सिंह राय साहब को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। बताया गया कि भाजपा नेता प्रेम लता सिंह और सपा नेता राजकुमार सिंह राय साहब मंगलवार 3दिसम्बर को अपना अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे ।

## नगर पालिका अध्यक्ष पद पर बन्ने ने भरा पर्चा, भाजपा प्रत्याशी का नामांकन आज

**▶▶ प्रत्याशियों की घोषणा के बाद दावेदारों ने तेज किया संपर्क अभियान**

**▶▶ भाजपा और सपा के बीच होगा सीधे मुकाबला**





लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मंगलवार को भाजपा की घोषित प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। दावेदारों ने मतदाताओं को रिझाने के लिए अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। वहीं अध्यक्ष पद पर भाजपा और सपा में सीधे टक्कर की उम्मीद जताई जा रही है।नगर पालिका अध्यक्ष पद के उपचुनाव का विगुल बजते ही शहर में चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। सपा ने पूर्व ब्लाक प्रमुख राज कुमार सिंह राय साहब को अपना प्रत्याशी घोषित किया है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने निर्वतमान अध्यक्ष रहे हरि प्रताप सिंह की पत्नी प्रेमलता सिंह पर एक बार अपना भरोसा जताया है। भाजपा और सपा के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा के बाद शहर में चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। घोषित प्रत्याशी और संभावित प्रत्याशियों ने अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को कई बार सभासद रहे हिमायत उल्ला उर्फ बन्ने भाई ने सोमवार को सदर तहसील पहुंच कर नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने बताया कि मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी प्रेम लता सिंह अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी।

### नामांकन स्थल का एसपी ने लिया जायजा

सदर तहसील परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए नामांकन स्थल बनाया गया है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ नामांकन स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

## तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का समापन

**▶▶ चिकित्सकों ने मरीजों को दवाएं लिखने के साथ ही रोगों से बचने की सलाह भी दी**



लोकमित्र ब्यूरो

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** तीन दिवसीय निशुल्क संपूर्ण स्वास्थ्य शिविर का सोमवार को समापन हुआ। शिविर के अंतिम दिन दिल्ली, स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज, डफरिन अस्पताल प्रयागराज एवं आयुर्वेद के डॉक्टर ने स्वास्थ्य परीक्षण किया और निशुल्क दवाइयां वितरित की। रानीगंज तहसील के विकास खंड गौरा क्षेत्र के शिवकुमारी दुबे इंटर कॉलेज नौडेरा में सामुदायिक विकास समिति के द्वारा पूर्व विधायक स्वर्गीय रामदेव दुबे की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क संपूर्ण स्वास्थ्य शिविर के अंतिम दिन आए हुए डॉक्टरों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और दवाएं वितरित की। तीसरे दिन आए चिकित्सकों में डॉक्टर दीपक कुमार गुप्ता मूत्र रोग विशेषज्ञ स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज, डॉक्टर संदीप आयुर्वेद चिकित्सालय दिल्ली पेट रोग विशेषज्ञ, प्रोफेसर शेखर कुमार आयुर्वेद चिकित्सालय दिल्ली गठिया रोग, डॉक्टर कमल कुमार आयुर्वेद चिकित्सालय मधुमेह रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर नेहा खरे मातृ शल्य विशेषज्ञ डफरिन अस्पताल प्रयागराज, डॉ सुनील पाण्डेय बाल रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर मणि शंकर मिश्र गोल्ड मेडलिस्ट दंत रोग विशेषज्ञ आदि शामिल रहे। अंतिम दिन सोमवार को आयुर्वेद के अच्छे अच्छे चिकित्सक शिविर में मौजूद थे। सभी रोगियों को डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाइयां निशुल्क वितरित की गई। सुबह से शाम तक मरीजों की भीड़ लगी रही। कार्यक्रम के आयोजक डॉ महेंद्र दुबे एडवोकेट एवं पूर्व निदेशक दिल्ली दूरदर्शन ने सभी डॉक्टरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और आंख के मरीजों को निशुल्क चश्मा वितरित किया। उपस्थित डॉक्टरों में डॉक्टर कमल कुमार ने कहा हमें अपने आहार बिहार का समुचित ध्यान देना चाहिए। बिना चिकित्सक से सलाह लिए कोई भी दवा नहीं खानी चाहिए। डॉक्टर असजद मसूद ने कहा कि घुटने के दर्द के लिए 50 साल के ऊपर वालों को कैल्शियम की दवा लेनी चाहिए और खान-पान पर ध्यान देना चाहिए। सुबह शाम व्यायाम करने की आवश्यकता होती है। इसी तरह सभी डॉक्टरों ने रोग से बचने और उपचार के लिए अच्छे चिकित्सक को दिखाकर ही दवा लेने की सलाह दी। कार्यक्रम के आयोजक डॉ महेंद्र दुबे एडवोकेट एवं पूर्व निदेशक दिल्ली दूरदर्शन ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जो गरीब लोग अपना इलाज अच्छे चिकित्सकों से नहीं करवा सकते, ऐसे लोगों को सही इलाज एवं बेहतर परामर्श मिल सके। वह इसके लिए सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। अंत में उन्होंने आए हुए सभी डॉक्टरों एवं पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रबंधक राजेश दुबे ने डॉक्टर उमा कुमार दिल्ली एम्स के गठिया रोग विशेषज्ञ की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चंद्रकांत शर्मा, सुरेंद्र कुमार दुबे, राकेश कुमार मिश्रा, सभापति दुबे, अजय कुमार ओझा, डॉ राहुल त्रिपाठी, अशोक कुमार मिश्र पप्पू एडवोकेट, सुभाष चंद्र पाण्डेय, कृष्णदेव शर्मा, राम सजीवन यादव आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को किया गया जागरुक



**रानीगंज प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत आज सोमवार को प्राथमिक विद्यालय सरस्वती ज्ञान मंदिर लच्छीपुर थाना रानीगज मे प्रधानाचार्य संतोष कुमार पाल से मिलकर बालिकाओं को जागरूक करने हेतु परिचित किया गया। जहां पर मिशन शक्ति टीम व एंटी रोमियो टीम जिसमें मिशन शक्ति प्रभारी -एंटी रोमियो प्रभारी उपनिरीक्षक दीपाली व कांस्टेबल आशीष कुमार मौजूद रहे। जिनकी उपस्थिति में प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय की सभी बालिकाओ एवं बालको तथा शिक्षिकाओं को एक साथ बुलाकर मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, व नारी स्वावलंबन से संबंधित जानकारी दी गई तथा उनसे शिक्षा संबंधित बातें की गई। उन्हें हेल्पलाइन नंबर जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102,एम्बुलेंस सेवा 108,साइबर हेल्प लाइन 1930 आदि तथा योजनाएं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना निराश्रित वृद्धा पेंशन योजना आदि, गुड टच बैड टच व अन्य सभी सुरक्षा संबंधी विषयों पर पंपलेट वितरित कर विस्तृत जानकारी दी गयी।

## कार्यकर्ता की मौत पर अंतिम संस्कार में गंगाघाट पहुंचे राजा भइया

लोकमित्र ब्यूरो




**कुंडा प्रतापगढ़।** पार्टी के कार्यकर्ता की मौत पर राजा भइया रविवार को शाम गंगाघाट पहुंचे। परिजनों को सांत्वना देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कुंडा थाना क्षेत्र के बाबूगंज बाजार निवासी सेवानिवृत्त अमीन श्रीलाल सोनकर के 24 वर्षीय बेटे शानू सोनकर की रविवार को बाइक से गंगा स्नान करने जाते समय डंफर की टक्कर से मौत हो गई थी। शानू जनसत्तादल लोकतांत्रिक पार्टी का कार्यकर्ता था। शाम को पोस्टमार्टम से शव घर लौटा तो परिजनों में चीत्कार मच गया। रविवार को देर रात ही अंतिम संस्कार करने मानिकपुर के राजघाट गंगा घाट ले जाया गया। कार्यकर्ता के मौत की खबर मिलते ही जनसत्तादल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया लखनऊ से सीधे गंगाघाट पहुंचे। मृतक शानू के बड़े भाई उमेश सोनकर और अन्य परिजनों को सांत्वना दी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज,राष्ट्रीय महासचिव डॉ. केएन ओझा, प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल,मुकुर सिंह, कुंडा प्रमुख संतोष सिंह, पूर्व प्रमुख कुंडा वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली, पूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह, डब्बू, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, प्रमुख बाबागंज पति राम यश सरोज, लवलेश तिवारी बऊवा प्रधान जहानाबाद,भालू यादव नौबस्ता, काजू सिंह हीरागंज, एडवोकेट वैभव पांडेय, विनोद यादव प्रधान उतरार, आजाद सिंह परसीपुर, सुमित तिवारी फूलमती, समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना, कुंवर मुन्नू सिंह रायगढ़, अन्नू सिंह टिकरिया,सोनू सिंह नरियावां ,सरदार शाके सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर यादव, गुड्डू गुप्ता, पुष्पेन्द्र सिंह, पोपी शर्मा, अंकित सोनकर, वरिष्ठ पत्रकार रूपेंद्र शुक्ला, सुमित प्रताप सिंह राजा पुर, सोनी तिवारी प्रधान ढिंगवश, आंनद देव पांडेय प्रधान अर्जुन अतेरु,आदि मौजूद रहे।

## ननिहाल जा रहे युवक की संदिग्ध दशा में मिली लाश, हत्या की रही चर्चा

लोकमित्र ब्यूरो



**कुंडा प्रतापगढ़।** शाम को बाइक से ननिहाल जा रहे युवक की सुबह रास्ते मे स्थित माइनर में लाश मिली। लाश मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर कई सारे ग्रामीण भी पहुँच गए। लाश को देखकर ग्रामीण युवक की हत्या की आशंका जताने लगे। मौके पर पहुँची पुलिस ने लाश को पीएम के लिए भेज दिया है।महेशगंज थाना क्षेत्र के पूरे झाऊ गांव के रहने वाले लालजी धुरिया पुत्र रामपाल धुरिया गांव में रहकर मजदूरी करतें हैं। उनका सबसे बड़ा पुत्र सुनील धुरिया (24 वर्ष) नासिक में रहकर टमाटर की पैकिंग करने का कार्य करता था। रविवार को वह पड़ोसी हरि धुरिया के पुत्र सुधीर धुरिया के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नासिक से अपने घर पहुँचा। हरि धुरिया के यहां मातृपूजन का कार्यक्रम होने के कारण सुनील ने हरी धुरिया के यहां ही नाश्ता किया और देर शाम करीब आठ बजे अचानक वह अपनी बाइक लेकर लालगंज थाना क्षेत्र के तिना गांव अपने मामा मूलचंद के घर जाने के लिए निकला। रात में परिजन सुनील के मोबाइल पर फोन करने लगे तो उसका नम्बर स्विच ऑफ था।

उसके ननिहाल फोन किया तो पता चला कि सुनील अभी ननिहाल पहुँचा ही नही है। रात भर परिजन सुनील को लेकर काफी खोजबीन किए लेकिन उसका कुछ पता नही चला। सुबह गांव के बाहर उसके घर से करीब तीन किमी दूर भैरोंपुर गांव के पास माइनर में उसकी लाश मिली। लाश के पास ही उसकी बाइक सड़क के बगल गिरी हुई पड़ी थी। बाइक का आगे की लाइट और शीशा टूट गया था। बाइक की चाभी माइनर के बंधे पर गिरी हुई थी और सुनील के सिर का बाल गुच्छे के रूप में सड़क पर उखड़ा हुआ पड़ा था। सुनील के सिर पर धारदार हथियार से किए गए चोट के निशान थें। सुबह जब ग्रामीणों ने शव को देखा तो फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। सोशल मीडिया के जरिए मृतक के घर वालों को जानकारी हुई तो मृतक के घर में कोहराम मच गया। घर वाले भागकर घटना स्थल पर पहुँचे। मृतक की मां रानी देवी सहित सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक लालजी का सबसे बड़ा पुत्र था।मृतक की दो बहने शानीली और चांदनी तथा एक भाई अनिल भी है।जिसमें अनिल और चांदनी मूकबधिर हैं। एसओ मुकेश सिंह का कहना है कि मामलें में मृतक के पिता की ओर से दुर्घटना की तहरीर दी गई है। घटना को देखकर इलाके के लोग युवक की हत्या को लेकर आशंका जताते रहें।

## भगवान द्वारिकाधीश ने धर्म पक्ष की विजय का मार्ग किया प्रशस्त-डॉ. शिवशंकर

**▶▶ रैठे में श्रीमदभागवत कथा में भगवान की बारात में श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा**

लोकमित्र ब्यूरो



**लालगंज, प्रतापगढ़।** रैठे में हो रही श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ में रूक्मणी विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। वही भगवान द्वारिकाधीश की निकली बारात में भी ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा किया। कथाव्यास डॉ. शिवशंकर तिवारी जी ने कहा कि भगवान की कथा को सुनने का सौभाग्य भी जीवन का अक्षुण्ण पुण्य है। उन्होने कहा कि भगवान द्वारिकाधीश ने सदैव धर्म पक्ष की विजय का मार्ग प्रशस्त किया है। डॉ. शिवशंकर तिवारी ने कहा कि कथा के वातावरण से अंचल के सभी प्राणियों के जीवन में सुमंगल की कृपा वर्षा हुआ करती है। उन्होनें कहा कि भगवान के प्रति श्रद्धा का भाव सदैव अनमोल रखना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण का उपदेश कलिकाल में धर्म की रक्षा का सबसे बड़ा सम्बल है। कथाव्यास ने श्री रूक्मणी विवाह को भी भगवान द्वारिकाधीश के द्वारा सृष्टि में प्रेमभाव की सुचिता का द्योतक कहा। कथा के विश्राम पर स्वामी जितेन्द्र तिवारी जी ने कहा कि धर्म तभी संरक्षित है जब प्राणी में सद्भाव तथा सद्कर्म के पक्ष को मजबूती मिलती रहती है। उन्होने कहा कि भगवान के प्रति अनुराग निष्काम होना चाहिए। वही श्री रूक्मणी विवाह के प्रसंग पर भावविभोर महिलाओं ने मंगलगान तथा भावनृत्य से वातावरण को भक्तिमय बनाया। शिवगंगा जीव जन्तु कल्याण सेवा आश्रम से गाजे बाजे के साथ भगवान द्वारिकाधीश की भव्य बारात निकली। बारात में शामिल श्रद्धालुओं व ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा की। संयोजक राजबल्लभ तिवारी तथा प्रेमशंकर तिवारी की अगुवाई में यज्ञ मण्डप में भगवान की बारात की श्रद्धालुओं ने आरती उतारी। धर्मानुरागी डॉ. पुरूषोत्तम शुक्ल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र, राहुल मिश्र ने महाप्रसाद वितरण का प्रबन्धन किया। इस मौके पर आचार्य त्रिवेणीधर शुक्ल, अभिषेक शुक्ल, प्रीतेन्द्र ओझा, दिनेश तिवारी, उमेश तिवारी, देवेन्द्र, धीरेन्द्र, विनय, मोनू तिवारी, महेश प्रसाद तिवारी, सुभाष तिवारी, सूर्यपाल यादव, बच्चा पाण्डेय, आशीष मिश्र, योगेश शुक्ल, साहिल मिश्र, लल्लूनाथ शुक्ल, अतुल पाण्डेय आदि रहे।

## ग्रामीण क्षेत्रो में बिजली कटौती तथा धान क्रय केन्द्रों पर अव्यवस्था से लोग हो रहे हलाकान

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सहालग के समय शाम को ग्रामीण क्षेत्रो मे हो रही विद्युत कटौती को लेकर लोग परेशान देखे जा रहे हैं। वही कस्बे में भी दिन व रात की पाली में बीच बीच में अघोषित कटौती से लोगों को हलाकान देखा जा रहा है। शादी विवाह के समय शाम को बिजली कटौती से ग्रामीण क्षेत्रो मे घुप अंधेरा देखा जा रहा है। ठण्ड भी धीरे धीरे दस्तक दे रही है। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं में फिर इजाफा हो रहा है। सहालग में शादी विवाह मे शामिल होने वाले राहगीर भी अंधेरे के कारण परेशान हो रहे हैं। वहीं कस्बे में अघोषित कटौती के चलते व्यापारिक कारोबार भी प्रभावित देखा जा रहा है। सार्वजनिक कार्यालयो मे कम्प्यूटर से लोगों की जरूरत के अभिलेख भी समय पर मुहैया नही हो पा रहे है। उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष उदयशंकर दुबे ने बिजली कटौती को लेकर नाराजगी जतायी है। वही स्कूली छात्र छात्राओ मे भी बोर्ड की परीक्षा की तैयारी को लेकर बिजली की यह कटौती परेशानी का सबब बनी हुई है। इधर किसानो मे धान क्रय केन्द्रों पर खरीददारी मे अव्यवस्था को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। क्रय केन्द्रो पर खरीद में धीमी गति तथा बिचौलियो के बोलबाले से भी किसान प्रशासनिक व्यवस्था को कोसते देखे जा रहे हैं। उमापुर के दयाराम वर्मा, कमलेश मिश्र, सांगीपुर वार्ड के करूणाशंकर दुबे, भोजपुर के पंकज शुक्ला, हरिश्चद्र अग्रहरि, बरीबोझ के पप्पू तिवारी, अमावां के मुरलीधर तिवारी आदि का कहना है कि क्रय केन्द्रो पर खरीद के लिए उन्हें अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है।

संक्षिप्त खबरें

## दबंग भाइयों ने पुराने विवाद में बड़े भाई को पीटा

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के बसेढ़ी गांव में सोमवार की सुबह दबंग भाइयों ने पुराने विवाद को लेकर बड़े भाई को जमकर पीट दिया। पिटाई से उसे काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ने थाने जाकर दो भाइयों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। संदीपन घाट क्षेत्र के बसेढ़ी गांव निवासी शमीम अहमद पुत्र लल्लन के अनुसार उसका छोटे भाइयों से घरेलू विवाद चल रहा है।दो माह पूर्व उसकी पत्नी नाराज होकर दोनों भाइयों के घर रहने लगी थी। मंगलवार की सुबह दोनों भाई उसके घर आये और पत्नी को फिर से साथ में रखने का दबाव बनाने लगे। उसके इंकार करने पर वह दोनों अनायास गाली-गलौच करने लगे। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उन्होंने डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से शमीम को काफी चोटें आई। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ने थाने जाकर दोनों भाइयों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## कुनबे ने पुरानी रंजिश में युवक को पीटकर किया घायल



**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के मोहिसिनी गांव में रविवार को पुरानी रंजिश को लेकर कुनबे ने एक युवक को पीट दिया। उसकी उंगली को दांतों से काटकर घायल कर दिया। मोहल्ले के लोगों ने बीच बचाव किया। घायल ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। चरवा के मोहसिनी गांव निवासी रब्बू पुत्र बुधराम मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसने बताया कि रात में वह खाना खाने के बाद गांव की एक परचून की दुकान में गुटखा खरीदने के लिए गया था। गुटखा नहीं मिलने पर वह घर लौट आया। इसी दौरान एक व्यक्ति अपनी पत्नी और दो बेटियों को लेकर उसके पास पहुंचा और गाली-गलौच कर उसे डंडे से पीट दिया। साथ ही उसकी उंगली को दांतों से काटकर घायल कर दिया। घटना की जानकारी के बाद पहुंचे परिजनों के ललकारने पर वह सभी वहां से भाग निकले। परिजन घायल को इलाज के लिए पास के अस्पताल ले गये। हालत में सुधार होने के बाद घायल ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## चोरों ने सेंध काटकर नकदी-जेवरात समेत हजारों का माल किया पार

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के रसूलाबाद कोइलहा गांव में रविवार की रात चोरों ने एक घर की दीवार में सेंध काट कर नकदी और जेवरात समेत हजारों का माल पार कर दिया। सुबह जानकारी होने पर घरवालों के होश उड़ गये। भुक्तभोगी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है। संदीपन घाट क्षेत्र के रसूलाबाद कोइलहा गांव निवासी सत्तन मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है।उसकी पत्नी ने बताया कि रविवार की रात वह खाना खाने के बाद परिवार के साथ बरामदे में सो रही थी।इसी दौरान चोर उसके घर के पीछे की दीवार में सेंध काट कर कमरे में घुस गए। चोर वहां रखे बक्से का ताला तोड़ कर 15 हजार रुपए नगदी और चांदी के जेवरात समेत हजारों का माल उठा ले गए। सुबह कटी सेंध और बिखरा सामान देख कर उसके होश उड़ गए। भुक्तभोगी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है।

## टायर पंचर होने से अनियंत्रित होकर पलटी पिकअप, बाल बाल बचा चालक



**सिराथू, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के चकिया गांव के नजदीक पिकअप का टायर पंचर होने के चलते अनियंत्रित होकर पिकअप पलट गई हादसे में चालक बाल बाल बच गया। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के बंसवारी गांव का रहने वाला कुलदीप पुत्र धर्मराज 28 वर्ष पिकअप लेकर प्रयागराज जा रहा था, पिकअप जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के चकिया के पास पहुंची तभी सोमवार की सुबह नेशनल हाईवे पर पिकअप के अगले हिस्से का बायां टायर अचानक पंचर हो गया जिसके बाद पिकअप अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई, हादसे में चालक बाल बाल बच गया।

## मकान के बीच से सड़क बनाने का आरोप, विरोध पर धमकी

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव में पुश्तैनी मकान के बीच से सड़क बनाने का विरोध करने पर दबंग धमकी देने लगे, पीड़ित ने जिसकी शिकायत एसडीएम सिराथू से करते हुए कार्यवाही की मांग की है। सिराथू तहसील क्षेत्र के जमालमऊ निवासी सुखी लाल पुत्र बुदुन व हुबलाल पुत्र राम स्वरूप ने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में उनके पुरखों का पुस्तैनी मकान है, सुखीलाल व हुबलाल का आरोप है कि ग्राम प्रधान की सह पर कुछ दबंग उसके मकान को गिराकर मकान के बीच से सड़क बना रहे है, जिसका विरोध करने पर दबंग गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे है, पीड़ितों ने एसडीएम से सड़क के निर्माण कार्य को रोकवाने की मांग की है ।मामले में एसडीएम ने नायब तहसीलदार को जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए है।

## पेड़ से गिरकर घायल हुए अधेड की मौत

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कूरामुरीदन गांव में रविवार की दोपहर पेड से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए एक अधेड़ की इलाज के दौरान मंझनपुर के निजी चिकित्सालय में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार वालों का रो-रोकर हाल बेहाल है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के कूरामुरीदन गांव निवासी सेवक लाल पुत्र कन्हैयालाल 53 वर्ष खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। घर वालों में बताया रविवार की दोपहर वह बकरियों के चारे के लिए महुआ के पेड़ में चढ़कर पत्ती तोड़ रहे थे, इस दौरान पैर फिसल कर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद अधेड को इलाज के लिए सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया था। हालत में सुधार न होने पर मंझनपुर के एक निजी अस्पताल मे इलाज चल रहा था जहां सोमवार की दोपहर सेवक लाल की मौत हो गई। हालांकि घर वालों ने बिना पुलिस को जानकारी दिए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# पीपीएस कालेज में खो-खो चौंपियनशिप का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के तत्वाधान में सोमवार को पीपीएस ओपेन प्राइजमनी खो-खो चौंम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे प्रदेश से आए खिलाड़ियों की 16 टीमों ने भाग लिया। इसमें प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, वाराणसी, फतेहपुर और जौनपुर की टीमों ने प्रतिभाग किया। चौंम्पियनशिप कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. प्रभुशंकर शुक्ला पूर्व सदस्य रेलवे बोर्ड सलाहकार भारत सरकार के द्वारा किया गया। उद्घाटन मैच पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एवं एम. वी. कॉन्वेंट कॉलेज कोइलहा के बीच खेला गया जिसमें कड़े मुकाबले में पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल ने एम. वी. कान्वेट को 16-15 से पराजित किया। फाइनल में महिला वर्ग में भवंश मेहता महाविद्यालय ने मेजबान पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल को 9-2 के भारी अंतर से पराजित करके पी.पी.एस. ट्रॉफी पर कब्जा जमाया इसी प्रकार पुरुष वर्ग में पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल ने भवंश मेहता महाविद्यालय को 12-9 के अंतर से पराजित करके पी.पी.एस. ट्रॉफी पर कब्जा किया। कार्यकम के मध्य में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉं. श्वेता जायसवाल ने विद्यालय में आये हुए अतिथियो का स्वागत किया एंव प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन शिव प्रकाश (राष्ट्रीय खिलाड़ी) एवं त्रिवेन्द्र पटेल ने संयुक्त रूप से किया। निर्णायक की भूमिका में विजयकांत मौर्य, पंकज पाल, कमलेश कुमार, की टीम ने भी किया। इस मौके पर निर्मला पाण्डेय, अनुज सिंह, अशफाक अहमद, बेबी फरीदा, रिजवाना, मंजीत यादव,माला मैम, अर्पिता केशरवानी, रूपल केशरवानी, गौरव सर आदि अध्यापकगण मौजूद रहे। अंत में विद्यालय के क्रीड़ा सचिव जगदीश मौर्य ने सभी पधारे हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## ब्लाक कार्यालय का ताला तोड़ कर बैटरी, इंवर्टर समेत प्रिंटर चोरी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कसेंदा, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के भगवतपुर विकास खंड कार्यालय का ताला तोड़कर रविवार रात चोरों ने इंवर्टर, बैटरी और प्रिंटर पार कर दिया। सोमवार सुबह सफाई करने पहुंचे कर्मचारी ने कार्यालय का टूटा ताला देखा तो उसके होश उड़ गए। उसने घटना की सूचना बीडीओ समेत पुलिस को दी है। भगवतपुर विकास खंड कार्यालय में तैनात सफाईकर्मी राममनोहर के मुताबिक सोमवार सुबह नौ बजे वह कार्यालय की सफाई करने गया था। इसी दौरान उसने बीडीओ आवास समेत टाइप टू के चार नंबर कमरे की कुंडी टूटा देखा। अंदर जाकर देखा तो मेज और अभिलेख इधर उधर बिखरे पड़े थे। कार्यालय में रखा एक इन्वर्टर व दो प्रिंटर समेत आठ सोलर बैटरियां नदारत थी। सफाईकर्मी ने बीडीओ और एयरपोर्ट पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना के बाद मौके पर आई पुलिस छानबीन में जुट गई है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। घटना की तफ्तीश की जा रही है।

## भाकियू ने बिजली विभाग की मनमानी से परेशान होकर उपकेंद्र को घेरा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** भारतीय किसान यूनियन भानु संगठन के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को बिजली विभाग की मनमानी तरीके से कनेक्शन काटने के खिलाफ पेरवा उपकेंद्र का घेराव किया। इस दौरान उन्होंने बिजली विभाग पर किसानों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। अधिकारियों के निर्देश पर लाइनमैन के कनेक्शन जोड़ने के बाद किसानों ने धरना समाप्त किया। भाकियू भानु के जिलाध्यक्ष राजू सिंह ने बताया कि बिजली विभाग किसानों का हर स्तर पर शोषण कर रहा है। विभाग की मनमानी किसी हाल में सहन नहीं किया जाएगा। बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी किसानों के साथ अन्याय करने पर तुले हैं। उनकी शिकायतें लगातार सुनने को मिलती रहती है। समस्या के निस्तारण के लिए विभाग को किसान अवगत करवाते हैं। फिर भी जिम्मेदार अधिकारी संज्ञान नहीं लेते हैं। तिल्हापुर मोड़ के बूंदा बरेठी मार्ग स्थित चक्की मालिक उदल प्रजापति के हर माह बिल अदा करने के बावजूद 28 नवंबर को कनेक्शन जबरन मनमाने तरीके से काट दिया गया। बगैर सुविधा शुल्क लिए कोई भी कर्मचारी और अधिकारी समस्या का समाधान नहीं करते हैं। किसानों के हंगामा की जानकारी पाकर पहुंचे अवर अभियंता जैनुद्दीन अंसारी ने आनन फानन लाइनमैन को भेजकर चक्की का कनेक्शन जोड़वा दिया। जिसके बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। इस मौके पर शारदा अग्रहरी, फिरोज अहमद आदि किसान मौजूद रहे।

## गढ़वा के अंतिम दिवस में विभीषण को राज गद्दी और अयोध्या में खुशी के बाद रामलीला कमेटी अध्यक्ष ने अंग वस्त्र दे कर किया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, कौशाम्बी।** ऐतिहासिक स्थल कौशाम्बी के बड़ा गढ़वा में चल रहे 6 दिवसीय रामलीला मंचन के अंतिम दिन की लीला में मेघनाथ वध कुंभकरण वध अहिरावण वध और अंत में रावण वध की लीला का किया गया मंचन रावण वध होते ही धर्म की जय अधर्म का नाश हो के नारे का ग्रामीणों ने किया जय घोष धर्म की स्थापना कर बुराई पर अच्छाई की जीत हुई और फिर श्रीराम ने विभीषण को लंका का राज बनाया और पुष्पक विमान में समस्त वानर भालुओं की सेना को लेकर श्रीराम अयोध्या आए जहां पर उनका भव्य राज तिलक हुआ पहला तिलक गुरु वशिष्ठ द्वारा किया गया फिर तीनों माताओं ने आरती किया

और फिर नगर वासियों ने राम राज्य की स्थापना की और अंत में बांदा चित्रकूट कौशाम्बी के कलाकारों का रामलीला कमेटी अध्यक्ष विनोद शंकर दुबे मेला कमेटी अध्यक्ष शिवपूजन यादव ग्राम प्रधान कोषाध्यक्ष मदन मोहन तिवारी ग्रेजुएट रामलीला मंडल संचालक पारस नाथ दुबे महंत कुलदीप दुबे द्वारा सभी कलाकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया और लीला का समापन किया गया इस अवसर पर भरी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# संकट में हिम्मत न हारें, खुद करें अपनी आत्म रक्षा

### ▶▶ करारी के अंसारगंज मोहल्ले में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक





**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** विषम परिस्थितियों या संकट के समय हिम्मत न हारें और न ही दूसरे की मदद या सहारे के भरोसे रहे बल्कि खुद संकट का सामना करें। आत्मरक्षा के गुर से जीवन में आए कई संकट आसानी से दूर हो सकते हैं। यह बातें सोमवार को एसपी वृजेश श्रीवास्तव, सीओ सदर सत्येन्द्र तिवारी व इंस्पेक्टर विनीत सिंह के कुशल निर्देशन पर महिला उप निरीक्षक कंचन देवी, महिला कांस्टेबल शालू यादव, जागृति कश्यप द्वारा कस्बा के अंसारगंज मोहल्ले में जाकर मिशन शक्ति के तहत महिलाओ-बालिकाओं को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जरूरी है कि लड़कियों को आत्मरक्षा के गुण सिखाएं ताकि वह घर से बाहर अपनी रक्षा खुद कर सके। लड़कियां इन तकनीक से बाजारों में या सड़क पर होने वाली छेड़छाड़ की घटना से अपना बचाव कर सकती हैं। कहा कि बालिकाओं को अपनी शिक्षा के साथ-साथ आत्मरक्षा के प्रति भी जागरूक रहना होगा। जिससे किसी भी विषम परिस्थितियों में वह हिम्मत न हारें और किसी भी शरारती तत्व का सामना कर सकें। उन्होंने नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन व बालिकाओ को गुड टच बैड टच के बारे मे समझाया। इस अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090, वूमन पावर हेल्पलाइन व 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क, एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

## तेज रफ्तार का कहर कार की टक्कर से तीन टुकड़ों में टूटा बिजली का खंभा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के खल्लाबाद शिव मंदिर के पास सोमवार की बीती देर रात मूरतगंज की तरफसे भरवारी आते समय तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई कार की टक्कर लगते ही खंभा तीन खंडों में टूट गया और उसी के आगे लगा ईट भी दूर तक छिटक गया, गनीमत रही रात के समय कोई मौजूद नहीं था नहीं तो बड़ा हादसा हो जाता, वही आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और डायल 112 को सूचना दिया मौके पर पहुंचे डायल 112 के पुलिस कर्मियों ने कार चालक बाबी कुमार और अरुण कुमार निवासी नई बाजार भरवारी को ईलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले गए जहां मामूली चोट होने के चलते दोनों लोग अस्पताल से परिजनों के साथ घर चले गए स वही स्थानीय लोगो में चर्चा रही की कार में शराब की बोतल,

नमकीन और ग्लास भी पड़ी थी और हादसे के वक्त दोनों खूब नशे की हालत में थे।

## एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण कार्यशाला का भरवारी में हुआ आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर पालिका कार्यालय के वीरांगना दुर्गा भाभी सभागार में सोमवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत स्वच्छ वॉर्ड प्रतियोगिता व क्लीन टॉयलेट अभियान के अंतर्गत नगर कर्मियो को प्रशिक्षित व सम्मानित किया गया। शासन के निर्देशानुसार सामुदायिक नेतृत्व में विकेन्द्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु नगर निकाय स्तर पर एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया,कार्यशाला में एसबीएम जियो स्टेट से रोहित निर्मल ने नगर के समस्त सफाई नायक व अन्य कर्मचारी गणों की उपस्थिति में आईटीसी से विकास तिवारी के द्वारा प्रशिक्षित किया गया। जिसमे कचरा क्या है, कचरे के प्रकार,कचरे के पृथकीकरण का महत्व एवं कचरे की नजदीकी इकाई पे प्रबंधन, होम कम्पोस्टिंग, कम्युनिटी कम्पोस्टिंग, व्यवहार परिवर्तन के सात चरणों पर चर्चा कर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों से सीधे जुड़ाव पर जोर दिया गया। इस दौरान नगर अध्यक्ष कविता पासी, अधिशासी अधिकारी राम सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) मनोज सिंह सहित अन्य कर्मी मौजूद रहें।

## तीन दिवसीय स्काउट और गाइड प्रथम, द्वितीय सोपान जांच शिविर का हुआ शुभारंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अषाढ़ा, कौशाम्बी।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल इमली गांव नेवादा कौशाम्बी में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश कौशाम्बी के तत्वावधान में स्काउट गाइड तीन दिवसीय प्रथम सोपान जांच शिविर का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश शुक्ला प्रबंधक विद्या भारती पब्लिक स्कूल रहे। मुख्य अतिथि महोदय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट ने मुख्य अतिथि को स्कार्फ पहनाकर कर स्वागत किया साथ ही स्काउट मास्टर शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ने विद्यालय के प्रधानाचार्य को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग से



बच्चो को शैक्षिक, नैतिक, शारीरिक, मानसिक आदि का सर्वांगीण विकास होता है साथ ही स्काउट गाइड सेवा कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष त्रिपाठी ने बताया कि स्काउट गाइड से अनुशासन भाईचारा व बाहरी जीवन जीने की एक कला है। श्याम बाबू जिला संगठन कमिश्नर स्काउट कौशांबी ने स्काउट गाइड को ध्वज शिष्टाचार, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्रार्थना, टोली का गठन, शैल्यूट, बायां हाथ मिलाना आदि के बारे में बताया। कार्यक्रम में शैलेंद्र मिश्रा स्काउट मास्टर, निशी जायसवाल गाइड कैप्टन, जितेंद्र कुमार क्रिकेट कोच आदि शिक्षकगण व स्काउट और गाइड उपस्थित रहे।

लोकमित्र
● प्रतापगढ़, मंगलवार ,3 दिसम्बर 2024




## सम्पादकीय

# अडानी विवाद की संसदीय जांच की मांग

अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने कहा है कि वहां सौर ऊर्जा संबंधी ठेके दिलवाने और उन परियोजनाओं में पैसा लगाने पर अमेरिकी निवेशकों को राजी करने के लिए अडानी ने भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने का वादा किया।उद्योगपति गौतम अडानी और उनके कारोबार पर अब बड़ा घेरा पड़ गया है। नया मामला हिंडनबर्ग रिपोर्ट जैसा नहीं है, क्योंकि इस बार अडानी और उनके उद्योग समूह से जुड़े कई प्रमुख लोगों पर अभियोग अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने लगाया है।जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिका में सौर ऊर्जा संबंधी ठेके दिलवाने और उन परियोजनाओं में पैसा लगाने पर अमेरिकी निवेशकों को राजी करने के लिए अडानी ने भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने का वादा किया।जिन पर अभियोग लगा है, उनमें गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और अडानी समूह की अक्षय ऊर्जा कंपनी के बड़े अधिकारी विनीत एस. जैन शामिल हैं।खबरों के मुताबिक अमेरिका की अदालत में पेश करने के लिए वहां के अधिकारी आरोपित व्यक्तियों के प्रत्यर्पण की मांग भारत सरकार से कर सकते हैं।भारत सरकार इस पर राजी होगी या नहीं-यह दीगर बात है। निर्विवाद रूप से ताजा घटना अडानी के लिए उससे कहीं बड़ा झटका है, जैसा पिछले साल उसे हिंडनबर्ग रिपोर्ट से लगा था।उस रिपोर्ट में इल्जाम लगाया गया था कि अडानी समूह ने अपने शेयरों के भाव को फर्जी ढंग से बढ़ाया और एकाउंटिंग में धोखाधड़ी की।ताजा खबर के ठीक पहले शेख हसीना सरकार के समय बांग्लादेश में अडानी को हुए बिजली परियोजना आवंटन की जांच के लिए विशेषज्ञों की समिति बनाने का समाचार आया था।यह भी चर्चा है कि श्रीलंका की नई सरकार वहां अडानी समूह को मिली परियोजना की समग्र जांच कराने पर विचार कर रही है।ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में अडानी की परियोजनाओं पर भी हाल मे विवाद बढ़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डॉनल्ड ट्रंप के जीतते ही गौतम अडानी ने वहां दस बिलियन डॉलर के निवेश का एलान किया था।अब यह इरादा भी खटाई में पड़ सकता है। इन तमाम सूचनाओं से भारतीय शेयर बाजार को हिचकोले लगना और साथ ही देश में सियासी विवाद गरमाना लाजिमी है।उचित तो यह है कि कम-से-कम अब नरेंद्र मोदी सरकार अडानी विवाद की संसदीय जांच कराने पर राजी हो जाए।

> गलत फहमी का एक पल इतना
> जहरीला होता है,
> जो प्यार भरे सौ लम्हों को एक पल
> में भुला देता है।
>
> Suvichar4U

# गैस कांड के 40 साल; विकास की दौड़ में पिछड़ा भोपाल



**अशोक भाटिया**

भोपाल शहर में 3 दिसंबर की 1984 की सुबह को जब लोग नींद में से उठे तब तक यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) संयंत्र से अत्यधिक जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस लीक के कारण 5,479 लोग मारे जा चुके थे और पांच लाख से अधिक लोग अपंग हो गए थे। यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री काली परेड औद्योगिक परिसर का हिस्सा थी और यह वर्तमान पुराने शहर के बाहरी इलाके में थी। घटनाक्रम के अनुसार 2 दिसंबर 1984 की मध्य रात से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की हवा जहरीली हो रही थी। रात होते ही और 3 तारीख लगते ही ये हवा जहरीली तो रही, लेकिन साथ ही जानलेवा भी हो गई। कारण था यूनियन कार्बाइड की फैक्ट्री से मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का लीक होना।गैस के लीक होने की वजह थी टैंक नंबर 610 में जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का पानी से मिल जाना। इससे टैंक में दबाव बन गया और वो खुल गया। फिर इससे निकली वो गैस, जिसने हजारों की जान ले ली और लाखों को विकलांग बना दिया, जिसका दंश आज भी दिखाई पड़ता है।2-3 दिसंबर की रात भोपाल के लिए वो रात थी जब हवा में मौत बह रही थी। फैक्ट्री के पास ही झुग्गी-बस्ती बनी थी, जहां काम की तलाश में दूर-दराज गांव से आकर लोग रह रहे थे। इन झुग्गी-बस्तियों में रह रहे कुछ लोगों को तो नींद में ही मौत आ गई। जब गैस धीरे-धीरे लोगों को घरों में घुसने लगी, तो लोग घबराकर बाहर आए, लेकिन यहां तो हालात और भी ज्यादा खराब थे। किसी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, तो कोई हांफते-हांफते ही मर गया।

इस तरह के हादसे के लिए कोई तैयार नहीं था। बताते हैं कि उस समय फैक्ट्री का अलार्म सिस्टम भी घंटों तक बंद रहा था, जबकि उसे बिना किसी देरी के ही बजना था। जैसे-जैसे रात बीत रही थी, अस्पतालों में भीड़ बढ़ती जा रही थी, लेकिन डॉक्टरों को ये मालूम नहीं था कि हुआ क्या है? और इसका इलाज कैसे करना है?उस समय किसी की आंखों के सामने अंधेरा छा रहा था, तो किसी का सिर चकरा रहा था और सांस की तकलीफ तो सभी को थी। एक अनुमान के मुताबिक, सिर्फ दो दिन में ही 50 हजार से ज्यादा लोग इलाज के लिए पहुंचे थे। जबकि, कइयों की लाशें तो सड़कों पर ही पड़ी थीं।भोपाल गैस त्रासदी की गिनती सबसे खतरनाक औद्योगिक दुर्घटना में होती है। इसमें कितनों की जान गई? कितने अपंग हो गए? इस बात का कोई सटीक आंकड़ा नहीं है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस दुर्घटना में 3,787 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 5.74 लाख से ज्यादा लोग घायल या अपंग हुए थे। दूसरी ओर, सुप्रीम कोर्ट में पेश किए गए एक आंकड़े में बताया गया है कि दुर्घटना ने 15,724 लोगों की जान ले ली थी।इस हादसे का मुख्य आरोपी था वॉरेन एंडरसन, जो इस कंपनी का छ्श्वह्र था। 6 दिसंबर 1984 को एंडरसन को गिरफ्तार भी किया गया, लेकिन अगले ही दिन 7 दिसंबर को उन्हें सरकारी विमान से दिल्ली भेजा गया और वहां से वो अमेरिका चले गए। इसके बाद एंडरसन कभी भारत लौटकर नहीं आए। कोर्ट ने उन्हें फरार घोषित कर दिया था। 29 सितंबर 2014 को फ्लोरिडा के वीरो बीच पर 93 साल की उम्र में एंडरसन का निधन हो गया।गैस लीक होने के 8 घंटे बाद भोपाल को जहरीली गैस के असर से मुक्त मान लिया गया था, लेकिन 1984 में हुई इस दुर्घटना से मिले जख्म 38 साल बाद भी भरे नहीं हैं।गैस पीड़ितों के लिए बने सबसे बड़े और एकमात्र सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बीएमएचआरसी के हाल ये हैं, कि यहां कई विशेषज्ञ डॉक्टर नौकरी छोड़ कर निजी अस्पतालों में ऊंची तनख्वाहों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं । बार-बार विभाग बदलने और डॉक्टरों के सेवा नियमों में बदलाव के चलते यहां से डॉक्टरों का 2012 से पलायन शुरू हो गया था । अब तक नियमित और संविदा मिलाकर 23 सुपर स्पेशलिस्ट यहां से जा चुके हैं । 1998 में बने इस अस्पताल को बनाने के पीछे मकसद था कि गैस पीड़ितों को सबसे अच्छा इलाज मिलेगा, लेकिन हकीकत यह है कि कैंसर सर्जरी, कैंसर मेडिसिन, किडनी रोग, यूरोलाजी और उदर विभागों में तो एक भी डॉक्टर नहीं है । किडनी मरीजों की डायलिसिस की जा रही है, लेकिन किडनी का कोई विशेषज्ञ नहीं है । अस्पताल में करोड़ों रुपए की मशीनें खरीद ली गयीं, पर चलाने वाले ही नहीं हैं । भोपाल ग्रुप फॉर इनफॉरमेशन एंड एक्शन की रचना ढींगरा का कहना है कि बीएमएचआरसी में न तो डॉक्टर हैं और न ही जांच और इलाज की पर्याप्त सुविधाएं । जिस अस्पताल का काम गैस पीड़ितों का सही इलाज और शोध करना था, वहां गैस पीड़ित इलाज और दवा के अभाव में असमय मर रहे हैं ।गैस पीड़ितों के हाल इससे ही समझे जा सकते हैं कि उनके अस्पताल, इलाज, मुआवजे के लिए सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लंबी लड़ाई लड़ने वाले गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन के नेता अब्दुल जब्बार को ही समय पर इलाज नहीं मिल पाया । 2 वर्ष पूर्व बीएमएचआरसी में बेहतर इलाज न मिलने के कारण उनकी मौत हो गई । उसी बीएमएचआरसी में जो गैस पीड़ितों के लिए ही बना है । जब्बार देश-विदेश में गैस पीड़ितों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वालों का प्रमुख चेहरा थे ।गैस पीड़ितों के लिए काम करने वाले संगठन संभावना ट्रस्ट ने मीडिया को अपने अध्ययन के हवाले से बताया कि बीते 15 साल में गैस पीड़ितों में बीमारियां 3 गुना ज्यादा बढ़ी । गैस पीड़ितों में किडनी, लिवर, लंग्स, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर जैसी तमाम बीमारियां बढ़ गई । ट्रस्ट के सतीनाथ षडंगी और संभावना क्लीनिक के डा . संजय श्रीवास्तव ने 15 साल में 27 हजार 155 गैस पीड़ितों के इलाज के दौरान सामने आये आंकड़ों के आधार पर ये दावा किया ।

उन्होंने अपने विश्लेषण में पाया है कि यूनियन कार्बाइड की जहरीली गैस से पीड़ित लोगों में स्वस्थ लोगों की तुलना में वजन और मोटापे की समस्या 3 गुना ज्यादा है । इसके अलावा थायराइड की बीमारी की दर लगभग 2 गुना ज्यादा है । गैस त्रासदी के शिकार होने की वजह से पीड़ितों के शरीर के अंदरूनी और बाहरी तंत्र को स्थाई रूप से नुकसान पहुंचा है ।40 साल पहले हुई इस गैस त्रासदी ने कई महिलाओं की कोख को आबाद नहीं होने दिया । जहरीले रसायन का असर ऐसा था कि बार-बार महिलाओं का गर्भपात हो जाता था । यह बात कई शोधों, अध्ययनों और सर्वे रिपोर्ट्स के माध्यम से जाहिर हो चुकी है । सन् 2012 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी यूनियन कार्बाइड कारखाने में दफन जहरीला रासायनिक कचरा राज्य की सरकारें हटवाने में आज तक नाकाम रहीं । सुप्रीम कोर्ट का आदेश था कि वैज्ञानिक तरीके से कचरे का निष्पादन किया जाए, लेकिन कारखाने में दफन 346 टन जहरीले कचरे में से 2015 तक केवल एक टन कचरे को हटाया जा सका । इस काम का ठेका रामको इन्वायरो नामक कंपनी को दिया गया है । लेकिन कचरा अभी तक क्यों नहीं हटाया जा सका, इसका जवाब किसी के पास नहीं है । इस कचरे के कारण यूनियन कार्बाइड के आसपास की 42 से ज्यादा बस्तियों का भूजल जहरीला हो चुका है । पानी पीने लायक नहीं है, लेकिन किसी को फिक्र नहीं है । गैस पीड़ितों के लिए काम करने वाले संगठन संभावना ट्रस्ट के प्रबंधक, न्यासी सतीनाथ षडंगी ने 1 दिसंबर मंगलवार को त्रासदी की 36वीं बरसी की पूर्व संध्या पर दावा किया कि परिसर में पड़े जहरीले कचरे का दुष्प्रभाव भोपाल रेलवे स्टेशन तक पहुंच गया है । यूनियन कार्बाइड कारखाने और स्टेशन की दूरी डेढ़ से दो किलोमीटर है ।

दो साल पहले तक जहरीले कचरे से आसपास की 48 बस्तियों के भूमिगत जल स्त्रोत प्रभावित हुए थे । लेकिन इसका भूमिगत दायरा बढ़कर भोपाल स्टेशन तक जा पहुंचा है । इससे उन रहवासियों के लिए दिक्कतें होंगी, जो इस इलाके के भूमिगत जल स्त्रोतों का उपयोग करते हैं ।केंद्र सरकार ने वर्ष 2010 में सुधार याचिका लगाई थी, जो पांच न्यायाधीश वाली संविधान पीठ के पास है। इस पर विगत 11 अक्टूबर को हुई सुनवाई में केंद्र सरकार की ओर से जनवरी 2023 में होने वाली सुनवाई में तथ्यों के साथ बहस करने का भरोसा दिया है। दुनिया की बड़ी औद्योगिक त्रासदी में शामिल भोपाल गैस कांड पर सुप्रीम कोर्ट में 38 वर्ष बाद शुरू हुई सुधार याचिका पर सुनवाई ने गैस पीड़ितों में न्याय की उम्मीद जगा दी है। दो व तीन दिसंबर 1984 की दरमियानी रात हुई इस त्रासदी में हजारों परिवारों ने अपना सब कुछ दिया था । इन परिवारों की अब तीसरी पीढ़ी भी त्रासदी का दंश झेलने का मजबूर है। सरकार ने गैस पीड़ितों के लिए स्वास्थ्य से लेकर तमाम सुविधाएं समय-समय पर मुहैया कराने के प्रयास किए, लेकिन लचर व्यवस्था के चलते प्रयास नाकाफी रहे। ज्यादातर पीड़ित परिवारों के पास रोजगार के साधन नहीं रहे । ये रोज कमाते और रोज खाते रहे । त्रासदी के बाद पीड़ितों को दिए गए मुआवजे को गैस पीड़ित संगठन नाकाफी बताते रहे और उनकी लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई।बताया जाता है कि इस आपदा के कारण, भोपाल राज्य की राजधानियों के विकास की दौड़ में पिछड़ गया। भोपाल में कोई नया औद्योगिक और बड़ा व्यवसाय विकास नहीं हुआ, जिसके परिणामस्वरूप शहर के विकास की गति धीमी हो गई। गैस त्रासदी के समय, भोपाल की आबादी लगभग 8. 5 लाख थी। बताया गया कि लगभग 5. 2 लाख लोग, जिनमें 2 लाख बच्चे और लगभग 3,000 गर्भवती महिलाएं शामिल थीं, उस समय 36 वार्डों में रह रहे थे, जिन्हें बाद में ÷गैस प्रभावित÷ घोषित किया गया। आपदा के तुरंत बाद स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं और प्रदूषण के बने रहने के डर से बड़ी संख्या में लोग शहर छोड़कर चले गए। लेकिन समय के साथ, शहरीकरण और आर्थिक अवसरों जैसे कारकों से प्रभावित होकर जनसंख्या स्थिर हो गई और बढ़ने लगी। 1991 तक, जनसंख्या में वृद्धि हुई, जो धीरे-धीरे वापसी और निवासियों के आने का संकेत देती है। बताते है कि संदूषण की चिंताओं के कारण गैस रिसाव स्थल के आसपास के क्षेत्र में विकास धीमी गति से हुआ, क्योंकि लोग गैस रिसाव के असर को लेकर सतर्क थे।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# भगवान रमण महर्षि द्वारा योग की व्याख्या



**राव शिवराज पाल सिंह**

मेरा मन हर समय बाहर क्यों भागता रहता है। यह स्वयं ध्यान क्यों नहीं करता? एक भक्त ने रमण महर्षि से पूछा, हमें योग या ध्यान करने की क्या आवश्यकता है ?रमण महर्षि ने उस साधक को समझाया कि हमारा मन नहीं जानता कि अगर यह बाहरी दुनिया में गया, तो वहाँ दुख के अलावा कुछ नहीं है। यह अज्ञानता में बाहर की ओर भागता रहता है। जब यह परिपक्व हो जाएगा तो अपने भीतर वापस चला जाएगा। तब तक इसे प्रयास के साथ वापस अपने आप में समेटना हमारा काम है जो हम ध्यान के दौरान करते हैं। बाहरी दुनिया से मन को वापस खींचने के लिए विभिन्न योग (मार्ग) में अलग-अलग तकनीकें दी गई हैं। ज्ञान योग (ज्ञान का मार्ग या आत्म-जांच का मार्ग) में, तकनीक विवेक (विवेक) और वैराग्य (वैराग्य) है।

बौद्धिक, वैज्ञानिक, तर्कसंगत और तार्किक विश्लेषणों के माध्यम से, हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि बाहरी दुनिया की सीमित चीज़ों और प्राणियों में कोई अंतर्निहित आनंद, सुख या खुशी नहीं है।

इस तरह से निरंतर विश्लेषण करने से, हम क्षणभंगुर अस्तित्व के लिए वैराग्य विकसित करते हैं और इस प्रकार मन को भीतर वापस ले जाने में सक्षम होते हैं। भक्ति योग (भक्ति का मार्ग) में, जप मन को वापस लेने की तकनीक है। जप के अभ्यास में, मन को समान विचारों के एक ही विषय में बहने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, जैसे कि तैलधारावत - तेल का एक पतला एकल प्रवाह - सभी भिन्न विचारों से बचना।

यह मन को बाहरी दुनिया से वापस लेने में मदद करता है। अष्टांग योग (आठ-अंग योग का मार्ग) में, प्राणायाम (योगिक श्वास अभ्यास) की तकनीक निर्धारित की जाती है, जो प्रत्याहार (बाह्य दुनिया से मन को वापस लेना) की ओर ले जाती है। बाहरी दुनिया से मन को वापस लेने और उसे एकाग्र किए बिना, उच्च वास्तविकता का चिंतन संभव नहीं है।

एकाग्रता एक सोच या एक विचार को सभी अन्य विचारों को छोड़कर बनाए रखने की क्षमता है। यह एकाग्र ध्यान जागरूकता को मन की विभिन्न गहराइयों में प्रवेश करने और उसमें प्रवेश करने की अनुमति देता है।

जब तक मन को धारणा (एकाग्रता) के अभ्यासों के माध्यम से एकाग्र नहीं किया जाता है, तब तक व्यक्ति ध्यान (ध्यान और समाधि) की सहज अवस्था को प्राप्त नहीं कर सकता है।

एक बिखरा हुआ मन उतना ही अप्रभावी होता है जितना कि सूर्य की बिखरी हुई किरणें किसी भी चीज़ को जलाने में अप्रभावी होती हैं जब तक कि उसे आवर्धक कांच की तरह के माध्यम से एकाग्र न किया जाए। ध्यान एक यात्रा है जो जहाँ आप अभी हैं, वहाँ से शुरू होती है और जहाँ आप हमेशा से रहे हैं, वहाँ समाप्त होती है! आध्यात्मिक खोज बिना दूरी की यात्रा है। हम जहाँ अभी हैं, वहाँ से यात्रा करते हैं जहाँ हम हमेशा से रहे हैं, अर्थात अपने आप में ही पहुंचते हैं। अज्ञानता से पहचान तक, क्योंकि हम जो कुछ भी करते हैं, वह पहली बार वही देखते हैं जिसे हम हमेशा से देखते आ रहे हैं। क्या किसी ने ऐसे मार्ग के बारे में सुना है जो आपको खुद तक ले जाता है या एक ऐसी विधि जो आपको वह बनाती है जो आप हमेशा से रहे हैं? आध्यात्मिकता, आखिरकार, केवल यह महसूस करने का विषय है कि हम वास्तव में कौन या क्या हैं।

**अष्टांग योग का संक्षिप्त परिचय -**
योग की हम बहुत बात करते हैं, कि मानसिक स्वास्थ्य (द्वद्गठ्ठह्लड्ड द्धद्गड्डद्यह्लद्ध) के लिए योग बहुत सहायक है, लेकिन योग है क्या? सामान्यतया सभी आम लोग योग को केवल प्राणायाम से जोड़ते हैं, लेकिन योग केवल प्राणायाम अथवा आसान नहीं है, अष्टांग योग एक विशद और अपने आप में विशाल महासागर जैसा है। इसका सम्पूर्ण लाभ पूर्ण रूप से पालन करने में है लेकिन यदि केवल कुछ भाग का भी पालन किया जाए तो साधक को लाभ अवश्य मिलता है।

**जानकारी के लिए अष्टांग योग के आठ अंग ये हैं-**
यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। अष्टांग योग, महर्षि पतंजलि के अनुसार योग के आठ अंग हैं-
मन को भटकने से रोकने, लक्ष्य पर केंद्रित रखने और नकारात्मक विचारों को मन मस्तिष्क में घर करने से रोकने के लिए योगसिद्धि के लिए इन आठों अंगों का पालन करना ज़रूरी है. अष्टांग योग, धर्म, अध्यात्म, मानवता, और विज्ञान की हर कसौटी पर खरा उतरता है। अष्टांग योग में जीवन के सामान्य व्यवहार से लेकर ध्यान और समाधि तक का समावेश है।

**यम और नियम, अष्टांग योग के मूल आधार हैं-**
अष्टांग योग के सम्पूर्ण आठ अंग हैं-
यम - ईमानदारी से जीवन जीने के लिए नैतिक दिशानिर्देश का पालन
नियम - आध्यात्मिक विकास के लिए व्यक्तिगत नियम और सिद्धांत का पालन
आसन - शारीरिक मुद्राएं जो तन को स्वस्थ रखने में सहायक और शक्ति और लचीलेपन में सुधार करती हैं
प्राणायाम - श्वास को नियंत्रित करने की तकनीक जिस से योग के अगले पायदान को साधने में सहायता मिलती है
प्रत्याहार - बाहरी विकर्षणों से ध्यान हटाकर मन को अपने आप में नियंत्रित करना
धारणा - किसी एक बिंदु या वस्तु, लक्ष्य और अपने आराध्य पर ध्यान केंद्रित करना
ध्यान - निरंतर ध्यान का अभ्यास , किसी भी बाहरी व्यवधान से अपना लक्ष्य ओझल नहीं होने देने की साधना
समाधि- योग की अंतिम अवस्था, जहां साधक अपने मन को बाहरी जग से अलग कर अपने आराध्य से जोड़ लेता है अथवा सरल शब्दों में कहा जाए तो अपने आप में स्व केंद्रित कर लेता है, तब उस का मन बाहरी जगत के सभी प्रकार के व्यवधान से परे हो जाता है।

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### एक सैनिक व देश के नेता

सीमा के एक प्रहरी सैनिक व एक
नेता के बीच कितना अंतर होता है,
नेता प्रतिदिन घर परिवार में होता है,
सैनिक साल में एक बार घर आता
है।
नेता, मन्त्री आरक्षित श्रेणी की
हवाई
यात्रा करते, रेल की एसी प्रथम
श्रेणी
के वह माननीय विशिष्ठ यात्री होते
हैं,
सैनिक रेलवे स्लीपर में धक्के खाते
हैं।
नेता का वेतन व पेंशन एक समान
हैं,
दो दो तीन तीन पेंशन भी वह लेते
हैं,
जबकि सारे सैनिकों की पेंशन
उनके
आख़िरी वेतन की आधी हो जाती
है।
राजनीति के नेता का वैभवशाली
व
विलासिताभरा जीवनयापन होता है
सीमा पर तैनात सिपाही के राशन
का भी औचित्य बताना पड़ता है।
सियासत दानों को बस देश की रक्षा
और सुरक्षा की प्रतिज्ञा लेनी होती
है,
सीमा पर तैनात सिपाही को जान दे
कर भी सीमा की रक्षा करनी होती
है।
सोने चाँदी की थाली चम्मच से
नेता
मन्त्री अपना भोजन पानी करते हैं,
सीमा पर तो सिपाही खाने के लिए
अल्यूमिनियम की मेसटीन रखते
हैं।
सैनिक सारा जीवन भर अपने देश
का एक वफ़ादार सिपाही रहता है,
दल बदलने की सुविधा के साथ ही
नेताओं का ठाट बाट देखते बनता
है।
नेताओं का पहनावा मात्र दिखावा
है
धवल सफ़ेदी खादी धारी पर अंदर
से काले, लाखों का सूट बूट होता
है,
सैनिक ओजी वर्दी में हरदम होता
है।
नेताओं के दुश्मन दिखावटी होते
हैं,
आज सरकार में कल विपक्ष में
होते हैं,
सैनिक का दुश्मन सीमा पर तैनात
वास्तविक देश के दुश्मन होते हैं ।
एक बार चुनाव जीतकर नेता जी
पूरे
जीवन के लिये कमाकर घर भरते
हैं
सैनिक बेचारा पूरी सर्विस के बाद
भी
बिना घर द्वार का मारा मारा फिरता
है।
हर नागरिक देश का ऋणी होता है
देश पर जान लुटाने वाले सैनिक
का,
जो अपनी पहली शपथ कभी नहीं
भूलता है याद रखे दिए गये वचनों
का।
हे ईश्वर उनकी रक्षा करना जो देश
की ख़ातिर जान की बाज़ी लगाते हैं
आदित्य गर्व मुझे भी है अपने पर
देश
की सेना में सारा जीवन देकर आये
हैं।



**कर्नल आदि शंकर मिश्र
आदित्य
लखनऊ**

### सर्दियों की धूप

सर्दी में महकती चंदन सी,
लगे नई नवेली दुल्हन सी।
शर्माती है सर्दियों की धूप-
जो चमकती है कंगन सी।।
खुले बाग में बैठ दमकती,
नभ के उद्यान में गमकती।
इतराती है सर्दियों की धूप-
आकर श्वेत वसन पहनती।।
सिखाती मिलजुल के रहना,
उद्देश्य सबको सुखी बनाना।
इंद्रधनुष लगे सर्दियों की धूप-
जो चाहे भेद भाव मिटाना।।
कभी बदलती अपना रूप,
छुप जाती सर्दियों की धूप।
सभी उसे बंद करना चाहे-
तब गायब उसका स्वरूप।।
सर्दी की धूप सुखद सुनहरी,
बादलों के पीछे वह छरहरी।
सूरज की गोद में दुग्ध धवल-
और धरा को देखे सरसरी।।



**मनोरमा शर्मा मनु
हैदराबाद, तेलंगाना**

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। |
| वृष | आज आपके दिन की शुरुआत शांत मन होगी। आज आपके धन-धान्य में वृद्धि होने के योग हैं। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव बना रहेगा। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए। आपके कुछ खास काम में आज रूकावट आ सकती है, लेकिन शाम तक काम पूरा हो जायेगा। |
| मिथुन | आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छात्र छात्राओं को अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी खाली समय मिले अपने काम को पूरा कर ले। कुछ नए विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी , जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा। मित्रों की सहायता से आपको आय के साधन मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमाने में कामयाब रहेंगे। |
| कर्क | आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको महसूस होगा की परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आपको ऐसी जगह से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहां से आपने कभी कल्पना भी नहीं की हो। जीवन साथी की वजह से आपकी कोई योजना या कोई कार्य बन सकता है , लेकिन धैर्य बनाए रखें। |
| सिंह | आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आएंगे। |
| कन्या | आज का दिन आपके लिए दिन बदलाव से भरा रहने वाला है। जो लोग पैतृक व्यवसाय कर रहे हैं व्यवसाय में कुछ बदलाव के लिए अपने पिताजी से बातचीत करेंगे। आज पड़ोस में हो रहे भजन, कीर्तन में परिवार के साथ सम्मिलित होंगे। आज आपकी वाणी में मधुरता का भाव रहेगा। राजनीति में सफलता प्राप्त होगी, सभा को संबोधित करने का मौका मिलेगा। |
| तुला | आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं। परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, कुछ समय बिताएंगे जिससे आपके मन को शांति मिलेगी। भाई, बहनों का सहयोग मिलेगा। |
| वश्चिक | आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें, किसी के विवाद में न पड़ें। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। परिवार के साथ प्रेम बढेगा। |
| धनु | आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी असहाय की सहायता करने का मौका मिलेगा। आज आप किसी थीम पार्क घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं, जहां अपने मित्रों के साथ खूब इंजॉय करेंगे। |
| मकर | आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आपकी उदासी की वजह आपकी नेगेटिव सोच हो सकती है। आपको परिवार में फिर से खुशी का माहौल बनाने के लिए जल्द से जल्द इस से बाहर आने की जरूरत है। बच्चे उम्मीदों पर खरे ना उतर कर आपको निराश कर सकते हैं। सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। |
| कुम्भ | आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना होगी, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा। |
| मीन | आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। कोई नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान भी बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। |

# उप निर्वाचन, त्योहार पर विशेष सतर्कता बरने व परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद में निषेधाज्ञा लागू

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** अपर जिला मजिस्टेªट त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि नगर पालिका परिषद बेल्हा के रिक्त अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन, राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से सम्बन्धित सीबीटी परीक्षायें तथा 25 दिसम्बर को क्रिसमस डे त्योहार के दृष्टिगत सम्पूर्ण जनपद क्षेत्र तथा परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 01 जनवरी 2025 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है। उन्होने बताया है कि कोई भी व्यक्ति किसी वर्ग या समुदाय के बारे में ऐसी आलोचना नहीं करेगा जिसकी सत्यता स्थापित न हुई हो या तोड़-मरोड़ कर कही गयी बातो पर आधारित हो एवं जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं की दुहाई नहीं देगा। मस्जिदों, मन्दिरों, गिरिजाघरों या अन्य पूजा स्थलों को सभा के रूप में प्रयोग नहीं किया जायेगा और न ही इन स्थानों से जुलूस या रैली निकाली या समाप्त की जायेगी। किसी भी सार्वजनिक, धार्मिक स्थल पर लाउडस्पीकर का प्रयोग किसी भी दशा में इस प्रकार से नहीं किया जायेगा जिससे विभिन्न सम्प्रदाय के लोगों में उत्तेजना फैलने की सम्भावना हो।

कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह कोई भी मादक पदार्थ, शराब/नशे की हालत में कोई अवांछनीय कार्य नही करेगा जिससे किसी की भावना को ठेस पहुॅचे। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा उम्मीदवार की आलोचना, उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पूर्व के इतिहास व कार्य के सम्बन्ध में ही की जा सकती है। किसी उम्मीदवार की व्यक्तिगत जीवनी पर आलोचना नहीं की जायेगी।

कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों एवं उम्मीदवार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित व्यय सीमा से अधिक व्यय नहीं किया जायेगा। चुनाव प्रचार हेतु लाउडस्पीकर व साउण्ड बाक्स का प्रयोग पूर्वानुमति लेकर ही करेगें और इसका प्रयोग रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्रतिबन्धित रहेगा। स्थायी तौर पर लाउडस्पीकर एवं साउण्ड बाक्स नहीं स्थापित किये जायेगें। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा फर्जी मतदान करने अथवा कराने के लिये किसी व्यक्ति को न तो उकसाएंगे, न ही मदद करेगें। मतदान के दिन मतदान केन्द्र के 200 मीटर के रेडियस के अन्दर चुनाव प्रचार नहीं करेगें और न ही वोट मांगेगें। मतदान/मतगणना केन्द्र पर मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट, कोई ज्वलनशील व विस्फोटक पदार्थ, किसी प्रकार का अस्त्र शस्त्र, माचिस, बीड़ी, सिगरेट व नशीला प्रदार्थ, पानी की बोतल, पेन/पेंसिल एवं अन्य प्रतिबन्धित सामग्री लेकर जाना पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह निर्वाचन व परीक्षाओं को सकुशल तथा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराये जाने में न तो किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करेगा और न ही ऐसी कोई कार्यवाही करेगा जिससे कि परीक्षा को सम्पन्न कराये जाने में कोई बाधा उत्पन्न हो एवं उसकी शुचिता व निष्पक्षता पर किसी प्रकार का कोई कुप्रभाव पड़े।

## रास्ते में अवरोध को लेकर शिकायत, एसडीएम ने दिये कार्रवाई के निर्देश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सार्वजनिक रास्ते में अवरोध को लेकर पीड़ित ने एसडीएम से शिकायत की है। लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला निवासी छोटे लाल विश्वकर्मा पुत्र महावीर ने एसडीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि सार्वजनिक रास्ते पर दबंगों ने गिटटी डालकर अवरोध उत्पन्न कर दिया है। पीड़ित के बुजुर्ग होने के कारण आरोपी शिकायत करने पर गालीगलौज किया करते हैं। पीड़ित का कहना है कि रास्ते पर अतिक्रमण हटाने को लेकर रानीगंज कैथौला चौकी में सुलहनामा भी हुआ। इसके बावजूद आरोपी रास्ते पर अतिक्रमण नही हटा रहे हैं। एसडीएम नैंनसी सिंह ने लालगंज कोतवाल को प्रकरण की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये है।

# मदरसे में कुरआन मुकम्मल करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** रविवार को कचेहरी मस्जिद के पास स्थित मदरसा अल मंसूर इस्लामिक स्कूल में मजलिस ख़तम अल - कुरआन के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छोटी उम्र में कुरआन शरीफ मुकम्मल करने वाले बच्चे मुहम्मद असद ,मुहम्मद अशरफ,हमजा नूर , आ फ रीन, आसिफा ,शिफाकाशिफ,इरमनुसरा,फरहीन , जैनब खान को मदरसे के तरफ से इनाम देकर सम्मानित करने के साथ हौसला अफजाई किया गया।इस मौके पर बच्चो ने नात , तराना , हिंदी , उर्दू में तकरीर व सामान्य ज्ञान के कम्पटीशन में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

जज के तौर पर मौलाना फरहान नदवी , मौलाना गयासुद्दीन नदवी शिक्षक राजकीय इंटर कालेज थे। प्रोग्राम में मेहमान ए खुसूशी मुख्य अतिथि के रूप में मौलाना असद उल्ला नदवी साहब उपस्थित रहे। इस मौके पर मौलाना अब्दुल्ला, मौलाना नासिर नदवी , जफरुल हसन (सचिव माईनारटीज वेलफेयर सोसायटी) मौलाना जैनुद्दीन , जफरुल हसन एडवोकेट , इं0 फारुख , ऐनुल हसन , स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी मोहम्मद इरफ़ान, इसरार अहमद, मौलाना शाबान,आदि मौजूद रहे। प्रोग्राम का आयोजन अल मंसूर इस्लामिक स्कूल के प्रिंसिपल मौलाना अनवर हुसैन नदवी ने किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु बैंक अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद जी के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसंबर 2024 की सफलता हेतु जनपद के बैंक अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय सभागार में आयोजित की गई। इस अवसर अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बैंक अधिकारियों से राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बैंक ऋण एनपीए जो राष्ट्रीय लोक अदालत में सम्मिलित किए जा सकते हैं ऐसे मामलों का अधिक से अधिक चिन्हीकरण किया जाए ताकि लोगों को ऋण से छुटकारा मिले एवं बैंकों को एनपीए ऋण की धनराशि वापस दिलाई जा सके। बैठक में एलडीएम गोपाल शेखर झा समेत सभी बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करायें-जिलाधिकारी

**▶▶ जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेªट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता गोविन्द प्रसाद तिवारी निवासी नरई थाना संग्रामगढ़ ने बताया कि प्रार्थी ग्रामसभा की भूमि बचाने हेतु बराबर पैरवी कर रहा है, गांव के तमाम लोगों ने अवैध ढंग से ग्रामसभा की भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे है। माननीय न्यायालय व अधिकारियों द्वारा अवैध कब्जा हटाये जाने का आदेश प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर पारित किया गया है। प्रार्थी घर से कुण्डा जा रहा था जैसे ही वह प्राइमरी विद्यालय नरई के पास पहुॅचा तो गांव के विनय सिंह व विष्णु ने प्रार्थी को गालियॉ देते हुये जान से मार डालने की नियत से लात मूंका घूंसा से मारपीट कर बेहोश कर दिया, रास्ते में आते जाते हुये गांव वालों ने बीच बचाव कर प्रार्थी की जान बचाई, मुल्जिमान धमकी देते हुये भागे कि मुकदमें की पैरवी छोड़ दो अन्यथा दोबारा मारेगें,

इस प्रकरण पर जिलाधिकारी एसओ संग्रामगढ़ को निर्देशित किया है कि प्रार्थी की सुरक्षा सुनिश्चित करायें और दोषी के विरूद्ध कार्यवाही करें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरुप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये।

## नशेड़ियों की आयी शामत, पन्द्रह से अधिक हुए पाबन्द

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसपी द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने रविवार की रात पन्द्रह आरोपियों को हिरासत में लिया गया। कोतवाली के दरोगा दीपक यादव फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। आपरेशन नशा मुक्ति के तहत सार्वजनिक स्थानों पर नशे में टल्ली लोगों को पुलिस ने धर दबोचा। पन्द्रह आरोपियों को पुलिस हिरासत में लेकर कोतवाली ले आयी। इनके खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। सोमवार को आरोपियो का शांतिभंग की आशंका में एसडीएम न्यायालय में चालान किया गया। इसके पहले प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव की अगुवाई में पुलिस ने पचपन अन्य नशेड़ियों के खिलाफ भी कार्रवाई की है। सीओ रामसूरत सोनकर का कहना है कि सड़क पर देर रात अनावश्यक नशे मे टल्ली मिलने वालों के खिलाफ अभियान और सख्त होगा। उन्होने बताया कि आपरेशन नशा मुक्ति अभियान का उददेश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाना है।

# आंवला एवं पान कृषकों को ऑवला पैक हाऊस ग्राउण्ड गोड़े में दिया गया प्रशिक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** प्राथमिक विद्यालय के सामने आँवला पैक हाऊस ग्राउण्ड ग्राम-गोड़े में आवंला एवं पान के कृषकों को प्रशिक्षण विजय किशोर सिंह उद्यान निरीक्षक औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र खुशरूबाग प्रयागराज एवं डॉ0 राम सेवक चौरसिया पूर्व प्रधान वैज्ञानिक एन.बी.आर.आई. लखनऊ द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में आंवला फसल प्रबन्धन, आंवला तुड़ाई के पश्चात् प्रोसेसिंग तथा उससे सम्बन्धित सरकार की विभिन्न योनजाओं के सम्बंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा जनपद में बन रहे आंवला फंक्शनल पैक हाउस के बारे में जानकारी देते हुए किसानों से अनुरोध किया गया कि वे अधिकाधिक संख्या में आंवला फंक्शनल पैक हाउस कमेटी की सदस्यता प्राप्त कर ले, जिससे भविष्य में उसका लाभ प्राप्त कर सके। कार्यक्रम का संचालन मो0 फजिल उद्यान निरीक्षक द्वारा किया गया।

# सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा तो समाज और राष्ट्र सुरक्षित रहेगा- धर्माचार्य ओम प्रकाश पांडे




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जामताली इस्कॉन हट्ट द्वारा स्थापित भगवान श्री जगन्नाथ जी के मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस पर गोई गांव में सेवानिधि गौरांग दास की अध्यक्षता में जनपद वासियों का एक धर्म संसद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आज के परिवेश में सनातन धर्म की रक्षा तथा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने एवं सनातन धर्मियों में समरसता कैसे स्थापित हो, इस पर विचार विमर्श हुआ। युवाओं को अपने धर्म संस्कृति सभ्यता और वैभव तथा वैज्ञानिक प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी गई। धर्म में व्याप्त जाति विशेषता तथा इसका राजनीतिकरण पर विचार मंथन किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव-गांव जन जागरण चलाकर के समस्त सनातनीयों को एकत्रित कर समाज को जोड़ने का कार्य किया जाए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि धर्माचार्य ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास रामानुज दास ने कहा कि सनातन धर्म अनादि काल से चला रहा है। सनातन धर्म में सदैव परस्पर प्रेम रहता था किंतु राजनीतिक व्यक्तियों ने जातिगत भावना को भड़का करके समाज को जोड़ने के बजाय तोड़ने का कार्य किया है। भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि चारों वर्णो की रचना मैंने किया है। इस प्रकार मनुष्य अपने-अपने व्यवसाय के द्वारा लोग जातियों में बंट गए। कोई भी कार्य किसी के घर होता था तो सामूहिक रूप से लोग कार्य करते थे। ब्राह्मण पूड़ी निकालते थे, कहार पानी भरकर के लाते थे, गांव के ही लोग सब्जी काटकर उबाल कर रख देते थे, जिसे ब्राह्मणों द्वारा सब्जी में नमक मिला दिया जाता था। पत्तल गांव के ही अंतिम छोर का व्यक्ति मुसहर बना कर ले आता था। ब्राह्मण नाई पूजन का हर कार्य करता था। धोबी का धोया हुआ कपड़ा पंडित पहनकर के पूजन कराया करते थे। हम लोग चाहे छोटा हो बड़ा आदमी हो किसी जाति वर्ग का हो उसको सम्मान स्वरूप काका चाचा दादा बाबा कहा करते थे, लेकिन आज समाज बिखर रहा है। इसका मुख्य कारण युवा पीढ़ी का सनातन के प्रति रुझान का अभाव, संग मोबाइल तथा गूगल से हो गया है। वह अपने बड़ों के पास बैठना नहीं चाहता, संतों का संग नहीं करना चाहता ।शास्त्रों को पढ़ना नहीं चाहता, केवल अल्प ज्ञान के कारण अपने को सबसे बड़ा बुद्धिमान समाज का नागरिक समझता है। माता-पिता एवं बुजुर्गों का सम्मान नहीं करता।

भगवान राम प्रातः काल उठते थे, गोसाई जी कहते हैं कि प्रात काल प्रभु उठि रघुनाथा, मात-पिता गुरु नावहिं मांथा। वेदों का सही अध्ययन नहीं किया जाता कुछ पंक्तियों को पढ़कर लोग अपनी विद्वत्ता के ज्ञान का बखान करते हैं। सद्गुरु की शरण में ही सच्चे ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है। श्रीमद्भगवत गीता सर्वोच्च ग्रंथ है ,श्रीमद्भागवत महापुराण है, रामायण, महाभारत हमारे पूर्वजों की अमर गाथाएं हैं। हमें चाहिए कि अपने बच्चों को प्रतिदिन मंदिर ना ले जाए तो सप्ताह में कम से कम एक बार मंदिर में ले जाकर दर्शन कराएं। जन्मदिन पर किसी पवित्र स्थान मंदिर या तुलसी को दीपदान कराएं ।चोटी चंदन जनेउ को धारण करें। गीता गंगा गायत्री और गाय हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है। गायों की सेवा करें। बांग्लादेश में और कनाडा इत्यादि में सनातन धर्मियों के ऊपर हमले हो रहे हैं, मंदिर तोड़े जा रहे हैं और हम सो रहे हैं। राजनीतिक लोग इस पर कोई चर्चा नहीं कर रहे हैं। हमारे पूर्वज आक्रांताओं के आगमन पर भगवान के श्री विग्रहों को अपने सीने से लगाकर केवल एक धोती पहने हुए एक गमछा ओढ़े हुए जंगलों में रहकर जीवन बिताया और सनातन धर्म की रक्षा किया। सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा तो समाज और राष्ट्र सुरक्षित रहेगा तभी हमारा विकास होगा उद्भव होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम पूजन तिवारी संस्थापक मां जगत जननी मन्दिर, ज्योतिषाचार्य पंडित राकेश नारायण संस्थापक शांति ज्योतिष धाम नई दिल्ली, विमल सिंह अध्यक्ष , रवि त्रिपाठी, भगवती प्रसाद शर्मा, उमाकांत त्रिपाठी, अंजनी दुबे चंदन, शिवनारायण त्रिपाठी ,अरुण त्रिपाठी, उदय राज पांडे सूबेदार, पिंकी दयाल सहित अनेक भक्त गण उपस्थित रहकर अपने विचार व्यक्त किया। धर्माचार्य ओमप्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुजदास द्वारा गौरांग सेवा निधि दास को भगवान श्री जगन्नाथ जी के महात्मय की पुस्तक तथा भगवान श्री जगन्नाथ जी का महाप्रसाद भेंट किया गया। कार्यक्रम के समापन पर भगवान श्री जगन्नाथ जी की मंगला आरती तथा महाप्रसाद का वितरण हुआ। आयोजक सेवा निधि गौरांग जी ने आए हुए समस्त भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी धर्म में जातियां हैं किंतु उनकी कट्टरता उन्हें सब को एक रखती है। इसी प्रकार से हमारे युवाओं को जो भारी मात्रा में नशे की लत के आदी हो रहे हैं उनको दूर रखने का प्रयास किया जाना चाहिए, और समाज में जातीयता की विषमता को दूर करके परस्पर प्रेम रखना चाहिए। भगवान श्री जगन्नाथ जी इसीलिए वर्ष में एक बार समस्त जाति धर्म वर्ग के लोगों को दर्शन देने के लिए मंदिर से बाहर आकर रथ पर सवार होकर के गुडींचा मंदिर जाते हैं। युवाओं को धार्मिक पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए तभी समाज का कल्याण संभव है।कार्यक्रम का संचालन आनंद सिंह शिल्पी ने किया।

# गैंगमैनों की आधी आबादी पर है यूनियनों की नजर, झोंकी ताकत

**▶▶ 991 मतदाताओं में आधे से अधिक गैंगमैन हैं**

**▶▶ किसी भी यूनियन के लिए सत्ता तक पहुंचने की सीढ़ी हैं गैंगमैन**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** गैंगमैन किसी भी रेलवे रेल कर्मचारी यूनियन के लिए सत्ता पाने की चाभी हैं। ये जिधर घूम जाएं उस यूनियन की जीत पक्की है। यही वजह है कि इनको अपने पाले में करने के लिए सभी यूनियनों ने पूरी ताकत झोंक दी है। सोमवार को पटरी पकड़कर नेताओं की मंडली इनके तक पहुंची। अपने वायदे का लॉलीपॉप दिया। गैंगमैनों ने भी किसी को मना नहीं किया। जो भी यूनियन का नेता वोट मांगने गया उन्हें वोट देने का वादा किया। मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर वोटरों की संख्या 991 है। जो अपने मताधिकार का प्रयोग कर सत्ता बनाने का काम करेंगे। नेताओं की मानें तो इसमें से चार सौ से अधिक गैंगमैन वोटर हैं। पीडब्लूआई इनका इंचार्ज होता है। देखा गया है कि जिस यूनियन का पीडब्ल्यूआई होता है गैंगमैन भी उधर ही वोट करते हैं। नेताओं का कहना है कि यह बात अब पुरानी हो चुकी है। अब जो गैंगमैन हैं वे पढ़े लिखे हैं। सोशल मीडिया पर लिखता पढ़ता है। उसे मालूम है कि किसे वोट देना है। फिलहाल तो बरगलाने की बात दूर है। चुनाव लड़ रही मेंस, मजदूर, उरकू और अन्य यूनियनें गैंगमैन को अपने पाले में लाने के लिए भले ही तमाम तिकड़म कर रही है लेकिन वह खुलकर सामने नहीं आया है। गैंगमैनों का कहना है कि वो कुछ नहीं बोलेंगे। मतदान के दिन अपना वोट डालेगा। सोमवार को मजदूर यूनियन के नेता गेटमैंन और ऑफिसों में जाकर कर्मचारियों से संपर्क कर वोट मांगा। मेंस यूनियन ने भी गैंगमैनों से संवाद किया।

**आज बंद हो जाएगा चुनाव प्रचार**

यूनियन का चुनाव 4, 5 और 6 दिसंबर को होगा। इसके लिए प्रचार प्रसार मंगलवार शाम को बंद हो जाएगा।

## कोर्ट के आदेश पर मारपीट में दो पर एफआईआर दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के ककरिहा गांव निवासी सुंदर लाल की 65 वर्षीय पत्नी तारा देवी एक अक्टूबर 2024 को रात करीब आठ बजे घर के सामने चारपाई पर बैठी थी। आरोप है कि तभी मोहल्ले के दो लोग पहुंचे एवं गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने राजू सरोज उसकी पत्नी चंद्रावती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# श्रीमदभागवत कथा का प्रसाद पाने को उमड़ी भीड़



**प्रतापगढ़।** सदर ब्लाक के पूरे पितई अरविंद नगर में चल रही श्रीमदभागवत कथा के समापन के बाद रविवार को देर शाम महाप्रसाद वितरण में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी रही। आयोजक डाक्टर मनोज कुमार शुक्ला, शिक्षिका नीलिमा शुक्ला, प्रेम चंद्र शुक्ल, लोकेश आदि ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया। रानीगंज के पूर्व विधायक राम शिरोमणि शुक्ला ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# स्वामीनाथ सरोज ने समाज के लोगों को सम्मान दिलाने में बिताया जीवन-डा आर के वर्मा

**● परिनिर्वाण दिवस पर उनकी मूर्ति का किया गया अनावरण**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** डॉक्टर स्वामीनाथ सरोज ग्राम पंचायत देवासा रानीगंज में स्मृतिशेष के अवसर पर परिनिर्वाण दिवस पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया गया।

इस अवसर पर रानीगंज के विधायक डॉक्टर आरके वर्मा ने उनके योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि समाज में उपेक्षित वंचित शोषित समाज के लोगों को सम्मान अधिकार और अवसर दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन लगाया। अपनी तनख्वाह का आधा हिस्सा सदैव समाज के वंचित लोगों को अवसर दिलाने में लगाया। यह आज हम सब लोगों के लिए प्रेरणा का विषय है और हम सब लोगों को उनके आदर्श को अंगीकार कर अपने जीवन के व्यवहार में धारण करने से उनकी विचारधारा भी जीवंत रहेगी और समाज खुशहाली के पथ पर आगे बढ़ सकेगा। कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा डॉक्टर स्वामीनाथ के छोटे भाई पूर्व प्रधान दिनानाथ सरोज व डॉक्टर दिनेश प्रताप सरोज चिकित्सा अधिकारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर रानीगंज विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी शेर बहादुर यादव जिला उपाध्यक्ष राजेश सरोज प्रधान दिवस सुभाष पटेल डॉक्टर शुभकरण सरोज आदि उपस्थित रहे।

# राजा भइया ने राज भवन में जन समस्याओं का किया निस्तारण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** राज भवन बेंती में आयोजित जनता दरबार में सोमवार को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने दूर दराज से आए हुए लोगों की जनसमस्याओं को सुनकर गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करने के लिए जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को निर्देशित किया।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल , कुंडा प्रमुख संतोष सिंह,पूर्व प्रमुख वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, प्रमुख बाबागंज पति राम यश सरोज, ब्लॉक प्रमुख कालाकांकर रमेश सरोज, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, वर्तमान प्रमुख विहार पति राम चंद्र सरोज, नगर पंचायत कुंडा अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार तिवारी भगवन, प्रधान जहानाबाद लवलेश तिवारी बऊवा, प्रधान संजय सिंह बछरौली, व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज प्रधान उतरार विनोद यादव,

बब्बन सिंह कुंडा क्षीरसागर तिवारी, मानवेन्द्र द्विवेदी गुरूजी बाघराय, समाजसेवी विक्कू सिंह बाघराय, अनिल शुक्ला गुरुजी सकरदहा, आजाद सिंह परसीपुर,रंग बहादुर सिंह कुंडा,सुमित तिवारी फूलमती समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार ने लाखों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार से लगाने के लिए विशेष कार्य कर रही है। प्रदेश के युवाओं/युवतियों को रोजगार मुहैया कराने के लिए कौशल एवं तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। प्रदेश के लाखों युवक और युवतियां विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से लगे हुए है। सेवायोजन विभाग के अधीन संचालित प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों (जॉब सीकर्स) को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।

आउटसोर्सिंग ऑफ मैनपावर के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के शासकीय विभागों एवं उसके अधीनस्थ संस्थाओं में मैनपावर के क्रय के लिए भारत सरकार द्वारा विकसित गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस, जेम की व्यवस्था लागू किये जाने के संबंध में जेम पोर्टल पर पंजीकृत एवं बिड अवार्डी सेवाप्रदाताओं द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थियों के चयन हेतु व्यवस्था विकसित की गयी है। जिसके द्वारा सेवाप्रदाता मांग के अनुरूप संबंधित विभागों को कुशल मैन पावर की आपूर्ति करते हुए युवाओं को रोजगार से लगा रहे है। प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश कामगार एवं श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग के अंतर्गत शासनादेश संख्या 434/36/-5-2020-8(29)/2020 दिनांक 16 जून, 2020 द्वारा कामगारों/श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के लिए तथा उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ0प्र0 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश कामगार एवं श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग का गठन किया गया है। इस आयोग के गठन से श्रमिको के हित सुरक्षित किए गए है।

मिशन रोजगार के अंतर्गत प्रदेश में रोजगार, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण तथा अप्रेन्टिसशिप के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार के विशेष अवसर सृजन किये जाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक- 05 दिसम्बर, 2020 से ''मिशन रोजगार'' अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत अधिक से अधिक रोजगार देने की व्यवस्था की जा रही है। सेवामित्र के अंतर्गत कौशल प्राप्त कामगारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं जनसामान्य स्थानीय सेवायें (प्लम्बर, कारपेंटर, पेंटर, इलेक्ट्रिशियन, ड्राईवर आदि) प्रदान हेतु सेवामित्र पोर्टल की व्यवस्था सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित की गयी है। सेवामित्र व्यवस्था की प्रगति में कुशल कामगारों की संख्या 50,756, सेवाप्रदाताओं की संख्या 965 तथा सेवामित्रों की संख्या 4890 है।

प्रदेश सरकार प्रदेश के साथ-साथ विदेशों में भी रोजगार उपलब्ध करा रही है। सेवायोजन विभाग द्वारा प्रदेश के बेरोजगारों को विदेशों में रोजगार उपलब्ध कराने की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है। इजराइल में निर्माण श्रमिकों की मांग के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा इजराइल सरकार की संस्था पी0आई0बी0ए0 के सहयोग के साथ लगभग 9 हजार निर्माण श्रमिकों को इजराइल भेजे जाने हेतु टेस्टिंग की कार्यवाही की गयी है। जिसमें सफल अभ्यर्थियों में से 9 हजार कुशल श्रमिकों को अब तक इजराइल भेजा जा चुका है। भारत-इजराइल ड्राइव 3.0 के तहत 05 हजार कुशल श्रमिकों को चयन करते हुए इजराइल भेजने के कार्यवाही चल रही है। कुशल श्रमिकों को इजराइल में भवन निर्माण, मॉल प्रबंधन, तकनीकी कार्यो जैसे क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराया गया है। श्रमिकों को इजराइल में कार्य करने पर रू0 1.25 लाख से रू0 1.50 लाख तक मासिक वेतन मिल रहा है। प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा रोजगार मेलों के माध्यम से रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने का कार्य किया जा रहा है। बेरोजगारों को कैम्पस प्लेसमेंट व डायरेक्ट हायरिंग के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था एकीकृत पोर्टल पर विकसित करायी गयी है। वर्ष 2017 से अगस्त 2024 तक कुल 8629 रोजगार मेलों का आयोजन करते हुए 11,03,601 अभ्यर्थियों का चयन कर निजी क्षेत्रों में नौकरियां उपलब्ध कराई गई है।

## ई-लाटरी के माध्यम से 03 दिसम्बर को लाभार्थियों का किया जायेगा चयन

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सब मिशन आन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत हाइटेक हब फार कस्टम हायरिंग ग्रामीण उद्यमी हेतु जनपद में कृषकों द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर की गई बुकिंग के सापेक्ष ई लाटरी के माध्यम से लाभार्थी चयन हेतु जनपद स्तर पर कृषि भवन सभागार कक्ष में दिनांक 03 दिसम्बर 2024 को अपरान्ह 2 बजे से ई-लाटरी की कार्यवाही की जायेगी। सम्बन्धित कृषक ई-लाटरी की कार्यवाही में उपस्थित हो।

## दबंगो ने सगी बहनो से की अभद्रता, विरोध पर पीटा

**जेठवारा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मधुपुर में दबंगो ने सगी बहनो से अभद्रता की। साथ ही विरोध पर पीटा व धमकी भी दी। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बताया गया कि गांव मधुपुर निवासी पूजा पटेल पुत्री सत्र प्रसाद पटेल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह कल रविवार को अपनी छोटी बहन रूमा के साथ खेत में पैरा बांधने जा रही थी। उसी रास्ते में गांव के कुछ दबंगो ने रोक लिया तथा हाथ पकड़कर अभद्रता करने लगे। उसी समय उसकी मां निर्मला पहुंची तथाा विरोध किया तो दबंगो ने दोनो बहनो एवं मां को पीटकर घायल कर दिया। सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो जानलेवा धमकी देते हुए दबंग भाग गए। पीड़िता ने पुलिस से मामले की जांच करके कार्यवाही की मांग की है।

# प्रभु राम के चरित्र को अपना आदर्श बनाएं -महंत अजीत

● अयोध्या में श्री राम जी के विवाह उत्सव में शामिल हुए संस्कार ग्लोबल स्कूल के बच्चे

● राम पथ पर निकाली भव्य शोभायात्रा, किया रामलीला का मंचन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।**प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में श्री राम जी के विवाह उत्सव के उपलक्ष्य में हनुमानगढ़ी के स्मारक सदन में कवयित्री डॉ. अंजना सिंह सेंगर के संयोजन में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह एवं डॉ.अंजना सिंह सेंगर ने पूजन अर्चन किया।पूजन आचार्य सदाशिव शुक्ल ने कराया। हनुमान गढ़ी के महंत अजीत दास जी महाराज ने सम्बोधित करते हुए बच्चों से कहा कि प्रभु राम के चरित्र को अपना आदर्श बनायें। यहां से मर्यादा, शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव लेकर जाएं, जिससे जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। पूर्व डीआईजी बालेंदु भूषण सिंह, अशोक सिंह ने भी सम्बोधित किया। इसके बाद संस्कार ग्लोबल स्कूल प्रतापगढ़ और गौरीगंज अमेठी के बच्चों ने रामलीला की विभिन्न प्रस्तुतियों का मंचन किया। राम पथ पर छात्र - छात्राओं द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। संयोजन गुंजन सिन्हा,दया पुष्पजीवी,रिचा पुष्पाकर,लक्ष्मी ने किया। संचालन अविनाश सिंह ने किया। परिवहन आयुक्त के साथ बड़ी संख्या में छात्र - छात्राओं व शिक्षकों ने रामलला, हनुमानगढ़ी,शिव मंदिर आदि का दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक संजय सिंह,विनय सिंह, फौजदार सिंह, रंजन सिंह,उमा सिंह, देवांश भरतद्वाज,उमा सिंह,रवि मिश्र, चित्रकेतु सिंह,विकास सिंह,दीपक उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# प्रदूषण नियंत्रण विषय पर संगोष्ठी व निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।**पीबीपीजी कॉलेज सिटी में प्रदूषण नियंत्रण विषय पर संगोष्ठी व निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रदूषण नियंत्रण के महत्व को समझाते हुए वक्ताओं ने स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सभी के योगदान पर जोर दिया।बीएड विभाग में आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.चेत प्रकाश पांडेय ने कहा कि आज राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस 1984 की भोपाल गैस त्रासदी की याद में मनाया जा रहा है। इसका



उद्देश्य प्रदूषण के खतरों के प्रति जागरूकता फैलाना है। प्रदूषण नियंत्रण के महत्व को समझने की आवश्यकता है,जिससे स्वस्थ वातावरण का निर्माण हो सके। डॉ.केके सिंह ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण हम सभी की जिम्मेदारी है। छात्र - छात्राओं से लोगों को पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की। डॉ.भूपाल सिंह ने सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण के सम्बंध में विचार रखा। छात्र - छात्राओं ने प्रदूषण नियंत्रण विषय पर निबंध लिखा।

अंत में डॉ.रेनू सिंह ने सभी को पर्यावरण जागरुकता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर डॉ.पवन कुमार सिंह, डॉ.राजेश कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार सिंह,प्रमोद मौर्य,गोविंद रावत आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने विधिविधान से की शिवलिंग की स्थापना



**प्रतापगढ़।** संडवा चन्द्रिका विकास क्षेत्र के बिसहुला गांव में ग्रामीणों ने विधि विधान से शिवलिंग की स्थापना की। गांव के ही शिवकुमार पांडेय द्वारा बनवाए गए मंदिर में ग्रामीणों ने शिवलिंग की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा के लिए शिवलिंग के साथ विभिन्न शिव मंदिरों में दर्शन एवं पूजन किया। नगर भ्रमण एवं विभिन्न शिव मंदिरों के दर्शन के उपरांत आचार्य भास्कर मिश्र एवं सहयोगी आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं वैदिक परंपरा से मंदिर में शिवलिंग की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा करवाई। इस दौरान अखंड शिव नाम का जाप किया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में रामकुमार पांडेय ,प्रधानाचार्य अखिलेश चन्द्र पांडे, शिक्षाविद डॉ छवि नारायण पांडेय, कृष्णानंद पांडे, सुधांशु द्विवेदी, सतीश पांडेय,उमेश पांडेय ,दिनेश पांडे, प्रशांत पांडे, अंजनी पांडे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल

## विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के चुनाव में रणविजय सिंह बने अध्यक्ष



**रखहा प्रतापगढ़।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन शाखा का वार्षिक चुनाव सोमवार को संपन्न हुआ । जिसमें जूनियर इंजीनियर जेई रणविजय सिंह जिलाध्यक्ष व जयराज राजपूत जिला सचिव निर्विरोध निर्वाचित हुये । संगठन भवन चिलबिला में सोमवार को इंजीनियर पवन कुमार सिंह व इंद्रसेन यादव की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें संगठन ने सर्वसम्मति से विद्युत राज्य परिषद की शाखा में जेई रणविजय सिंह को जिला अध्यक्ष, शक्तिप्रिय शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राज बहादुर यादव उपाध्यक्ष, जयराज राजपूत जिला सचिव, अमित पाल संगठन सचिव, सहदेव यादव प्रचार सचिव ,राजीव कुमार वित्त सचिव, हरिश्चंद्र राम लेखा निरीक्षक ,तथा प्रमोद कुमार मौर्य मंडल अध्यक्ष व ओमप्रकाश गुप्ता मंडल सचिव निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस दौरान विद्युत परिषद संगठन के अनेक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## नगर पालिका परिषद बेल्हा के अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन हेतु 01 प्रत्याशी ने किया नामांकन

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका पारिषद बेल्हा के अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन हेतु तहसील सदर में बनाये गये नामांकन स्थल पर आज निर्दलीय प्रत्याशी हिमातुल्ला पुत्र हाजी समीउल्ला निवासी पाइक रोड बेगम वार्ड ने 03 सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया। इसके अतिरिक्त 10 प्रत्याशियों ने 22 नामांकन पत्र लिये।

## साथियों पर केस दर्ज होने को लेकर वकीलों ने जताई नाराजगी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गाजियाबाद जिले में साथियों पर केस दर्ज होने को लेकर सोमवार को यहां अधिवक्ताओं ने आक्रोश जताया है। आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन की हुई बैठक में पुलिस की कार्रवाई को अधिवक्ता उत्पीड़न की पराकाष्ठा करार दिया। बैठक को संबोधित करते हुए एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि गाजियाबाद में वकीलो पर कोर्ट रूम में घुसकर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। वही पुलिस ने अधिवक्ताओं के संघर्ष को दबाने के लिए वहां के उन्तालिस नामजद तथा अस्सी अज्ञात के विरूद्ध बिना किसी जांच के केस दर्ज किया है। उन्होने कहा कि साथियों के उत्पीड़न की इस कार्रवाई के विरोध में एसोशिएसन हस्ताक्षर अभियान के जरिए राज्यपाल को शीघ्र ज्ञापन सौंपेगा। बैठक की अध्यक्षता महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर सत्येन्द्र श्रीवास्तव, शिव प्रसाद यादव, पारस नाथ सरोज, शिव नारायण शुक्ल, संजय सिंह, विपिन शुक्ल, इरफान अली, रमेश पाण्डेय, आशीष तिवारी, अमरनाथ यादव, शैलेन्द्र शुक्ल, रूद्र प्रताप पाण्डेय, ललित गौड़, सुरेन्द्र गौतम आदि अधिवक्ता रहे।

# भयहरणनाथ धाम में वार्षिक अधिवेशन 5 को, बनेगी कार्य योजना

▶▶ महासचिव समाज शेखर ने आज भ्रमण कर सभी सदस्यो से की सहभागिता की अपील

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में गत वर्षो की भांति विश्व स्वयं सेवक दिवस के अवसर पर वार्षिक अधिवेशन का आयोजन होगा। दो सत्रों में आयोजित होने वाले इस अधिवेशन में वार्षिक कार्ययोजना के साथ साथ आगामी 25 वें भयहरणनाथ महाकाल महोत्सव व महाशिवरात्रि के आयोजनों की रूपरेखा को अन्तिम रूप दिया जायेगा। धाम के प्रशासनिक कार्यालय के पुनरोद्धार के सामाजिक योजना के प्रगति की समीक्षा करके योजना को जनसहयोग तथा लोक भागीदारी से गति प्रदान की जायेगी।धाम के महासचिव सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर ने रविवार को क्षेत्र भ्रमण कर सभी संरक्षक गणों, प्रबन्ध समिति सदस्यों तथा साधारण सभा व मन्दिर व मेला व्यवस्था समिति के सदस्यों को पत्र जारी कर भागीदारी की अपील की है। धाम के अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल तथा



कार्यवाहक अध्यक्ष लाल जी सिंह के संयोजन होगा।

उपाध्यक्ष वित्ता एवं लेखा राजीव मिश्र व कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र तथा मन्दिर समिति के सचिव सच्चिदानन्द पाण्डेय व मेला समिति के सचिव अनिल मिश्र को समंन्वयन की जिम्मेदारी दी गई है।

रविवार को महासचिव समाज शेखर ने प्रमुख पदाधिकारियो के साथ भ्रमण कर 5 दिसंबर दिन बृहस्पतिवार को दोपहर 12 बजे सभी सदस्यो से सहभागिता की अपील की है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र राजू पटेल व उसकी पत्नी प्रभावती पुत्री हरिकेश पटेल का चाल चलन अच्छा नहीं है वह दोनों मुझे अपमानित करते हैं और मुझे मारते पीटते हैं। घर में गाली गलौच करते है जिससे मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।पुलिस बुलाकर मुझे अपमानित और परेशान करते हैं।ऐसी दशा में मैने अपने पुत्र राजू पटेल व बहू प्रभावती पुत्री हरिकेश पटेल को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से , आज दिनांक 02 दिसम्बर 2024 को , बेदखल कर दिया है अब उनसे मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं है उसके द्वारा किए गए किसी भी वैध अवैध कार्य व्यवहार आचरण के लिए मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी बल्कि वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सुखराम पटेल
पुत्र रघुनाथ
निवासी रतन पुर थाना संग्रामगढ़
तह0 कुण्डा जिला प्रतापगढ़।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र रामेंद्र यादव व उसकी पत्नी सीमा यादव का चाल चलन अच्छा नहीं है वह दोनों मुझे अपमानित करते हैं और मुझे मारते पीटते है । मेरा पुत्र शराब गांजा का नशेड़ी है नशा करके घर में गाली गलौच करता है जिससे मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।ऐसी दशा में मैने अपने पुत्र रामेंद्र यादव व बहू सीमा यादव को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उससे मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं है उसके द्वारा किए गए किसी भी वैध अवैध कार्य व्यवहार आचरण के लिए मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी बल्कि वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

राम लखन यादव
पुत्र स्व 0सधई यादव
निवासी डिहवा जलाल पुर लरु
थाना महेशगंज जिला प्रतापगढ़।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान स्पेशल जज महोदय प्रतापगढ़
व्यवहार वाद सं.0 192/12
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन जलालुद्दीन बनाम शिवमूर्ति आदि
बनाम
1. शिवमूर्ति उम्र 63 साल 2. राममूर्ति उम्र 58 साल 3. राम सूरत उम्र 52 साल मृतक दौरान 3/1. अंकुर सुत राम सूरत 4. कृष्णामूर्ति उम्र 48 साल सुतगण स्व0 विष्णुदत्त नि0 ग्राम सलारपुर (सहादतगंज) पो0 रिकाबगंज प0त0 सदर जनपद फैजाबाद 5. सिराजुउद्दीन उर्फ गुलहसन उम्र 47 वर्ष सुत स्व0 निजामउद्दीन नि0गण दहिलामऊ पर0तह0 सदर प्रतापगढ़ 6. श्रीमती हाजिरा बेगम उम्र 51 वर्ष पत्नी रईस अहमद नि0 मो0 471बी पल्टन बाजार पर0तह0 सदर प्रतापगढ़ 7. साविरा बेगम पुत्री वशीर अहमद पत्नी मुजीव अहमद नि0 पल्टन बाजार प्रतापगढ़ 8. प्रतापगढ़ सहभारी आवास समिति लि0 द्वारा सचिव श्री अवधेशमणि त्रिपाठी मो0 109 पल्टन बाजार पर0तह0 सदर प्रतापगढ़ 9. अब्दुल जब्बर आयु 70 साल सुत हाजी अब्दुल अहमद नि0 तेलिया चौराहा प0त0 सदर प्रतापगढ़ 10. वसीम अहमद आयु 47 साल सुत इक्तखार अहमद नि0 अहमद नगर प0त0 सदर प्रतापगढ़ 11. श्रीमती शेख जाहिदा उर्फ जाहिदा बानो आयु 45 साल पत्नी मोहसन नि0 ताला प0त0 सदर प्रतापगढ़ 12. मो0 अजहरूद्दीन आयु 50 साल सुत रूकुनुद्दीन नि0 जुड़ा पट्टी त0 मीरनपुर तह0 लम्भुहा जिला सुल्तानपुर 13. श्रीमती हाजरा बेगम आयु 50 साल पत्नी हामिद अली नि0 सदरौली प0त0 सदर प्रतापगढ़ 14. मो0 तमसील खान आयु 45 साल सुत अब्दुल मन्नान नि0 फूलपुर प0 सदर तह0 लालगंज प्रतापगढ़ 15. श्रीमती कमरून निशा आयु 48 साल पत्नी अब्दुल मतीन नि0 411 बेगम वार्ड पाईकरोड शहर प्रतापगढ़ 16. श्रीमती वाहिदा बेगम आयु 45 साल पत्नी इम्तियाज अहमद नि0 फूलपुर (चमरूपुर शुक्लान) प0त0 सदर प्रतापगढ़ 17. अफरोज अहमद सुत स्व0 जलील अहमद नि0 आजाद नगर प0त0 सदर प्रतापगढ़ 18. धर्मेन्द्र सिंह सुत जयमंगल नि0 37डी भदरी हाउस प0त0 सदर प्रतापगढ़
तारीख पेशी 20.12.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 20.12.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) लालगंज महोदय प्रतापगढ़
एम0एन0आर0नं0 155/24
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन बृजेश सिंह बनाम गुरू वचन सिंह वयस्क आदि
बनाम
1. गुरू वचन सिंह वयस्क सुत भोला सिंह 2. राजेन्द्र सिंह वयस्क 3. राकेश सिंह वयस्क सुतगण राजाराम सिंह 4. हरखास व आम समस्त साकिनान ग्राम हुसैनपुर इदिलपुर प0 रामपुर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 17.12.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 17.12.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0 द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 1293/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन रूखसार बानो बनाम साविर अली आदि
बनाम
1. साविर अली सुत नसीर अहमद 2. नसीर अहमद सुत इसहाक 3. श्रीमती जाहिदा पत्नी नसीर अहमद 4. साजिद अली सुत नसीर अहमद 5. सायदा उर्फ मुन्नी पुत्री नसीर अहमद 6. कुलसुम पुत्री नसीर अहमद 7. स्वालिहा पुत्री नसीर अहमद समस्त निवासी ग्राम यहियापुर (कादिरा) थाना कन्हई जिला प्रतापगढ़ वारिद हाल मीरा भवन पेट्रोल पम्प के दक्षिण तरफ यू0पी0 एग्रो स्टेट इन्डस्ट्रीयल कारपोरेशन लि0 सिविल लाइन के दक्षिण तरफ सामने थाना कोतवाली नगर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 24.01.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 24.01.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 267/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन विनोद पाल आयु लगभग 47 वर्ष सुत राज बहादुर निवासी खैरागौरवारी पो0 महमदापुर थाना अंतू पर0तह0 सदर प्रतापगढ़
बनाम
मालती देवी आयु लगभग 45 वर्ष पत्नी विनोद पाल निवासी खैरागौरवारी पो0 महमदापुर थाना अन्तू पर0तह0 सदर प्रतापगढ़
अं0धारा 13 हिन्दू वि0अधि0
तारीख पेशी 07.12.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 07.12.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) लालगंज महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 220/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन छोटकी आदि बनाम अयोध्या प्रसाद आदि
बनाम
1. अयोध्या प्रसाद उम्र लगभग 48 वर्ष 2. अशोक कुमार उम्र लगभग 46 वर्ष सुतगण मुनेश्वर 3. श्रीमती प्रभावती गुप्ता उम्र लगभग 45 वर्ष पत्नी कैलाश शंकर गुप्ता 4. श्रीमती लालती उम्र लगभग 65 वर्ष पत्नी स्व0 सजनलाल जायसवाल पुत्री श्रीराम जायसवाल समस्त निवासीगण ग्राम सगरा सुन्दरपुर पर0 सदर तह0 लालगंज जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 17.01.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 17.01.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
प्रा0वा0 750/24
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन अमर सिंह आदि बनाम हरखास आम
बनाम
हरखास आम नि0 ग्राम संग्रामपुर किला पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 11.12.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 11.12.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# लिंक एक्सप्रेस-वे व डिफेंस कॉरिडोर में हीला-हवाली न करें अधिकारी- मंडलायुक्त

## ▶▶ समीक्षा बैठक कर दिए सम्बन्धितों को दिशा-निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** – चित्रकूट धाम मंडल बांदा आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में सोमवार को ग्राम पंचायत गोंडा में लिंक एक्सप्रेस-वे से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा बैठक शिविर लगाकर आयोजित की गई। जिसमें मंडलायुक्त ने कार्यों की समीक्षा कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में मंडलायुक्त ने लिंक एक्सप्रेस-वे व डिफेंस कॉरिडोर की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए तहसीलदार को निर्देशित किया कि लिंक एक्सप्रेस-वे व डिफेंस कॉरिडोर की प्रगति साथ-साथ कराए। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि तहसीलदार व नायब तहसीलदार को साथ में लगाकर कार्य में प्रगति कराएं। उन्होंने उपजिलाधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि इसमें निरिक्षण भी करें। जो लेखपाल कार्य नहीं कर रहे, उनको हटाए या निलंबित करें। किसानों की सहमति होने पर बैनामा कराए तथा समस्या होने जिलाधिकारी को अवगत कराए। साथ ही किसानों से बैनामा कराकर प्रतिदिन अपडेट करते रहें। कहा कि यह मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है, प्राथमिकता के आधार पर टीम बनाकर कार्य कराएं। ग्राम पंचायत अहमदगंज की प्रगति ठीक न पाए जाने पर एक हफ्ते के अंदर कार्य कराने तथा ऐसा न होने पर सम्बन्धित लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उपस्थित सभी लेखपालों को निर्देशित किया कि तीन दिन के अंदर प्रगति होनी चाहिए। कहा कि किसानों को बताएं कि सरकार द्वारा बैनामा के लिए सर्किल रेट का चार गुना पैसा दिया जा रहा है तथा बैनामा के बाद पैसे लोगों के अकाउंट में तत्काल भेजे जाएंगे। भुगतान के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि जिसका भुगवान अवशेष रह गया है, तत्काल कराए। उन्होंने ग्राम प्रधान गोंडा को निर्देशित किया कि किसानों से वार्ता कर अधिक से अधिक किसानों का बैनामा कराएं। हाई-वे बन जाने के बाद आसपास क्षेत्र व जनपद का विकास होगा।इसके बाद मंडलायुक्त ने डिफेंस कॉरिडोर व राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 731ए राम वन गमन मार्ग के पैकेज पांच के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रगति की बैठक कंपोजिट विद्यालय महाराजपुर पहाड़ी में आयोजित की। बैटक में उन्होंने डिफेंस कॉरिडोर की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि कैंप लगाकर अभियान चलाकर जमीन का अधिकरण कराए। लेखपाल कम होने पर अन्य लेखपालों को लगाकर कार्य में प्रगति कराए। उन्होंने कहा कि विवादित जमीन को छोड़कर अन्य जमीनों की किसानों की सहमति से जल्द बैनामा कराए। किसानों ने कहा कि जिनकी जमीन राम वन गमन में जा रही है प्रति किसान को एक सरकारी नौकरी भी दें। जिस पर आयुक्त ने कहा कि पहली बार आप लोगों को चार गुना मुआवजा दिया जा रहा है। इसमें भी आगे विचार किया जाएगा। उन्होंने उपजिलाधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि बैनामा के बाद भुगतान में होने वाली देरी की जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही करें। कहा कि भुगतान के लिए यदि ऑपरेटर कम पड़ रहे हैं तो ऑपरेटरों की संख्या बढ़ाएं तथा भुगतान के बदले पैसा मांगने पर उनके खिलाफ कार्यवाही करें। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देशित किया कि ग्राम में चौपाल लगाकर विवादित भूमि का निस्तारण कराए। पथरामानी के लेखपाल अमित पांडेय की कार्य में प्रगति ठीक न पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए हटाने के निर्देश दिए। राजापुर उपजिलाधिकारी को शिविर लगाकर किसानों से वार्ता कर जमीन अधिग्रहण कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि मंडलायुक्त द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन तीन दिन के अंदर कराया जाएगा। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि सहमत किसानों की जमीनों का बैनामा तुरंत कराए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, राजापुर आलोक कुमार सिंह, मानिकपुर पंकज वर्मा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल धर्मान, उप निबंधक कर्वी राजेश सिंह सहित संबंधित कानूनगो, लेखपाल किसान आदि मौजूद रहे।

# एचआईवी पीड़ितों से रखे मित्रवत व्यवहार- आरके



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** – विश्व एड्स के उपलक्ष्य पर आर के सिंह हॉस्पिटल एवं इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रगौली द्वारा सोमवार को जिला मुख्यालय में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल ने हरी झंड़ी दिखा कर किया।कार्यक्रम में पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि जागरूकता के अभाव के चलते आज एचआईवी-एड्स पूरे विश्व में महामारी का रूप लेती जा रही है। असुरक्षित यौन संबंध इस घातक बीमारी के फैलाव के मुख्य कारण है। पूर्व सांसद ने कहा कि एचआईवी-एड्स हाथ मिलाने या साथ बैठने, छुआछूत से नहीं होता है। इसलिए एचआईवी पीड़ितों से फ्रेन्डली व्यवहार करने करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज मेडिकल इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़-नाटको के माध्यम से आमजनमानस को एड्स के प्रति जागरूक करने का सराहनीय कार्य किया है। रैली के संयोजक आर के सिंह इंस्टयूट ऑफ मेडिकल साइंस के निदेशक सुशील कुमार सिंह ने कहा कि विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कॉलिज के छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकूट जिला मुख्यालय में एड्स जागरूकता रैली के साथ नगर पालिका परिसर, रोडवेज बस स्टैंड, धनुष चौराहा, सरदार पटेल पार्क, शहीद पार्क में नुक्कड़ नाटको का आयोजन कर लोगो को एड्स से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि एड्स जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि आर के सिंह हॉस्पिटल एवं इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस द्वारा यह जनजागरण की अनूठी पहल की गई है। आने वाले समय में जागरूकता कार्यक्रम को व्यापक बनाया जायेगा। जिसने प्रशासन के साथ स्वास्थ्य महकमे को भी जोड़ कर लोगो को एड्स के प्रति सचेत करने का जिला स्तरीय अभियान चलाया जाएगा।इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी, समाजसेवी कुणाल प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य खेमचंद्र, प्रिया सिंह, अनुष्का गुप्ता, दिनेश सिंह एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग विद्यार्थी मौजूद रहे।

# स्थानांतरित यातायात क्षेत्राधिकारी को दी भावभीनी विदाई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** – क्षेत्राधिकारी लाइन्स/यातायात राजेश द्विवेदी का जनपद फर्रुखाबाद में उपाधीक्षक स्थानान्तरण होने पर सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक ने स्थानान्तरित क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी को फूल-माला पहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने स्थानान्तरित क्षेत्राधिकारी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि एक निरीक्षक के रुप में उन्होंने जनपद में अपनी कार्यशैली से सभी को प्रभावित किया है। साथ ही स्थानान्तरित जनपद में उपाधीक्षक के रुप में भी पूरी निष्ठा से कार्य करने की सलाह दी। स्थानान्तरित क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी ने कहा कि उन्हें जनपद चित्रकूट की जनता और पुलिस की तरफ से ढ़ेर सारा प्यार और स्नेह मिला, जिसे वह कभी नही पाएंगे। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने भी जनपद में उनके कार्य की सराहना की। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, वाचक पुलिस अधीक्षक राजीव सिंह, निरीक्षक परितोष दीक्षित, प्रभारी आईजीआरएस निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव, प्रधान लिपिक आनंद मोहन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## चार से होगा दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव

**चित्रकूट**- उपनिदेशक कृषि राजकुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में चार एवं पांच दिसंबर को रूर्बन ऑडिटोरियम कॉम्पलेक्स हाल किया जाएगा। जनपद स्तरीय इस दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में मिलेट्स (मोटा अनाज) से संबंधित जानकारी देकर किसानों को जागरूक किया जाएगा।

## मृतक कोटेदार के आश्रित ने की न्याय की गुहार

**चित्रकूट**- मानिकपुर तहसील के कल्याणपुर गांव के निवासी नेन्द्रमणि मिश्र ने उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि गांव के कोटेदार कपिल मुनि की एक वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई थी। वह कपिल मुनि का विधिक वारिस है। इसके चलते उसने समय सीमा के अंदर दुकान आवंटन कराने के लिए आवेदन दिया था, किंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। अब मानिकपुर उपजिलाधिकारी द्वारा एक आदेश जारी करके आगामी चार दिसम्बर को ग्राम पचांयत की खुली बैठक कराबर नए सिरे से सरकारी राशन की दुकान आवंटन के लिए प्रस्ताव के आदेश दिए गए है। ऐसे में दुकान आवंटन की कार्यवाही रोकते हुए विधिक वारिस की दृष्टि से उन्हें दुकान आवंटित की जानी चाहिए।

# सर्प दंश के बारे में शिविर लगाकर किया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** – रानीपुर टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक के दिशा-निर्देशन में सोमवार को चित्रकूट इंटर कॉलिज में स्नेक बाइट जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सर्प की प्रजातियां, सर्प के काटने के बाद किए जाने वाले प्राथमिक उपचार और इससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया।रानीपुर टाइगर रिजर्व के फील्ड बायोलॉजिस्ट विपिन कपूर सैनी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सांपों से जुड़े मिथ्याओं, उनके प्राकृतिक व्यवहार और सांप के काटने के सही उपचार की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों और स्थानीय नागरिकों को सांप के काटने की स्थिति में प्राथमिक उपचार के महत्व और इससे बचने के तरीकों को बताया। उन्होंने सांपों को बिना कारण नुकसान पहुंचाने के बजाय उनके संरक्षण पर जोर देने को कहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान ने कहा कि वन विभाग द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम आम नागरिकों व छात्र-छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी है। कहा कि सर्प के काटने पर झाड़-फूंक या तंत्र-मंत्र के चक्कर में न पड़ें। जहां सर्प काटे उस स्थान से 6 इंच दूरी पर एक रस्सी से बांध दें और मरीज को सीधे अस्पताल पहुंचाएं ताकि समय पर इलाज हो और सर्पदंश पीड़ित व्यक्ति को मृत्यु से बचाया जा सके । कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों जागरूकता कार्यक्रम को शिक्षाप्रद अनुभव बताया। साथ ही इस आयोजन के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने की दिशा में जागरूक किया गया।इस मौके पर कार्यक्रम में एसडीओ राजीव रंजन सिंह, जिला परियोजना अधिकारी गोपाल कृष्ण गुप्ता, वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीनिवास त्रिपाठी, फूलचंद्र चंद्रवंशी, रामवचन सिंह, धीरेंद्र सिंह, पीएन श्रीवास्तव, डॉ रमेश सिंह चंदेल, राकेश कुमार मिश्रा, दीपक कुमार, रामशरण बाबू, रमेश कुमार, पवन, जानकी, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

# आउट ऑफ स्कूल बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** – आउट ऑफ स्कूल के रूप में चिन्हित ऐसे बालक-बालिका जिनका नामांकन विद्यालय में शारदा ऐप के माध्यम से किया गया है उन्हें आयु संगत कक्षा में नामांकित करने तथा कक्षा के अनुरूप अधिगम स्तर को प्राप्त कराने के उद्देश्य से समस्त विद्यालयों के शारदा ऐप के नोडल शिक्षकों का तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को बीआरसी रामनगर सभागार किया गया।कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजन दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है।

प्रथम चरण में 40-40 शिक्षकों के दो बैच संचालित किये जा रहे हैं।

द्वितीय चरण की कार्यशाला पांच से सात दिसंबर तक दो बैचों में संचालित होगी। जिसमें कुल 77 शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। प्रथम बैच की कार्यशाला दो से चार दिसंबर तक संचालित होगी। जिसमें कुल 80 नोडल शिक्षक शिक्षिका प्रतिभाग कर रहे हैं। इन्हें आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिन्हित करने, उन्हें विद्यालय तक लाने, उनका आयु संगत कक्षा में प्रवेश करने तथा उस कक्षा के अनुरूप निर्धारित समय सीमा के भीतर दक्षताएं प्राप्त करने की विधिओं के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से ऐसे बच्चे जो आउट ऑफ स्कूल के रूप में बीच की कक्षाओं में नामांकित होते हैं, उन्हें अधिगम स्तर प्राप्त करने तथा शिक्षा की मुख्य धारा में जुड़ने में सुगमता प्राप्त होगी। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स संतोष कुमार मिश्र, राधेश्याम सिंह, अमित कुमार श्रीवास्तव, प्रेमचंद यादव एवं विष्णु कुमार द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने समस्त प्रतिभागियों को मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय में नामांकित आउट ऑफ स्कूल बच्चों की शिक्षा को सुधारने तथा उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने में उपयोग लाने के लिए प्रेरित किया।

## रालोद की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

**बांदा।** राष्ट्रीय लोकदल की बैठक सोमवार को कार्यालय में आयोजित हुई। इस दौरान प्रमुख जिला महासचिव नईम नेता ने कहा कि जिले में राष्ट्रीय लोकदल संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय रहने की आवश्यकता है। सभी तहसीलों में पदाधिकारियों का मनोनयन करने की बात कही। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के जिला महासचिव वैश्य अमित गुप्ता, मनीष, नगर अध्यक्ष रशीद अली, नगर महामंत्री पुनीत गुप्ता, याकूब भाई, अमित गुप्ता, रिंकू, पंकज, रविंद्र गुप्ता, रवि मौजूद रहे।

# नवनियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** – जिला पंचायत रिसोर्स सेण्टर (डी.पी.आर.सी.) में चित्रकूटधाम मण्डल के जनपदों में नियुक्त नए ग्राम पंचायत अधिकारियों का 10 दिवसीय आधारभूत आवासीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अपर जिला पंचायत राज अधिकारी ने माता सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।

जिला पंचायत अधिकारी इंद्र नारायण सिंह ने सभी प्रतिभागियों को विभागीय प्रशासनीय ढांचे की जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत के विकास कार्य एवं सामाजिक कल्याण कार्य को ईमानदारी एवं शासन के आदेशो के अनुसार करने की सलाह दी। अपर जिला पंचायत अधिकारी रमेश चन्द्र गुप्ता ने नवनियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों को अपने त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था के बारे में बताया। वरिष्ट फैकल्टी/सहप्रबंधक सुजीत कुमार सोनी ने प्रशिक्षण का उद्देश्य एवं 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम 1947 का संक्षिप्त परिचय दिया एवं उच्च न्यायालय इलाहबाद के आदेशों के क्रम में प्रधान के कार्य एवं दायित्व, ग्राम प्रधान तथा सदस्यों का निष्कासन एवं निलंबन तथा आय के सम्बन्ध में आयकर रिटर्न दाखिल किये जाने की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा प्रशिक्षकों को 73वाँ संविधान संशोधन, पंचायतों को हस्तांतरित 29 विषय, ग्राम पंचायत, ग्राम सभा की बैठक/कोरम, ग्राम पंचायत के कार्य, समितियां आदि की जानकारी दी गई।

# जिलाधिकारी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जन समस्याओं को अधिक से अधिक निस्तारण व फरियादियों को न्याय दिलाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन में आए हुए फरियादियो की समस्याओं को सुनने के दौरान निर्देशित किया कि सभी अधिकारी आने वाले जनता की समस्याओं को सुनकर,
प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीड़ितो की समस्याओं को समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण करने के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि इनकी समस्याओं को सुनते हुये तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करायें। यदि आवश्यकता हो तो मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण भी करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि. एवं रा. शिव प्रताप शुक्ल, डिप्टी कलेक्टर सौम्या मिश्रा, हेमंत मिश्र भी उपस्थित रहे।

## चोरी के दो आरोपी सामान सहित पकड़े गए

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली पुलिस ने कुछ ही घंटों में चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा चोरी का सामान भी बरामद किया। घटना के अनुसार मोहम्मद हसन निवासी मुहल्ला सबरी अंतर्गत थाना कटरा कोतवाली ने दो अभियुक्तों के विरुद्ध नामजद शिकायत थाने में दर्ज करायी थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक अजित सिंह ने तत्परता दिखाई और शास्त्री पुल के पास से आरोपी आसिफ और सोहराब को आटो रिक्शे पर लदे हुए 129 जोड़े जूतों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने बरामद माल को कब्जे में लिया, वाहन को सीज कर दिया तथा अभियुक्तों को जेल भेज दिया।

## छात्रावास की समस्या को लेकर भीम आर्मी ने सौंपा ज्ञापन

**चित्रकूट ब्यूरो**- भीम आर्मी भारत एकता मिशन के बैनर तले डॉ भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति छात्रावास बेड़ी पुलिया कर्वी के छात्रों ने भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक संजय कुमार गौतम के नेतृत्व में सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।जिला संयोजक संजय कुमार गौतम ने बताया कि चित्रकूट के बेड़ी पुलिया में सन् 1997 में गरीब अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए छात्रावास की व्यवस्था की गई थी जो कि अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए आरक्षित छात्रावास था, लेकिन अब 2024 में अनुसूचित जाति छात्रावास में अन्य वर्ग के छात्रों का भी प्रवेश कराकर विवाद की स्थिति पैदा की जा रही है। साथ ही अनुसूचित जाति के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में छात्रावास के छात्रों ने कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भी दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। छात्रों ने ज्ञापन सौंप कर मांग की कि छात्रावास को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित रखा जाए और अपर कास्ट के छात्रों का प्रवेश रोका जाए।

# खाद न मिलने से परेशान किसानों ने एक घंटे जाम किया हाइवे नारेबाजी



**बबेरू।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा खाद की समस्या को लेकर सहकारी समिति भदेहदू व साथी में खाद न मिलने से गुस्सा किसानों ने राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर जाम लगा दिया। कहा कि जब तक खाद नहीं आएगी तो जाम लगा रहेगा। सूचना पर नायब तहसीलदार ने किसानों को समझाया। तब कहीं जाकर एक घंटे बाद जाम खुल सका।

भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह पटेल के नेतृत्व पर सहकारी समिति भदेहदू व साथी मेंखाद न आने से गुस्साये किसानों ने अतर्रा रोड राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। कहा कि जब तक खाद नहीं मिलेगी, चक्का जाम रहेगा। सूचना पर नायब तहसीलदार दीपेंद्र कुमार, कोतवाली प्रभारी बलराम सिंह फोर्स के साथ तत्काल साथी गांव पहुंचे। किसानों को समझाने का प्रयास किया, किसानों ने कहा खाद न मिलने से बुवाई में लेट हो रही है। नायब तहसीलदार ने उच्च अधिकारियों से बात कर शीघ्र खाद उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया। तब कहीं जाकर जाम खुला। जाम के दौरान अजय कुमार सिंह, तहसील अध्यक्ष ओम प्रकाश पटेल, विनोद कुमार, अनिल सिंह, मधुकांत, धर्मेंद्र, राहुल, दिनेश कुमार, ओमप्रकाश, धर्मेंद्र सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहे। किसानों का कहना है कि खाद की रैक आने के बावजूद समितियों की ओर से खाद नहीं दी जा रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि मनमाने तरीके से सहकारी समितियों के कर्मचारी अपने चहेतों को खाद दे रहे हैं, बाकी किसानों को वापस लौटाया जा रहा है।

# पेट्रोल पंप पर चार लाख की लूट



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** हौसला बुलंद अपराधियों ने लालगंज थानान्तर्गत बस्तरा मोड़ स्थित ज्ञान गंगा पेट्रोल पंप पर भोर में कैश काउंटर से तमंचा दिखाकर लगभग चार लाख रुपए लूट लिए।

घटना के सम्बन्ध में पम्प के मैनेजर ने बताया कि दो लोग अचानक पम्प पर आए और एक कर्मचारी को पीटने लगे। होहल्ला सुनकर जैसे ही वह बाहर आए कि बदमाश पम्प के अंदर कैश काउंटर पर पहुंच गए और जब तक वह कुछ समझ पाते वे लोग तमन्चा लहराते हुए अपनी मोटरसाइकिल से भाग गए। सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और सीसी टीवी कैमरे से पूरी घटना का हाल जाना। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि टीमें गठित कर दी गई हैं और शीघ्र ही अपराधी पकड़े जाएंगे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# आखिर दहेज हत्या के आरोपी ससुर को क्यों बचाना चाहती है लालगंज पुलिस?

## हत्या के एक माह बाद भी आजाद घूम रहा रजनी का हत्यारोपी ससुर संदीप श्रीवास्तव



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** एक तरफ सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के स्लोगन दे कर महिलाओं के हित को सर्वोपरि बताती है,तो वहीं दूसरी तरफ रायबरेली की लालगंज पुलिस महिला अपराधों को लेकर लापरवाही की सारी हदें पार करती नजर आ रही है। दहेज हत्या के आरोपी ससुर को पिछले एक माह से गिरफ्तार करने में नाकाम लालगंज पुलिस की नीयत और मंशा दोनों पर सवालिया निशान लगते नजर आ रहे हैं।

जी हाँ !हम बात कर रहे हैं लालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मधुकरपुर की,जहाँ पिछले महीने की 3 तारीख को एक बहू की फाँसी के फंदे से लटकता हुआ शव बरामद हुआ था,मृतका के मायके वालों ने दहेज के लिए बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया था,जिसमें हत्यारोपी पति तथा सास को पुलिस ने उसी समय जेल भेज दिया था,परन्तु आरोपी ससुर को गिरफ्तार करने में लालगंज पुलिस एक महीने से पूरी तरह शिथिल रवैया अपना रही है। बताते चलें कि भदोखर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मधुपुरी निवासी रजनी उर्फ बिट्टो की शादी 18/02/2022 को लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम-मधुकरपुर निवासी सजग श्रीवास्तव पुत्र संदीप श्रीवास्तव के साथ हुई थी,बताया जाता है कि रजनी के पिता द्वारा अपनी हैसियत के हिसाब से बड़े ही अच्छे तरीके से विवाह किया गया था,परन्तु विवाह के कुछ समय बाद ही ससुराली जन द्वारा विभिन्न बहानों से नकद धनराषि की मांग की जाने लगी,किन्तु धीरे-धीरे पैसों के लालची लोगों की मांग बढ़ती रही व कुछ समय से एक ब्रेजा कार तथा नकद धनराशि की मांग के चलते ससुराल पक्ष में रजनी को अक्सर प्रताणित किया जाने लगा। ज्ञात हो कि 3 नवम्बर को मायके पक्ष को ससुराल से सूचना प्राप्त हुई कि उनकी पुत्री ने फाँसी लगा ली है,मायके पक्ष के लोग आनन-फानन में बेटी के ससुराल पहुंचे,जहाँ उनकी पुत्री मृत अवस्था में मिली थी।

### ...तो कहीं "मिस्टर इंडिया" तो नही बन गया हत्यारोपी संदीप श्रीवास्तव?

क्षेत्राधिकारी लालगंज से मृतका के परिजन आये दिन हत्यारोपी ससुर को गिरफ्तार करने की गुहार लगाते हैं,वहीं बताया जाता है कि सीओ लालगंज तथा लालगंज कोतवाल हर बार आश्वासन देते हैं कि फरार ससुर को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।अब एक महीने से एक आरोपी को लालगंज पुलिस खोज नही पा रही है,अब लगता है कि लालगंज पुलिस के लिए मृतका का हत्यारोपी ससुर संदीप श्रीवास्तव ''मिस्टर इंडिया'' बन चुका है,जो कि लालगंज पुलिस को नजर ही नही आ रहा है।

### आखिर साम का कमाल है या दाम का...

जिस तरह से लालगंज पुलिस हत्यारोपी संदीप श्रीवास्तव को गिरफ्तार करने में दिलचस्पी दिखा रही है वो कहानी तो कुछ और ही कह रही है। लालगंज पुलिस का कहना है कि आरोपी संदीप श्रीवास्तव को पकड़ने के लिए लगभग रोज ही दबिष दी जा रही है लेकिन वह अभी पकड़ा नही गया है।साथ पिछले एक महीने से परिजनों को आष्वासन दिया जा रहा है कि जल्द ही आरोपी हिरासत में होगा, किन्तु अभी तक लालगंज पुलिस के हाथ आरोपी तक नहीं पहुँच पाये है।

जबकि दबी जुबान से यह भी कहा जा रहा है कि हत्या के दिन भी आरोपी लालगंज पुलिस की नजर के सामने ही था। तो उस दिन नही उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया?अब हत्या के एक महीने बाद भी अगर आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं है तो मामला या तो साम का लग रहा है या दाम का...इस तरह की कार्यषैली से लालगंज पुलिस की सच्चाई और ईमानदारी पर प्रष्नचिन्ह लगना वाजिब ही है।

# एनएसपीएस त्रिपुला के छात्रों ने किया साइंस सिटी और जुरासिक पार्क में शैक्षिक भ्रमण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला के विद्यार्थियों ने लखनऊ के साइंस सिटी और जुरासिक पार्क का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण किया। जहाँ उन्होंने विज्ञान शहर में इंटरेक्टिव प्रदर्शनियों को देखा, इस दौरान शिक्षकों एवं साइंस सिटी गाइड ने उन्हें विज्ञान के विषयों की जानकारी दी। वहीं जुरासिक पार्क में भूतकाल के जीवों (डायनासोर) को वर्तमान में देखकर बच्चे आश्चर्यचकित हुए और उन्होंने उत्साहपूर्वक डायनासोर की सभी प्रजातियों को सजीव देखकर उनके विषय में जानकारी प्राप्त की साथ ही जनेश्वर मिश्र पार्क में, उन्होंने शांत वातावरण का आनंद लिया। यह भ्रमण छात्रों के लिए शिक्षा और मनोरंजन का मिश्रण था, जिससे छात्रों को प्रेरणा, रोमांच और अविस्मरणीय यादें मिलीं।

प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने बताया कि विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण कराये जाते हैं। जिसके माध्यम से उन्हें स्कूल से इतर जानकारियां प्राप्त होती हैं।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों के साथ विद्यालय की संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, रश्मी साहू, कामरान, विवेक सिंह, राममिलन, अतुल पाण्डेय, जितेंद्र सिंह, आशुतोष त्रिवेदी, शिवम् सिंह, रमाकांत विश्वकर्मा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# "रक्त क्रांति एक बूंद देश हित में" के तहत शिया समुदाय ने किया रक्तदान

**▸▸रक्तदान करना इंसानियत की निशानी है -इमाम जुमा**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** शिया समुदाय खुदा के रसूल की बेटी, हजरत अली की पत्नी ,इमाम हसन, हुसैन की मां हजरत फातिमा जहरा की शहादत की तारीख को गम के हफ्ते के रूप में मना रहा है। इसी अवसर पर यूफोरियल यूथ सोसाइटी के बैनर तले रक्त क्रांति एक बूंद देश हित में के स्लोगन के साथ इमामबाड़ा सैयद कल्बे अब्बास गुलाब रोड रायबरेली में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका आयोजन शीमू नकवी व मोहम्मद हसन बिलग्रामी ने किया जिसमें महिलाओं और नौजवानों ने बढ़ चढ़कर रायबरेली चौरिटेबल ब्लड सेंटर के डॉक्टर विनीत सिंह तथा परामर्शदाता वी लैब टेक्नीशियन शैलेंद्र सिंह, धीरेंद्र कुमार व अतुल सिंह की निगरानी में रक्तदान किया।



रक्तदान करने वालों में जीशान अहमद, अब्बास हसन, अकबर अली, एडवोकेट हसन मुर्तुजा, मुज्तबा नकवी, मौलाना मोहसिन, रिजवी अली, तकवी, आरिफ हुसैन, नासिर हुसैन, खुर्रम रिजवी, एडवोकेट श्रीमती रुकैया, अहमद आबिदी, श्रीमती सबा हसन, आबिदि सहित 40 लोगों ने रक्तदान किया। जिनको इमाम जुमा मौलाना शहवार काजमी जहीर अब्बास नकवी अध्यक्ष अंजुमन सज्जादिया रजि0 रायबरेली ने मेडल वा प्रशस्ति पत्र देकर उत्साह वर्धन किया। इमाम जुमा ने कहा कि कुरान में साफकहा है कि जिसने एक इंसान की जान बचाई उसने पूरी इंसानियत को बचाया अगर खून की एक बूंद किसी की जान बचाती है तो यह हमारे ऊपर ईश्वर का एक वरदान है। जहीर अब्बास नकवी ने कहा कि हमारी कौम खून लेने वाली नहीं खून देने वाली है। हम इमाम हुसैन के मानने वाले हैं और हमारा फर्ज है कि अल्लाह की बनाई हुई दुनियाँ में जिसे भी जरूरत हो हमारे खून का हर कतरा उसकी सेहत के लिए काम आए।इस अवसर पर मीसम नकवी, नवाब अली, तकी वसी, अजहर नकवी, मुजाहिद हुसैन, रिजवान हैदर, वीरेंद्र कुमार, मोहम्मद तालिब, अब्बास नकवी, जीशान अब्बास, इमरान रजा आदि ने उत्साह वर्धन किया।

# डीएम ने निर्माणाधीन राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जनपद में गोरा बाजार में निर्माणाधीन राजकीय सम्प्रेक्षण गृह जिसकी क्षमता 100 बेड है, का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यह कार्य माह अगस्त, 2017 से प्रगति पर है। इसकी पूर्व में मूल स्वीकृत लागत रू0 5.02 करोड़ थी, जिसमें चहारदीवारी का निर्माण सम्मिलित नहीं था। चहारदीवारी के निर्माण की लागत को सम्मिलित करते हुए कार्य की पुनरीक्षित लागत रू0 06.60 करोड़ है। अन्तिम किस्त कार्यदायी संस्था को मार्च, 2024 में प्राप्त हुई थी। कार्य को पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 31 दिसम्बर, 2024 है।जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान निर्मित डारमेट्री में बोर्ड/अल्मारी की कोन-धार तिरछी है, प्रथम तल पर जाने वाली सीढ़ियों की ढाल अधिक होने के कारण उन्हें तोड़कर ठीक कराने, मुख्य भवन के बाहर की तरफ



खिड़की के छज्जों की मोटाई एक धार में न होने के कारण ठीक कराने के निर्देश देने के साथ साथ निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये। कार्यदायी संस्था के अधिशाषी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्य भवन में रंगाई-पुताई, फिटिंग-फिक्सचर्स लगाने का कार्य प्रगति पर है, वार्डेन आवास, पम्प रूम, गार्ड रूम का फिनिशिंग कार्य भी प्रगति पर है, जोकि पूर्ण करते हुए इन्वेन्ट्री 20 दिसम्बर, 2024 तक जिला प्रोबेशन अधिकारी, रायबरेली को उपलब्ध करा दी जायेगी।जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देशित किया कि प्रत्येक परिस्थिति में समस्त कार्यों को पूर्ण कराते हुए इन्वेन्ट्री 20 दिसम्बर 2024 तक जिला प्रोबेशन अधिकारी को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। अन्य कराये गये कार्यों की गुणवत्ता पर जिलाधिकारी द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

# पूर्व ग्राम प्रधान ने की बाल्हेश्वर मंदिर में विद्युत सुधार योजना के अन्तर्गत कार्य कराने की मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** ऐहार के पूर्व ग्राम प्रधान राज किशोर सिंह बघेल ने अधिशासी अभियंता विद्युत को ज्ञापन सौंप कर क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक पीठ बाल्हेश्वर मंदिर में विद्युत सुधार योजना के अन्तर्गत कार्य कराने की मांग की है। पूर्व प्रधान ने अधिशासी अभियंता को बताया कि बाल्हेमऊ में स्थापित 250 केवीए के ट्रांसफार्मर में सिंगल सर्किट कैबिल लगा हुआ है जो आये दिन जला व फुंका करता है जिसमें लोड कम करने के लिए 2 सर्किट एबीसी केबिल और लगाया जाय। बाल्हेमऊ में हनुमान मन्दिर के पास स्थापित्त 25 केवीए सिंगल फेस ट्रांसफार्मर के स्थान पर 63 केवीए थ्री फेस ट्रांसफार्मर लगाया जाए तथा हनुमान मन्दिर से नहर पुल तक सिंगल फेस केबिल बदलकर 3 फेस केबिल लगाया जाए। बाल्हेमऊ की ओर अनन्त वर्मा के घर तक जाने वाले सिंगल फेस केबिल को बदल कर 3 फेस केबिल लगाया जाए। अशोक माली के घर से बाल्हेश्वर मन्दिर बस्ती में जाने वाले सिंगल फेस केबिल को हटाकर 3 फेस केबिल लगाया जाए।बाहेश्वर मन्दिर में स्थित 25 केवीए 3 फेस ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कर 63 केवीए ट्रांसफार्मर लगाया जाए और बाल्हेश्वर मन्दिर से आश्रम की ओर जाने वाले सिंगल फेस केबिल को हटाकर दो पोल लगाकर 3 फेस केबिल लगायी जाए।

पूरे बाल्हेश्वर में लगे 16 केवीए ट्रांसफार्मर के स्थान पर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जाये। अधिशासी अभियंता ने मामले में एसडीओ लालगंज को स्थलीय निरीक्षण कर कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया है।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र लालगंज में तहसील स्तरीय विश्व दिव्यांगता दिवस पर खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लाक लालगंज, सरेनी,खीरों के कुल 45 दिव्यांग विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कुर्सी दौड़ में अस्थि दिव्यांग बच्चों में अंजलि प्राथमिक विद्यालय जोगापुर लालगंज ने प्रथम एवं आदर्श प्राथमिक विद्यालय सैदपुर सरेनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गुब्बारा युद्ध में अब्दुल्ला कंपोजिट धन्नीपुर ने प्रथम स्थान तयाबा प्राथमिक विद्यालय लालगंज परिषद ने द्वितीय अंकित पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालगंज ने तृतीय स्थान, चम्मच टॉफी दौड़ में आयुष कंपोजिट पलिया वीर सिंहपुर लालगंज ने प्रथम मोहम्मद रेहान ने द्वितीय कुर्सी दौड़ मानसिक दिव्यांग बच्चों की लवकुश



पूर्व माध्यमिक विद्यालय अनापुर लालगंज प्रथम, आयुष कंपोजिट विद्यालय बन्नामऊ लालगंज ने द्वितीय चित्रकला में शिवानी प्राथमिक विद्यालय राशि गांव सरेनी ने प्रथम ,मानसी कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय इब्राहिमपुर सरेनी ने द्वितीय मधु प्राथमिक विद्यालय पीर अलीपुर लालगंज ने तृतीय स्थान और सुलेख प्रतियोगिता में दीपेश खीरो ने प्रथम अभी यादव प्राथमिक विद्यालय ददरी लालगंज ने द्वितीय एवं लक्ष्मी पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालगंज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।छूकर पहचानो में शिवचंद पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालगंज प्रथम, दीपिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेमरपहा द्वितीय एवं अंशिका प्राथमिक विद्यालय उत्तरा गौरी ने तृतीय स्थान, आवाज पहचानो में प्रीतम खीरों प्रथम हसन द्वितीय अवनीश सरेनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को राजीव कुमार ओझा खंड शिक्षा अधिकारी ने मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विशिष्ट विद्यार्थियों को इस प्रकार के आयोजन में निरंतर सहभागिता हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इससे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहयोग के साथ-साथ समाज की मुख्य धारा से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। इस अवसर पर कार्यक्रम व्यवस्था संचालन नवीन कुमार पांडे अर्चना तिवारी, राजेंद्र कुमार ,गोविंद वाजपेई, निर्मल तिवारी द्वारा किया गया इस अवसर पर राजेश कुमार, विशाल दीक्षित,सुधांशु तिवारी, सौरभ तिवारी ,शुभम ,मोहित,हरिकेश, अभय सिंह ,दिलीप ,राधेश्याम ने सहयोग किया। आज जो दिव्यांग बच्चे प्रथम, द्वितीय, स्थान प्राप्त किए हैं वह 3 दिसंबर 2024 को डायट रायबरेली में प्रतिभा करेंगे।

# अज्ञात वाहन के टक्कर से बुजुर्ग महिला घायल इलाज के दौरान मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**




**महाराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के कुसढी सागरपुर चौराहे पर एक अज्ञात वाहन टक्कर से एक 70 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गई स्थानीय लोगों की मदद से आनन फानन उसे सीएचसी महाराजगंज लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति में सुधार न होता देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आपको बता दें कि प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुसढी सागरपुर पाठशाला की रहने वाली इसरा देवी 70 वर्षीय पत्नी श्यामलाल किसी काम से चौराहे गई हुई थी तभी एक अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गई। बताते हैं कि उनके दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए स्थानीय लोगों की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंची 108 एंबुलेंस से उसे सीएचसी महाराजगंज लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया किन्तु जिला अस्पताल में इसरा देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही मामले में कोतवाल जगदीश यादव का कहना है कि मृतका के पुत्र राम दास की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है मामले की विवेचना की जा रही है।

# हार-जीत एक ही सिक्के के दो पहलू: नवदीप शुक्ला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज,रायबरेली।** नगर के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में वार्षिक खेलकूद स्पर्धा 2024 का शुभारंभ एसडीएम लालगंज में क्रीडा स्थल पर फीता काट कर किया। इस अवसर पर अपने संबोधन उन्होंने कहा खेल से मानसिक शक्ति का विकास होता है। शिक्षा और खेल का आपस में प्रगाढ़ संबंध है। प्रतियोगिता में हार-जीत का कोई महत्व नहीं है,प्रतियोगिता में सहभागिता करना ही बहुत बड़ी बात है। उन्होंने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा हार-जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं अगर किसी कारणवश जीत नहीं मिल पाई तो हार ल होने के कारण पर भविष्य में विचार करना चाहिए।इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत क्रीड़ा स्थल पर फीता काट कर रंगारंग कार्यक्रम के मध्य मां



सरस्वती की पूजा अर्चन करने के पश्चात शांति के प्रतीक कबूतर छोड़कर समाज में शांति का संदेश देने का सफल प्रयास किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम लालगंज नवदीप शुक्ला को बीएमपीएस परिवार की ओर से प्रबंधक शांतनु सिंह व प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्ले ग्रुप से कक्षा पांच तक के के छात्र-छात्राओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई।विद्यालय के विभिन्न ग्रुपों में आयोजित 100मीटर की रेस,बॉयज एंड गर्ल्स,थ्री लैग रेस,स्पून रेस,सैग रेस आदि विभिन्न खेलों में विक्रमशिला के खिलाड़ी-90 अंक लेकर प्रथम स्थान पर,नालंदा-67 अंक के साथ दूसरे नंबर पर,वल्लभी-62 अंक लेकर तीसरे नंबर पर और तक्षशिला-54 अंकों के साथ चौथे नंबर पर रहा।प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह व प्रिंसिपल अभिषेक रंजन ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

कल समापन पर प्रतिभागी अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपने ग्रुप को शीर्ष पर बनाए रखने का भरसक प्रयत्न कर सकते हैं। इस अवसर पर प्ले ग्रुप से कक्षा 5 के समस्त बच्चे व अध्यापक अध्यापिकाएं व अभिभावक उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका में खेल शिक्षक संतलाल,बी एन यादव, सूर्यकांत,विष्णु सिंह आदि रहे। यह जानकारी बीएमपीएस के जनसंपर्क अधिकारी यश बहादुर यादव ने दी।

# एड्स ह्यूमन इम्यूनोडेफिशियेंसी वायरस जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में दिनांक 02.12.2024 को टी0सी0आई0 फाउंडेशन के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय जैतूपुर, रायबरेली में विश्व एड्स दिवस विषय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली द्वारा विशेष जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अनुपम शौर्य, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के द्वारा शिविर में बताया गया कि एड्स ह्यूमन इम्यूनोडेफिशियेंसी वायरस (एचआईवी) के संक्रमण के कारण होने वाला महामारी का रोग है।




आयोजित जागरुकता शिविर में बताया गया कि दुनिया भर के लोग एचआईवी से पीड़ित लोगों के लिए समर्थन दिखाने और एड्स से जुड़ी बीमारियों से मरने वालों को याद करने के लिए एकजुट होते हैं। शिविर में बताया गयि 1988 में स्थापित, विश्व एड्स दिवस वैश्विक स्वास्थ्य के लिए पहला अंतर्राष्ट्रीय दिवस था। हर साल, संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियाँ, सरकारे और नागरिक समाज एचआईवी से संबंधित विशिष्ट विषयों पर अभियान चलाने के लिए एक साथ आते हैं। टी0सी0आई0 फाउडेंशन की प्रोजेक्ट मैनेजर तमन्ना आफरीन के द्वारा बताया गया कि एड्स के प्रति दुनिया भर में जागरूकता बढ़ाने वाली गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। कई लोग लाल रिबन पहनते हैं, जो एचआईवी से पीड़ित लोगों के प्रति जागरूकता, समर्थन और एकजुटता का सार्वभौमिक प्रतीक है। उक्त जागरुकता कार्यक्रम में विद्वान अधिवक्ता रामकुमार सिंह के द्वारा बताया गया कि विश्व एड्स दिवस आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना कि यह हमेशा से रहा है। यह लोगों और सरकारों को याद दिलाता है कि एचआईवी अभी भी खत्म नहीं हुआ है। उक्त जागरुकता कार्यक्रम में रिजवान अहमद, प्रधानाचार्य प्राथमिक विद्यालय, काउंसलर गीता श्रीवास्तव, ओ0आर0डब्ल्यू अरविन्द सिंह, दीपमाला, पूनम वर्मा व पराविधिक स्वयं सेवक मनोज कुमार प्रजापति व पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# बैसवारा डिग्री कॉलेज में वार्षिकोत्सव के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** बैसवारा महाविद्यालय में सोमवार को अर्चिशा वार्षिकोत्सव के अंतर्गत 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वरदान या अभिशाप' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हर्षोल्लास के साथ बढ़-चढ़कर सहभागिता की।महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी, डॉ रमेश चंद्र यादव ने बताया कि वाद- विवाद प्रतियोगिता में निशांत अग्निहोत्री बीए तृतीय सेमेस्टर को प्रथम स्थान, अनुप्रिया सिंह बीए तृतीय सेमेस्टर को द्वितीय स्थान, ज्योतिरादित सिंह एवं रचना वर्मा बीए तृतीय सेमेस्टर को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों मे संवेदनशीलता एवं विश्लेषणात्मक क्षमता में वृद्धि होती



है। प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने इस तरह की वाद- विवाद प्रतियोगिता के आयोजन हेतु सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।हिंदी विभाग के सहायक आचार्य, डॉ सूर्यकुमार मिश्रा ने कहा कि हमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों पक्ष है। इसकी नकारात्मक पक्ष से सावधान रहने की जरूरत है। इस अवसर कार्यक्रम की संयोजक प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से कार्य क्षमता दक्षता आदि को बढ़ाने में मदद मिलेगी लेकिन हमें इससे उत्पन्न होने वाले खतरों से भी सावधान रहने की आवश्यकता है। सांस्कृतिक मंडल के सदस्य डॉ संजीव कुमार,डॉ मनोज त्रिपाठी, डॉ नवीन विश्वकर्मा तथा महाविद्यालय परिवार के प्रोफेसर निरंजन राय, प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल, प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह, प्रोफेसर बी के भारद्वाज सहित समस्त शिक्षक, कर्मचारी तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# क्षेत्राधिकारी एवं कोतवाली प्रभारी ने पुलिस बल के साथ किया बैंकों का निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल एवं कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव पुलिस बल के साथ बैंकों का निरीक्षण किया।

इस दौरान पार्किंग में खड़े वाहनों को चेक किया तथा बैंकों में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे की व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए इसके अलावा उन्होंने बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया कि बैंक के बाहर सायरन हूटर आवश्यक तौर पर लगाया जाए। जिससे आपातकालीन सायरन बजने से घटना दुर्घटना की जानकारी हो सके। बताते चलें कि सोमवार को क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल व कोतवाल जगदीश यादव के साथ क्षेत्र की बैंकों कस्बा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा स्टेट बैंक ऑफइंडिया के अलावा क्षेत्र के हलोर कस्बा स्थित ग्रामीण बैंक एवं यूको बैंक के साथ-साथ कोटवा मोहम्मदाबाद स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा एवं पंजाब नेशनल बैंक का गहनता से जांच पड़ताल किया उन्होंने अपराध रोकने की दृष्टि से बैंकों में पहुंचे तथा बैंक में संचालित सी.सी.टी.वी. कैमरे को जांचा साथ ही बैंक में लगे सायरन की भी जांच पड़ताल किया तथा मौके पर सुरक्षा गार्डो से जानकारी ली साथ ही उन्होंने बैंक कर्मचारियों को अपराध रोकने की दृष्टि से किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतने के निर्देश दिए।

# डामरीकरण का बाट जोह रहा है कैथवल के कुम्हार बस्ती संपर्क मार्ग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** कैथवल स्टेट राजमार्ग से कुम्हार बस्ती संपर्क मार्ग आजादी के बाद आज भी बदहाली का शिकार बना हुआ है । प्रदेश सरकार द्वारा भले ही गांव के विकास या सड़क, नाली हो लेकिन आज भी हकीकत कुछ और देखा जा सकता है । आदिवासी व कुम्हार संपर्क मार्ग सौ मीटर दूर तक संपर्क मार्ग आज तक डामरीकरण का बाह जोह रहा है । जगह-जगह गड्ढ़े हो जाने से जलभराव हो जाने से बरसात होने पर पूरी तरह से आवागमन ठप हो जाता है । जिससे घरों की आवश्यकताएं कार्य बाधित हो जाता है ।

बताया जाता है कि पूर्व प्रधान गिरधर गोपाल ने बताया कि यह मार्ग कुम्हार बस्ती तक लोगों का आवागमन होता है । वहीं इस मार्ग से सैकड़ों की संख्या में छात्र - छात्राओं का लेड़ियारी बाजार शिक्षा ग्रहण करने आते है । लेकिन बरसात के दिनों में जगह-जगह गड्ढ़े हो जाने से जलभराव हो जाता है । जिससे विद्यार्थियों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं ।

पूर्व ग्राम प्रधान ने बताया कि वर्ष 2014 में मनरेगा के तहत सौ मीटर दूर तक मनरेगा के तहत दो लाख रुपए की लागत से मिट्टी डाला था । वजट पास नहीं होने से यह सड़क निर्माण कार्य अधूरा है। इस मार्ग से किसानों का ट्रेक्टर चलने से दो साल में पूरी तरह से ध्वस्त हो जाने से संपर्क मार्ग पर पैदल चलना मुश्किल है । वहीं बारिश होने पर राजमार्ग पर पानी भर जाने से किचड़ हो जाता है । जिससे पैदल लेड़ियारी बाजार तक निकलना टेढ़ी खीर साबित हो रही है । संपर्क मार्ग पर बड़े - बड़े गड्ढ़े होने से साइकिल सवार भी पैदल जाने से लोग मजबूर है । कैथवल स्टेट राजमार्ग से सौ मीटर दूर स्थित कुम्हार बस्ती गांव है । ग्राम प्रधान ने सौ मीटर इंटरलाकिंग का कार्य किया गया था। लेकिन डामरीकरण का वाह आज भी जोह रहा है ।



कैथवल कुम्हार बस्ती के राम सजीवन प्रजापति, लवकुश प्रजापति, सुदर्शन प्रजापति, अभिमन्यु प्रजापति, राम गोपाल प्रजापति, श्याम बिहारी प्रजापति, समर जीत प्रजापति निवासी का आरोप है कि सड़क के लिए पर्याप्त धन आने के बाद ग्राम प्रधान के द्वारा हेराफेरी किया गया है। वहीं आजादी के बाद आज तक इस सड़क की मरम्मतीकरण नहीं किए जाने से लोगों को काफी मुसीबत उठानी पड़ रही है । बीस वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया । इसके बाद गिट्टी, मोरम तक नहीं डाले जाने से बरसात के समय घर से सड़क तक निकलना मुश्किल है । वही इस गांव में नाली का निर्माण तो हुआ है । कुछ गांव के अराजकत्वतों ने कूड़ा करकट डालकर पाट दिए जाने से गांव सभा द्वारा बनाई गई नालियां चोक लेने से जगह-जगह घरों का गंदा पानी नहीं बहने से दिक्कत उठानी पड़ रही है । ग्रामीणों को किचन युक्त होकर गुज़रने से मजबूर होना पड़ रहा है।

जबकि कुछ दबंगों द्वारा अपनी काश्तकारी बताकर निर्माण कार्य में अवरूद्ध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस संबंध में तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों से कई बार प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक नहीं इस ओर किसी ने मुड़ कर देखा तक नहीं बनवाने की कोसों दूर है । संपर्क मार्ग निर्माण मे मरम्मतीकरण कार्य नहीं कराया गया । जिससे पैदल चलना मुश्किल है । वहीं बारिश होने पर घर से बाहर निकलना टेढ़ी खीर साबित हो जाती है । उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत से बीस वर्ष पूर्व चार हजार रुपए खर्च कर सौ मीटर मिट्टी डाली गई थी । संपर्क मार्ग बीस वर्ष पूर्व बनाई गई थी । लेकिन आज तक इस मार्ग की मरम्मतीकरण नहीं किए जाने से पूरी तरह से खराब हो चली है । जबकि इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों को लिखित प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने से समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई । ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार दुबे कैथवल ने सड़क की मरम्मतीकरण कराएं जाने की मांग की है । ताकि समस्या का निदान मिल सके ।

# न्यायालय के आदेश पर बड़गांव में पहुंचे जिलाधिकारी

## विवादित चकरोड की कराई पैमाइश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** न्यायालय के आदेश पर सोमवार को प्रयागराज जिला अधिकारी हंडिया तहसील के बड़गांव में पहुंचकर विवादित चकरोड की पैमाइश कराई। आपको बताते चलें कि उतरांव थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव निवासी रामकृपाल पटेल न्यायालय में एक मुकदमा दाखिल किया है। किसान का आरोप है कि उसकी जमीन पर चकरोड का निर्माण करा दिया गया है। जिस पर न्यायालय ने जिलाधिकारी प्रयागराज को अपनी मौजूदगी में जमीन की पैमाइश कराकर 6 दिसंबर तक रिपोर्ट न्यायालय में मांगी है। फल स्वरुप सोमवार को जिलाधिकारी प्रयागराज मौके पर विवादित चकरोड की अपनी मौजूदगी में पैमाइश कराई। इस मौके पर मुख्य राजस्व अधिकारी के अलावा बारा तहसीलदार गणेश सिंह, बारा के नायब तहसीलदार राकेश सिंह दलबल के साथ पहुंचकर जमीन की पैमाइश किया। उसके बाद जिलाधिकारी ने गांव स्थित जल जीवन मिशन की पानी की टंकी के बारे में जानकारी ली । ग्रामीणों ने बताया कि टंकी गांव के लिए केवल शोपीस बनी है । जिस पर उन्होंने संबंधित जिम्मेदार अधिकारी को हफ्ते भर के अंदर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ।हंडिया के उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### प्रधान को बाहों में लेकर डीएम ने पूछा हाल-चाल

**हंडिया।** तीन दिन समय रखने के बाद आज सोमवार को बड़गांव गांव में जिलाधिकारी प्रयागराज का आगमन हुआ। ग्राम प्रधान पंकज मिश्रा ने जिलाधिकारी के गांव में पहुंचते हैं अगवानी किया। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान पंकज मिश्रा को बाहों में भरकर उनका हाल-चाल पूछा।


# शूआट्स में साप्ताहिक फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन




**नैनी(प्रयागराज)।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के प्रायोजन से एवं सीटेड के आयोजन से चल रहे दो साप्ताहिक फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण सैम हिग्गिनबॉटम यूनिवर्सिटी के एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स सभागार में संपन्न हो गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अग्रणी जिला प्रबंधक मणि प्रकाश मिश्रा, एमएसएमई विभाग के सहायक निदेशक वैभव खरे तथा सुशील कुमार गांगुल, एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स विभाग के हेड डॉ आशीष नोयल, सीटेड के कार्यक्रम अधिकारी उदयनाथ मिश्रा सहित सभी प्रशिक्षार्थी संकाय एवं गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक महाप्रबंधक एवं जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड अनिल शर्मा ने की । कार्यक्रम समन्वयक एके श्रीवास्तव थे। उदयनाथ मिश्रा ने उद्यमिता को अपना कर स्वरोजगार हेतु विज्ञान स्नातकों को प्रेरित करने का अनुरोध किया। वैभव खरे ने एमएसएमई विभाग की योजनाओं का विवरण दिया। अग्रणी जिला प्रबंधक मणि प्रकाश मिश्रा ने कहा कि बैंक का उद्देश्य पात्र व्यक्तियों को लोन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सहायक महाप्रबंधक एवं जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड अनिल शर्मा ने संकाय प्रशिक्षार्थियों में नूतन ऊर्जा का संचार करते हुए आशा व्यक्त कि किया यह कार्यक्रम उनके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा। कार्यक्रम में जयंत जकारिया ,डॉ दीपक लाल,डॉक्टर अमित कुमार, डॉक्टर नितिन , प्रीतेश द्विवेदी, अनुग्रह साक्षी, डॉक्टर कामिन ,अनुप्रिया पॉल ,निखिल तिवारी, अनुराग तायडे, डॉक्टर उमेश, हर्षिल तिवारी ,डॉक्टर अक्षिता मसीह ,सिद्धार्थ पांडे, अक्षत शुक्ला ,रेबेका नेल्सन तथा आदित्य लाल आदि उपस्थित रहे। निवेदिता सिंह द्वारा अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# आईटीबीपी कर्मी के घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

## बीती रात रायफल की मैगजीन फेक कर भागे चोर



**नैनी(प्रयागराज)।** एडीए कालोनी के दूरवाणी नगर मे शनिवार की रात चोरों ने आईटीबीपी कर्मी के मकान का ताला तोड़कर 1लाख चालीस हजार नगदी समेत लाखों रुपया के कीमती सोने चांदी के आभूषण और रायफल के मैगजीन व 60 कारतूस चोरी की थी। पुलिस सूचना पर पहुंची मुआयना कर वापस लौट गई। भुक्तभोगी के अनुसार चोरी पांच लाख से अधिक की है। बावजूद इसके फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट या डॉग स्क्रायड बुलाने की जरूरत नहीं समझी गई। दुर्भाग्य पूर्ण सत्य तो यह है कि आस पास के सीसीटीवी फुटेज आदि देखने की जहमत नहीं उठाई गई। चौकी प्रभारी ने कहा कि आपलोग सीसीटीवी फुटेज देखकर बताएं। उधर दुस्साहसी चोरों ने चुराई गई रायफल की मैगजीन घर के बाहर फेंक दी।खीरी थाना क्षेत्र के निवासी राम कैलाश यादव तिब्बत सीमा पुलिस में तैनात है। करीब दस साल से दूरवाणी नगर में मकान बनवा कर रहते हैं। तीन दिन पहले वह परिवार के साथ गांव गए थे। रविवार सुबह मुहल्ले के लोगों ने उनका गेट खुला देखा, तो उनको आवाज लगाई। जवाब न मिलने पर फोन किया गया, तब लोगों को घटना की जानकारी हुई। चोर मुख्य गेट का ताला तोड़ने के बाद अंदर बंद चार ताले तोड़कर आलमारी में रखे 1.40 लाख रुपया, सोने की झूमकी, मंगलसूत्र, अंगूठी, चेन, कान का टप्स और 315 बोर के रायफल की 60 कारतूस व मैगजीन उठा ले गए। घटना की जानकारी सुबह देने के बावजूद पुलिस दोपहर में पहुंची। पूछताछ कर वापस लौट गई। बीते छत्तीस घंटे में पुलिस की चोरों के खिलाफ कार्रवाई लापरवाही उजागर करती है। जो क्षेत्र के लोगों के लिए चिंताजनक है। एक के बाद एक चोरी, लूट, हत्या जैसी घटनाओं के बावजूद पुलिस का लचर एक्शन नागरिकों की समझ से परे है।

# पानी की आस में नहर की ओर ताक रहे किसान



**लेड़ियारी ( प्रयागराज )** क्षेत्र में किसानों द्वारा खरीफ की फसल कटाई के बाद अब रवि की फसल बुवाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। निजी संसाधन से जुड़े ज्यादातर किसान खेत को समय से तैयार कर रवि की फसल बुवाई भी कर लिए हैं। लेकिन नहर से जुड़े ज्यादातर किसान पानी की आस में नहर ताक लगाए बैठे हैं। नहर में समय से पानी न छोड़े जाने से रवि सीजन के खेती का कार्य पिछड़ रहा है। कालू का पूरा गांव के क्षेत्रीय किसान अवधेश कुमार शुक्ला, आदर्श मिश्रा खूंटा गांव के किसान सुधा देवी , अंतिमा देवी ने बताया कि खीरी क्षेत्र के विभिन्न नहरों में विभाग के द्वारा समय पर पानी कभी नहीं छोड़ा जाता। जब किसानों को पानी की अधिक दरकार होती है उसे समय विभाग कुंभकरनी नींद में सो रही होती है। किसान किसी प्रकार से जमा पूंजी इकट्ठा कर फसल उगा लेता है तब विभाग ओवरफ्लो नहर में पानी छोड़कर किसनों की जमा पूंजी डूबाने का काम करता है। नहर विभाग की उदासीनता के चलते सरकार के किसनों की दुगनी आय करने का दवा खोखला साबित होकर रह जाता है। नहर में पानी न छोड़े जाने से ताक लगाए बैठे किसानों में मायूसी है।

# ब्लाक मुख्यालय पर समन्वय बैठक आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया।** सोमवार को ब्लाक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्र की अध्यक्षता में विकास कार्य में तेजी लाने और पिछड़े पन को दूर करने को लेकर समन्वय बैठक की गई। बैठक में ग्राम विकास व ग्राम पंचायत अधिकारियों, ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों से बेहतर तालमेल के साथ विकास का खाका तैयार कर उसे असली जामा पहनाने की बात पर चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से सीएचसी अधीक्षक डा अभिमन्यु कुमार ने ग्राम प्रधानों से कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए गांव पंचायत स्तर पर एएनएम के साथ प्रत्येक बुधवार को गर्भवती महिलाओं एवं शिशु के टीकाकरण व स्वास्थ्य की जांच बहुत ही आवश्यक



है। जिसे प्रत्येक बुधवार को किये जाने से गर्भवती महिलाओं को तमाम बीमारियों से बचाया जा सकता है। जांच के समय पोषण संबंधित आंगन बाड़ियों के द्वारा वितरित किए जाने दिए वाले पोषण आहार के साथ आंगनवाड़ी भी महिलाओं की जांच के समय मौजूद रहे। शिक्षा विभाग से खंड शिक्षा अधिकारी बहरिया धर्मेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि समूचे विकासखंड में 96 प्रतिशत विद्यालयों का कायाकल्प अब तक हो चुका है। बचे हुए चार प्रतिशत में बाउंड्री वाल जैसी कुछ बचीं हूई हैं जिसे दिसंबर माह में पूरा किया जाना है। खंड विकास अधिकारी देव कुमार ने संचालित विकास की योजनाओं को विस्तार से बताया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे ब्लाक प्रमुख शशांक मिश्र ने सभी ग्राम विकास /पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम प्रधानों को बेहतर तालमेल के साथ धरातल पर विकास करने के लिए प्रेरित किए। ताकि बहरिया विकासखंड को आकांक्षी ब्लाक की श्रेणी से से निकाला जा सके। इस मौके पर सहायक विकासखंड अधिकारी पंचायत अनिल कुमार पाल, ग्राम विकास/ पंचायत अधिकारियों में राजेश कुमार शुक्ल, सत्येंद्र सिंह, दयाराम पटेल, अतुल त्रिपाठी, राकेश गुप्ता, नंदकिशोर द्विवेदी, जय कुशवाहा, बालकृष्ण पाठक, रचना, शेखर श्रीवास्तव, रवि मौर्य ग्राम प्रधानों में वीरेंद्र प्रताप सिंह पूर्णेन्दु तिवारी मुनीषा नंद मिश्र आदि रहे।

## ग्राम प्रधान को दबँगो ने पीटा

**उतराव ।** उतराव थाना क्षेत्र के अतरौरा ग्राम प्रधान को दबंगों ने आपसी कहासुनी में पीटा। मारपीट में प्रधान को चोटे आई हैं। ग्राम प्रधान ने दबंगो के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रानियां डीह निवासी फलराज जो गांव के वर्तमान ग्राम प्रधान है। वहीं ग्राम में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी की टंकी लग रही है। जिसमें बोर भी हो चुका है। टंकी के निर्माण के लिए कंपनी की जेसीबी कार्य करने के लिए आई थी। अधिकारियों के बुलाने पर जहां ग्राम प्रधान भी पहुंच गए। वहीं इतने में दबंग भारी संख्या में पहुंचकर निर्माण कार्य का विरोध करते हुए ग्राम प्रधान से आपसी कहा सुनी कर लिए।

# बांस बल्ली के सहारे हो रही बिजली की आपूर्ति



**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** बाजार सहित आसपास के ग्रामीण इलाके में सौभाग्य योजना भी बिजली का भाग्य नहीं बदल पा रही है । इलाके के कई गांवों में अब भी बांस और बल्ली के सहारे विद्युत आपूर्ति की जा रही है । इससे आए दिन फाल्ट से लोगों को फजीहत उठानी पड़ रही है । शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है ।सौभाग्य योजना में करोड़ों खर्च के बाद भी सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों की हालत नहीं बदल सकी । बांस और बल्ली के सहारे बिजली के तार खींचे गए हैं । इसके कारण आए दिन तार टूट जाते हैं । बांस भी टूट जाते हैं । जिससे सप्लाई बाधित होती है । इससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । लेड़ियारी सब स्टेशन से 70 गांवों में विद्युत आपूर्ति जाती है । इस उपक्रेंद्र से 24 घंटे में मात्र बारह घंटा बिजली मिल पा रही है । प्रदेश सरकार ने ग्रामीण इलाके की 18 से 20 घंटे तक सप्लाई देने का फरमान जारी किया है । ग्रामीणों का कहना है की विधुत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा उपभोक्ता को झेलना पड़ रहा है । कंज्यूमरों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है । अवर अभियंता जेई मार्कण्डेय यादव का कहना है की आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त कराने का कोशिश की जा रही है । पोल न होने से दिक्कत हो रही है । इसके लिए उच्चाधिकारियों को लिखित रूप से दिया गया है जल्द ही निराकरण होगा

# दबंगो ने ढाबा संचालक और कर्मचारी को पीटा





**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** हंडिया थाना क्षेत्र के भेस्की गांव के पास एक ढाबे पर बीती रात नकाबपोश अराजक तत्वों ने हमला बोलकर ढाबा संचालक और उसके कर्मचारी को जमकर पिटाई कर तोड़फोड़ करते हुए जमकर तांडव किया गया। भेस्की गांव निवासी कन्हैयालाल पासी गांव स्थित जीटी रोड पर ढाबा खोल रखा है। ढाबे पर उनके कर्मचारी राजेंद्र प्रसाद भी था। रात लगभग 10 बजे ढाबे पर चार अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने धावा बोलकर लाठी डंडे से जमकर दो दुकानों में तोड़फोड़ करते हुए कन्हैयालाल और उसके कर्मचारी को पीट पीटकर लहूलुहान कर दिया। उसके बाद कुसारी गांव की तरफ पैदल अराजक तत्व भाग निकले।

ढाबा संचालक को जाति सूचक गाली देते हुए यह कहा गया कि यादव से पंगा मत लेना। पीड़ित ने यूपी 112 पुलिस को तत्काल सूचना देते हुए एसीपी हंडिया और थाने में भी घटना के बारे में अवगत कराया गया।

# लोक गीतों और नृत्यों की थिरकन बनी यादगार

## शिल्प मेला के दूसरे दिन दर्शकों को भाया हरियाणा का लोकनृत्य

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** कलाकारों के लिए बेहतर मंच। मंत्रमुग्ध होते दर्शक। राष्ट्रीय शिल्प मेला में दर्शकों को विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति, लोकनृत्य और लोकगायन से रूबरू होने का अवसर मिल रहा है। वह भी एक मंच पर। एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से दर्शकों का सिर्फ मनोरंजन ही नहीं हो रहा है बल्कि वे विभिन्न प्रदेशों के सांस्कृतिक विरासत को भी जान पा रहे हैं। दूसरे दिन सोमवार शाम 5 बजे से संगीतोत्व की शुरूआत सुल्तानपुर से आई दीपिका मिश्रा एवं दल ने गणेश वंदना गणराज सुन लो विनती व घुमाओ राजा जी जी भर से की उसके बाद मेला घुमाओ राजा जी, गाड़ी वाले दुपट्टा उड़ा जाए रे, मोरी कदर नहीं जानी रे एवं नजर



लागी राजा तोरे बंगले पे गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं से खूब तालियां बटोरी। प्रयागराज से आए आशुतोष श्रीवास्तव द्वारा महफ़िल में बार-बार उसी पर नज़र गई, कल चौदहवीं की रात थी शभ भर रहा..... तथा जब आंचल रात का लहराये को पेश कर खूब वाहवाही बटोरी।

लोकनृत्यों की कड़ी में ओडिसा से आए पवित्र महापात्रा एवं दल ने शंखवादन एवं रणप्पा नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद नितुल चोटिया एवं दल ने बिहू नृत्य की प्रस्तुति देकर असम की संस्कृति की झलक दिखाई। सुबोध परमाणिक एवं दल ने पाईका व छाऊ नृत्य पेश किया। नदीम राईन एवं दल द्वारा बधाई व नौराता नृत्य पेश कर खूब तालियां बटोरी सोनभद्र से आए बनारसी एवं दल ने कर्मा तथा सुमन परास्ते एवं दल द्वारा शैली नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

# जमीन पर जबरन कब्जा कर,अवैध निर्माण, जान से मारने की दी धमकी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कनिहार इलाके में दबंगों द्वारा खाली पड़े जमीन पर जबरन कब्जा करके निर्माण करने का मामला प्रकाश में आया है। जमीन का कागज दिखाकर विरोध करने पर दबंगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है। भुक्तभोगी ने उक्त प्रकरण में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाया है। आरोप है कि राकेश यादव



पुत्र स्वर्गीय श्याम लाल यादव निवासी ओम गायत्री नगर चाँदपुर सलोरी ने तहरीर देकर बताया कि नरेंद्र सिंह पुत्र स्व. गोपी नाथ सिंह निवासी सिविल लाइन द्वारा मौजा कनिहार में प्लाटिंग कर 50 से 60 लोगों को रजिस्ट्री किया गया व कब्ज़ा चौहद्दी के आधार पर दिया गया है। भुक्तभोगी ने आरोप लगाया है कि 23 नवंबर को तकरीबन आधा दर्जन लोगों ने हमारे प्लांट की बाउंड्री तोड़कर 8-10 मजदूर मिस्त्री लगाकर निर्माण कार्य करवा रहे हैं जब हमने पूछा और मना किया तो भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए कहा कि यह जमीन हमारी हो गई है,दोबारा जमीन पर दिखे तो जान से मार देंगे। भुक्तभोगी ने घटना की तहरीर झूंसी पुलिस के साथ मुख्यमंत्री पोर्टल पर आईजीआरएस के माध्यम से देकर न्याय की गुहार लगाया है। फिलहाल तहरीर मिलने के आधार पर पुलिस मामले के तफ्तीश में जुट गई है।

# संभल जाने से कांग्रेसियों को रोकने की निंदा की

**प्रयागराज।** यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई। बैठक में संभल हिंसा के पीड़ित परिवारों से मिलने जा रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय व अन्य कांग्रेसियों को पार्टी मुख्यालय में रोके जाने और नजरबंद करने की कड़ी निंदा की गई। बैठक में कहा गया कि संभल जाने पर प्रतिबंध लगाना भाजपा सरकार, शासन-प्रशासन और हुक्मरानों की नाकामी है। पार्टीजनों ने प्रदेश के राज्यपाल को पत्र भेज कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्यवाही कर बर्खास्त किये जाने एवं घटना की सीबीआई जांच की मांग की है।

इस दौरान यूपीसीसी सदस्य फुजैल हाशमी, हरिकेश त्रिपाठी, राजेश राकेश, परवेज़ सिद्दीकी, अजय श्रीवास्तव, अरशद अली, राकेश पटेल, शमसुल इस्लाम, कामेश्वर सोनकर, सरताज़ मोहम्मद, विजय यादव, मो. जावेद, अरूण चौरसिया, अजय मिश्रा आदि मौजूद थे।

# प्रयास जारी है कि लघु ग्राम पंचायतों में सासन अतिरिक्त बजट प्रदान करे- द्विवेदी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कोरांव(प्रयागराज)।** जिला पंचायत राज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश की बहुत ऐसी ग्राम पंचायतें अत्यंत छोटी और कम ग्राम निधि वाली हैं जिस पर शासन से अवगत कराकर अतिरिक्त बजट की मांग की गई है और मुख्य सचिव के संज्ञान में भी हैं।उक्त बातें अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन प्रयागराज मंडल मंत्री अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ग्राम प्रधान अल्हवा ब्लॉक कोरांव से छोटी ग्राम पंचायतों में समग्र विकास न हो पाने से संबंधित निदेशक पंचायतीराज उत्तर प्रदेश लखनऊ अटल कुमार राय और डीएम,सीडीओ प्रयागराज को भेजे गए मांग पत्र के संबंध में हुई वार्ता के दौरान डीपीआरओ श्री द्विवेदी ने कही।उन्होंने बताया कि हमारे डीएम सीडीओ साहब भी उक्त समस्या निदान के लिए प्रयासरत हैं। डीपीआरओ ने बताया कि हम सब के प्रयास यही है कि सभी ग्राम पंचायतें समग्र विकास करें और सुसज्जित दिखें। और श्रमिकों को रोजगार मिले गरीबों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। ज्ञात हो कि ग्राम प्रधान अलहवा शहजादे ने अपने ग्राम पंचायत के समग्र विकास जैसे विवाह घर,विद्यालयों के कायाकल्प,ग्राम सचिवालय भवन के सुसज्जित किए जाने तथा ग्राम की जनता से अन्य विकास कार्यो के रास्ते पक्के निर्माण कार्य आदि के लिए अतिरिक्त धन की मांग की है। जिस पर विधायक कोरांव राजमणि कोल ने भी सिफारिश की है। जिससे ग्राम में और भी अच्छे विकास कार्य हो सकें। उन्होंने ग्रान प्रधान लीडर को वार्ता के दौरान आश्वस्त भी किया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से पूर्व प्रधान एवं पत्नी की मौत, नातिन गंभीर

**नैनी ( प्रयागराज )।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के छरिबना गांव के समीप सोमवार की दोपहर किसी वाहन की टक्कर लगने से स्कूटी सवार पूर्व प्रधान एवं उनकी पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि स्कूटी पर बैठी नातिन गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक थाना क्षेत्र के पुरवा खास निवासी पूर्व प्रधान रईस अहमद (65) पुत्र अब्दुल जब्बार खान अपनी पत्नी अंजुमन (62) एवं नातिन इल्मा (8) के साथ स्कूटी से सोमवार की दोपहर 2 बजे सड़वा गांव में आयोजित दावत में शामिल होने के लिए पुरवा- रामपुर मार्ग से जा रहे थे। जैसे ही वह लोग छरिबना गांव के सामने पहुंचे, तभी किसी अज्ञात चार पहिया वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें पति- पत्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई । जबकि साथ में बैठी उनकी नातिन इल्मा का पैर टूट गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना ले गई। जहां पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल नातिन को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते- बिलखते परिवार के लोग भी पहुंच गए। पुलिस ने मृतको के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक गाड़ी समेत फरार हो गया।

परिजनों के अनुसार मृतक रईस अहमद आई.टी.आई कंपनी से रिटायर रहे। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

# बांग्लादेश के हिन्दू धर्मस्थलों को कट्टरपंथियों से बचाया जाए- स्वामी अधोक्षजानंद

## ▶▶ शंकराचार्य ने बांग्लादेश सरकार से इस्कॉन के साधु चिन्मय दास की रिहाई की मांग की



**लखनऊ, (हि.स.)।** बांग्लादेश में हिन्दू धार्मिक स्थलों और सनातनियों पर हो रहेहमलों को लेकर पूरे देश में आक्रोश है। इस पर शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ जीमहाराज ने नाराजगी जताते हुए कहा कि बांग्लादेश में जो कुछ भी हो रहा है, वह बांग्ला की संस्कृति केविरुद्ध है। वहां की सरकार को बांग्लादेश को एक देश की तरह चलाना चाहिए। उन्होंने बांग्लादेश के हिन्दू धर्मस्थलों को कट्टरपंथियों से बचाने और गिरफ्तार किए चिन्मय दास को तत्काल रिहा करने की मांग बांग्लादेश की सरकार से की है।शंकराचार्य ने सोमवार को हिन्दुस्थान समाचार से फोन पर वार्ता के दौरान कहा कि बंगाल देश में हमारेसैकड़ों मठ मंदिर हैं, शक्ति पीठ हैं। वहां निरंतर पाठ चलते रहते हैं। भारत के भीसनातनी लोग वहां जाया करते हैं। डेढ़ वर्ष पूर्व मैं भी वहां गया था। हर जगह हमारीयात्रा हुई और यात्रा सफल रही। बहुत अच्छे से वहां के लोगों ने स्वागत किया था।स्वागत करने वालों में सभी धर्मों के लोग शामिल थे। इसीलिए कहता हूं कि मौजूदा समयमें जो हो रहा है, वह बांग्लादेश की संस्कृति नहीं है।शंकराचार्य ने कहा कि यह कट्टरपंथी कूटनीतिक षडयंत्र का हिस्सा है। यह बेनकाब होना चाहिए। बांग्लासरकार को अपनी नीयत साफ करनी चाहिए। एक देश को देश की तरह चलाना चाहिए। उन्होंनेकहा कि मैं तो भारत के विदेश मंत्रालय को भी कहूंगा कि सजग रहें और त्वरित एक्शन लिया जाए। स्वामीजीने कहा कि बांग्लादेश सरकार चिन्मय दास को तत्काल रिहा करे। वह बहुत ही अच्छे संतहैं। समाज का कल्याण करने वाले हैं।उल्लेखनीयहै कि बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ कट्टरपंथियों के हमले बढ़ते जा रहे हैं। इस्कान मंदिर के संत चिन्मय दास की गिरफ्तारी के बाद दो अन्य पुजारियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। बांग्लादेश के साथ ही भारत में भी इसका विरोध हो रहा है।

### शिवसेना सांसद ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा

**मुंबई, (हि.स.)।** बांग्लादेश में हिंदुओं की लक्षित हिंसा पर शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने सोमवार को प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। प्रियंका चतुर्वेदी ने बांग्लादेश में हिंदुओं के लिए बचाव और सहायता अभियानों को तेज करने की भी मांग की है।प्रियंका चतुर्वेदी ने पत्र में कहा है कि अगस्त महीने से बांग्लादेश में हिंदुओं को टारगेट किया जा रहा है। उनके घरों, मंदिरों , व्यावसाईक प्रतिष्ठानों को चुन-चुन कर निशाना बनाया जा रहा है।

इस्कान के चिन्मय कृष्ण दास के साथ दो ब्रह्मचारियों की गिरफ्तारी से बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं में रोष व्याप्त है। इसके साथ ही बांग्लादेश में तीन हिंदू मंदिरों पर हमले किए गए हैं। इतना ही नहीं, बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार ने इस्कान के बैंक खातों को भी सीज कर दिया गया है। इस्कान के 63 ब्रह्मचारियों को वैध वीजा रहते हुए हिंदुस्थान में आने नहीं दिया जा रहा है। बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार का यह सब कृत्य वहां हिंदुओं के अधिकारों को कुचलने के लिए किया जा रहा है। प्रियंका चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री से बांग्लादेश के कार्यवाहक सरकार से चर्चा कर बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

### कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को डॉक्टरों ने दी आराम करने की सलाह, सभी कार्यक्रम रद्द

**मुंबई, (हि.स.)।** महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सोमवार को डॉक्टरों ने आराम करने की सलाह दी है। इसलिए एकनाथ शिंदे के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। शिंदे का आज दिल्ली दौरा भी रद्द कर दिया गया है।कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तीन दिन पहले सातारा स्थित अपने मूल गांव दरे गांव में गए थे। उसी समय उनकी तबीयत बिगड़ गई थी, जिससे सातारा में उनका इलाज किया गया था। इसके बाद एकनाथ शिंदे रविवार शाम को मुंबई लौटे थे और आज कई कार्यक्रमों में शामिल होने वाले थे, लेकिन आज सुबह अधिक थकान महसूस होने पर शिंदे की फिर से मेडिकल जांच की गई। इसके बाद डॉक्टरों ने शिंदे को घर पर आराम करने की सलाह दी है। इसके चलते शिंदे के आज के सभी नियोजित कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं।जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस, कार्यवाहक मुख्यमंत्री और राकांपा एपी के अध्यक्ष अजीत पवार सोमवार शाम को भावी मंत्री समूह पर चर्चा करने के लिए दिल्ली जाने वाले थे, लेकिन अब इस चर्चा के लिए देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार ही दिल्ली जाएंगे और भावी मंत्री समूह के बारे में चर्चा करने वाले हैं।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर सैकड़ों हिंदू साधु-संतों का प्रदर्शन

## ● अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने और आध्यात्मिक गुरु की रिहाई की मांग



**कोलकाता, (हि.स.)।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों, अत्याचारों को रोकने और आध्यात्मिक गुरु चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई की मांग को लेकर पश्चिम बंगाल के सैकड़ों साधु-संतों ने सोमवार को भारत-बांग्लादेश सीमा पर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन उत्तर 24 परगना जिले के पेट्रापोल बॉर्डर पर हुआ, जिसमें अखिल भारतीय संत समिति के नेतृत्व में कई धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने भाग लिया।साधु-संतों ने भारतीय और बांग्लादेशी सरकारों से आग्रह किया कि वे बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ते हमलों और अत्याचार पर तत्काल कार्रवाई करे। समिति के बंगाल अध्यक्ष स्वामी परमात्मानंद ने कहा कि यह प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा, जब तक बांग्लादेश सरकार हिंदुओं और उनके मंदिरों पर हो रहे हमलों को रोकने के लिए कदम नहीं उठाती है।चिन्मय कृष्ण दास, जो एक आध्यात्मिक गुरु हैं, उनको बांग्लादेश में राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

उनकी गिरफ्तारी और जमानत याचिका खारिज होने के बाद इस्कॉन ने कोलकाता में कीर्तन और प्रार्थना सभाओं का आयोजन कर विरोध जताया है।शुभेंदु अधिकारी का समर्थन-पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने भी इस मुद्दे पर अपना समर्थन देने के साथ प्रदर्शन करने की घोषणा की है। वे बुधवार को हिंदू जागरण मंच और अन्य संगठनों के साथ मिलकर वे पेट्रापोल बॉर्डर पर एक मानवीय श्रृंखला बनाएंगे।भारत सरकार ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर चिंता व्यक्त की है और दोनों देशों के बीच बेहतर संबंधों के लिए कार्रवाई की उम्मीद जताई है।गौरतलब है कि बांग्लादेश में अगस्त में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हमलों की घटनाएं बढ़ गई हैं।

बांग्लादेश हिंदू-बौद्ध-ईसाई एकता परिषद के अनुसार, 170 मिलियन की आबादी वाले इस देश में हिंदुओं की जनसंख्या मात्र आठ फीसदी है, लेकिन वे राजनीतिक अस्थिरता और सांप्रदायिक हिंसा का शिकार बन रहे हैं। अगस्त से अब तक 50 से अधिक जिलों में 200 से अधिक हमलों की घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनमें मंदिरों को नुकसान पहुंचाना और हिंदुओं की संपत्तियों को लूटना शामिल है।

# कर संग्रह में प्रौद्योगिकी का अधिक उपयोग किया जाना चाहिए - राष्ट्रपति



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि इस नए और गतिशील युग में कर संग्रह में कम हस्तक्षेप और प्रौद्योगिकी का अधिक उपयोग करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कर प्रशासन के क्षेत्र में नए विचार और नए समाधान लाने की जिम्मेदारी युवा अधिकारियों पर है।भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) हमारी अर्थव्यवस्था को एक समान कर व्यवस्था तथा साझा प्रशासनिक मूल्यों के माध्यम से जोड़ती है। यह सेवा देश के कर प्रशासन में समानता को बढ़ावा देती है। आईआरएस अधिकारी भारत सरकार, व्यापार और विभिन्न राज्यों के कर प्रशासनों के बीच एक बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी हैं।राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया भर में बदलते सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में राष्ट्रीय हित का एजेंडा काफी हद तक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग से तय होता है। आईआरएस अधिकारी देश की आर्थिक सीमाओं के संरक्षक हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उन्हें हमेशा ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से काम करना होगा।

दूसरे देशों के साथ व्यापार सुविधा समझौतों में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) देश को आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे के निर्माण, सामाजिक-आर्थिक योजनाओं के संचालन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने आदि के लिए संसाधनों का उपयोग करने में सक्षम बनाती है। यह राष्ट्र निर्माण में आईआरएस अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रशासक के रूप में अपनी भूमिका को निभाने के लिए आपको ऐसी प्रणालियां और प्रक्रियाएं विकसित करने की आवश्यकता है जो पारदर्शी हों और जवाबदेही सुनिश्चित करें।राष्ट्रपति ने अधिकारियों को सलाह दी कि वे याद रखें कि कराधान केवल देश के राजस्व को बढ़ाने का साधन नहीं है। यह सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। देश के नागरिकों द्वारा दिया गया कर देश और लोगों के विकास के लिए उपयोग किया जाता है। इसलिए, यदि वे अपना काम लगन और निष्ठा से करेंगे, तो वे देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान दे पाएंगे।

### भाजपा ने निर्मला सीतारमण और विजय रूपाणी को महाराष्ट्र विधायक दल का पर्यवेक्षक नियुक्त किया

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव की निगरानी के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी देने के साथ ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महाराष्ट्र सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब सीतारमण और विजय रूपाणी की निगरानी में चार दिसंबर को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता का चुनाव होगा। भाजपा पहले ही घोषणा कर चुकी है कि नई सरकार 5 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आजाद मैदान में शाम 5 बजे शपथ लेगी।भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा के संसदीय बोर्ड ने महाराष्ट्र में पार्टी विधायक दल के नेता चुनाव के लिए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पंजाब के प्रभारी विजय रूपाणी तथा केंद्रीय वित्त एवं कारपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

# हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की गतिविधियों पर भारत की कड़ी नजर- नौसेना प्रमुख

## ▶▶ भारत अगले 2 महीनों के भीतर 26 राफेल लड़ाकू विमानों और 3 पनडुब्बियों का सौदा पूरा करेगा



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने सोमवार को स्पष्ट किया कि भारतीय नौसेना की हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में चीन की गतिविधियों पर कड़ी नजर है। हमने चीनी नौसेना इकाइयों सहित हिंद महासागर क्षेत्र में सक्रिय अतिरिक्त क्षेत्रीय बलों की गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखे हुए है। चाहे वे उनके युद्धपोत या अनुसंधान पोत हों। पैनी नजर रखने की वजह से ही हम जानते हैं कि कौन कहां और कैसे क्या कर रहा है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारत अगले दो महीनों के भीतर भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल लड़ाकू विमानों और तीन अतिरिक्त भारत निर्मित स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के सौदे को पूरा करेगा।नौसेना दिवस की वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आज एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि 29 अगस्त को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट को नौसेना के बेड़े में शामिल किया है, जो हमारे परमाणु त्रिकोण का तीसरा चरण है। उन्होंने कहा कि फ्रांस के साथ प्रस्तावित राफेल मरीन लड़ाकू विमान सौदे की बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है और अब इसे सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति के पास ले जाना बाकी है। चूंकि, यह सरकार से सरकार के बीच का सौदा है, इसलिए इसमें ज्यादा समय नहीं लगेगा। भारतीय नौसेना को अगले महीने तक राफेल-मरीन और तीन अतिरिक्त स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के सौदे पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।नौसेना प्रमुख से जब पूछा गया कि क्या चीन निकट भविष्य में हिंद महासागर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी होगा, तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि आपने चीन के बारे में सुना होगा कि वह खुद को मध्य साम्राज्य कहता है। एक किताब %द हंड्रेड-ईयर मैराथन% में बताया गया है कि चीनी लोग क्या बनना चाहते हैं। उनका एक सपना है कि वे विश्व शक्ति बनना चाहते हैं। हम ऐसा होते हुए देख रहे हैं। हमारा मानना है कि यह प्रशांत महासागर में और अधिक स्पष्ट होगा और हम यह सुनिश्चित करने के लिए निगरानी कर रहे हैं कि हमारे हिंद महासागर क्षेत्र में हमारे हितों पर कोई असर न पड़े। वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी नौसेना के कई युद्धपोत और पनडुब्बियां चीन के सहयोग से बनाई जा रही हैं, जो दर्शाता है कि चीन पाकिस्तान की नौसेना को और मजबूत बनाने में दिलचस्पी रखता है। उनकी आठ नई पनडुब्बियों में पाकिस्तानी नौसेना के लिए महत्वपूर्ण युद्ध क्षमता होगी, लेकिन हम उनकी क्षमताओं से पूरी तरह वाकिफ हैं। यही कारण है कि हम अपने पड़ोसियों से सभी खतरों से निपटने में सक्षम होने के लिए अपनी अवधारणाओं में बदलाव कर रहे हैं। हम पाकिस्तानी नौसेना की आश्चर्यजनक वृद्धि से अवगत हैं, जिसका लक्ष्य 50 जहाजों वाली नौसेना बनना है। उन्होंने अपने लोगों के कल्याण करने के बजाय हथियारों को चुना है।हाल ही में आईएनएस अरिघाट से 3,500 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली परमाणु सक्षम मिसाइल के-4 के परीक्षण पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि भारत का मिसाइल परीक्षण पूरी तरह सफल रहा। संबंधित एजेंसियां मिसाइल के प्रक्षेप पथ की जांच कर रही हैं और जल्द ही हमें इसके परिणाम पता चल जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पहली परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत ने कई गश्त की है और दूसरी ने अभी मिसाइल परीक्षण किया है। परमाणु ऊर्जा से चलने वाली हमलावर पनडुब्बियां उस समय तक तैयार हो जाएंगी, जो हमने सरकार को संकेत दिया है।नौसेना प्रमुख ने कहा कि देश में 62 युद्धपोत और एक पनडुब्बी निर्माणाधीन हैं और प्रोजेक्ट-75 इंडिया की छह पनडुब्बियों सहित 31 और शक्तिशाली युद्धपोतों और पनडुब्बियों की आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इसमें नौसेना के लिए 60 यूटिलिटी हेलिकॉप्टर मरीन शामिल हैं। सरकार ने दो परमाणु पनडुब्बियों के भी देश में निर्माण की मंजूरी दे दी है, जो देश में बन रहे हथियारों पर बढ़ रहे विश्वास को दर्शाता है। कई जहाज तैयार हैं और कम से कम एक जहाज को अगले साल ही नौसेना में शामिल कर लिया जाएगा। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि हमने अहम और आधुनिक तकनीक को नौसेना में शामिल करने की कोशिशें कई गुना बढ़ा दी हैं।

## ● ● भोपाल गैस त्रासदी की बरसी ● ●

# 40 साल बाद भी न तो पीड़ितों को मिला न्याय, न जहरीले कचरे का हुआ निपटान

**भोपाल,(हि.स.)।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में वर्ष 1984 में दो-तीन दिसंबर की रात को हुई विश्व की भीषणतम औद्योगिक त्रासदी को लोग अब तक भूल नहीं पाए हैं। अब भी यहां के लोग इसका दंश झेलने को मजबूर हैं। यूनियन कार्बाइड कारखाने से जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट का रिसाव हुआ और हजारों लोग मौत के मुंह में चले गए थे। मंगलवार, 3 दिसंबर को इस भीषणतम त्रासदी की 40वीं बरसी है, लेकिन अब तक न तो पीड़ितों को न्याय मिल पाया है और न ही यूनियन कार्बाइड परिसर में पड़े कचरे को नष्ट नहीं किया जा सका है। निकट भविष्य में भी इसके निपटान की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है।विषैली गैस के सम्पर्क में आने वाले लोगों के परिवारों में इतने वर्षों बाद भी शारीरिक और मानसिक रूप से अक्षम बच्चे जन्म ले रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक गैस त्रासदी से 3787 की मौत हुई और गैस से करीब 5,58,125 लोग प्रभावित हुए थे। हालांकि कई एनजीओ का दावा रहा है कि मौत का यह आंकड़ा 10 से 15 हजार के बीच था। बहुत सारे लोग कई तरह की शारीरिक अपंगता से लेकर अंधेपन के भी शिकार हुए। विभिन्न अनुमानों के मुताबिक करीब आठ हजार लोगों की मौत तो दो सप्ताह के भीतर ही हो गई थी जबकि करीब आठ हजार अन्य लोग रिसी हुई गैस से फैली संबंधित बीमारियों के चलते मारे गए थे।

यूनियन कार्बाइड की फैक्टरी से करीब 40 टन गैस का रिसाव हुआ था। इसकी वजह थी टैंक नंबर 610 में जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का पानी से मिल जाना था। इससे हुई रासायनिक प्रक्रिया की वजह से टैंक में दबाव पैदा हो गया। इससे टैंक खुल गया और गैस रिसने लगी। लोगों को मौत की नींद सुलाने में विषैली गैस को मात्र तीन मिनट लगे थे।

यूनियन कार्बाइड कारखाने में कारबारील, एल्डिकार्ब और सेबिडॉल जैसे खतरनाक कीटनाशकों का उत्पादन होता था। संयंत्र में पारे और क्त्रसेमियम जैसी दीर्घस्थायी और जहरीली धातुएं भी इस्तेमाल होती थीं। सरकार का कृषि विभाग उन कीटनाशकों का एक बड़ा खरीददार था। भोपाल कारखाने से कीटनाशकों का निर्यात दूसरे देशों को किया जाता था और उससे भारत को निर्यात शुल्क की आय होती थी। जानकारों का कहना है कि कीटनाशकों की आड़ में यह कारखाना कुछ ऐसे प्रतिबंधित घातक एवं खतरनाक उत्पाद भी तैयार करता था, जिन्हें बनाने की अनुमति अमेरिका और दूसरे पश्चिमी देशों में नहीं थी।भोपाल गैस त्रासदी के 40 वर्ष 3 दिसंबर को पूरे होने जा रहे हैं, पर इतने वर्ष बाद भी जहरीला कचरा यूनियन कार्बाइड परिसर में दफन है। इस कारण भूजल प्रदूषित होने की बात सत्यापित हो चुकी है। वर्ष 2018 में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टाक्सिकोलाजी रिसर्च लखनऊ की रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आ चुका है। रिपोर्ट के अनुसार यूनियन कार्बाइड परिसर के आसपास की 42 बस्तियों के भूजल में हेवी मेटल, आर्गनो क्लोरीन पाया गया था, जो कैंसर और किडनी की बीमारी के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। इसके बाद इस क्षेत्र में नर्मदा जल की आपूर्ति सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर की जा रही है। आशंका है इन कालोनियों के अतिरिक्त प्रदूषित भूजल आगे पहुंच गया हो पर वर्ष 2018 के बाद जांच ही नहीं कराई गई।राज्य सरकार ने कुछ साल पहले यूनियन कार्बाइड परिसर में पड़े लगभग 350 मी टन कचरे का निपटान गुजरात के अंकलेश्वर में करने का निर्णय लिया था और उस समय गुजरात सरकार भी इसके लिए तैयार हो गई थी, लेकिन गुजरात की जनता द्वारा इसको लेकर आंदोलन किए जाने के बाद गुजरात सरकार ने कचरा वहां लाए जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद सरकार ने प्रदेश के धार जिले के पीथमपुर में कचरा नष्ट करने का निर्णय लिया और 40 मी. टन कचरा वहां जला भी दिया, लेकिन यह मामला प्रकाश में आने के बाद यहां



विरोध में किए गए आंदोलन के बाद स्वयं मध्य प्रदेश सरकार ने इससे अपने हाथ खींच लिए।इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने नागपुर में डीआरडीओ स्थित इंसीनिरेटर में कचरे को नष्ट करने के आदेश दिया, लेकिन महाराष्ट्र के प्रदूषण निवारण मंडल ने इसकी अनुमति नहीं दी और महाराष्ट्र सरकार ने भी नागपुर में कचरा जलाने से इनकार कर दिया। प्रदेश सरकार ने एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट की शरण ली और न्यायालय ने नागपुर स्थित इंसीनिरेटर के निरीक्षण के आदेश दिए, लेकिन न्यायालय को यह बताया गया कि वहां स्थित इंसीनिरेटर इतनी बड़ी मात्रा में जहरीला कचरा नष्ट करने में सक्षम नहीं है। सरकार द्वारा महाराष्ट्र के कजोला में भी कचरा नष्ट करने पर विचार किया गया, लेकिन प्रदूषण निवारण मंडल द्वारा अनुमति नहीं दिये जाने से यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। जिससे आज तक परिसर में पड़ा हजारों टन कचरा जहां था वहीं आज भी पड़ा है।इस कचरे के होने से जहां भूमिगत प्रदूषण फैल रहा तो वहीं कई प्रकार की बीमारियां भी बनी रहती हैं। भोपाल ग्रुप फॉर इंफॉर्मेशन एंड एक्शन के सदस्यों का कहना है कि दुनिया की सबसे बड़ी गैस त्रासदी का असर आज भी दिख रहा है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के अधीन संस्था नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च ऑन एनवायरमेंटल हेलट ने एक शोध में यह पाया था कि जहरीली गैस का दुष्प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर भी पड़ा। इसके कारण बच्चों में जन्मजात बीमारियां हो रही हैं। उन्हेंने आरोप लगाते हुए कहा कि आइसीएमआर की रिपोर्ट सरकार ने प्रकाशित ही नहीं होने दी, बल्कि रिपोर्ट को दबा लिया गया। जहरीली गैस का दुष्प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर भी पड़ा। इसके कारण बच्चों में जन्मजात बीमारियां हो रही हैं। आईसीएमआर की रिपोर्ट सरकार ने प्रकाशित ही नहीं होने दी। रिपोर्ट को दबा लिया गया।यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के कारण आस-पास का भूजल मानक स्तर से 562 गुना ज्यादा प्रदूषित हो गया। कारखाने में और उसके चारों तरफ तकरीबन 10 हजार मीट्रिक टन से अधिक कचरा जमीन में आज भी दबा हुआ है। बीते कई सालों से बरसात के पानी के साथ घुलकर अब तक 14 बस्तियों की 50 हजार से ज्यादा की आबादी के भूजल को जहरीला बना चुका है। सीएसई के शोध में परिसर से तीन किलोमीटर दूर और 30 मीटर गहराई तक जहरीले रसायन पाए गए।गैस पीड़ित संगठन के कार्यकर्ताओं का दावा है कि रैपिड किट से उन्होंने इनके अतिरिक्त कारखाने की साढ़े तीन किमी की परिधि में आने वाली 29 अन्य कालोनियों में भी जांच की तो आर्गनो क्लोरीन मिला है, पर कितना मात्रा में है इसकी जांच बड़े स्तर पर सरकार द्वारा कराने की आवश्यकता है।गैस पीड़ितों के लिए काम करने वाली सामाजिक कार्यकर्ता रचना ढींगरा ने बताया कि त्रासदी के पहले परिसर में ही गड्ढे बनाकर जहरीला रासायनिक कचरा दबा दिया जाता था। इसके अतिरिक्त परिसर में बनाए गए तीन छोटे तालाबों में भी पाइप लाइन के माध्यम जहरीला अपशिष्ट पहुंचाया जाता था। इस कचरे की कोई बात ही नहीं हो रही। कारखाने में रखे कचरे को नष्ट करने के लिए 126 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसे पीथमपुर में जलाया जाना है।गैर राहत विभाग के उप सचिव केके दुबे का कहना है कि यूनियन कार्बाइड परिसर में प्लांट में रखे कचरे को नष्ट करने के लिए सभी अनुमतियां मिल गई हैं। इस जल्द नष्ट करने के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद ही जमीन में गड़े कचरे के बारे में विचार किया जाएगा। विभाग के पास ऐसी कोई रिसर्च भी नहीं है कि जमीन में कितना कचरा दबा है और उससे क्या नुकसान हो रहा है।सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गैस पीड़ितों के पुनर्वास के लिए वर्ष 2010 में 272 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे। इसमें 75 प्रतिशत राशि केंद्र व 25 प्रतिशत राज्य सरकार की थी। इसमें भी 129 करोड़ रुपये आज तक खर्च नहीं हो पाए हैं। गैस राहत एवं पुनर्वास विभाग आज तक इस राशि को खर्च करने की योजना ही नहीं बना पाया है। आर्थिक पुनर्वास के लिए 104 करोड़ रुपये मिले थे। इसमें 18 करोड़ रुपये स्वरोजगार प्रशिक्षण पर खर्च हुए बाकी राशि बची है। सामाजिक पुनर्वास के लिए 40 करोड़ रुपये मिले थे, जिसमें गैस पीड़ितों की विधवाओं के लिए पेंशन का भी प्रविधान है। 4399 महिलाओं को पेंशन मिल रही हैं। वर्ष 2011 से यह राशि एक हजार है जिसे बढ़ाया नहीं गया है। न ही किसी नए हितग्राही को शामिल किया गया है।गौरतलब है कि वर्ष 1984 में मप्र की राजधानी भोपाल में 02 और 03 दिसंबर की दरम्यानी रात्रि में यूनियन कार्बाइड कारखाने की गैस के रिसाव से हजारों लोगों की मौत हो गई थी और लाखों लोग इससे प्रभावित हुए थे। हजारों प्रभावित आज भी उसके दुष्प्रभाव झेलने को मजबूर हैं। उस त्रासदी को 40 साल हो चुके हैं, लेकिन पीड़ितों के जख्म आज भी हरे हैं। एक शोध में यह तथ्य सामने आया है कि भोपाल गैस पीड़ितों की बस्ती में रहने वालों को दूसरे क्षेत्रों में रहने वालों की तुलना में किडनी, गले तथा फेफड़ों का कैंसर 10 गुना ज्यादा है। इसके अलावा इस बस्ती में टीबी तथा पक्षाघात के मरीजों की संख्या भी बहुत ज्यादा है। इस गैस त्रासदी में पांच लाख से भी ज्यादा लोग प्रभावित हुए थे, जिनमें से हजारों लोगों की मौत तो मौके पर ही हो गई थी और जो जिंदा बचे, वे विभिन्न गंभीर बीमारियों के शिकार होकर जीवित रहते हुए भी पल-पल मरने को विवश हैं। इनमें से बहुत से लोग कैंसर सहित कई प्रकार की गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

### किसानों पर बम फेंककर बात खत्म करनी है या फिर बैठक के जरिएः लोकदल

**लखनऊ।** अपनी मांगों को लेकर देश के विभिन्न प्रदेशों से आए किसान भाई के दिल्ली कूच किए जाने को लेकर लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह जी ने कहा है कि नए कृषि कानूनों के तहत उचित मुआवजे और बेहतर लाभ की मांग को लेकर अपनी लड़ाई के लिए किसान दिल्ली कूच कर रहा है। नौ महीने किसान चुप बैठे हैं। सरकारों की ओर से उनकी उपेक्षा की जा रही है. इसकी वजह से उन्हें निर्णय लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सरकार किसानों के मुद्दों को लेकर गंभीर नहीं है। किसानों पर बम फेंककर बात खत्म करनी है या फिर बैठक के जरिए ये सरकार को तय करना है। सरकार को किसानों को मौका देना चाहिए ,ताकि किसान अपना पक्ष रख सके। किसानों की मुख्य मांगों में एमएसपी की गारंटी, कर्ज माफी, पेंशन, पिछले विरोध प्रदर्शनों के दौरान दर्ज पुलिस केस वापस लेना और 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों को न्याय दिलाना शामिल ळें।

### सचिवालय प्रशासन ने किया निजी सचिव मनोज कुमार का प्रमोशन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सचिवालय प्रशासन ने निजी सचिव श्रेणी-एक के पद पर कार्यरत मनोज कुमार प्रथम निजी सचिव श्रेणी-दो पर प्रमोशन कर दिया है। ज्वाइंट सेक्रेटरी सचिवालय प्रशासन अशोक कुमार मिश्र के मुताबिक श्रेणी-एक के पद पर तैनात मनोज कुमार -1 को नियमित चयन के फ्लस्वरूप निजी सचिव श्रेणी-दो ,वेतनमान मैट्रिक्स लेबल-11 (रू.67700-208700) के पद पर प्रोन्नत कर मौलिक रूप से नियुक्त किया गया है। आदेश 01 दिसंबर 2024 से प्रभावी है।

### शोकसभा

**लखनऊ।** सामाजिक कार्यकर्ता संतकवि बैजनाथ कुर्मी के वंशज सरदार पटेल संस्थान एवं मुंशी रघुनन्दन प्रसाद सरदार पटेल महिला महाविद्यालय बाराबंकी के आजीवन सदस्य प्रताप सिंह वर्मा का आकस्मिक निधन हो गया है। उनके आकस्मिक निधन पर पटेल महिला महाविद्यालय परिसर में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पटेल महिला महाविद्यालय के सचिव,प्रबंधक उमाशंकर वर्मा मुन्नू भैया, सरदार पटेल संस्थान के अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष अमरसिंह वर्मा, प्राचार्या डॉ ऊषा चौधरी सहित शिक्षिकाएं,कर्मचारी एवं छात्राओ ने गहरा शोक व्यक्त किया।

### बलरामपुर चिकित्सालय के नवनियुक्त निदेशक से मिले चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ

**लखनऊ।** बलरामपुर चिकित्सालय लखनऊ के नवनियुक्त प्रमुख्य अधीक्षक डा0 सुशील प्रकाश से मिले चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उ प्र के पदाधिकारी जिसमें मुख्य रुप से जिला अध्यक्ष कपिल वर्मा उपाध्यक्ष सर्वेश पाटिल उपाध्यक्ष रजत यादव प्रदेश प्रवक्ता सुनील कुमार सदस्य सत्य प्रकाश सहित कई सदस्य मौजूद रहे। प्रतिनिधि मंडल ने बताया डा0 प्रकाश ने चिकित्सालय के रुके हुए कार्यो को तत्काल शुरू कराने मे सभी संवर्ग से सहयोग माँगा जिस पर महासंघ ने हर संभव मदद का भरोसा दिया। डा0 सुशील ने बताया की मरीज हित के बाद सबसे बड़ा हित कर्मचारी हित है। उन्होने कहा हम सब मिल कर चिकित्सालय को नई उचाईयो तक ले जाएगें। इस अवसर पर चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ? संजय तेवतिया और अधीक्षक डॉ? हिमांशु भी मौजूद थे।

### मंगेश यादव पीएम रिपोर्ट से फर्जी एनकाउंटर की ओर इशारा

**लखनऊ।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने मंगेश यादव मामले में सामने आए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का विश्लेषण करते हुए इसके आधार पर प्रथमदृष्टया फर्जी एनकाउंटर और मंगेश को पकड़कर मारे जाने की बात स्थापित होने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में दो एंट्री वुंड (चोट) दिखाए गए हैं, जिनका साइज एक गुने एक सेंटीमीटर है। प्रथमदृष्टया इस साइज के चोट नजदीक से फायर किए जाने पर ही हो सकते हैं। यदि दूर से फायर किया जाए तो यह चोट कम से कम दो गुना दो सेंटीमीटर का होगा। उनके अनुसार बाएं ललाट के पास मारी गोली का एग्जिट वुंड ऑक्सीपेटल बोन अर्थात सिर के ठीक पीछे का हिस्सा दिखाया गया है। ऑक्सीपेटल बोन का इलाका काफी सख्त होता है, जहां से आसानी से गोली नहीं निकल सकती और वहां से गोली तभी निकल सकती है, जब सटा के गोली मारी गई हो। ऑक्सीपेटल बोन से निकलने वाली एग्जिट वुंड की लंबाई चौड़ाई एक गुना डेढ़ सेंटीमीटर है, जो तभी संभव होगा जब काफी सटा के गोली माली गई हो। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि मंगेश यादव के शरीर पर आए दो गोली के इंट्री और एग्जिट वुंड प्रथमदृष्टया पकड़ कर गोली मारी जाने की बात को प्रमाणित करते दिखते हैं जो फर्जी एनकाउंटर की ओर इशारा करते है। उन्होंने कहा कि वे इन समस्त तथ्यों को सक्षम फोरम पर प्रस्तुत करेंगे।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि में देहरी पूजन कर शौर्य दिवस मनायेगी त्रिदंडी महासभा

**लखनऊ।** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा आगामी छह दिसम्बर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर देहरी पूजन कर कई हिन्दूवादी संगठनों के साथ शौर्य दिवस मनायेगी। आज यहां प्रेस क्लब में पत्रकार-वार्ता को सम्बोधित करते हुये बताया कि हजारों की संख्या में पहुंच रहे पार्टी कार्यकर्ता यमुना का जल लेकर छह दिसम्बर को श्रीकृश्ण जन्मभूमि की देहरी पर जल अर्पण कर पूजन करेंगे। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। देश के विभिन्न हिस्सों मथुरा के लिये कार्यकर्ताओं का पहुंचना षुरू हो चुका है और अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के पदाधिकारियां और कार्यकर्ताओं का दल लखनऊ से पांच दिसम्बर को सैकड़ों की संख्या में रवाना होगा। श्री त्रिवेदी ने बताया कि शान्तिपूर्ण ढंग से देहरी पूजन कार्यक्रम की सफलता के लिये मथुरा जिला इकाई की अध्यक्ष छाया गौतम के नेतृत्व में तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। इस मौके पर योगी सरकार भरोसा जताते हुये श्री त्रिवेदी ने कहा कि मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि में हो रहे देहरी पूजन कार्यक्रम को कराने में जिला प्रशासन का सहयोग रहेगा।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से धक्का मुक्की

## [अजय राय बोले, विफलताओं को छिपाने के लिए अन्याय कर रही सरकार]

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने लखनऊ में पार्टी कार्यालय से संभल जाने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। संभल जाने की कोशिश के तहत राय कार के चालक की सीट पर स्वयं बैठे और उनके बगल में पार्टी के वरिष्ठ नेता पी एल पुनिया बैठे। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके लिए रास्ता साफ करने के लिए पुलिस से धक्का मुक्की भी की। हालांकि, कांग्रेस पार्टी के कार्यालय के आसपास बड़ी संख्या में तैनात पुलिसकर्मियों ने राय और उनकी पार्टी के अन्य नेताओं को संभल जाने से रोक दिया। राय ने संवाददाताओं से कहा, ÷प्रशासन ने मुझे बताया था कि संभल में 10 दिसंबर तक निषेधाज्ञा लागू है। हमने उन्हें बताया कि हमारी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल वहां जाएगा। प्रशासन ने कहा, 10 दिसंबर से निषेधाज्ञा हटते ही उन्हें बता दिया जाएगा। निषेधाज्ञा हटते ही कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल निश्चित तौर पर संभल जाएगा।÷ एक सवाल के जवाब में राय ने कहा, ÷वे 10 दिसंबर के बाद निषेधाज्ञा बढ़ा सकते हैं क्योंकि उन्हें डर लग रहा है। सरकार अपनी विफ्लताओं को छिपाने के लिए यह अत्याचार और अन्याय कर रही है। हम निश्चित रूप से संभल जाएंगे। कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को संभल जाने से रोका गया है। प्रदेश सरकार की इस तानाशाही का राय सहित कांग्रेस के साथियों ने भारी विरोध किया है। इस सरकार और पुलिस की मनमानी से हमारा साहस टूटने नहीं जा रहा। हम संभल में शांति स्थापित करने और लोगों को न्याय दिलाने का प्रयास जारी रखेंगे।÷ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद पी एल पुनिया ने कहा, ÷संभल की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए कांग्रेस नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जा रहा था। लेकिन, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार, कांग्रेस से डरी हुई है। इसलिए वह हमेशा इसके रास्ते पर अड़चन पैदा करती है। हमारे अध्यक्ष ने निर्णय किया है कि हम वहां निश्चित रूप से जाएंगे। प्रदेश कांग्रेस ने कहा, ÷कांग्रेस पार्टी संभल में हुई हिंसा के पीछे भाजपा की साजिश और इसका चेहरा लोगों के सामने लाएगी।÷ दिल्ली से संभल जा रहे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भी उत्तर प्रदेश की सीमा पर रोक दिया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी उन लोगों में शामिल थे जिन्हें पुलिस द्वारा रोका गया। पुलिस ने रविवार रात से ही लखनऊ में कांग्रेस पार्टी के कार्यालय के बाहर और पार्टी के उन नेताओं के आवास के बाहर अवरोधक लगा दिए थे, जिन्हें अजय राय के साथ संभल जाना था। संभल में कांग्रेस के नगर अध्यक्ष तौकीर अहमद ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, आज, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को संभल आना था, लेकिन पुलिस प्रशासन हर किसी को संभल आने से रोक रहा है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल तथ्यों का पता लगाने के लिए वहां जाना चाहता था। लेकिन, कल रात से मुझे नजरबंद कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख राय सहित हमारी पार्टी के नेताओं को संभल जाने से रोका जा रहा है।÷ मिश्रा ने कहा, ÷यह सरकार की तरफ से पूर्ण अराजकता है। सरकार धारा 163 लगाकर अपनी विफ्लताओं को छिपाने का प्रयास कर रही है और हमें लखनऊ से वहां नहीं जाने दे रही है। उन्होंने कहा कि धारा 163 संभल में लागू है ना कि लखनऊ में।÷ संभल से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद समेत कई सपा विधायकों और सांसदों को शनिवार (30 नवंबर) को हिंसा ग्रस्त संभल जाने से रोक दिया गया था क्योंकि जिला प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक 10 दिसंबर तक बढ़ा दी थी। गौरतलब है कि अदालत के आदेश पर शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान 24 नवंबर को संभल में हिंसा भड़क गई थी जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। यह सर्वेक्षण उस याचिका से जुड़ा है जिसमें दावा किया गया है कि इस मस्जिद के स्थान पर कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था।

# यूपी का हो रहा सर्वांगीण विकासः केशव

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा सर्किट हाऊस में मेरठ के विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। विकास कार्यो की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को निर्देश दिया, जनप्रतिनिधियो के साथ समय-समय पर बैठक कर एवं समन्वय बनाते हुये बताये गये कार्यो को प्राथमिकता दी जाये। समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशो का शत-प्रतिशत अनुपालन कराते हुये आख्या प्रस्तुत की जाये।

विश्वास के साथ विकास करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है, उसी के अनुरूप कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर जनपद में समस्त विभागो द्वारा किये गये कार्यो की उप मुख्यमंत्री द्वारा सराहना की गई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। विश्वास के साथ विकास करना सरकार की प्राथमिकता है।उत्तर प्रदेश में प्रगति के नये आयाम स्थापित हो रहे हैं। सरकार प्रत्येक वर्ग के विकास हेतु पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभागीय अधिकारी पहले एवं अंतिम रविवार को सफाई अभियान चलायें।नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में गरीब एवं पात्र लाभार्थियो को सरकार की योजनाओ का भरपूर लाभ दिलाया जाये। हमारी सरकार प्रत्येक वर्ग के विकास हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

प्रधानमंत्री द्वारा उल्लिखित समाज के चार वर्गो के उत्थान व विकास हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। अधिकारी इसको ध्यान में रखते हुये और अच्छा क्या हो सकता है, प्लॉनिंग बनाते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करें। सीएसआर फंड से समूह की महिलाओ द्वारा फूलो की खेती कराये जाने के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराते हुये बताया गया कि समूह दीदी को लखपति दीदी बनाया गया है, जिसपर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की योजनाओ से महिला समूहो को सशक्त करने हेतु कार्यक्रम को आगे बढाया जाये तथा जनपद में किये गये इस प्रकार के नवाचार से शासन को रिपोर्ट भेजते हुये अवगत करायें। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में गरीब एवं लक्षित लाभार्थियो को सरकार की योजनाओ का लाभ दिलाया जाये।

# सीएम ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की

## जनप्रतिनिधियों के समन्वय से कराएं रोड रिस्टोरेशन और जलापूर्ति का कामः मुख्यमंत्री

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल से जल पहुंचाने की परियोजना के कार्यों के थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि हर परियोजना के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये जायें जो स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर सभी काम समय से पूरा कराएं।

सोमवार को हर घर जल योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन जनहित से जुड़े इन कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। जलापूर्ति के कार्यों के चलते खराब हुई सड़कों के रिस्टोरेशन का काम समय से कराया जाए और जनप्रतिनिधियों से भी आवश्यक मार्गदर्शन लिया जाए। इस आधार पर ही विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं में क्वालिटी हर हाल में सुनिश्चित हो। इसका थर्ड पार्टी सत्यापन भी कराया जाए। साथ ही हर प्रोजेक्ट पर नोडल अधिकारी नियुक्त हों, जो कार्यों की क्वालिटी व समयबद्धता सुनिश्चित करे। जल जीवन मिशन के तहत परियोजना का उद्देश्य है कि लोगों को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो, ऐसी सभी योजनाएं बिना रूकावट के अनवरत चलती रहनी चाहिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री जी को जल जीवन मिशन के अंतर्गत सामुदायिक अंशदान के संबंध में अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के तहत 40951 योजनाएं स्वीकृत हैं। इनकी कुल कार्य लागत 152521.82 करोड़ रुपये है। इसमें केंद्रांश 71714.68 व राज्यांश 71714.68 करोड़ रुपये है। इन विलेज इंफ्रास्ट्रक्चर की लागत के सापेक्ष सामुदायिक अंशदान 9092.42 करोड़ रुपये बनता है। अधिकांश योजनाओं को सोलर आधारित बनाए जाने के कारण कुल लागत में 13344 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। इसके सापेक्ष केंद्रांश के रूप में 6338 करोड़ रुपये अतिरिक्त रूप से प्राप्त होगा। अनुरक्षण व संचालन मद में राज्य सरकार की योजना काल में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश में 33229 योजनाएं सौर ऊर्जा पर आधारित हैं। इन पर लगभग 900 मेगावाट के सोलर पैनल लगाए गए हैं।

# आप विधायक की गिरफ्तारी अपराधियों और माफियाओं को संरक्षण का प्रमाणः संजय

» आप सांसद संजय सिंह ने की दिल्ली की बदहाल कानून व्यवस्था पर सदन में चर्चा की मांग

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा में नोटिस देकर दिल्ली की बदहाल कानून व्यवस्था पर सदन में चर्चा कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर रोज गैंगवार, गैंगरेप, हत्या, लूट की घटनाएं हो रही हैं और व्यापारियों से अवैध वसूली हो रही है। अपराधियों की शिकायत करने वालों को ही उल्टा जेल में डाल दिया जा रहा है। आप विधायक को गिरफ्तार करा कर अमित शाह ने संदेश दिया है कि अपराधियों और माफ्यिाओं के ऊपर उनका हाथ है।आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि हमने दिल्ली की कानून व्यवस्था पर पहले भी नोटिस दिया था। आज फ्रि मैंने 267 का नोटिस दिया है। मैं चहता हूं कि दिल्ली की बदहाल कानून व्यवस्था के ऊपर सदन में चर्चा कराई जाए। यहां रोज गैंगवार, गैंगरेप, हत्या, लूट की घटनाएं हो रही हैं। व्यापारियों से अवैध वसूली हो रही है। जो शिकायत कर रहा है, पांच बार शिकायत करने वाले एक विधायक को उल्टा उठाकर अंदर कर दिया गया। मुझे लगता है कि अमित शाह ने साफतौर पर संदेश दिया है कि गैंग्स्टर्स, अपराधियों और माफ्यिाओं के ऊपर उनका हाथ है और वो दिल्ली में अपराध बढ़ाने का काम करेंगे, रोकने का नहीं।

# कौशल विकास मंत्री ने किया एमपी के ग्लोबल स्किल पार्क का निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने मध्य प्रदेश के कौशल विकास मॉडल का अध्ययन करने और उसकी कार्यप्रणाली को समझने के उद्देश्य से भोपाल का दौरा किया। उन्होंने एशियाई विकास बैंक परियोजना के तहत विकसित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क का निरीक्षण किया और वहां चल रही योजनाओं, नवाचारों और तकनीकी पाठ्यक्रमों की जानकारी ली। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने मंत्री अग्रवाल का स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री अग्रवाल ने स्किल पार्क की विश्वस्तरीय सुविधाओं, अत्याधुनिक लैब्स और तकनीकी प्रशिक्षण केंद्रों की सराहना की।श्री अग्रवाल ने मध्य प्रदेश की कौशल विकास रणनीतियों को अनुकरणीय बताया और कहा कि उत्तर प्रदेश इनसे प्रेरणा लेकर अपने युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में नई योजनाएं लागू करेगा। एक देश तभी प्रगति करता है, जब उसके युवा कामयाब और सफ्ल होते हैं। युवा ही देश की सबसे बड़ी पूंजी और असली संपत्ति हैं। हमारा उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान कर उन्हें सफ्लता की नई बुलंदियों तक पहुंचाना है। उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को सशक्त, रोजगारपरक और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।ग्लोबल स्किल पार्क, जिसे एडीबी की सहायता से विकसित किया गया है, आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन और साइबर सिक्योरिटी में प्रशिक्षण प्रदान करता है।

### प्रस्ताव स्वीकार न करने पर सपा पार्षदों ने नगर निगम बैठक का किया बहिष्कार

**लखनऊ।** नगर निगम कार्यकारिणी समिति की बैठक राजकुमार सभागार नगर निगम लखनऊ मुख्यालय में हुई । बैठक में समाजवादी पार्टी के पार्षद सुरेंद्र कुमार वाल्मीकि व सबा एहसन द्वारा इंदिरा नगर स्थित मुंशीपुलिया चौराहे का नामकरण आठ बार के सांसद, नौ बार के विधायक, उत्तर प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहे देश के पूर्व रक्षा मंत्री पद्म विभूषण से सम्मानित नेताजी मुलायम सिंह यादव के नाम पर किए जाने एवं उक्त चौराहे पर एक चौमुखी आदमकद प्रतिमा लगाए जाने एवं स्थल से संबंधित इस्माइल गंज प्रथम वार्ड का नाम नेताजी मुलायम सिंह यादव के नाम पर किए जाने संबंधित प्रस्ताव नगर निगम कार्यकारिणी समिति में रखा गया। महापौर सुषमा खारवाल द्वारा उक्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया गया इसके विरोध में समाजवादी पार्टी के पार्षद सुरेंद्र कुमार वाल्मीकि व सबा एहसन ने कार्यकारिणी समिति की बैठक का बहिष्कार किया।

# गांव पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्रीय बोले, नहीं गिरेगा किसी का घर

» एलडीए का लाल निशान देख किसान की मौत

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एलडीए का लाल निशान देख किसान की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने गांव में प्रदर्शन किया। मौके पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर भी पहुंचे। उन्होंने मृतक किसान हीरालाल के परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान कौशल किशोर ने स्व। के अधिकारियों से फेन पर बातचीत की। कहा आबादी में आने वाले कोई भी मकान नहीं गिरेंगे। आप लोग यहां के लोगों को बेवजह परेशान न करें। मंत्री ने परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। इधर पुलिस ने समझा बुझाकर कर मृतक का अंतिम संस्कार कराया। मामला काकोरी के कलिया खेड़ा गांव का है। यहां स्व। द्वारा मोहान रोड योजना के लिए जमीन अधिग्रहित की जा रही है। जमीन पर कब्जे को लेकर एलडीए और किसानों के बीच गतिरोध है। किसान लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। हीरालाल (पिता) का दाह संस्कार करने के बाद बेटे नीरज ने कहा कि गांव के कई मकान अधिग्रहण के दायरे में आ रहे हैं। स्व। के अधिकारियों ने ध्वस्तीकरण के लिए सभी घरों में लाल निशान लगा दिए हैं। पिता को जब हुई तो वह सदमे में चले गए। रात 3 बजे अचानक चीख सुनाई दी। देखने पहुंचे तो उनकी मौत हो गई थी। एलडीए ने अधिग्रहित जमीन के दायरे में आने वाले मकानों को ध्वस्तीकरण के लिए रविवार को चिन्हित किया। जिसमें किसान हीरा लाल रावत का भी मकान था। वहीं, दो दिन पूर्व कब्जा को लेकर एलडीए ने हीरालाल की चार बीघा गेंहू की फ्सल भी नष्ट कर दी थी।

# अनीस मंसूरी बोले-सर्वे आदेशों पर लगे रोक

## [अनीस मंसूरी बोले-सर्वे आदेशों पर लगे रोक]

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने संभल की घटना पर जताई नाराजगी। उन्होंने कहा कि पूजा स्थल अधिनियम 1991 धार्मिक स्थलों पर विवाद रोकने के लिए बनाया गया था उसकी अनदेखी की जा रही है। बार-बार सर्वे के आदेश से देश में माहौल खराब हो रहा है। अनीस मंसूरी ने संभल की घटना को साजिश का हिस्सा बताया । उन्होंने कहा की 5 लोगों की मौत पुलिस की लापरवाही से हुई है। घटना के बाद कई ऐसी वीडियो सामने आई जिसने पुलिस प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया। जब कानून की रखवाली करने वाले ही कानून को हाथ में लेंगे तो न्याय कैसे होगा।

किसी भी दंगे को काबू में करने के लिए पुलिस के पास कई तरीके होते हैं। कानून व्यवस्था कायम करवाने में पुलिस पूरी तरीके से विफ्ल रही। अनीस मंसूरी ने बाबरी मस्जिद प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा की उसका सबने स्वागत किया था। अल्पसंख्यक समुदाय के हित में फैसला नहीं आया फ्रि भी सर्वोच्च न्यायालय का सम्मान किया। मगर मौजूदा समय में जो स्थिति हो गई है इससे अदालतों के ऊपर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट को इस संबंध में विचार करना चाहिए कि देश के हर नागरिक का कोर्ट पर भरोसा बना रहे । जो अविश्वास पैदा हो रहा है इसे विश्वास में बदलना सर्वोच्च न्यायालय की जिम्मेदारी है। अनीस मंसूरी ने कहा कि पहले बहराइच दंगा फ्रि संभल की हिंसा इससे स्पष्ट है कि योगी सरकार कानून व्यवस्था में फेल है । प्रदेश में हो रहे दंगों में निर्दोष लोगों की मौत हो रही है मगर सरकार सिर्फ अपनी पीठ थपथपा रही है। हमारी मांग है कि संभल हिंसा में जो जिम्मेदार हैं उनको सख्त सजा मिले। सर्वे के जो लगातार आदेश हो रहे हैं इस पर रोक लगनी चाहिए।

# महाकुंभ मेला में लगाया जाये में पराग का स्टाल

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ ।** पशुधन एवं दुग्धविकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि महाकुंभ मेला 2025 में पराग का स्टाल लगाया जाए और गौजन्य पदार्थों से निर्मित वस्तुओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि विभाग के लिए सुनहरा अवसर है महाकुंभ के पावन अवसर पर विभाग अपनी उपयोगिता की सार्थकता को सिद्ध करे और वहां के श्रद्धालुओं को पराग के शुद्ध और स्वादिष्ट दूध, दही, लड्डू, मक्खन और अन्य पदार्थ सुलभ करा सके।

पराग के उत्पादों की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। उत्तर प्रदेश को श्वेत क्रांति की ओर अग्रसर करना अब हमारा लक्ष्य होना चाहिए।पशुधन मंत्री ने ये निर्देश आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय कार्यो के क्रियान्वयन की समीक्षा की। दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर 05 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाए। दुग्ध विकास विभाग का लक्ष्य प्रदेश की जनता को शुद्ध दूध उपलब्ध कराना है और दुग्ध उत्पादन से जुड़े किसानों, पशुपालकों को उनके दुग्ध मूल्य का नियमित रूप से भुगतान कराना प्राथमिकता है। अधिकारियों को बंद पड़ी दुग्ध समितियों को पुनः चालू किये जाने और वर्तमान में संचालित समितियां किसी भी कारण से बंद न किये जाने पर विशेष बल दिया। नन्द बाबा एवं गोकुल पुरस्कार के वित्तीय वर्ष 2023-24 के लाभार्थियो की चयन सूची तैयार कर पुरस्कृत करने की कार्यवाही शीघ्र पूरी की जाए। दुग्ध विकास मंत्री ने कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज डेयरी प्लांट का संचालन एनडीडीबी को दिये जाने के संबंध में हुई प्रगति की भी समीक्षा की और कहा कि जो भी औपचारिकताएं शेष या अपूर्ण हैं, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए नई समितियों के गठन एवं पुनर्गठन का लक्ष्य निर्धारण किया गया है, उसे सुदृढ़ कार्ययोजना बनाकर शीघ्र पूरा किया जाए। अवगत कराया गया कि वर्तमान में 8227 कार्यरत समितियां हैं। पराग के उत्पादों की मार्केटिंग कर विशेष ध्यान दिया जाए। किसानों,पशुपालको को उनके दुग्ध मूल्य का भुगतान निर्धारित समयावधि में किया जाए और विलम्ब न होने पाये। वर्तमान भुगतान के साथ ही बकाया धनराशि का भी भुगतान कर भुगतान प्रक्रिया को नियमित किया जाए। बैठक में दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव के रवीन्द्र नायक ने मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनसे प्राप्त दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### एक लाख घूस लेते जूनियर इंजीनियर गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ विजिलेंस टीम ने हरदोई पीडब्लयूडी में तैनात जेई को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। वह ठेकेदार से बिल पास करने के नाम पर 10 लाख की रिश्वत मांग रहा था। ठेकेदार महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने विजिलेंस में शिकायत की थी। उनका कहना था कि पीएमजीएसवाई योजना के तहत सड़क बनवाई थी। जिसका 40 लाख भुगतान होना था। हरदोई की सीडी-2 पीएमजीएसवाई योजना में तैनात जेई सतेंद्र यादव बिल भुगतान के लिए 10 लाख मांग रहा है। जेई का कहना था कि बिल बढ़ा कर बनाया है। इसलिए मेरे हिस्से के 10 लाख देने होंगे। इसमें हमको सहायक अभियंता को भी समझना है। एसएसपी विजिलेंस मुख्यालय डॉ. अरविंद चतुर्वेदी ने बताया कि जांच में आरोप सही पाए गए। जिसके बाद जेई सतेंद्र यादव सोमवार को रिश्वत की पहली किश्त देने के बहाने लखनऊ बुलाया गया। उसको ट्रैप कर एक लाख रिश्वत लेते हुए दुबग्गा से पकड़ा है। उसके खिलाफ लखनऊ सेक्टर में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### महिला आयोग अध्यक्ष ने किया वीरांगना झलकारी बाई अस्पताल का निरीक्षण



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान हजरतगंज पहुंचीं। यहां उन्होंने वीरांगना झलकारी बाई अस्पताल का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत की। इस दौरान होने वाली समस्याएं भी पूछीं लेकिन कोई शिकायत नहीं मिली। बबीता सिंह ने कहा अस्पताल में बेहतर सुविधा दी जा रही है। सफाई व्यवस्था, दवाओं का स्टॉक पर्याप्त है। बबीता सिंह ने कहा अस्पताल में मुख्य समस्या जगह की कमी है। पर्याप्त जगह न होने के कारण मरीजों को असुविधा होती है। ट्रैफिक जाम लग जाता है। शहर के बीच में अस्पताल होने की वजह से मरीज भी बड़ी संख्या में आते हैं। जगह की कमी होने के कारण मरीजों को वापस जाना पड़ता है। हमारा प्रयास है कि अस्पताल की कुछ यूनिट शिफ्ट किया जाए। बीते दिनों जारी किए गए प्रस्ताव के संबंध में बबीता सिंह ने बताया कि 15 दिसंबर इसकी डेड लाइन है। इससे पहले सभी दुकानदारों को महिला कर्मचारी रखना अनिवार्य है। प्रस्ताव में कहा गया था कि पुरुष टेलर महिलाओं का नाप नहीं लेंगे। इसके अलावा जिम में महिला ही महिला को ट्रेनिंग देगी। 15 दिसंबर तक मोहलत दी गई है। सभी प्रस्ताव का पालन करें। अगर किसी दुकानदार को महिला सहयोगी नहीं मिल रही है तो आयोग से संपर्क करें। उनकी मदद की जाएगी। लापरवाही करने वालों पर 15 दिसंबर के बाद कार्रवाई होगी।

### तेलीबाग में गोबर के दलदल में फंसकर गौवंश की मौत

**लखनऊ।** तेलीबाग के आंबेडकर पुरम में गोबर के ढेर से बने दलदल के फंस कर एक सांड़ की मौत हो गई। लोगों ने बताया कि बरसों से सफाई न होने के कारण यहां लगातार गोबर व कूड़ा फेंका जाता है, जिससे दलदल बन गया है। कई बार नगर निगम को पहले भी सूचित किया जा चुका है ,परंतु कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिसके चलते कई हादसे हो चुके हैं। स्थानीय लोगों द्वारा पार्षद को सूचना देने पर सांड को निकाला गया पर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### माल ब्लॉक से चंद्रिका देवी मार्ग खस्ताहाल

**माल।** माल ब्लॉक से चंद्रिका देवी जाने वाला मार्ग जगह-जगह खस्ता हाल है। वीरपुर गांव के पास सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इस कारण से हर रोज बाइक व साइकिल सवार लोग गिर कर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पहले गांव का पानी पास से बहने वाली झिनगी नदी में जाता था, लेकिन उस पर कब्जा हो गया है। जिससे गांव का पानी सड़क किनारे भरता है। अब इस रास्ते से पैदल गुजरना मुश्किल हो गया है। गोकुल प्रसाद व किशन ने बताया कि वर्षों से यह सड़क बदहाल है। शिकायतों के बाद भी जिम्मेदारों ने न तो सड़क बनवायी न ही पानी निकासी की कोई व्यवस्था की गई।

### गुर्जर गैंग का एक और सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** बैरीसालपुर में तिलक समारोह में शामिल होकर उत्पात मचाने वाले गुज्जर गैंग के एक और सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने डीजे पर डांस करने के विवाद में साथियों को बुला कर तोड़फोड़ की थी। वारदात में शामिल गुज्जर गैंग के चार सदस्यों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि 25 नवंबर को दिलीप चौरसिया के बेटे प्रांशू का तिलक था। जिसमें गुज्जर गैंग का सदस्य रोहित आया था। डीजे पर डांस करने को लेकर रोहित का कुछ लोगों से विवाद हुआ। जिसके बाद आरोपी ने फोन कर दोस्तों को बुला कर तोड़फोड़ की थी। एसीपी ने बताया कि मुकदमा दर्ज करते हुए उत्पात में शामिल सत्यम को सोमवार को पकड़ा गया। गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। एसीपी ने बताया कि गैंग के सदस्यों को चिह्नित किया जा रहा है। करीब 52 लोगों के बारे में पता चला है। जो गुज्जर गैंग से जुड़े हैं। जल्द ही गुण्डा एक्ट की कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार ट्रक ने पति-पत्नी को रौदा, मौत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज में तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में पति-पत्नी की मौके पर मौत हो गई। हादसा गोसाईगंज कस्बा में शाम 5 बजे के आसपास हुआ है। मृतक कुशमेश कन्नौजिया (40) और पत्नी आरती (38) बाराबंकी के रहने वाले हैं। दोनों स्कूटी से सेखना घाट स्थित घर से बेटी प्रज्ञा, प्रतिज्ञा और बेटे सौरभ के साथ लखनऊ आ रहे थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में दोनों बेटियां सुरक्षित हैं। बेटे सौरभ का सिर फट गया है। उसका इलाज सीएचसी में चल रहा है। पुलिस ने ट्रक को सुशांत गोल्फसिटी के पास से पकड़ लिया है।

### छात्रा को ब्लैकमेल कर 80 हजार वसूले

**लखनऊ।** फोटो वायरल करने की धमकी देकर शोहदे ने छात्रा से 80 हजार रुपये ऐंठ लिए। इसके बाद भी रुपयों की मांग करता रहा। जिससे परेशान होकर पीड़िता ने कृष्णानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। जालौन निवासी युवती प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। 11 नवंबर को छात्रा के पास अनजान नम्बर से पहली बार कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि उसके पास छात्रा की फोटो और वीडियो है। कॉलर ने युवती का नाम लेकर पुकारा था। जिसकी वजह से पीड़िता घबरा गई। आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि तुम्हारी पर्सनल डिटेल मेरे पास है। लखनऊ में अकेले रहती है। कमरे से कोचिंग भी आती जाती हो। कभी भी कुछ हो सकता है। खैरियत चाहती हो तो रुपये देने होंगे। धमकी दिए जाने से सहमी छात्रा ने बताए गए खाते में पहली बार 21 हजार रुपये जमा किए। दबाव बना कर करीब 60 हजार रुपये और बैंक अकाउंट ट्रांसफर कराए। करीब 80 हजार रुपये ऐंठने के बाद भी रुपयों की मांग की जाती रही। जिससे परेशान होकर पीड़िता ने रविवार को कृष्णानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि एक मोबाइल नम्बर मिला है। जिसे सर्विलांस पर लेकर जांच की जाएगी।

# पूर्व जज की बेटी को शोहदा कर रहा परेशान, शादी का बना रहा दबाव

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पूर्व सिविल जज की बेटी को फर्जी आईएएस बनकर एक युवक परेशान कर रहा है। शादी न करने पर आरोपी युवक पीड़िता को तेल डालकर जलाने और मां का सिर काट कर नदी में फेंकने की धमकी दे रहा है। यही नहीं उसको लेकर अश्लील मैसेज और एडिट फोटो रिश्तेदारों को भेज कर बदनाम कर रहा है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि इसी सदमे में पीड़िता के जज पिता की मौत तक हो गई। पीड़िता की मां ने चिनहट थाना में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी के विषय में छानबीन कर रही है।



चिनहट निवासी सिविल जज की पत्नी ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी एलएलएम कर रही है। उसको 2020 में दीपक कुमार नाम ने बेटी से वाट्सएप पर मैसेज भेजा। उसने खुद को हरियाणा से बीटेक करने और लोक सेवा आयोग से 2023-24 में आईएएस में सिलेक्ट होने के बाद दिल्ली में ट्रैनिंग करने की बात कही। यही नहीं विश्वास दिलाने के लिए बेटी के वाट्सएप पर अपना आधार कार्ड भेजा। जिसमें उसका नाम दीपक कुमार और पता बनझुला वार्ड 5, बरमडिया ईस्ट चंपारण बिहार लिखा था। यही नहीं झूठे आईएएस ट्रेनिंग के वीडियो भी भेजता रहा। इसबीच जानकारी हुई दीपक फर्जी आईएएस है। दीपक से पूछताछ करने के साथ जांच पड़ताल की तो सामने आया कि वह दिल्ली में कंप्यूटर से जुड़ी कंपनी में प्राइवेट नौकरी करता है।

साथ ही मोबाइल हैक कर कई लड़कियों से इसी प्रकार कई लड़कियों से शादी का झांसा देकर ठगी कर चुका है। पीड़िता की मां का कहना है कि सूरज उनके कई रिश्तेदारों को वाट्सएप और ई-मेल भेजकर शादी का दबाव बना रहा था। साथ ही लगातार धमकी भरे फोन कर रहा है। जबकि बेटी दीपक कुमार को न ही जानती है और ना कभी शादी की बात की है। न ही दोनों के परिवार कभी मिले। इसके बाद भी वह बेटी का अपहरण कर जबरन शादी करने की धमकी देता है। अगर मुझसे शादी नहीं की तो मैं पेट्रोल तेजाब डालकर जला कर मार दूँगा और मेरा अपहरण करके सर को काट कर नदी में फेंक देने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि दीपक गलत इलेक्ट्रानिक कागज और एडिट फोटो बनाकर वायरल कर रहा है। साथ ही बेटी का मोबाइल नंबर हैक करके सभी रिश्तेदारों और उसकी सहेलियों उससे जुड़े अश्लील मैसेज और फोटो भेज रहा है। जिससे बेटी मानसिक तौर पर परेशान है। वहीं परिवार को आत्महत्या के लिए मजबूर कर रहा है। पीड़िता का कहना है कि पति भी बेटी की परेशानी और सूरज की हरकतों से परेशान हो गए। इसी सदमे में उनकी मौत हो गई। वह बेटी के साथ फर्जी शादी के कागज बनाकर करोड़ों की संपत्ति हड़प कर लेना चाहता है। इसके लिए वह कुछ भी करने को तैयार है। चिनहट इंस्पेक्टर भरत पाठक के मुताबिक पीड़ित परिवार की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# छीना-झपटी के दौरान हवा में लहराती नजर आई महिला

पर्स लेकर भागे बाइक सवार लूटेरे

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विकास नगर इलाके में एक महिला से पर्स लूटने की घटना सामने आई है। इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है, जिसमें बाइक सवार बदमाश महिला से पर्स छीनते हुए नजर आ रहे हैं। घटना के अनुसार, महिला देर शाम अपने घर की ओर लौट रही थी, जब दो बाइक सवार बदमाशों ने उसे घेर लिया। उन्होंने महिला का पर्स छीन लिया, जिसमें नकद पैसे और जरूरी दस्तावेज थे। लूटपाट के बाद बदमाश तेजी से फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि बाइक पर सवार दो बदमाश महिला के पास आते हैं और तेजी से उसका पर्स छीनकर भाग जाते हैं। महिला थोड़ी देर तक उनके पीछे दौड़ती है, लेकिन बदमाश तेजी से बाइक चला कर फरार हो जाते हैं। घटना के बाद महिला शॉक में थी और उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फुटेज की जांच शुरू कर दी है और आसपास के इलाके में लगे अन्य कैमरों से भी मदद ली जा रही है। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही बदमाशों को पकड़ा जाएगा और महिला का लूटा हुआ सामान बरामद किया जाएगा। इस घटना के बाद पुलिस ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है। अधिकारियों ने कहा कि वह महिला से लूट की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करेंगे। इसके अलावा, पुलिस ने क्षेत्र के लोगों से भी अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि के बारे में पुलिस को सूचित करें ताकि ऐसी घटनाओं पर काबू पाया जा सके। महिला से हुई लूट की इस घटना ने इलाके में सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए हैं, और अब पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### स्कूल बस नहीं स्टार्ट हुई तो बच्चों से लगवाया धक्का

**लखनऊ ।** मोहनलालगंज में रायबरेली हाईवे पर एक निजी स्कूल की बस स्टार्ट नहीं होने पर स्कूली बच्चों से धक्का लगवाया गया। इसी बीच किसी राहगीर ने बस को धक्का लगा रहे छात्रों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वॉयरल कर दिया। बच्चे यूनीफार्म पहने हुए हैं। वीडियो में बस चालक रांग साइड में ले जाते हुए छात्रों से धक्का लगवा रहा है। यह बस एक निजी स्कूल की है। हिन्दुस्तान वॉयरल वीडियो की पुष्टि नही करता है।

सोमवार की शाम किसी ने हाई पर एक स्कूली बस को धक्का लगाते हुए छात्रों का वीडियो वॉयरल कर दी। लोगों का कहना है कि यह वीडियो दोपहर का है। स्कूल तक रास्ता सही न होने की वजह से बस राबयरेली हाईवे पर खड़ी थी। स्कूल में छुट्टी होने के बाद बच्चे आकर बस में बैठ गए। बस न स्टार्ट होने पर चालक ने बच्चों से बस में धक्का लगवाया। इसी बीच किसी राहगीर ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# वी-2 मार्ट में भीषण आग

फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधाानी लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में तेलीबाग बाजार में स्थित वी-2 मार्ट (कपड़े का शोरूम) में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। आग लगने से अफरा तफरी का माहौल बन गया। घटना के समय स्टोर बंद था। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी आग बुझने में जुटे। शुरुआती जांच में आग का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। मौके पर पीजीआई इंस्पेक्टर रवि शंकर त्रिपाठी और फायर स्टेशन प्रभारी मौजूद हैं। कोई जनहानि नहीं हुई है। दमकल की तीन गाड़ियों ने करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। जानकारी के मुताबिक शोरूम के दूसरे फ्लोर पर आग लगी। ग्राउंड फ्लोर सुरक्षित था। जिस समय हादसा हुआ, दुकान के भीतर कोई नहीं था। इसकी वजह से




किसी को परेशानी नहीं हुई। दुकानदार की मानें तो लाखों के कपड़े जल गए हैं। स्टोर मैनेजर अनुराग ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे आग लगी। अस्टिटेंट मैनेजर अमित रॉय ने शटर खुलवाया तो देखा कि धुआं भरा हुआ है। उनका कहना है कि कितना नुकसान हुआ है, यह अभी बता पाना मुश्किल है। सुबह नौ बजे स्टोर पांच कर्मचारी, जिसमें दो अस्टिटेंट मैनेजर और चार स्टाफ थे, स्टोर पहुंचे तो धुआं दिखा। फायर बिग्रेड अधिकारियों ने बताया कि सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर आग की सूचना मिली थी। मौके पर दो गाड़िया पीजीआई और एक हजरतगंज से मंगाई गई। तीनों गाड़ियों ने आग पर कंट्रोल कर लिया।

# नगर निगम सदन में मुलायम की प्रतिमा प्रतिमा लगाने के प्रस्ताव पर हंगामा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम की सोमवार को हुई कार्यकारिणी की बैठक में पार्षदों ने हंगामा किया। बैठक शुरू होते ही सपा के पार्षदों ने मुंशी पुलिया पर पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की आदमकद प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव दिया, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया। जिसके बाद सपा पार्षद और कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र वाल्मीकि और शबा हसन ने कार्यकारिणी का बहिष्कार कर बाहर निकल गए। इधर, 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म का पेमेंट करने से निगम लेखाकार ने मना कर दिया। हाल में महापौर सुषमा खर्कवाल ने पार्षद और नगर निगम अफसरों को 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म दिखाई थी। इसके करीब 200 फिल्म टिकट और स्नैक्स का 46 हजार रुपए पेमेंट नगर निगम के खाते



से होना था। बैठक में निगम लेखाकार ने कहा कर्मचारियों को फिल्म दिखाने व अन्य खर्चों के भुगतान का प्रावधान नहीं है। इसका भुगतान निगम के खजाने से नहीं किया जाएगा। सुरेंद्र वाल्मीकि ने कहा सामान्य कार्यकारिणी की बैठक हुई, लेकिन किसी विषय पर निष्कर्ष निकलता नहीं दिखा है। पूर्व मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के नाम पर मुंशी पुलिया का नाम करने, उनकी आदम कद प्रतिमा लगाने और इस्माइल गंज प्रथम वार्ड मुलायम सिंह के नाम पर करने का प्रस्ताव रखा था। लेकिन मेयर ने नहीं सुना। उनका कहना है कि इसके पहले पूर्व में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह सहित अन्य लोगों के नाम पर प्रस्ताव स्वीकार किए गए हैं। प्रस्ताव स्वीकार नहीं होने पर कार्यकारिणी का बहिष्कार किया गया है।

# नियुक्ति पत्र की कर रहे आयुर्वेद अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सोमवार को नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर आयुर्वेदिक अभ्यर्थियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विधानसभा का घेराव करने जा रहे हैं अभ्यर्थियों को पुलिस ने रोक दिया। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने बताया कि 113 आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों को परिणाम घोषित होने के बाद भी नियुक्ति पत्र नहीं मिल रहा है। अभ्यर्थियों का कहना है कि 2023 में 113 अभ्यर्थी चुने गए थे। एक साल बीत गए फिर भी नियुक्ति पत्र नहीं मिला। पत्र के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हर बार लोक सेवा आयोग की तरफ से आश्वासन मिलता है कि जल्द ही नियुक्ति पत्र मिल जाएगा। 19 दिसंबर 2023 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा आयोजित की गई। इसके बाद परिणाम जारी किया गया। चयनित अभ्यर्थियों का 25-जून-2024 को दस्तावेज सत्यापन और स्वस्थ्य परीक्षण हुआ। नियुक्ति से सम्बन्धित सभी आवश्यक दस्तावेज और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद भी नियुक्ति नहीं मिली। प्रदर्शनकरियों ने कहा कि अधिकारी लगातार सीएम योगी के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि भर्ती प्रक्रिया को बाधित न किया जाए। नियुक्ति से संबंधित समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए। तमाम आदेशों के बाद भी अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। बेरोजगार अभ्यर्थी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। आर्थिक संकट में लखनऊ आना अधिकारियों से मिलना यह बड़ी चुनौती है। हमारी यह मांग है कि तत्काल 113 आयुर्वेद अधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर उनके साथ न्याय किया जाए।

# एमिटी यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** एमिटी यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश, लखनऊ कैंपस ने अपने दीक्षांत और डिग्री वितरण समारोह-2024 ऐतिहासिक उत्सव मनाया। इस अवसर पर स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के 1,531 छात्रों की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया और 64 डॉक्टरेट (पीएचडी.) डिग्रियां प्रदान की गई। विश्वविद्यालय ने प्रबंधन, इंजीनियरिंग, कानून, मनोविज्ञान, ललित कला और फैशन प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न विषयों के छात्रों को सम्मानित किया।

2024 के बैच के लिए आयोजित इस भव्य आयोजन में डिग्री, डिप्लोमा, प्रमाणपत्र, और 126 अवार्ड प्रदान किए गए, जिनमें 34 स्वर्ण, 35 रजत, और 16 कांस्य पदक के साथ 07 सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण छात्र ट्रॉफियाँ शामिल थीं। इसके अलावा, मानव और पारंपरिक मूल्यों




में उत्कृष्टता के लिए 35 श्री बलजीत शास्त्री पुरस्कार प्रदान किए गए। इस समारोह के दौरान, सुधीर मिश्रा, स्थानीय संपादक, नवभारत टाइम्स, लखनऊ, और विनोद पांडे, क्लस्टर जीएम, होटल ताज लखनऊ को मानद प्रोफेसरशिप से सम्मानित किया गया। एमिटी यूनिवर्सिटी लखनऊ कैंपस के चेयरमैन डॉ. असीम चौहान ने दीक्षांत और डिग्री वितरण समारोह की शोभा बढ़ाई। दीक्षांत समारोह की शुरुआत एक शैक्षणिक जुलूस से हुई, जिसका नेतृत्व डॉ. राजेश कुमार तिवारी, डीन अकादमिक, ने किया। इस जुलूस में प्रो. (डॉ.) अनिल वशिष्ठ, प्रो-वाइस चांसलर, एमिटी यूनिवर्सिटी लखनऊ कैंपसय विंग कमांडर डॉ. अनिल कुमार तिवारी, डिप्टी प्रो-वीसीय प्रो. कमर रहमान, डीन रिसर्च, साइंस एंड टेक्नोलॉजीय सहित सभी संस्थानों एवं विभागों के प्रमुख शामिल थे। दीक्षांत समारोह में स्नातकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए, डॉ. असीम चौहान ने कहा, ÷मुझे एक बात का पूरा विश्वास है, आप जो भी करेंगे, जिस भी मार्ग पर चलेंगे और जो भी क्षेत्र चुनेंगे, आप सभी उच्चतम स्तर की सफलता प्राप्त करेंगे। आप न केवल अपने लिए बल्कि अपने परिवार, समाज और समुदाय के लिए भी योगदान देंगे, क्योंकि यह एक एमीटियन की विशेषता है।÷उन्होंने आगे कहा, यह कार्यक्रम केवल हमारे उत्कृष्ट स्नातकों की उपलब्धियों का उत्सव नहीं है, बल्कि उनके परिवारों का भी सम्मान है। यह इस बात द्योतक है कि सफलता केवल व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम नहीं होती, बल्कि प्रियजनों के मार्गदर्शन और समर्थन का भी योगदान होता है। डॉ. असीम चौहान ने एमिटी एजुकेशन ग्रुप के संस्थापक-अध्यक्ष, डॉ. अशोक के. चौहान के दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शक मंत्र 'भाग'- (व्यवहार विज्ञान, मानवीय मूल्य, दृष्टिकोण, महत्वाकांक्षा और ईश्वर) है जो कि जीवन भर की सफलता का सूत्र है।

# अब हाईकोर्ट ने यूपी पुलिस को रगड़ा

## गर्भवती महिला को हिरासत में लेने पर एक लाख का जुर्माना लगा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों यूपी पुलिस पर गहरी नाराजगी जताते हुए फटकार लगाई थी। अब हाईकोर्ट ने यूपी पुलिस को एक गर्भवती महिला और उसके दो साल के बच्चे को अपहरण के एक मामले में बयान दर्ज करने के लिए छह घंटे से अधिक समय तक हिरासत में रखने पर कड़ी फटकार लगाई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने इसे शक्ति का दुरुपयोग और यातना करार दिया है। अदालत ने पुलिस को आठ माह की गर्भवती महिला को एक लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश भी दिया है। यूपी सरकार को भी महिलाओं के मामलों को सावधानी से संभालने के लिए दिशा निर्देश देने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया है। यह मामला महिला के परिवार ने दर्ज कराया था। इस मामले की अगली सुनवाई 11 दिसंबर को मुकर्रर की गई है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने यूपी पुलिस को लताड़ लगाते हुए यहां तक कह दिया कि ऐसा आदेश पारित करेंगे कि डीजीपी को जिंदगी भर याद रहेगा।

महिला के परिवार ने आगरा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि अगस्त 2021 में परीक्षा देने जाते समय उसका अपहरण कर लिया गया था। प्राथमिकी दर्ज की गई लेकिन मामले की जांच में ज्यादा प्रगति नहीं हुई। महिला के पति द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका की सुनवाई के दौरान उनके वकील राघवेंद्र पी सिंह और मोहम्मद शेराज ने अपहरण के आरोप का खंडन करते हुए कहा कि उसकी शादी हो चुकी है और वह लखनऊ में अपने पति के साथ रह रही है। याचिकाकर्ता के वकीलों ने हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ को बताया कि आगरा पुलिस के उपनिरीक्षक अनुराग कुमार ने आठ माह की गर्भवती महिला को उसके दो वर्षीय बच्चे के साथ अपहरण मामले में बयान दर्ज करने के लिए 29 नवंबर को लखनऊ में हिरासत में लिया था।

उन्होंने दावा किया कि जांच अधिकारी न तो केस डायरी लाया था और न ही महिला को छह घंटे से अधिक समय तक लखनऊ के चिनहट थाने में हिरासत में रखने से पहले उसकी उम्र की जांच की। शुक्रवार को अपने फैसले में न्यायमूर्ति अताउरहमान मसूदी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने पीड़िता के अधिकारों के उल्लंघन पर गंभीर चिंता व्यक्त की और कहा कि जांच अधिकारी प्राथमिकी में लगाए गए आरोपों पर ध्यान देने में विफल रहे। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जिस तरह से पुलिस ने अपनी ड्यूटी की, वह कानून की प्रक्रिया के मुताबिक नहीं है और यह शक्ति का दुरुपयोग है। पीठ ने यह भी आदेश दिया कि पीड़िता को तुरंत रिहा किया जाए और लखनऊ में उसके घर वापस ले जाया जाए और उसके वकील की मौजूदगी में उसके पति को सौंप दिया जाए। अदालत ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को संबंधित अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने और तीन महीने के भीतर अदालत को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि महिला गर्भावस्था के अंतिम चरण में है और उसके साथ उसका बच्चा भी है और उसे ऐसी परिस्थितियों में कभी भी पुलिस हिरासत में नहीं रखा जाना चाहिए था। पीठ ने राज्य से दस दिनों के भीतर एक हलफनामा मांगा जिसमें फैसले का पालन करने के लिए उठाए गए कदमों की रूपरेखा हो।

# महीन सुराख से रीढ़ की हड्डी के फ्रैक्चर का इलाज

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** केजीएमयू में पेन मेडिसिन क्लीनिक के डॉक्टरों ने रीढ़ की हड्डी के फ्रैक्चर का इलाज बिना ऑपरेशन करने में कामयाबी हासिल की है। महीन सुराख से मरीज का इलाज पूरा हो गया है। डॉक्टरों का कहना है कि मरीज को दर्द से राहत मिल गई है।

कुशीनगर निवासी रामचंद्र (64) को रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया था। इसकी वजह से मरीज को पीठ में भीषण दर्द हो रहा था। कई स्थानीय अस्पतालों में दिखाया। लेकिन दर्द से राहत नहीं मिली। पेन मेडिसिन क्लीनिक की डॉ. सरिता सिंह ने बताया कि ओपीडी में मरीज को देखा। जरूरी जांचें कराईं। पता चला कि उनकी रीढ़ में एक हड्डी दब गई है। जो दर्द का कारण है। चिकित्सा विज्ञान में इस बीमारी को अस्टियोपोरोटिक वर्टीब्रल कंप्रेशन फ्रैक्चर कहा जाता है।

मरीज का इलाज नई तकनीक से करने का फैसला किया गया। इसे मिनीमली इनवैसिव स्पाइन प्रोसिजर कहा जाता है। इसमें सुराख के माध्यम से पॉलीमेथील्थेक्रीलेट सीमेंट नाम का विशेष पदार्थ भरा गया। इलाज की प्रक्रिया में करीब एक घंटे के भीतर ही मरीज को दर्द से राहत मिल गई। इससे न सिर्फ दबी हुई हड्डी ऊपर आई बल्कि उसे मजबूती भी मिली। उन्होंने बताया कि तीन से चार घंटे में मरीज चलने-फिरने भी लगा। यह प्रोसिजर आयुष्मान योजना के तहत किया गया।

डॉ. सरिता सिंह, डॉ. मनीष कुमार सिंह, डॉ. अजय चौधरी, डॉ. मुख्तदीर जमाल, शिवम पटेल, पंकज, नर्स सुधा, नर्स अंजली, वार्ड ब्वॉय सतीश पांडेय और अनुज शामिल रहे।

# किसानों के सांसद मार्च आंदोलन में सीटू कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा: गंगेश्वर दत्त शर्मा

- गौतमबुद्धनगर, किसानों का नोएडा दिल्ली कूच टला
- किसानों ने प्राधिकरणों को दिया एक हफ्ते का वक्त,मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे दोबारा दिल्ली की ओर कूच करेंगे

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** किसानो को दिल्ली जाने से रोकने के लिए प्रशासन ने पूरी ताकत लगा दी जगह-जगह लोगों को आंदोलन में शामिल होने से रोका गया। किसानों के आंदोलन का समर्थन कर रहे मजदूर संगठन सीटू के जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा को थाना सेक्टर- 49, पुलिस द्वारा सुबह 7ः00 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही किसान नेता बी. सी. प्रधान, सुभाष चौधरी आदि नेताओं को भी गिरफ्तार किया गया। लोगों को जानकारी होने पर बड़ी संख्या में लोग थाना पर पहुंच गए और पुलिस को मजबूर होकर गिरफ्तार नेताओं को छोड़ना पड़ा। इसी तरह विभिन्न गांव में किसानों को आंदोलन में शामिल होने से रोका गया और जगह- जगह गिरफ्तार किये जाने के बाद भी बड़ी संख्या में किसान आंदोलन में शामिल हुए।

आंदोलन की जानकारी देते हुए सीटू जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा समेत उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों के किसानों ने अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच की योजना फिलहाल एक हफ्ते के लिए रोक दी है। यह निर्णय आंदोलन स्थल पर सोमवार को ग्रेटर नोएडा, नोएडा और यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ किसानों की लंबी बैठक के बाद लिया गया। किसानों ने कहा है कि वे दलित प्रेरणा स्थल पर एक हफ्ते तक इंतजार करेंगे। अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे दोबारा दिल्ली की ओर कूच करेंगे।इससे पहले सोमवार दोपहर, किसानों ने नोएडा के महामाया फ्लाईओवर पर एकत्र होकर संसद का घेराव करने के लिए दिल्ली की ओर बढ़ना शुरू किया। पुलिस ने उन्हें दलित प्रेरणा स्थल पर रोकने की कोशिश की, लेकिन किसान बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए वज्र वाहन, ऋॠ के जवान और ड्रोन से निगरानी तैनात की गई। इस दौरान नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर करीब 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

किसानों के संसद मार्च में सीपीआई एम दिल्ली एनसीआर राज्य सचिव मंडल सदस्य सिद्धेश्वर शुक्ला, बृजेश कुमार सिंह, सीटू जिला सचिव रामस्वारथ, जनवादी महिला समिति की जिला नेता गुड़िया देवी, अखिल भारतीय किसान सभा के केंद्रीय कमेटी के नेता पुष्पेंद्र त्यागी, मनोज कुमार सहित विभिन्न किसान संगठनों के नेताओं/ कार्यकर्ताओं ने आंदोलन में बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया।

**किसानों की मुख्य मांगें:**

1. जमीन अधिग्रहण के बदले किसानों को 10त्न प्लॉट दिया जाए।
2. 64.7त्न की दर से मुआवजा सुनिश्चित किया जाए।
3. नए भूमि अधिग्रहण कानून के अनुसार, बाजार दर का चार गुना मुआवजा मिले।
4. भूमिधर और भूमिहीन किसानों के बच्चों को रोजगार और पुनर्वास के लाभ दिए जाएं।

बैठक के बाद बनी सहमति

किसानों और तीनों प्राधिकरणों के बीच कई घंटे तक बातचीत चली। अधिकारियों ने किसानों से एक हफ्ते का समय मांगा, जिसे किसानों ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद एक्सप्रेसवे से बैरिकेडिंग हटा दी गई और वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई। फिलहाल, किसान राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल में डेरा डाले हुए हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे वहां से नहीं हटेंगे। गाजियाबाद, नोएडा और यमुना प्राधिकरण के अधिकारी लगातार किसानों से बातचीत कर रहे हैं। किसानों को मुख्य सचिव से वार्ता और उनकी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

किसान नेता डॉ रुपेश वर्मा, सुखबीर खलीफा, बृजेश भाटी, सुनील फौजी आदि नेताओं ने स्पष्ट किया है कि अगर एक हफ्ते में उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे दोबारा दिल्ली की ओर कूच करेंगे।

## पूर्व आईएएस अधिकारी मोहम्मद मुस्तफा की बेटी ने 29वीं मंजिल से कूदकर जान दी

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 128 स्थित जेपी विशटाउन सोसाइटी में पूर्व आईएएस मोहम्मद मुस्तफा की बेटी रिधा (24) ने 29वीं मंजिल से कूद कर खुदकुशी कर ली। मामले की सूचना पर सेक्टर 126 थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मोहम्मद मुस्तफा उत्तर प्रदेश के चर्चित आईएएस अधिकारी रहे हैं।

नोएडा के सेक्टर 128 स्थित जेपी विशटाउन सोसाइटी में रिधा मुस्तफा अपने परिवार के साथ रहती थी। बताया जा रहा है कि उनके पिता यूपी कैडेर के पूर्व आईएएस अधिकारी मोहम्मद मुस्तफा हैं।

रविवार को रिधा ने सोसाइटी की 29वीं मंजिल स्थित फ्लैट से कूद कर खुदकुशी कर ली। घटना के बाद मौके पर काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। सोसाइटी के गार्डों ने तुरंत इस घटना की सूचना सेक्टर-126 थाना पुलिस को दी।

मृतका के पिता मोहम्मद मुस्तफा ने इसी साल स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी। वहीं इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना की गहनता से जांच की जा रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। जांच के लिए पुलिस टीम सोसाइटी और टावर के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस का कहना है कि रिधा मुस्तफा काफी दिनों के तनाव में थी। मोहम्मद मुस्तफा 1995 बैच के अधिकारी है। उन्होंने इसी साल जून में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी।

## जगदगुरु स्वामी नारायण तीर्थ शंकराचार्य कलिघापीठम का नोएडा दौरा

- संस्कृत गुरुकुल का उद्घाटन सेक्टर 62 स्थित अय्यप्पा मंदिर मे किया

लोकमित्र ब्यूरो




**नोएडा।** ने जगद्गुरु स्वामी नारायण तीर्थ शंकराचार्य (कलिघापीठम, चेन्नई) की पावन उपस्थिति का साक्षात्कार किया, जब उन्होंने नवस्थापित संस्कृत गुरुकुल का उद्घाटन किया। यह शुभ अवसर पारंपरिक दक्षिण भारतीय संगीत, नादस्वरम और तविल वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि तथा दीप प्रज्वलन से सजी आध्यात्मिक और मनोहारी अनुभूति के साथ संपन्न हुआ।

उद्घाटन समारोह के दौरान, पूज्य जगद्गुरु ने ज्ञानवर्धक सत्र में चार पुरुषार्थ–धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष–की महत्ता पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने मानव जीवन की दुर्लभता और पवित्रता पर जोर देते हुए कहा, अनगिनत जन्मों और जीवन चक्रों के बाद मनुष्य के रूप में जन्म लेने का सौभाग्य प्राप्त होता है। यह जीवन उच्चतर आध्यात्मिक लक्ष्यों को प्राप्त करने का एक अनमोल अवसर है। इस सत्र ने सभी उपस्थितजनों को गहराई से प्रेरित किया। जगद्गुरु ने अपनी दिव्य कृपा और आशीर्वाद से सभी को कृतार्थ किया। उनकी उपस्थिति श्रद्धा और आस्था का स्रोत बनी, विशेष रूप से उन भक्तों के लिए जो इस पवित्र क्षण का साक्षी बनने आए थे।

इस अवसर पर कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें अयप्पा समिति के अध्यक्ष श्री टी.पी. नंदन, सचिव श्री वेणुगोपाल, और नोएडा प्राधिकरण के हॉर्टीकल्चर प्रमुख श्री आनंद मोहन सिंह शामिल थे। त्यागराजा सेंटर फॉर म्यूजिक एंड डांस के संस्थापक गुरु आर.वी. त्यागराजन और अन्य प्रतिष्ठित भक्तों ने भी इस शुभ अवसर की शोभा बढ़ाई।

अयप्पा समिति की ओर से श्री मोहन नायर और श्री जयकुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, स्वामीजी के करीबी सहयोगी श्री सेंथिलनाथ और श्री शक्तिवेल ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## किसानों के आंदोलन को समाजवादी पार्टी का पूर्ण समर्थन



- किसानों की आवाज दबाने का काम कर रही है सरकार: सुनील चौधरी

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व नोएडा विधानसभा 61 के पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी ने एक बयान जारी कर किसान आंदोलन को समाजवादी पार्टी का पूर्ण समर्थन देने की बात कही है, उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र और प्रदेश की संवेदनहीन सरकार अन्नदाताओं का हक मारने का काम कर रही है

वर्तमान सरकार पूंजीपतियों के दबाव में किसानों की आवाज को दबाने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि किसानों के प्रत्येक मांगों का समाजवादी पार्टी पूर्ण समर्थन करती है और किसानों के हितों के लिए सदैव उनके साथ खड़ी है।

## महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद महाराज जी का नोएडा में हुआ भव्य स्वागत

- महामंडलेश्वर श्री स्वामी पंचमानंद जी महाराज ने सभी भक्तों को महाकुंभ प्रयागराज में आने के लिए आमंत्रण पत्र भी दिया और महाकुंभ का महात्म्य भी विस्तार पूर्वक बताया

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** सेक्टर 82 पाकेट 7 में अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 स्वामी पंचमानंद जी महाराज के नोएडा आगमन पर सर्व शक्ति साधना मंडल नोएडा के साधक एवं साधिकाओं ने जोरदार स्वागत किया। महामंडलेश्वर के तीन दिवसीय प्रवास में सर्व शक्ति साधना मंडल द्वारा एक सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसका संचालन प्रयागराज की धरती से पधारे आचार्य विश्वनाथ त्रिपाठी ने किया। महामंडलेश्वर श्री स्वामी पंचमानंद जी महाराज ने सभी भक्तों को महाकुंभ प्रयागराज में आने के लिए आमंत्रण पत्र भी दिया। और महाकुंभ का महात्म्य भी विस्तार पूर्वक बताया।

महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद जी के प्रवचन के बाद भजन कीर्तन तथा आरती हुई।और महाप्रसाद भी वितरित किया गया।

इस मौके पर देव मणि शुक्ल, संजय पांडेय, गोरे लाल, रवि राघव, हरि शंकर सिंह, सिया राम, अंगद सिंह तोमर, राजेश कुमार गुप्ता, रमेश कुमार वर्मा, सत्येन्द्र कुमार सिंह, संगम प्रसाद मिश्र, दरवीर सिंह, हंस मणि शुक्ल, अनिल कुमार चौधरी, प्रकाश जोशी, संजय शुक्ला, सर्वेश तिवारी, संजय कर्ण, दिनेश पाठक, भोला नाथ खन्ना, सुरेश उपाध्याय, अवनीश कुमार तिवारी, दिलीप राय, प्रद्युम्न सिंह, धर्मेंद्र सिंह, श्रीमती नीलम द्विवेदी, वीरेन्द्र कुमार राय, शिव कुमार पाठक, सी एल तिवारी, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, विवेक सिंह, रंजन गिरी, प्रमोद भारद्वाज, ललित शर्मा आदि भक्त गण मौजूद रहे।

## आई एम ए यू बी स्टेट की कॉन्फ्रेंस गाजियाबाद में हुई सफलतापूर्वक संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो




**गाजियाबाद ।** 15 साल बाद आई एम ए यू पी स्टेट की कॉन्फ्रेंस गाजियाबाद में अभूतपूर्व तरह से डॉ राजीव गोयल सर्जन के द्वारा संभव की गई एवं आई एम ए यू पी स्टेट के अध्यक्ष इलेक्ट 2025-26 होने का गौरव उनको प्राप्त हुआ । 89 वे वार्षिक आई एम ए चिकित्सा सम्मेलन में 500 से अधिक चिकित्सकों का सम्मिलित होना एवं मेडिकल कार्उसिल द्वारा 6 क्रेडिट अवर्स एलॉट करना अपने आप में गुणवत्ता को बताता है यह गाजियाबाद के लिए गौरव की बात है ।डॉ राजीव गोयल (सर्जन)राष्ट्रीय आई एम ए में भी सहसचिव के पद पर यू पी स्टेट का प्रतिनिधित्व करते हैं। गाजियाबाद आईएमए में आपका अध्यक्ष कार्यकाल भी अभूतपूर्व रहा है। 89 वे चिकित्सा सम्मेलन मे 40 विशेषज्ञों द्वारा 200 विद्यार्थियों एवं 300 चिकित्सकों को नवीनतम चिकित्सा प्रणालियों में ट्रेंड करना आसान नहीं था यह उनके कर कमल द्वारा ही संभव हो सका।हमारे सदस्य डॉ राजीव गोयल सर्जन के आई एम ए यू पी स्टेट के प्रेसिडेंट इलेक्ट के पद पर आसीन होने पर आई एम ए गाजियाबाद आपका अभिनंदन करती है ।

## नोएडा मीडिया कप 2024 का शानदार आगाज, दो रोमांचक मैचों के साथ हुआ शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो




**नोएडा।** मीडिया क्लब द्वारा आयोजित नोएडा मीडिया कप 2024 का शानदार आगाज हुआ। टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट सेक्टर-123 स्थित एनसीआर स्पोर्टस ग्राउंड पर खेले जा रहे हैं।

टूर्नामेंट का पहला मैच नोएडा मीडिया क्लब की दो टीमों के बीच खेला गया। ए टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 186 रन बनाएं। नवनीत ने 24 और अश्विन ने 21 रनों की पारी खेली। अंकित और समीर ने तीन-तीन विकेट लिए। जवाब में नोएडा मीडिया क्लब की दूसरी टीम ने दो विकेट खोकर आसानी से मैच जीत लिया। समीर ने 74 और अंकित ने 58 रनों की पारी खेली। समीर को मैन ऑफ द मैच और नवनीत को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरा मैच नोवरा और नेटवर्क-10 की टीमों के बीच खेला गया। नोवरा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 221 रन बनाएं। शिवम चौहान ने 22 गेंद पर 59 रन और आदी ने 46 गेंद पर 59 रनों की पारी खेली। नेटवर्क-10 की तरफ से प्रवीन अवाना ने दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेटवर्क-10 की टीम ने 3 विकेट खोकर 15.4 ओवर में मैच जीत लिया। अतुल अवाना ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए मात्र 43 गेंद पर 111 रन बनाए। वहीं आर्यन त्यागी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 18 गेंद पर नाबाद अर्धशतक लगाते हुए 54 रन की पारी खेली। अतुल अवाना को मैन ऑफ द मैच और शिवम चौहान को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए उद्योगपति डा पीयूष द्विवेदी ने कहा कि नोएडा मीडिया कप 2024 के आयोजन के लिए नोएडा मीडिया क्लब की पूरी टीम ने कड़ी मेहनत की है। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य मीडिया पेशेवरों के साथ ही शहर के विभिन्न संगठनों के बीच खेल भावना और एकता को बढ़ावा देना है। टूर्नामेंट के आयोजन में यू-फ्लैक्स, बनारसी जीरा, समुराई पवित्रा कंपनी, मदरलैंड अस्पताल, एचआरडी ग्रुप, एनएईसी, रिद्धी सिद्धी पेपर, एवियर कॉलेज और धर्मशिला कैंसर अस्पताल सहयोग कर रहे हैं।

## जीएल बजाज में कपडे वितरण कार्यक्रम का आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** स्थित जी.एल. बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए एक उत्कृष्ट पहल के तहत कपड़े वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) और अभ्युदय क्लब के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद और गरीब वर्ग के लोगों को सर्दी से बचाने के लिए गर्म कपड़े प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक डॉ. मानस कुमार मिश्रा, डीन छात्र कल्याण डॉ. एम.एस. नरूका, सीएसई विभागाध्यक्ष डॉ. संसार सिंह चौहान, एआईएमएल विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश कुमार, और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ. वी.आर. मिश्रा ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके साथ ही एनएसएस पीओ 4 यूनिट की कुमारी प्रीति सरोज ने कार्यक्रम का समन्वयन किया। कॉलेज के छात्रों ने भी बड़ी संख्या में कपड़े दान करके इस प्रयास को सफल बनाया। इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने आयोजन समिति और छात्रों को बधाई दी। और कहा कि यह कार्यक्रम समाज के वंचित वर्गों तक मदद पहुंचाने की जी.एल. बजाज की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## एवियर एजूकेशन हब कालेज ने फ्रेशर पार्टी का किया आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** सेक्टर 62 स्थित एवियर एजुकेशनल हब कॉलेज ने फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता और संस्थान के चेयरमैन संदीप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस आयोजन में डीजे वायला के लाइव प्रदर्शन, रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और एक भव्य फैशन शो ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में बीसीए के मोहित मिस्टर फ्रेशर 2024, बीए की सानिया मिस फ्रेशर 2024, बीसीए के सचिन मिस्टर हैंडसम 2024, बीसीए की दुर्गा मिस गॉर्जियस 2024 बनी।

जिला अध्यक्ष श्री मनोज गुप्ता जी ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि एवियर एजुकेशनल हब हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने संस्थान की प्रशंसा करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रतीक बताया।

कॉलेज अध्यक्ष श्री संदीप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संस्थान ने अपनी नवीन शिक्षण पद्धतियों, शैक्षणिक कौशल, और जीवंत छात्र समुदाय के माध्यम से निरंतर प्रगति की है। उन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में कॉलेज बोर्ड सदस्य अमरेश कुमार, प्रबंध निदेशक कनिका सिंह, महानिदेशक प्रोफेसर एस.के. शुक्ला, और कार्यकारी निदेशक डॉ. अशमिंदर सिंह भी उपस्थित रहे।

## यूपी के किसानों ने एक हफ्ते तक दिल्ली कूच टाला

- नोएडा एक्सप्रेस-वे से बैरिकेडिंग हटाई गई
- यूपी के किसानों ने एक हफ्ते तक दिल्ली कूच टाला, नोएडा एक्सप्रेस-वे से बैरिकेडिंग हटाई गई

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** यूपी के किसानों ने एक हफ्ते तक दिल्ली कूच नहीं करने का फैसला लिया है। इसके बाद नोएडा एक्सप्रेस-वे से बैरिकेडिंग हटा दी गई और आवाजाही फिर से शुरू हो गई।

यूपी के किसानों ने एक हफ्ते तक दिल्ली कूच नहीं करने का फैसला लिया है। यह निर्णय किसान नेताओं की ग्रेटर नोएडा, नोएडा और यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद लिया गया। इसके बाद नोएडा एक्सप्रेस-वे से बैरिकेडिंग हटा दी गई और आवाजाही फिर से शुरू हो गई। किसानों ने अपनी मांगों पर केंद्र सरकार से एक हफ्ते का समय मांगा है। इस दौरान किसान दलित प्रेरणा स्थल पर आंदोलन करेंगे, और अगर एक हफ्ते में उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे फिर से दिल्ली कूच करेंगे।

**किसानों ने एक हफ्ते का समय लिया:** किसान संगठनों और तीनों प्राधिकरणों के बीच कई घंटे की बातचीत के बाद, ग्रेटर नोएडा, नोएडा और यमुना प्राधिकरण ने किसानों से एक हफ्ते का समय मांगा, जिसे किसानों ने स्वीकार कर लिया। किसानों का कहना है कि वे अब दलित प्रेरणा स्थल पर एक हफ्ते तक इंतजार करेंगे। अगर एक हफ्ते में उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ, तो वे दिल्ली कूच करेंगे। इस बीच, एक्सप्रेस-वे पर बैरिकेडिंग हटा दी गई है और आवाजाही सामान्य हो गई है।

**अधिकारियों ने किसानों को दिया समाधान का आश्वासन:** ज्वाइंट सीपी लॉ एंड ऑर्डर नोएडा, शिवहरि मीना ने कहा, ÷किसानों ने आज दिल्ली चलो मार्च का ऐलान किया था और हम लगातार उनसे संपर्क में थे। किसानों ने अपनी सभी मांगें अधिकारियों के सामने रखी हैं, और अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया है कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द किया जाएगा।

**पवन खटाना का बयान, किसानों के हक के लिए संघर्ष जारी रहेगा:** भारतीय किसान यूनियन के नेता पवन खटाना ने कहा, ÷गौतमबुद्ध नगर के जिन किसानों की ज़मीन गई है, उनके लिए हमारी मुख्य मांग है कि उन्हें 10त्न विकसित प्लॉट दिया जाए और जिन किसानों को अभी तक पारिश्रमिक नहीं मिला है, उन्हें 64.7त्न मुआवज़ा दिया जाए। 2013 में गौतमबुद्ध नगर के किसानों ने भूमि अधिग्रहण कानून के लिए संघर्ष किया और उसे पास करवाया, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया। न कोई किसान को चार गुना मुआवज़ा मिला है, न ही सर्किल रेट में वृद्धि हुई है। एयरपोर्ट के कारण किसान विस्थापित हो रहे हैं, लेकिन विस्थापन नीति में कोई बदलाव नहीं किया गया। हम तब तक विरोध जारी रखेंगे जब तक नीति में बदलाव नहीं होता। हमने सड़क नहीं रोकी है, प्रशासन ने यह किया है। हम अपनी योजना के अनुसार आगे बढ़ रहे थे।

**अन्नदाता के हक के लिए लड़ेंगे**

भारतीय किसान परिषद के नेता सुखबीर खलीफा ने कहा, ÷हम मजबूत इरादों और पूरी मेहनत और समर्पण के साथ आए हैं, ताकि हमारे %अन्नदाता% के अधिकारों के लिए संघर्ष कर सकें। किसानों का शोषण हो रहा है, लेकिन अब ऐसा नहीं होने देंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें 10त्न भूखंड मिलें। हमें आश्वासन मिला है कि सचिव स्तर की बातचीत के बाद हमारी समस्याओं का समाधान होगा। तब तक हम दलित प्रेरणा स्थल पर डेरा डालेंगे। हम न आगे बढ़ेंगे और न पीछे हटेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

**अमेठी।** जनपद में कार्यरत कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निशा अनंत के निर्देशन में एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के मार्गदर्शन में स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को चिन्हित कर उनकी फोटो नाम सहित कलेक्ट्रेट में लगाई जाएगी। इसका उद्देश्य जनपद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यों एवं दायित्वों के प्रति प्रोत्साहित करना एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करना है। इसके तहत माह नवंबर 2024 में जनपद के अलग-अलग विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 स्टार परफॉर्मर को चिन्हित किया गया है जिनमें अमित विश्वकर्मा ई0डी0एम0 अमेठी, आशीष गुप्ता लाइनमैन विद्युत संविदा, मोहनलाल सफाई कर्मचारी सवितापुर तिलोई, श्रीमती नूतन मिश्रा सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय पन्हौना, सीमा देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री आंगनबाड़ी केंद्र गोदें, श्याम सुंदर लेखपाल, अनिल कुमार सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी बहादुरपुर, मोहम्मद सफीर उल्लाह ग्राम विकास अधिकारी बहादुरपुर, उर्मिला तिवारी आशा ब्लाक जगदीशपुर, बेचू प्रसाद सफाई कर्मचारी नगर पालिका परिषद गौरीगंज के नाम शामिल हैं। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह चलाया जाएगा।

### मवेशी से टकराकर युवक घायल

**पाटन, उन्नाव।** उन्नाव लालगंज हाइवे पर बिहार थाना क्षेत्र के छांछीराईखेडा गांव के पास मवेशी से टकराकर बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उसे सुमेरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लायी जहां प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बिहार थाना क्षेत्र के हुलासीखेडा निवासी रोहित कुमार पुत्र गंगादीन कस्बा पाटन से अपने घर जा रहा था। तभी वह थाना क्षेत्र के छांछीराईखेडा गांव के पास मवेशी से टकराकर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उसे सुमेरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लायी जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मानवाधिकार रक्षा मंच ने जताई चिंता

**शाहजहांपुर।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दू बौद्ध सिख ईसाई पर हो रहे अत्याचार एवं हमले पर मानवाधिकार रक्षा मंच ने चिंता जताई है। जिसको लेकर मानवाधिकार रक्षा मंच ने ऐलान किया है कि 4 दिसम्बर को खिरनीबाग रामलीला मैदान में हिंदू समाज एकजुट होकर बंग्लादेश मे हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार पर आक्रोश जताते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा जाएगा। मानवाधिकार रक्षा मंच के विभाग प्रचार प्रमुख नरेंद्र शुक्ला ने बताया कि बंग्लादेश मे हिंदुओं सहित बौद्ध सिख ईसाई सभी अल्पसंख्यक समुदाय पर अत्याचार किया जा रहा है। महिलाओं बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है। दुकानें जलाई जा रही है मकानों पर मुस्लिम समुदाय कब्जा कर रहा है। सारी अत्याचार की हदे मुस्लिम समुदाय ने पार कर दी है। अल्पसंख्यक समुदाय बंग्लादेश से पलायन करने को मजबूर है। वही रक्षा मंच के उपाध्यक्ष विनय अग्रवाल ने बताया कि बंग्लादेश में हिंदुओं को चुन चुन कर मारा जा रहा है। उनको सुनने बाला कोई नही है। मुस्लिम समुदाय द्वारा हिंदुओं व बौद्ध समुदाय का बड़ी संख्या में नरसंहार किया गया है। हिंदुओ का नेतृत्व कर रहे इस्कान के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को बंग्लादेश सरकार ने जेल में डाल दिया। जबकि उनकी पैरवी करने बाले दो बकीलों में एक की गोली मारकर हत्या कर दी गई तथा एक बकील का अपहरण कर लिया गया। उन्होंने बताया कि जिसके सम्बंध में हिंदुओ को अपनी आबाज बुलंद करने के लिए खिरनीबाग रामलीला मैदान में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान मानवाधिकार रक्षा मंच के मंत्री सुरेंद्रनाथ बाल्मीकि, राम सिंह, मुनेश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### चाय एवं कंबल बांटे गए

**शाहजहांपुर।** सहयोग संस्था ने ठंडी का मौसम देखते हुए जनपद के मेडिकल कॉलेज में सभी सदस्यों के साथ पहुंचकर चाय, बिस्कुट, नमकीन आदि का वितरण किया और कंबल बांटे। संस्था के संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान व शाहनवाज खान एडवोकेट ने बताया कि हमारी संस्था पूरे ठंड के मौसम में महानगर के प्रत्येक तिराहे, चौराहों पर कैंप लगाकर चाय का वितरण करेगी एवं कंबल बाटेंगी। और यह कार्य पूरे ठंड के मौसम में चलता रहेगा। संस्था के उपाध्यक्ष शिवम वर्मा ने कहा कि यह सभी कार्य करने से हम सभी को बहुत ही अच्छा लगता है और हम सभी सहयोग संस्था से जुड़कर अपने आप को गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष गुप्ता पार्षद अजीजगंज का सभी ने माला पहनाकर कार्यक्रम में स्वागत किया। मनीष गुप्ता ने कहा कि सहयोग संस्था बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है और मैं सदैव ही इस संस्था का पूरा सहयोग करने को तैयार हूं। कार्यक्रम में शालू यादव, स्तुति गुप्ता, रजनी गुप्ता, मेघा गुप्ता, बबली गुप्ता, हरजीत सिंह, विकास सक्सेना, महेंद्र दुबे,संजय गुप्ता, डॉक्टर पुनीत मनीषी, अनिरुद्ध गुप्ता, सागर गुप्ता, बलवीर, शव्वन, सुधीर, निस्वार्थता आदि सभी मौजूद रहे।

### ओसीएफग्राउंड में युवक की गोली मारकर हत्या

**शाहजहांपुर।** ओसीएफग्राउंड में उसे वक्त हड़कंप मच गया जब एक दिल दहला देने वाली घटना में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई जिसके बाद विवाद बढ़ने लगा और मारपीट हो हुई। और एक व्यक्ति ने गोली चला दी, जो आयुष गुप्ता के सिर में लगी। गोली लगने के बाद आयुष को तुरंत मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आयुष सदर बाजार के गदियाना मोहल्ले का रहने वाला था। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और हमलावरों की तलाश की जा रही है।

### अच्छा नागरिक बनाने में शिक्षण संस्थानों का अहम योगदानः सांसद




**शाहजहांपुर।** बंकी ब्लॉक में संदौली उमरपुर गांव में स्थित प्रयाग पब्लिक स्कूल में सोमवार को सातवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव और सांसद तनुज पुनिया मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने मुख्य अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र, भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा और बुके देकर किया। इस मौके पर सदर विधायक सुरेश यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता और शिक्षण संस्थानों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को संस्कारवान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। साथ ही छात्रों को उच्च लक्ष्य निर्धारित करने और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया। सांसद तनुज पुनिया ने भी छात्रों की सराहना करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास की महत्वपूर्णता पर भी जोर दिया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सैकड़ों अभिभावकों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक राम चंद्र यादव बाब जी, प्रधानाचार्य ज्योति यादव, उदय कान्त यादव, सूर्याकान्त, सपा कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, बंकी ब्लॉक अध्यक्ष कलाम प्रधान, दीपक गुप्ता मिश्रा, जय किशन यादव, शिवा यादव और रंजीत यादव समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने छात्रों के हौसले को और भी बुलंद किया, और पूरे ग्राम पंचायत में इसे लेकर चर्चा का माहौल बना रहा।

# प्रदेश सरकार ने लाखों युवाओं को कराया रोजगार उपलब्ध

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार से लगाने के लिए विशेष कार्य कर रही है व प्रदेश के युवाओं/युवतियों को रोजगार मुहैया कराने के लिए कौशल एवं तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है तथा प्रदेश के लाखों युवक और युवतियां विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से लगे हुए है। सेवायोजन विभाग के अधीन संचालित प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों (जॉब सीकर्स को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।

आउटसोर्सिंग ऑफ मैनपावर के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के शासकीय विभागों एवं उसके अधीनस्थ संस्थाओं में मैनपावर के क्रय के लिए भारत सरकार द्वारा विकसित गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस, जेम की व्यवस्था लागू किये जाने के संबंध में जेम पोर्टल पर पंजीकृत एवं बिड अवार्डी सेवाप्रदाताओं द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थियों के चयन हेतु व्यवस्था विकसित की गयी है, जिसके द्वारा सेवाप्रदाता मांग के अनुरूप संबंधित विभागों को कुशल मैन पावर की आपूर्ति करते हुए युवाओं को रोजगार से लगा रहे है।

प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश कामगार एवं श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग के अंतर्गत शासनादेश द्वारा कामगारों/श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के लिए तथा उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ0प्र0 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश कामगार एवं श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग का गठन किया गया है। इस आयोग के गठन से श्रमिकों के हित सुरक्षित किए गए है।

मिशन रोजगार के अंतर्गत प्रदेश में रोजगार, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण तथा अप्रेन्टिसशिप के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार के विशेष अवसर सृजन किये जाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा 05 दिसम्बर 2020 से ''मिशन रोजगार'' अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत अधिक से अधिक रोजगार देने की व्यवस्था की जा रही है।

सेवामित्र के अंतर्गत कौशल प्राप्त कामगारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं जनसामान्य स्थानीय सेवायें (प्लम्बर, कारपेंटर, पेंटर, इलेक्ट्रिशियन, ड्राईवर आदि) प्रदान हेतु सेवामित्र पोर्टल की व्यवस्था सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित की गयी है तथा सेवामित्र व्यवस्था की प्रगति में कुशल कामगारों की संख्या 50,756 सेवाप्रदाताओं की संख्या 965 तथा सेवामित्रों की संख्या 4890 है।

प्रदेश सरकार प्रदेश के साथ-साथ विदेशों में भी रोजगार उपलब्ध करा रही है, सेवायोजन विभाग द्वारा प्रदेश के बेरोजगारों को विदेशों में रोजगार उपलब्ध कराने की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है व इजराइल में निर्माण श्रमिकों की मांग के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा इजराइल सरकार की संस्था पी0आई0बी0ए0 के सहयोग के साथ लगभग 9 हजार निर्माण श्रमिकों को इजराइल भेजे जाने हेतु टेस्टिंग की कार्यवाही की गयी है, जिसमें सफल अभ्यर्थियों में से 9 हजार कुशल श्रमिकों को अब तक इजराइल भेजा जा चुका है। भारत-इजराइल ड्राइव 3.0 के तहत 05 हजार कुशल श्रमिकों को चयन करते हुए इजराइल भेजने के कार्यवाही चल रही है व कुशल श्रमिकों को इजराइल में भवन निर्माण, मॉल प्रबंधन, तकनीकी कार्यों जैसे क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराया गया है तथा श्रमिकों को इजराइल में कार्य करने पर रू0 1.25 लाख से रू0 1.50 लाख तक मासिक वेतन मिल रहा है।

प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा रोजगार मेलों के माध्यम से रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने का कार्य किया जा रहा है।

# सड़क हादसे में घायल दूसरे साथी की भी मौत

लोकमित्र संवाद



**बीघापुर,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अकवाबाद गांव के सामने हुए बाइक व कार की आमने-सामने की भिडंत में गंभीर रूप से घायल जितेंद्र सिंह उर्फ कल्लू पुत्र शिवकरण सिंह की कानपुर स्थित सेवन एयर फोर्स हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया निधन की सूचना पर गांव में कोहराम मच गया।

अक़वाबाद निवासी जितेंद्र सिंह अपने पारिवारिक चचेरे भाई राजेंद्र सिंह पुत्र नंदलाल के साथ रविवार शाम 8 बजे बाइक से बीघापुर से अपने गांव की ओर जा रहे।

उन्नाव लालगंज हाईवे पर टोल प्लाजा के पास गांव के सामने बने कट से रोड क्रॉस करते समय पाटन की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी जिससे बाइक में पीछे बैठे राजेंद्र की मौत हो गई थी वही बाइक चला रहे जितेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन जितेंद्र सिंह को कानपुर स्थित 7 एयर फोर्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान रविवार देर रात जितेंद्र का निधन हो गया। निधन के बाद घर में मौजूद पत्नी सरिता देवी, पुत्र हिमांशु, दीपांशु, शिवांशु,सुधांशु का रो रो कर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने जितेंद्र सिंह का बक्सर घाट परअतिम संस्कार कर दिया। थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि घटना स्थल पर मृतक राजेंद्र सिह के पुत्र द्वारा लापरवाही से गाड़ी चलाने की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।मृतक जितेंद्र सिंह के परिजनों द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाए

- मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सेवाए उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया
- चिकित्सालय में बेहतर साफसफाई सुनिश्चित करने हेतु निर्दिशित किया
- ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर नियमित रूप से भर्ती मरीजो से उनके स्वास्थ्य में सुधार की स्थिति की जानकारी अवश्य लें

लोकमित्र ब्यूरो

**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने राजकीय स्वसाशी महा विद्यालय जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाए देखी। इस दौरान उन्होने इमरजेंसी वार्ड, ओषधि वितरण कक्ष, लाभार्थी आयुषमान कार्यालय, ओपीडी एवं हेल्प डेस्क सहित साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों से वार्ता कर उनका हाल भी जाना। जिलाधिकारी ने औषधि वितरण कक्ष की लाइन मे लगे लोगो से जानकारी ली कि उन्हे कोई असुविधा तो नही। लाभार्थी आयुषमान कार्यालय में प्रतिदिन बनाए जाने वाले आयुषमान कार्ड के विषय में पूछा तथा प्रतिदिन कार्ड बनाये जाने की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये।

हेल्प डेस्क पर मरीजो की सहायता करने तथा उन्हे जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। चिकित्सालय में बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने हेतु निर्दशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाए किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी मरीज को बेड के लिए प्रतीक्षा न करना पड़े यह भी सुनिश्चित किया जाए।

ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर सभी मरीजों से अच्छा व्यवहार करें तथा उन्हें आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करायें। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर नियमित रूप से भर्ती मरीजो से उनके स्वास्थ्य में सुधार की स्थिति की जानकारी अवश्य लें। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि यदि किसी मरीज से दुर्व्यवहार या लापरवाही बरतने की शिकायत आती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, मेडिकल कालेज के प्रधानचार्य राजेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक नेपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# सफीपुर में सड़क हादसे में युवक की मौत

- गंगाघाट थाना क्षेत्र के बिजलामऊ गांव निवासी 30 वर्ष बृजेश पुत्र छोटेलाल रविवार रात अपने बहनोई सुंदरके घर अतहा गांव जा रहे थे
- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

लोक मित्र संवाद



**सफीपुर,उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में पावा अतहा मार्ग पर रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमे बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई।युवक की बाइक सड़क किनारे लगे विद्युत खंभे से टकरा गई जिससे उसकी जान चली गई।घटना के बाद सोमवार सुबह शव मिलने से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गंगाघाट थाना क्षेत्र के बिजलामऊ गांव निवासी 30 वर्ष बृजेश पुत्र छोटेलाल रविवार रात अपने बहनोई सुंदरके घर अतहा गांव जा रहे थे।जैसे ही वह पावा अतहा मार्ग पर पहुंचे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे और सड़क किनारे लगे 11000 वोल्ट के बिजली के पोल से टकरा गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बृजेश खंती में गिर गए और उनकी मौके पर मौत हो गई।हादसा रात के अंधेरे में होने के कारण किसी को तुरंत जानकारी नहीं हो पाई। सोमवार सुबह जब खेतो में काम करने गए ग्रामीणों ने शव पड़ा देखा तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई क्योंकि बृजेश की चार महीने की बेटी थी उसकी पत्नी शिवदेवी को हादसे की खबर मिलते ही गहरा सदमा लगा है।कोतवाल के कोतवाल श्याम नारायण सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और इस मामले में विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

हादसे ने पूरे गांव में शोक की लहर पैदा कर दी है।स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन ने पावा अतहा मार्ग पर सुरक्षा उपायों को लागू करने और बिजली खंभे को व्यवस्थित करने की मांग की है। ताकि भविष्य में ऐसे हादसे से बचा जा सके।

# शादी अनुदान के लिए शीघ्र करें आवेदन

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के ऐसे गरीब व्यक्तियों जिनके पुत्रियों की शादी वित्तीय वर्ष 2024-25 में हो चुकी है अथवा होनी है, उन व्यक्तियों को शादी अनुदान प्राप्त करने हेतु पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइट www.shadianudan.upsdc.gov.in पर उसी वित्तीय वर्ष में शादी से 90 दिन पूर्व या 90 दिन बाद सीधे आनलाइन आवेदन किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत पात्रता हेतु आवेदक की वार्षिक आय (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र हेतु) रु0 एक लाख से अधिक न हो व आवेदक एवं पुत्री का आधार नम्बर मोबाइल नम्बर से लिंक होने के साथ ही तहसील द्वारा निर्गत ऑनलाइन आय एवं जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि विवाह हेतु किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए व पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला अथवा विकलांग आवेदक को वरीयता प्रदान की जायेगी एवं माता एवं पिता के जीवित न होने की स्थिति में पुत्री द्वारा स्वयं ऑनलाइन आवेदन में निराश्रित का ऑप्सन के विकल्प का चयन करते हुये आवेदन किया जायेगा तथा एक परिवार से अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान अनुमन्य होगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत आवेदकों द्वारा शीघ्र आवेदन करने पर प्रथम आवत प्रथम पावत (पहले आओ पहले पाओ के नियम के आधार पर पात्र आवेदकों को लाभान्वित किया जायेगा।

# विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध विद्यालयों की भरमार

- पांचवी व आठवीं की मान्यता दिखाकर इंटरमीडिएट तक चला रहे स्कूल
- संचालक गरीबों की जेब पर डाका डाल कर भर रहे अपनी जेबें, आला अधिकारी बेखबर

लोकमित्र ब्यूरो

**जगदीशपुर/अमेठी।** एक तरफ सरकार अवैध रूप से संचालित विद्यालयों पर अंकुश लगाने के लिए जिम्मेदार अधिकारी गणों को कडे फरमान जारी करती रहती है तो वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदार विभागीय अफसर अपनी जेबें भरने की लालच मे दर्जनों अवैध विद्यालयों का संचालन कराने मे अपना महत्वपूर्ण योगदान व भूमिका निभा रहे हैं जिसके चलते छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होकर अभिभावकों की जेबों पर डाका डाला जा रहा है उच्च अधिकारीगण बेखबर हैं ।

विकास खण्ड के अन्तर्गत अयोध्या रायबरेली , लखनऊ सुल्तानपुर , बाजार शुकुल, गौरीगंज ,जायस रोड समेत विभिन्न ग्रामीण अंचलों मे कुकुरमुत्तों की मानिंद फैले अवैध विद्यालयों का जाल बिछा हुआ है संचालक मानक विहीन विद्यालय चलाकर परीक्षा के समय विभागीय जिम्मेदार अधिकारी को मोटी रकम देकर फार्म भराने के बाद पास कराने का भी ठेका लिया जाता हैं।

वहीं यदि छात्रो के अभिभावकों की माने तो विद्यालय संचालक वाहन, ड्रेस, स्टेशनरी, परीक्षा शुल्क, क्रीडा शुल्क समेत आदि शुल्क के नाम पर हर माह वसूली होती रहती है यदि शुल्क जमा करने मे देरी हुई तो छात्रो का नाम भी काट दिया जाता है उक्त बाद मे लेट पेमेंट के साथ मनमानी वसूली की जाती है जब कि हाल ही मे हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक आदेश दे चुका है कि लेट फीस जमा होने पर किसी छात्र का नाम नहीं काटा जा सकता और ना ही प्रवेश पत्र रोका जाए।

छात्रों के अभिभावकों ने बताया कि यदि कहीं शिकायत करने की बात कही जाती है तो बच्चो का भविष्य खराब कर देने की धमकी संचालक द्वारा मिलती रहती है जिसके चलते हम लोग अपनी जुबान बंद रखते हैं।

गौरतलब हो कि यदि उच्च अधिकारी गणों ने ध्यान नहीं दिया तो मानक के विपरीत अवैध विद्यालय चला रहे संचालक इसी तरह फलते फूलते रहेंगे जिम्मेदार अधिकारी अपनी जेबे भरकर सरकार के आदेशो की धज्जियां उड़ाकर अपने फायदे के चक्कर मे छात्रो के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते रहेंगे।

### तापमान में गिरावट के साथ बढ़ा बीमारियों का प्रकोप

**बाराबंकी।** जनपद में जैसे-जैसे सर्दी का मौसम गहराता जा रहा है, जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। सर्दी, खांसी, बुखार और सांस लेने में दिक्कत के मरीज बड़ी संख्या में इलाज के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। मरीजों का कहना है कि अस्पताल में इलाज की सुविधाएं ठीक हैं, लेकिन बढ़ती भीड़ के कारण उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ता है। जिला अस्पताल के सीनियर फिजिशियन डॉ. राजेश कुशवाहा ने बताया कि ठंड और खराब वायु गुणवत्ता (।फ) के कारण सांस से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं। इस समय फेफड़े और सांस की दिक्कत वाले मरीज ज्यादा आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठंड से बचाव के साथ-साथ वायु प्रदूषण से भी सतर्क रहने की जरूरत है। अस्पताल के रिकॉर्ड बताते हैं कि मौसमी बीमारियों के चलते महिलाओं और बुजुर्ग मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

# संतोष मिश्रा बनाए गए गोंडा नगर कोतवाल, मनोज पाठक बनाए गए मनकापुर कोतवाल

लोकमित्र ब्यूरो



**गोण्डा।** जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए देर रात पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा दो निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया गया है। गोंडा एसपी विनीत जायसवाल द्वारा मनोज कुमार पाठक को कोतवाली नगर के पद से हटाते हुए मनकापुर कोतवाली का कोतवाल बनाया है।

वहीं संतोष कुमार मिश्रा को मनकापुर कोतवाल के पद से हटाते हुए गोंडा नगर कोतवाली का कोतवाल बनाया गया है। दोनों निरीक्षकों को एसपी विनीत जायसवाल ने सख्त निर्देश दिया है। कि जो भी फरियादी फरियाद लेकर आए उनके समस्याओं को सुनकर के उनका समाधान किया जाए। जो भी अपराधी अपराध की घटनाओं में शामिल हैं और लगातार फरार चल रहे हैं। उनके खिलाफ अभियान चलाकर कि उनकी गिरफ्तारी की जाए और उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाए। गोंडा कोतवाली के नगर कोतवाल मनोज पाठक की तो मनोज पाठक द्वारा भी नगर कोतवाली में नगर कोतवाल रहते हुए कई बड़े घटनाओं का खुलासा किया गया है। चाहे देहात नगर कोतवाली क्षेत्र में एक ही रात में दो लूट की घटना का खुलासा हो चाहे फिर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान विवाद हो। सभी मामलों को आपसी समन्वय स्थापित करके मनोज पाठक द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से खत्म कराया गया।

गोंडा नगर कोतवाली के कोतवाल बनाए गए मनकापुर कोतवाली के कोतवाल नगर संतोष कुमार मिश्रा की तो संतोष कुमार मिश्रा द्वारा भी सराहनीय कार्य करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा का चुनाव संपन्न कराया गया था। दीपावली त्यौहार से पहले बड़े पैमाने पर पटाखा भी सबसे पहले मनकापुर कोतवाली पुलिस द्वारा ही पकड़ा गया था और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी।

### कंपोजिट विद्यालय में हुआ खेलकूद प्रतियोगिता,शिक्षकों ने विजेता छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**बाराबंकी।** जिले में कम्पोजिट विद्यालय फतेहपुर में तहसील क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजयी छात्र छात्राओं को शिक्षकों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सोमवार को कस्बा फतेहपुर के कम्पोजिट विद्यालय फतेहपुर में दिव्यांग बच्चों की खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें कुर्सी दौड, छू कर पहचानो व रस्सा कसी प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया। छू कर पहचानों प्रतियोगिता में विमलेश कुमार ने प्रथम व उमर को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह कुर्सी दौड में आदिल को प्रथम, मुस्कान को द्वितीय व प्रिया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं रस्सा कसी सम्मिलित बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी आराधना अवस्थी ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता सलाहुद्दीन किरमानी, दयाल, शैलेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

# ट्रेन के सामने कूदकर अधेड़ ने आत्महत्या

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** हैदरगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन के सामने कूद कर 50 वर्षीय अधेड़ ने आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर समाप्त कराई तो उसकी पहचान अखिलेश सोनी के रूप में हुई, परिजनों के मुताबिक लंबे समय से बीमार चल रहे थे जिसके चलते उन्होंने आत्महत्या कर लिया होगा। मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली नगर क्षेत्र के हैदरगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास 50 वर्षीय अखिलेश सोनी पुत्र शैलेंद्र सोनी निवासी साहबगंज ने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर लिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचीं कोतवाली पुलिस ने मृतक अखिलेश सोनी केशव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दिया सूचना परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया ÷मृतक अधेड़ अखिलेश सोनी के परिजनों के मुताबिक लंबे समय से लीवर की बीमारी से ग्रसित थे वेदांता हॉस्पिटल से करीब 10 वर्षो से इलाज चल रहा था जिससे काफी परेशान रहते थे कभी-कभी दिमाग की संतुलन भी खो बैठे थे। कहीं इसी सब के चलते आत्महत्या ना कर ली हो। स्थानीय लोगों के मुताबिक मृतक ट्रेन की पटरी के आसपास घूम रहा था जैसे ही ट्रेन उधर से गुजर रही थी तभी अचानक ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर लिया। घटना के बाद से परिवार जनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस का कहना है कि आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

## राजनगर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सीए डी के गोयल ने संस्था की कार्यकारिणी घोषित की



**गाजियाबाद।** राजनगर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सीए डी के गोयल ने संस्था की कार्यकारिणी घोषित कर दी। संस्था का उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता व डॉ एस एस पुरी को बनाया गया है। अमरीश कुमार त्यागी को सचिव, ओम प्रकाश भोला व पंकज भारद्वाज को संयुक्त सचिव, प्रभारकर त्यागी को कोषाध्यक्ष, राजवीर त्यागी को लीगल एडवाइजर व सहदेव भारद्वाज को ऑडिटर बनाया गया। पार्षद प्रवीण चौधरी, पार्षद अजय शर्मा व सभी सेक्टरों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। पार्षद प्रवीण चौधरी ने सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी लगाए जाने को लेकर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी, जिसकी सभी ने सराहना की। अध्यक्ष सीए डी के गोयल ने कहा कि संस्था का प्रयास रहेगा कि राजनगर की सभी समस्याओं का समाधान हो और कालोनीवासियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध हों।

## वार्ड नंबर 18 पार्षद पति डॉक्टर पवन गौतम को कुलदीप के द्वारा जान से मारने की दी गई धमकी



**गाजियाबाद।** डॉ पवन गौतम पार्षद पति वार्ड संख्या 18 द्वारा कुलदीप उर्फ ओके नामक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस कमिश्नर पत्र लिखा गया है। इस पत्र में उन्होंने अवगत करवाया है कि वह और उनके परिवार शांति और अमन पसंद लोग हैं और वह विगत 20 वर्षों से बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में पार्टी से जुड़े हुए हैं। उनकी पत्नी मैं वार्ड संख्या 18 विजयनगर से नगर निगम का पार्षद पद का चुनाव लड़ा था जिसमें उनकी पत्नी की विजय हुई। डॉ पवन गौतम के अनुसार इसी चुनाव में कुलदीप उर्फ ओके ने भी एक पार्षद प्रत्याशी के रूप में अपनी किस्मत आमी थी जिसमें उन्हें हर का सामना करना पड़ा । इसके बाद आक्रोशित कुलदीप ओके हमेशा अपनी हार का बदला लेने के लिए मौके की ताक पर लगे रहते थे। उन्होंने अपने पत्र में इस बात का उल्लेख किया कि कुलदीप ओके स्वभाव से एक आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है और अपने साथ हमेशा अवैध असला लेकर घूमता रहता है । उसने उनके परिजनों को गाहे बगाहे धमकाने के अलावा कई बार उन्हें नुकसान पहुंचाने तथा जान से करने का प्रयास कर चुका है । डॉ पवन गौतम ने पुलिस कमिश्नर को आवेदन पत्र देते हुए उनसे मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## विद्यापीठ में 7 तक होंगे ऑनलाइन एडमिशन रजिस्ट्रेशन

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष और स्नातकोत्तर सेकेंड, थर्ड और फोर्थ इयर में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय ने गाइडलाइन जारी करते हुए 7 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जबकि सत्र 2024-25 के फर्स्ट ईयर एक एडमिशन अंतिम दौर में है। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ सुनीता पांडेय ने बताया विश्वविद्यालय में स्नातक, स्नातकोत्तर, व्यावसायिक डिप्लोमा सब्जेक्ट्स और समेस्टर के छात्रध्छात्राओं के दाखिले की डेट तय कर दी गई है। अब ये छात्र 7 दिसंबर रात 12 बजे तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद उनका एडमिशन सभी प्रपत्रों की जांच के बाद किया जाएगा। इसके अलावा अभी भी विश्वविद्यालय के विषम समेस्टर के छात्रों को थर्ड, फोर्थ, पंचम और सप्तम व नवम सेमस्टर और ग्रेजुएशन सेकेंड ईयर, थर्ड और फोर्थ ईयर और एमसीए, पीजीडीसीए, एमबीए और एमम्यूज में अभी एडमिशन की डेट नहीं आयी है।

# एसपी के गुड मॉर्निंग अभियान को जनता ने एक बार फिर से सराहा



▸▸ ठंढ से परेशान जरूरतमंदों को वितरित किए स्वेटर और कंबल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** एसपी खीरी द्वारा चलाए जा रहे गुड मॉर्निंग अभियान के तहत पूरे जनपद के थानों की पुलिस टीम रोज प्रातः गांव,कस्बों आदि चिन्हित स्थानों पर घूम फिर कर लोगों से मिल कर गुड मॉर्निंग कहते हुए उनका कुशल छेम पूछती है और यथा संभव समस्याओं का निस्तारण करती है, जिसके तहत किए गए अच्छे कार्यों के लिए पूरे जनपद में कई बार गुड मॉर्निंग अभियान की लोगों द्वारा जमकर सराहना की गई है।

इसी क्रम में आज साह्र हैदराबाद शिवा जी दुबे अपनी गुड मॉर्निंग टीम के साथ ग्राम ममरी में भ्रमणशील थे तो देखा कि कुछ वृद्ध लोग अपने घर गृहस्थी के कार्यों को कर रहे थे,जिन्हें देखने से प्रतीत हुआ कि तेज ठंड के दृष्टिगत मानवीय दृष्टिकोण से कुछ मदत करनी चाहिए,उन्होंने तुरन्त अपने हमराहियों को स्थानीय मार्केट भेज कर कुछ कंबल और स्वेटर मंगवा कर उनलोगों को प्रदान किए जिससे वो लोग बहुत ही खुश हुए और बोले,ऐसे सराहनीय कार्य के लिए, हम, गुड मॉर्निंग अभियान की हृदय से सराहना करते हैं।

यहां यह भी बताना समीचीन होगा कि प्रभारी निरीक्षक शिवा जी दुबे द्वारा इस गुड मॉर्निंग अभियान के तहत और अपनी रीयल पुलिसिंग में कई अच्छे कार्य किए हैं, जिसके लिए लोग हमेशा उनकी सराहना करते रहते हैं।

## ओम ब्रह्म शांति सेवा संस्थान ने गरीबों को बांटे कंबल

**लखनऊ।** दूसरों की मदद करना और जरूरतमंद को कुछ देना यह भावना ही आपको औरों से श्रेष्ठ बनती है। जिसके अंदर यह भावना होगी वह समाज व देश के लिए हमेशा कुछ ना कुछ करता रहेगा उक्त बात आज ओम ब्रह्म शांति सेवा संस्थान लखनऊ द्वारा गीता पल्ली स्थित तुलसी उद्यान में चल रही बाल योगी संजय जी महाराज की राम कथा में कंबल वितरण के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के कोषाध्यक्ष व लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक कुमार त्रिपाठी ने कही। तुलसी उद्यान गीता पल्ली में कल से चल रही श्री राम कथा के आज दूसरे दिन विंध्याचल से आए कथा वाचक बाल योगी संजय जी महाराज की कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

श्री राम कथा के दूसरे दिन ओम ब्रह्म शांति सेवा संस्थान लखनऊ जो पिछले कई वर्षों से इस तरह का आयोजन करता चला आ रहा है आज भी गरीबों को कंबल वितरण किया साथ ही कम्बल लेने आए सभी लोगों का अभिवादन करने के साथ ही सभी को चाय व नाश्ता भी कराया।

## हॉस्टल के बाथरूम में मिली जेईई मेंस की तैयारी कर रहे छात्र की लाश

▸▸ छात्र की मृत्यु हार्ट अटैक से होने की आशंका, अगली कार्रवाई के लिए पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

▸▸ काकादेव थाना क्षेत्र के कोचिंग मंडी में चल रहे हॉस्टल में छात्र का शव मिलने से सनसनी फैली

**सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** यहां छात्रों की संदिग्ध हालातो में मौत का सिलसिला लगाता जारी है। इसी क्रम में काकादेव थाना क्षेत्र के कोचिंग मंडी में चल रहे हॉस्टल में छात्र का शव मिलने से सनसनी फैल गई । जानकारी के मुताबिक वह नवीननगर स्थित हॉस्टल के रूम में रहकर जेईई मेंस की तैयारी कर रहा था । उसकी पहचान वाराणसी निवासी संतोष गुप्ता के पुत्र उत्कर्ष गुप्ता के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक घटना के बारे में पता तब चला जब सुबह काफी देर तक वह नजर नहीं आया, तो हॉस्टल में रहने वाले अन्य स्टूडेंट्स ने उसके मोबाइल पर कॉल की लेकिन किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं मिली, जिसके बाद अनहोनी की आशंका में काकादेव पुलिस को मामले की जानकारी दी गई।

इसके बाद जब काकादेव पुलिस पहुंची तो उत्कर्ष के रूम का दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद पुलिस ने काफी मशक्कत का रूम का दरवाजा तुड़वाया। अंदर जाकर देखा तो उत्कर्ष का शव बाथरूम में पड़ा था। इसके बाद पुलिस उसे हैलट अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मृतक उत्कर्ष गुप्ता नवीन नगर स्थित हॉस्टल में रहकर जेईई मेंस की कोचिंग कर रहा था। उसके पिता मुजफ्फरनगर में प्राइवेट नौकरी करते हैं। सूचना पाकर परिजन भी कानपुर पहुंच गए। आशंका है की छात्रा की मृत्यु हार्ट अटैक के चलती हुई है लेकिन सही जानकारी के लिए उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## चोरों के हौसले बुलंद, पुलिस सो रही चैन की नींद, पिछली चोरी का नहीं हुआ खुलासा

▸▸ कोतवाली से महज 100 मीटर की दूरी पर ट्रांसफार्मरों से तेल व सामान चोरी कर ले उड़े चोर

**लोकमित्र**



**अलीगंज/एटा।** थाना अलीगंज क्षेत्र में जहां एक तरफ चोरों के हौसले बुलंद हैं तो वही पुलिस चैन की नींद सो रही है। पिछली हुई चोरियों का खुलासा पुलिस अभी तक नहीं कर सकी वही कोतवाली से तकरीबन 100 मीटर की दूरी पर रखे दो ट्रांसफार्मर पर अज्ञात चोरों नें एक बार फिर से धावा बोल दिया और ट्रांसफार्मर से सारा तेल व अन्य सामान चोरी कर ले गए।

थाना अलीगंज के लुहारी दरवाजा अनिल कुमार पुत्र स्व. रामसनेही सिंह और नई तहसील कैल्ठा निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र स्व. रामस्वरूप सिंह नें थाना अलीगंज में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए बताया कि प्रार्थियों की समर बोरबेल जनता महाविद्यालय कैल्ठा अलीगंज के पीछे है।


इसी समरसेविल पर बिजली बिभाग का ट्रान्सफारमर लगा हुआ है 2 दिसम्बर को रात 3 बजे किन्ही अज्ञात चोरो द्वारा ट्रान्सफारमर को खोल कर उसके अन्दर का सारा तेल और सामान निकाल ले गये है आज सुबह जब प्रार्थी अपनी समर पर पहुंचा तो देखा ट्रान्सफारमर खुला पड़ा है और उसके सामान की चोरी हो चुकी है तभी प्रार्थी ने डायल 112 पुलिस और बिजली बिभाग को सूचित कर दिया है। वही एक माह पूर्व भी अज्ञात चोरों द्वारा ट्रांसफार्मर खोलकर उसमें से तेल व अन्य सामान चोरी कर ले गए थे जिसका थाना पुलिस द्वारा अभी तक कोई भी खुलासा नहीं हो पाया है।

## लड़की को बंधक बनाकर जबरन तलाक पेपर पर साइन कराने का आरोप

▸▸ घर पर शिकायत करने पर विवाहिता का तोड़ा मोबाइल

▸▸ परिजन ने 1076 पर दर्ज कराई शिकायत

**लोकमित्र, श्रीकान्त सिंह शाक्य**



**पलियाकला-खीरी।** जिला लखीमपुर खीरी के थाना पलिया कला खीरी की एक महिला के साथ बड़ा गांव का निवासी सतवीर पुत्र मंगन सिंह दो माह पहले अपनी स्वेच्छा अनुसार प्रेम विवाह किया था।

उसके बाद सतवीर पुत्र मगन सिंह कुछ दिन तक लड़की को ठीक-ठाक रखा है फिर उसके ऊपर आरोप प्रत्यारोप कर उसको घर छोड़कर भाग गया था। लड़की के परिजन व लड़की की शिकायत पर सतवीर के काफी मिन्नतें करने के बाद पलिया थाने में लिखा पढ़ी का समझौता कराया गया था। सतवीर लड़के के साथ किसी भी तरह की मारपीट नहीं करेगा और जब भी लड़की के पिता उसके घर जाएंगे तो लड़की को एक-दो दिन पहले घर ला सकते हैं किंतु अब ऐसा कुछ नहीं रहा सत्यवीर ने अब लड़के को बंधक बना लिया है और मारपीट भी कर रहा है और उसका फोन तोड़ दिया।

किसी संगठन से जुड़े होने के बाद वह संगठन की धमकी भी दे रहा है कि मेरे खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकती मैं पूरा संगठन शासन के खिलाफ उतार दूंगा संगठन के दम पर सतवीर लड़की को आए दिन मारता पिटता है खाना नहीं देता है और लड़की को जबरन तलाक के पेपर पर साइन करने को मजबूर कर रहा है लड़की के पिता और लड़के जब भी घर जाने के लिए कहती है तब वह कहता है कि तलाक के पेपर पर साइन करो तब घर जाओ। इसके बाबत में लड़की के पिता ने पलिया उप जिलाधिकारी और पलिया के क्षेत्राधिकार महोदय के यहां शिकायत दर्ज कराई थी अब हालात को बिगड़ता देख लड़की के पित ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर सहायता मांगी है।

## मिशन शक्तिः शिक्षित, सशक्त, समृद्ध बालिकाओं के भविष्य का करें, निर्माण मिशन शक्ति का है, यह पैगाम

**लोकमित्र ब्यूरो**



**एटा/कासगंज।** समाज की संरचना महिला से शुरू होती है। इस दृष्टि से नशा निवारण में भी महिलाएं महत्वपूर्ण एवं निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं। एक मां के रूप में अपने बच्चे का, एक पत्नी के रुप में पति का एवं एक सदस्य के रुप में परिवार के अन्य पुरुष सदस्यों को नशे जैसी बुरी आदतों के बारे में जागरूक करने में अपनी महती भूमिका निभा सकती है। नशे के आदी व्यक्ति का तिरस्कार करने की बजाए उसे सहयोग की आवश्यकता है ताकि उसे सुधरने का अवसर मिल सके। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक कासगंज श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला एवं बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। सोमवार को जनपदीय महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा जागरूकता अभियान के तहत नशीली वस्तुओं का सेवन न करने एवं नशावृत्ति के कारण परिवार को होने वाली शारीरिक, आर्थिक व सामाजिक क्षति के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए जागरूक भी किया गया। नशे की लत छोड़ने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति जागृत करने एवं नशामुक्ति विशेषज्ञों एवं परिवार की महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन कराये जाने हेतु अवगत कराया गया एवं नशा मुक्ति सम्बन्धित पंपलेट वितरित किए गए।इसके साथ ही महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वस्थ्य रिलेशनसिप एवं महिलाओं की सुरक्षा सहायता हेतु निर्मित न्यायिक कानूनों का दुरुपयोग एवं झूठे मुकदमों के परिणाम, साइबर हिंसा, प्रेम सम्बन्धों में घर से पलायन एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का सतर्कता एवं सावधानी से प्रयोग किये जाने एवं किसी अपराध का बोध होने पर बिना संकोच स्थानीय थाना पर अपनी बात या शिकायत करने से सम्बन्धित बिन्दुओं को इंगित करते हुए विस्तार से उनकी जानकारी दी गई साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारे में चर्चा करते हुए जागरुक किया गया है ।

## बेहटा में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियाँ जोरों पर

▸▸ 5 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा कार्यक्रम

**लोकमित्र ब्यूरो**



**ईसानगर-खीरी।** लखीमपुर खीरी के ईसानगर ब्लाक स्थित बेहटा गांव में 5 दिसंबर से होने वाले 24 कुण्डीया गायत्री महायज्ञ आयोजन के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया गांव के प्रवेश पर ही हरे-भरे केले के खेतों के बीच सुरम्य कार्यक्रम स्थल पर 24 कुण्डीय यज्ञशाला और प्रवचन पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। मिट्टी के सभी कुण्ड बनाए जा चुके हैं जिनके रंग-रोगन का काम शुरू हो गया है। यज्ञ के माध्यम से देव संस्कृति को घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित होने जा रहे इस कार्यक्रम का शुभारंभ 5 दिसंबर को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ होगा। कार्यक्रम का संचालन शांतिकुंज हरिद्वार की प्रज्ञा टोली के द्वारा होगा जिसमें 7 दिसंबर को शांतिकुंज के प्रेरणादायक गीतों पर आधारित गायन प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा जिसके लिए गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ की टीम विद्यालयों में जाकर संपर्क कर रही है। आयोजन की सफलता के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा जुटाने के उद्देश्य से कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं द्वारा सामूहिक गायत्री मंत्र जप भी चल रहा है।

आयोजन मंडल के युवा प्रतिनिधि अनुभव कटियार ने बताया इस विशाल महायज्ञ आयोजन की भोजन व्यवस्था में थर्मोकोल के बर्तनों का उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके स्थान पर केले के पत्तों पर भोजन प्रसाद कराया जाएगा। आयोजन हेतु राजेंद्र कटियार, राजू कटियार, उत्तम कटियार, मेड़ई लाल, राज बहादुर महिला मंडल की शिव देवी कटियार आदि सक्रियता से लगे हुए हैं।

## 5-लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

**वाराणसी।** विश्व दिव्यांग दिवस की पूर्व संध्या पर सीएमओ डॉ संदीप चौधरी ने वाराणसी में आगामी 8 दिसंबर से शुरू हो रहे पल्स पोलियो अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाराणसी में 5 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। 13 दिसंबर तक चलने वाले अभियान में जो बच्चे छूट जाएंगे उन्हें 16 दिसंबर को दवा पिलाई जाएगी। इसमें करीब 1225 टीमें डोर-टू-डोर जाकर नौनिहालों को दवा पिलाएगी।

सीएमओ डॉ संदीप चौधरी ने बताया-वाराणसी में पल्स पोलियो विशेष अभियान की शुरुआत 8 दिसम्बर से होगी। इसमें 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। यह अभियान 6 दिवसीय होगा। उन्होंने बताया इस अभियान की आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि बीते वित्तीय वर्ष में भारत के पड़ोसी देश पकिस्तान में 411 और अफ़ानिस्तान में 92 केस मिला है। ऐसे में देश में सतर्कता बरती जा रही है।

## श्री रामलीला मैदान के चारदीवारी निर्माण कार्य में लोग डाल रहे बाधा

▸▸ अध्यक्ष नें उप जिलाधिकारी अलीगंज को दिया शिकायती पत्र

**लोकमित्र ब्यूरो**



**अलीगंज/एटा।** विकासखंड अलीगंज क्षेत्र के श्री रामलीला मैदान पर चारदीवार बनाने का कार्य चल रहा है। जिस पर स्थानीय लोगों द्वारा घरों का पानी छोड़कर नीव को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है जिसको लेकर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ने उप जिलाधिकारी अलीगंज को शिकायती पत्र दिया है।

श्री रामलीला प्रबंध समिति अलीगंज के कार्यकरणी अध्यक्ष विनोद कुमार आर्य ने उप जिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि श्री रामलीला मैदान पर चारदीवार बनाने का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य में कुछ लोगों के द्वारा घरों का पानी नीव में छोड़ रहे हैं कई बार लोगों से मना के बावजूद भी लोग नहीं माने और लगातार पानी नीव में छोड़ रहे हैं।

परंतु गांव वालो से बार-बार मना करने पर भी नहीं मान रहे हैं जिससे निर्माण कार्य में बाधा आ रही है तथा नींव कमजोर हो रही है।

अगर इसी प्रकार लगातार पानी छोड़ा जाता रहा तो नीव भराई का कार्य पूर्ण नहीं हो सकेगा। उप जिलाधिकारी अलीगंज जगमोहन गुप्ता ने बताया कि रामलीला कमेटी के अध्यक्ष के द्वारा शिकायती पत्र प्राप्त हुआ जिसमे रामलीला मैदान मे चार दीवारी का कार्य चल रहा है जिसमें कुछ अराजक तत्वों द्वारा नीव में पानी छोड़ा जा रहा है जिसकी जांच की गई। अराजक तत्वों की पहचान कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## पत्रकार को जान से मारने की धमकी



▸▸ न्यू प्रेस क्लब के समस्त पत्रकारों नेएसडीएम मोहम्मदी को सौंपा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** मोहम्मदी एसडीएम डॉ अवनीश कुमार को न्यू प्रेस क्लब लखीमपुर खीरी के सभी पत्रकार बंधुओ ने अंबेडकर नगर के पीड़ित पत्रकार राम तिलक को एक डॉक्टर ने जान से मारने की धमकी दी इस मामले में न्यू प्रेस क्लब लखीमपुर खीरी के समस्त पत्रकारों ने इस घतित घटना की कड़ी निंदा की एसडीएम डॉक्टर अवनीश कुमार मोहम्मदी खीरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन देकर कड़ी निंदा जाहिर करते हुए संगीत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार विनोद तिवारी जिला अध्यक्ष न्यू प्रेस क्लब लखीमपुर खीरी की अगवाई में जिला महामंत्री मुहम्मद हारून रज़ा वाहिदी, प्रदीप बाजपेई जिला उपाध्यक्ष, इरशा जिला कोषाध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष मोहम्मदी प्रेमजीत भार्गव, तहसील विशेष सचिव आदित्य गुप्ता, तहसील उपाध्यक्ष मनोज कुमार, दीन मोहम्मद ब्लाक अध्यक्ष मोहम्मदी, बृज किशोर, ज्ञापन देने के समय न्यू प्रेस क्लब के समस्त पत्रकार साथियों ने उप जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

## वारंटी व फरारी की अब खैर नहीं, फरधान पुलिस



▸▸ उप निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में वारंटियों की धड़पकड़ जारी, 04 वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** फरधान थाना क्षेत्र अंतर्गत किसी भी आपराधिक मामलों में नामजद आरोपित जिन्होंने कोर्ट से जमानत नहीं कराई और फरार हैं या किसी भी केस में कोर्ट से वारंट जारी है तो आप सावधान हो जाइए। किसी भी समय फरधान थाना पुलिस आपको गिरफ्तार करने आपके घर पर दस्तक दे सकती है फरधान पुलिस सभी तरह के मामलों में फरार आरोपित और वारंटी की कुंडली तैयार की है। अभियान चलाकर उसकी गिरफ्तारी भी कर रहे हैं।

रविवार की रात थानाध्यक्ष फरधान के नेतृत्व में लीला कुआं चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक प्रवीण कुमार, हेड कांस्टेबल भूपेन्द्र मौर्य, कान्स्टेबल विमल कुमार, कान्स्टेबल विकास कुमार,होम गार्ड प्रमोद कुमार एवं पुलिस बल के साथ सघन छापेमारी अभियान चलाकर अलग-अलग मामलों में चार फरार वारंटी विजय कुमार पुत्र राम स्वरूप निवासी पकरिया, कैलाश कुमार वर्मा पुत्र सोहन लाल निवासी पकरिया, उमेश पुत्र श्रीकेशन, सर्वेश पुत्र श्रीकेशन निवासी गोहरियापुरवा, थाना फरधान जनपद लखीमपुर-खीरी को हिरासत में लिया गया इस एक्शन से क्षेत्र में हड़कंप मच गया

वहीं लीला कुआं चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि फरार वारंटी और केस के फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान जारी रहेगा।

मुखबिर की सूचना पर चार फरार वारंटियों के विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी था जिन्हें गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**-उप निरीक्षक, प्रवीण कुमार**

# प्रिंसिपल के निजी सहयोग से गर्ल्स कॉलेज में बना सृजनकक्ष

## सृजन कक्ष का डीआईओएस एवं प्रबंधक ने फीता काटकर किया उद्घाटन





**बलरामपुर।** शनिवार को बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज में विद्यालय प्रिंसिपल रेखा देवी के सहयोग से निर्मित सृजन कक्ष का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं प्रबंधक सहित जिला विद्यालय निरीक्षक बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ नवनिर्मित सृजन कक्ष का फीता काटकर अतिथियों ने उद्घाटन किया है जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ने कहा कि जिले के लिए बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज प्रिंसिपल ने नजीर पेश की है अपने निजी सहयोग से बेटियों की शिक्षा के लिए सृजन कक्ष का निर्माण कराया है उनके इस कार्य से अन्य शिक्षक एवं प्रधानाचार्य को सीख लेनी चाहिए उन्होंने कहा कि इस कक्ष के निर्माण से भविष्य में छात्राओं को बैठकर तालीम हासिल करने का अवसर मिलेगा विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने विद्यालय प्रिंसिपल के कक्ष निर्माण कराने की सराहना की है उन्होंने कहा कि निश्चित ही यह कक्षा छात्राओं को उन्नत भविष्य की आधारशिला रखने में सहायक सिद्ध होगा विद्यालय प्रबंधक प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने प्रिंसिपल के कार्य व्यवहार विद्यालय की छात्राओं शिक्षकों एवं प्रबंध समिति के प्रति सदैव सकारात्मक करार दिया है उन्होंने इस कक्षा का निर्माण करा कर अपनी दूरदर्शिता प्रमाणित किया है निश्चित ही इस कक्ष के निर्माण से आने वाले समय में छात्राओं के बहुमुखी प्रतिभा का विकास होगा अंत में विद्यालय प्रिंसिपल रेखा देवी ने अतिथियों का भर जाता कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता अविनाश मिश्रा ने किया है इस अवसर पर मधुकर सिंह हरिप्रसाद वर्मा विनीता वंदना पांडे तबस्सुम बानो अर्चना श्रीवास्तव मानसी वर्मा खुशबू वर्मा सुमन यादव एकता सिंह तहसील फातिमा सारिका श्रीवास्तव अमिता कश्यप आस्था आनंद आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे हैं।

# श्रोत पर कटौती-संग्रहण के सम्बन्ध में सेमिनार का हुआ आयोजन

**सुलतानपुर।** आयकर विभाग द्वारा समस्त आहरण वितरण अधिकारी/सम्बन्धित अधिकारी एवं लेखाकार के साथ श्रोत पर कटौती/संग्रहण (टी.डी.एस.) के सम्बन्ध में सेमिनार का आयोजन किया गया। उक्त सेमिनार कार्यक्रम में आयकर अधिकारी (टी.डी.एस.) बृजेश राजौरिया, आयकर अधिकारी राम करन गौतम, प्रतीक कुमार, कर सहायक एवं मो0 काशिफ अंसारी, कर सहायक द्वारा आयकर कटौती कर समय पर जमा करना, त्रैमासिक टी.डी.एस. स्टेटमेन्ट्स को सावधानी पूर्वक समय से दाखिल करना इत्यादि के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया और ऐसा न करने पर आयकर अधिनियम 1961 के अन्तर्गत लगने वाली शास्तियों, अभियोजन के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर मुख्य कोषाधिकारी अरविंद सिंह सहित,समस्त विभागों के आहरण वितरण अधिकारी/सम्बन्धित अधिकारी एवं लेखाकार आदि उपस्थित रहे।

# प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक ने बीमा धारक को 10 लाख की बीमा राशि देकर की आर्थिक मदद

## मणिपुर शाखा पर क्षेत्रीय प्रबंधक एवं इंश्योरेंस अधिकारी ने पीड़ित को दिया 10 लाख का चेक



**बलरामपुर।** क्षेत्रीय प्रबंधक प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक एवं फ्यूचर जनरली लाइफ इंश्योरेंस के सहयोग से बीमा दिवंगत कमलेश कुमार तिवारी की पत्नी गायत्री देवी को 10 लाख का बीमा राशि चेक के माध्यम से दिया गया है। यह कार्यक्रम क्लेम निपटान प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की मणिपुर शाखा में दिवंगत कमलेश कुमार तिवारी की पत्नी गायत्री देवी को क्षेत्रीय प्रबंधक अनुज कुमार यादव एवं शाखा प्रबंधक नीतिश शर्मा के मौजूदगी में फ्यूचर जनरली लाइफ इंश्योरेंस के अखिलेश कुमार सिंह ने चेक देकर परिवार को आवश्यक वित्तीय सहायता दी है।

शाखा प्रबंधक ने कहा कि फ्यूचर जनरली एवं प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक ने ग्राहकों की सेवा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए इस क्लेम का त्वरित निपटान किया है इससे परिवार को आवश्यक वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है। प्रथमा बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अनुज कुमार यादव ने कहा कि क्लेम निपटान में फ्यूचर जनरली की सेवा जनहित में सबसे अच्छी है उन्होंने कहा कि गायत्री देवी को बीमा राशि का चेक देने पर उन्होंने फ्यूचर जनराली लाइफ इंश्योरेंस की सराहना की है।

# संस्कार और संगठन का दर्पण है संघ का पथ संचलन-श्रीप्रकाश जी

**कुशभवनपुर(सुल्तानपुर)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 99 वर्षों के गौरवशाली इतिहास को संजोते हुए कुशभवनपुर (सुल्तानपुर) में संघ की बालकार्य शाखा द्वारा आयोजित दो दिवसीय बाल शिविर का समापन रविवार को ऐतिहासिक पथ संचलन के साथ हुआ। इस पथ संचलन में श्रीप्रकाश जी (विभाग प्रचारक) ने अपने उद्बोधन में कहा, ÷संघ का पथ संचलन केवल अनुशासन का प्रदर्शन नहीं है, यह हमारे संस्कार और संगठन का प्रतीक है।÷

**'सड़कें बनीं राष्ट्रभक्ति का मंच'**

सैकड़ों बाल स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासित कदमताल के साथ सुल्तानपुर नगर की प्रमुख सड़कों पर पथ संचलन किया। सरस्वती विद्या मंदिर, विवेकानंद नगर से प्रारंभ होकर संचलन गांधी चौक, घंटाघर, और सुभाष चौक जैसे प्रमुख स्थानों से होकर विद्यालय परिसर में समाप्त हुआ। इस दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'जय श्रीराम' जैसे गगनभेदी नारों ने पूरे नगर को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया।

**'जनसमर्थन और उत्साह'**

पथ संचलन के दौरान सुल्तानपुर की सड़कों पर अभूतपूर्व जनसमर्थन देखने को मिला। नागरिकों ने बाल स्वयंसेवकों पर फूलों की वर्षा की और राष्ट्रभक्ति गीतों से उनका स्वागत किया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने आयोजन को प्रेरणादायक बताते हुए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

'समापन सभाः राष्ट्रनिर्माण का आह्वान'

पथ संचलन के पश्चात विद्यालय परिसर में भव्य समापन सभा आयोजित की गई। अध्यक्षता कर रहीं प्रो. डॉ. सुपर्णा (प्रोफेसर, राजकीय मेडिकल कॉलेज, सुल्तानपुर) ने कहा कि संघ के शिविर अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और भारतीय संस्कृति की शिक्षा देते हैं। समापन उद्बोधन में श्रीप्रकाश जी (विभाग प्रचारक) ने कहा ÷संघ का पथ संचलन केवल अनुशासन का प्रदर्शन नहीं है, यह हमारे संस्कार और संगठन का प्रतीक है। बालकों में संस्कार और संगठन की भावना जागृत कर हम भारत के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से संघ की विचारधारा से जुड़ने और राष्ट्रहित में कार्य करने का आग्रह किया।

**'संघ के मूल सिद्धांतों पर बल'**

शिविर कार्यवाह डॉ. संतोष पांडेय ने डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार के संघ स्थापना से जुड़े विचारों को याद करते हुए कहा कि संघ की शाखाएं बालकों में निस्वार्थ भाव, देशभक्ति और धर्मरक्षा के गुण विकसित करती हैं। इस आयोजन में विभाग संघचालक डॉ. अरुण कुमार, नगर संघचालक अमरपाल, सह जिला कार्यवाह शक्ति पाठक, जिला प्रचारक आशीष, और जिला बालकार्य प्रमुख अर्पित सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह आयोजन सुल्तानपुर के नागरिकों के दिलों में राष्ट्रभक्ति और संघ के आदर्शों की गहरी छाप छोड़ गया।

पथ संचलन और शिविर ने यह संदेश दिया कि संगठित समाज ही एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की नींव रख सकता है।

# बालिका वर्ग दौड़ में अंकिता, बालक वर्ग में अमन रहे अव्वल

## तहसील स्तरीय दिव्यांग कीड़ा प्रतियोगिता रमना पार्क में संपन्न





**बलरामपुर।** सोमवार बेसिक शिक्षा विभाग से समेकित शिक्षा से तहसील स्तरीय दिव्यांग बच्चों का खेल प्रतियोगिता का आयोजन रमना पार्क मैदान में किया गया ।

प्रतियोगिता में जिले के दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है।

कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक जितेंद्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय का खगई जोत की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। खंड शिक्षा अधिकारी सदर अशोक कुमार पाठक के दिशा निर्देशन में तहसील स्तरीय दिव्यांग बच्चों की क्रीडा प्रतियोगिता में 6 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बालिका वर्ग दौड़ में अंकिता प्रथम , लक्ष्मी द्वितीय एवं मानसी तृतीय स्थान पर रही है। बालक संवर्ग जूनियर में अमन प्रथम ,इस्माइल एवं शिवा तृतीय, नृत्य प्रतियोगिता में लक्ष्मी प्रथम ,अंसिका द्वितीय एवं अंकिता छूकर पहचानो में रेवती प्रथम ,अंसिका द्वितीय एवं अनुष्का तृतीय स्थान पर रही। सभी बच्चों को पुरस्कार प्रमाण पत्र खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रदान किया । खेलों के निर्णायक के रूप में जिला व्यायाम शिक्षक राधा मोहन पांडे,जिला स्काउट मास्टर महमूद उल हक,सहायक ज़िला व्यायाम शिक्षक सुदीप श्रीवास्तव,सिद्धनाथ पांडेय ,विजय मिश्रा,आकांक्षा सिंह,तान्या बाजपेयी,विभा मिश्रा, रेशु पांडेय,अमित कश्यप अजीत पासवान,कमलेश सिंह , डी॰बी॰ पांडेय ,नीलम, मोहम्मद अकील आतिन खन्ना सुदीप सिंह एवम् डॉ सौरभ सिंह आदि शिक्षकों का विशेष योगदान रहा ।

# संस्कृत बोर्ड परीक्षा के लिए एमपीपी इंटर कॉलेज बना केंद्र

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश मध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद से आयोजित होने वाली पूर्व मध्य द्वितीय वर्ष से उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष तक की वार्षिक परीक्षा 2025 का केंद्र निर्धारण किया गया है संस्कृत माध्यमिक एमपीपी इंटर कॉलेज बलरामपुर को परीक्षा वर्ष 2025 का केंद्र प्रस्तावित किया गया है चयनित परीक्षा केंद्र के संबंध में आपत्ती प्रत्यावेदन तीन दिवस के अंदर संबंधित विद्यालय प्रधानाचार्य के माध्यम से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय देने का निर्देश दिया गया है इस बात की जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ने दी है उन्होंने कहा कि प्रस्तावित केंद्र के संबंध में किसी प्रधानाचार्य को आपत्ति है तो वह निर्धारित तीन दिवस के भीतर विभाग को प्रत्यावेदन के माध्यम से आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

# असलहा लेकर धमकाने व पैसा मांगने का वीडियो वायरल



लोकमित्र ब्यूरो

**सुल्तानपुर।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति अवैध असलहा हाथों में लेकर एक व्यक्ति को धमका रहा है। मामला बल्दीराय थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार पूरे धनी धर मिश्र का पुरवा गांव निवासी अमित मिश्रा ने पुलिस में तहरीर देकर शिकायत किया है। आरोप है कि इलाके का अपराधी राजकुमार मिश्रा ने पीड़ित को रोका और शराब पीने के पैसे मांगे। पीड़ित ने पैसे देने से इनकार किया तो आरोपी द्वारा हाथ में लिए अद्धी बंदूक से उसे डराया। पीड़ित ने कहा हम मुख्यमंत्री के यहां शिकायत करेंगे जिस पर उसने कहा कुछ होगा नहीं वहां मेरे रिश्तेदार हैं। घटना रविवार शाम की बताई जा रही है इसके बाद पीड़ित ने डायल 112 को बुलाया, टीम पहुंची और कहा कि चौकी जाकर प्रार्थना पत्र दीजिये। पीड़ित अमित मिश्रा ने चौकी पहुंचकर शिकायत देकर अपने जान माल की गुहार लगाई है। इस बाबत एसओ बल्दीराय ने बताया कि प्रकरण की जानकारी नहीं है। अगर तहरीर मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है आरोपी पूर्व में जेल जा चुका है, ये घटना रविवार शाम की है।

# एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते एसडीएम के पेशकार को किया गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**सुलतानपुर।** राजस्व महकमें में रिश्वतखोरी एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जिसका कोई स्थायी समाधान नहीं निकल रहा है। सोमवार को घूसखोरी का ताजा मामला जयसिंहपुर तहसील से सामने आया है। यहां पर एंटी करप्शन टीम ने एसडीएम जयसिंहपुर के पेशकार को रंगे हाथ पांच हजार रुपये घूस लेते पकड़ा है। टीम उन्हें गोसाईगंज थाने लाकर पूछताछ में जुटी है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के माधवपुर छतौना निवासी समरजीत एसडीएम जयसिंहपुर के पेशकार है। किसी भू स्वामी से जमीन पर स्थगन आदेश पारित कराने के नाम पर पांच हजार की रिश्वत मांग रहे थे। भू स्वामी ने रिश्वत मांगने की शिकायत एंटी करप्शन अयोध्या से की थी। शिकायत पर सोमवार को तहसील जयसिंहपुर पहुंची एंटी करप्शन की टीम ने भू स्वामी को पैसे देने के लिए पेशकार को एसडीएम कोर्ट से बाहर बुलवाया। जैसे ही पेशकार समरजीत ने भू स्वामी से पैसा लिया वैसे ही बगल खड़ी एंटी करप्शन की टीम ने उसे पकड़ लिया। वाहन में बैठा उसे गोसाईगंज थाने ले आई, जहां उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की गई। वहीं रिश्वत के मामले में पेशकार समरजीत का कहना है कि उसे जबरदस्ती पैसा दिया जा रहा था। बताते चलें कि 13 नवंबर 2022 को एसडीएम जयसिंहपुर के पेशकार रहे संजीव कुमार दूबे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। तहसीलदार के पेशकार रहे समरजीत को एसडीएम का पेशकार बनाया गया था। एसडीएम जयसिंहपुर संतोष कुमार ओझा ने बताया कि रीडर को पांच हजार रुपए के रिश्वत लेते एंटी करप्शन की टीम गोसाईगंज थाने ले गई है। एफआईआर की कॉपी मिलते ही उन्हें निलंबित किया जाएगा।

# परिषदीय अध्यापकों को मिला कंप्यूटर बेसिक ज्ञान का टिप्स

## एकदिवसीय डिजिटल लिटरेसी प्रशिक्षण में शिक्षकों को मिली कंप्यूटर की जानकारी




**बलरामपुर।** सोमवार को डायट प्राचार्य के निर्देशन में जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान ने डिजिटल लिटरेसी कंप्यूटेशनल थिंकिंग कोडिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस* आधारित एक दिवसीय फॉलोअप कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे प्रतिभागी शिक्षकों ने अपने अपने विद्यालय में कंप्यूटर के बेसिक ज्ञान, एमएस वर्ड, एम एस पेंट, एमएस एक्सेल, स्क्रैच, पाइथन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को विज्ञान विषय में कक्षा 6, 7 व 8 में प्रयोग करने सहित चुनौतियों पर चर्चा की गई। डा0 त्रिपुरारी पूजन ने डिजिटल लिटरेसी, सूचना प्रौद्योगिकी को विद्यालय में उपयोग कर शिक्षा को रुचिकर बनाने की बात कही।

प्रवक्ता पवन कुमार वर्मा ने निर्धारित समय में डिजिटल इंडिया के तत्वाधान में शिक्षा में डिजिटल उपकरणों के प्रयोग की बात कही। इस मौके पर अरूण कुमार यादव, मलिक मुनव्वर, सर्वेश्वर शरण शुक्ल, जीवन ज्योति यादव संदर्भ दाता के रूप में अपने-अपने व्याख्यान को विस्तार से समझाया। डायट प्राचार्य मृदुला आनंद ने सभी शिक्षकों से अपील किया कि जो भी प्रशिक्षण मिल रहा है उनका क्रियान्वयन स्कूलों में बच्चों के बीच किया जाए बुनियादी शिक्षा मजबूती ही शिक्षा विभाग का मुख्य उद्देश्य है।

# प्रसूताओं को ढूंढें नहीं मिल रहे महिला चिकित्सक

## चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा हैं राजकीय मेडिकल कालेज स्थित महिला अस्पताल



**सुलतानपुर।** स्वशाषी राजकीय मेडिकल कालेज के महिला अस्पताल के ओपीडी में इन दिनों महिला चिकित्स्कों की कमी के चलते चिकित्सा वय्वस्था ठप्प पड़ी हुई हैं। प्रसूताएं या महिला मरीज पुराने चिकित्स्कों को दिखलाने आती हैं तो उनकी जगह पर जे आर बैठी मिलती हैं। अविश्वास के चलते वो बिना अपनी बीमारी दिखलाये ही वापस लौट कर निजी अस्पताल का सहारा लेती हैं। ज्ञात हो कि वर्तमान समय में दो स्थाई महिला चिकित्स्क और दो अस्थाई महिला चिकित्सक कि नियुक्ति हैं परन्तु इनकी ओपीडी ड्यूटी न लगाते हुए इन्हें केवल ओटी में लगा दिया गया हैं जबकि इनकी जरूरत ओपीडी में है अगर किसी दिन एक चिकिसक को ओपीडी में महिला मरीज दिखलाती हैं तो दूसरे दिन वो महिला चिकित्स्क जो कि जे आर या एस आर नाम से जानी जाती हैं वो नहीं मिलती उनकी जगह पर कोई दूसरा चेहरा नजर आता हैं।

जब इस बारे में महिला चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आर के यादव से पूछा गया तो उनका कहना हैं कि चिकित्स्कों कि कमी के चलते बेहतर चिकित्स्कों की ड्यूटी ओटी में लगाई गई हैं ओटी का कार्य जरूरी हैं ओपीडी का पेशेंट चिकत्स्कों को ओटी में भी दिखला सकता हैं प्रयास हैं कि ओटी का कार्य न रूकने पाए।

# बल्दीराय एसडीएम न्यायालय का कल तक विरोध करेंगे अधिवक्ता

**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** बल्दीराय तहलील परिसर में न्यू अवध बार एसोसिएशन बलदीराय की दूसरी बैठक सोमवार को सम्पन्न हुई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने एसडीएम बलदीराय के न्यायालय का आगामी चार दिसंबर तक बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। अधिवक्ता ध्रुव राज पांडे के सुझाव पर अधिवक्ता संघ ने विचार करने के पश्चात प्रस्ताव पारित किया गया। एसोसिएशन के अधिवक्ता संघ एसडीएम बलदीराय गामिनी सिंगला के न्यायिक कार्य प्रणाली व नियम विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर कई दिनो से नाराज है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि राजस्व न्यायालय मैनुवल के विपरीत बल्दीराय एसडीएम की अदालत चल रही है।एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि एसडीएम के इस कृत्य के में संबंध में जिलाधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा गया था। किन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अधिवक्ता चार दिसंबर तक न्यायालय का बहिष्कार करेंगे। इस दौरान कोई भी अधिवक्ता एसडीएम के न्यायालय में नहीं जाएंगे। संघ के तीन सदस्य इसकी निगरानी करेंगे। बैठक में अधिवक्ता महामंत्री बृजेश यादव, संजय सिंह, अनिल यादव, अजय सिंह, प्रदीप पांडेय, अखिलेश पाठक, पवन दूबे, राम सुमिरन वैश्य, अजय दूबे, राधेश्याम श्रीवास्तव, आनंद तिवारी, अंफल, सर्वोदय सिंह, राजकुमार तिवारी, बिकास मिश्रा, प्रदीप सोनकर, कौशल किशोर, कृष्ण कुमार तिवारी, प्रसुन यादव, बद्रीनाथ शुक्ला, सुरेंद्र तिवारी, आलोक श्रीवास्तव, गिरिजा शंकर, वृजनंदन सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



# सड़क किनारे लघुशंका कर रहे पेंटर पर चढाई बाइक

## अज्ञात बाइक सवार रात के अंधेरे मे भाग निकला

**शम्भूगंज/सुल्तानपुर।** रात को सड़क किनारे लघुशंका कर रहे पेंटर पर किसी ने बाइक चढा दी। जिसके बाद वह बाइक लेकर भाग निकला है। परिजनो ने घायल पेंटर को अस्पताल मे भर्ती कराया है।

कोतवाली देहात के पाल्हनपुर गांव निवासी विनोद प्रजापति पेंटर का काम सुल्तानपुर गये हुए थे वापस लौटते समय बघराजपुर सड़क किनारे लघुशंका कर रहे पेंटर पर रविवार की रात अज्ञात बाइक सवार ने बाइक चढा दी। जिससे सड़क के किनारे लघुशंका कर रहे उसी समय पीछे से जोरदार टक्कर मारी जो खाई में जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गये। पेंटर विनोद प्रजापति को परिजन गंभीर रूप घायल अवस्था मे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनका इलाज चल रहा है है। देहात कोतवाल सतेन्द्र कुमार सिह ने बताया कि अभी कोई तहरीर नही मिली है। मिलने पर कार्रवायी की जाऐगी।

# सदस्य महोदया द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया गया निरीक्षण

**सुलतानपुर।** सदस्य, राज्य महिला आयोग श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा की अध्यक्षता में स्थानीय लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से महिला जनसुनवाई कार्यक्रम, आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण तथा विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना गया एवं पुलिस अधीक्षक महोदय के माध्यम से सम्बन्धित थानों को आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# डीएम ने किया निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने सोमवार को महाकुंभ- 2025 व पर्यटन विकास के दृष्टिगत अलोपशंकरी देवी मंदिर एवं मन कामेश्वर मंदिर में कराए जा रहे सौंदर्यीकरण, सुदृढ़ीकरण व अन्य विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जायजा लिया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से वहां पर हो रहे कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से करने के साथ फिनिशिंग पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया है।
जिलाधिकारी ने वहां पर कराए जा रहे कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से पूर्ण किए जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कार्यों की नियमित जाँच कराते हुए गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।
जिलाधिकारी ने काम की शिफ्ट व मैनपावर बढ़ा कर कार्य को निर्धारित समय में ही अवश्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

## जनपद न्यायालय में आंदोलन स्थगित

**प्रयागराज।** जिला अधिवक्ता संघ के मंत्री दिनेश चंद्र पांडेय ने बताया कि अधिवक्ता अखिलेश शुक्ला की हत्या के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर चल रहा आंदोलन एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया है, जिसके चलते अधिवक्ता तीन दिसंबर से न्यायिक कार्य करेंगे।संघ की ओर से अधिवक्ताओं से शान्तिपूर्ण सहयोग की अपेक्षा की गई है। कहा कि वर्तमान परिस्थिति में धैर्य एवं संयम की आवश्यकता है। प्रशासनिक न्यायमूर्ति के आश्वासन के सम्मान में सर्वसम्मति से आंदोलन को अग्रिम एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।वहीं दूसरी ओर महिला उपाध्यक्ष सरिता शुक्ला ने बताया कि उनकी अगुवाई में 20 सदस्यीय संघर्ष समिति बनाई गई है ।

# केपी कॉलेज में वाद-विवाद प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



**प्रयागराज।** जयंती सप्ताह के अन्तर्गत आज छठवें दिन मातृ संस्था कायस्थ पाठशाला के तत्वावधान में के.पी. इंटर कॉलेज में अंतर्विद्यालयीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति विभाग के सदस्य रवींद्र कुशवाहा एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ।
कायस्थ पाठशाला के उपाध्यक्ष वित्त गोपी कृष्ण श्रीवास्तव एवं उपाध्यक्ष शिक्षा योगेन्द्र कुमार विशिष्ट अतिथि थे। कालेज प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष प्रशासन दिलीप श्रीवास्तव एडवोकेट ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ विवेक सिंह एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शीलू कच्छप ने निर्णायक की भूमिका का निर्वाह किया। प्रतियोगिता तीन स्तरों में संपन्न हुई।प्रतियोगिता को संपन्न कराने में प्रवीन चन्द्र, आनन्द प्रकाश, सोमनाथ बरन, सोनी श्रीवास्तव, वैशाली श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव आदि ने महत्व पूर्ण योगदान दिया।

# घण्टो लगा रहा भीषण जाम नगर वासी रहे परेशान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** सराय अकिल कस्बे के करन चौराहा और उसके आसपास सड़क पर जाम लगना आम बात हो गई है सड़क पर रोज लगने वाले जाम से नगर के साथ-साथ गांव के लोग भी परेशान हो गए हैं जाम की स्थिति इतनी खराब है कि कई कई घंटे लोग जम के बीच फंसे रहते है और बेचैन होते हैं सोमवार के दिन भी सराय अकिल में ढाई घंटे से अधिक सड़क पर जाम लग रहा है
लेकिन कोई भी पुलिस कर्मी जाम हटाने के लिए आगे नहीं आया यातायात पुलिस की कस्बे में ड्यूटी भी लगाई गई है लेकिन सड़क पर घंटो जाम लगने के बाद यातायात पुलिस से जाम से कोई मतलब नहीं दिखाई पड़ता है कस्बे में सराय अकिल थाना भी है घंटो जाम लगने के बाद भी सराय अकिल थाना पुलिस भी जाम हटाने के लिए सार्थक पहल नहीं करती है जिससे जाम लाइलाज बन चुका है और आमजन मानस जाम से परेशान है अभी 1 महीने तक यातायात माह मनाया गया यातायात से संबंधित तमाम नियम कायदे बताए गए लेकिन यातायात माह में भी सराय अकिल कस्बे का जाम नहीं समाप्त हो सका है बताया जाता है कि ओवरलोड तेज गति बालू वाहन भी जाम का एक प्रमुख कारण है दूसरी तरफ चौराहे पर खड़े होने वाले विक्रम अप्पे ई रिक्शा भी जाम को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं आखिर नगर के लोगों को कब तक जाम की समस्या से जूझना पड़ेगा।

# स्थापना दिवस सम्मान समारोह सफलतापूर्वक संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज ।** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र का मानव संसाधन विकास मंत्रालय से मान्यता दिवस की स्थापना दिवस सम्मान समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम दी जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से अयोजित किया गया समारोह की मुख्य अतिथि अनुराधा सुन्दरम (जिला शासकीय अधिवक्ता प्रयागराज) के द्वारा समाज में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे लोगों को सम्मान दिया गया इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। डॉ प्रभांशु कुमार (इसरो को ऑर्डिनेटर ), विशाखा मिश्रा(समाजसेविका), सचिन कुमार(समाजसेवी), अभय मिश्रा (बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के सहसंयोजक), लायन हिमांशु गुप्ता(समाजसेवी), सुमित कुमार(उत्तर प्रदेश पुलिस), अरुणिमा बहादुर खरे(शिक्षा सहित एवं समाज सेवा), रश्मि तोमर (बैंकिंग और माइक्रोफाइनेंस) सौरभ परिंदा (गिटारिस्ट एवं समाजसेवी), नौशीन बानो (परियोजना प्रबंधन के क्षेत्र में), आचार्य कुमकुम(योग शिक्षिका), रोहित विश्वकर्मा(अंतरराष्ट्रीय कराटे के क्षेत्र में), सृष्टि यादव (समाजसेविका), डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा (शिक्षा एवं साहित्य क्षेत्र में) रोहित कुमार (उत्तर प्रदेश पुलिस), शालिनी श्रीवास्तव (शिक्षा विभाग) आकांक्षा पांडे (डिवाइस लाइट परिवार के निदेशक एवं संस्थापक), एवं तमाम मित्र एवं बच्चों के अभिभावक, शामिल होकर बच्चों के द्वारा किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। सभी आए हुए सम्मानित मित्रों का हार्दिक आभार हार्दिक अभिनंदन । आप सभी हमारी खुशियों में शामिल हुए इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद यह कार्यक्रम दी जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की प्रदेश सचिव श्रीमती श्वेता साहू के निर्देशानुसार श्रीमती शालिनी दीक्षित द्वारा संपन्न किया और इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष स्नेह लता जी का भी सहयोग रहा, और मीडिया प्रभारी शिशिर गुप्ता, राम जी, अभिनव केसरवानी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन दी जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव द्वारा किया गया।

## रोक के बावजूद काली फिल्म और हूटर लगे वाहनों की भरमार

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** तमाम रोक के बावजूद काली फिल्मों और हूटर वाले वाहनों की क्षेत्र में भरमार हो गई है।मऊआइमा इलाके में काली फिल्म और हूटर लगे वाहनों की संख्या इतनी अधिक है कि आम आदमी तक परेशान है। चर्चा है कि ऐसे वाहनों के स्वामी इसका प्रयोग गांव देहात में कर ग्रामीणों को अपना रूतबा दिखाते हैं। इसके पीछे इनका मकसद ग्रामीणों को यह संदेश देना होता है कि वे कानून को जेब में रखते हैं। भीड़भाड़ वाले इलाकों और जाम वाले स्थानों में इस हूटर का प्रयोग यह लोग अवश्य करते हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उनको जान सकें। यही नहीं पुलिस को भनक न लगे हूटरों का प्रयोग शादी ब्याह में भीड को देख कर करते हैं।

# महाकुंभ मेला नाम से बना नया जनपद

प्रदेश में बढ़ गई जिलों की संख्या, अब 75 नहीं 76 हुये जिले

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में जिलों की संख्या बढ़ गई है, अब कुल 76 जनपद होंगे, अभी तक 75 जिले ही हुआ करते थे। महाकुंभ मेला को जनपद बनाया गया है। महाकुंभ मेला जनपद में 4 तहसील और 67 गांव शामिल किये गये हैं। इसका आदेश रविवार शाम को डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ ने जारी कर दिया है। ऐसा पहली बार नहीं है जब महाकुंभ के दौरान जनपद की घोषणा की गई हो। इससे पहले भी कुंभ और महाकुंभ मेला के दौरान नये जिले की घोषणा की जाती रही है।दरअसल, महाकुंभ के दौरान यहां पर करोड़ों की तादात में लोग पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं के लिए अलग व्यवस्था की जाती है। जिससे कुंभ और महाकुंभ के दौरान नया शहर बन जाता है और व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रशासन की तरफ से नया जनपद बना दिया जाता, लेकिन यह जिला केवल मेला अवधि तक ही माना जाता है। महाकुंभ मेला जनपद में सदर, सोरांव, फूलपुर व करछना तहसील को शामिल किया गया है। इन्हीं तहसीलों के तहत आने वाले गांव भी मेला जनपद में शामिल हुये हैं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत




**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में सोमवार की देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई , सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही में जुट गई है , हादसे की खबर पर युवक के घर में कोहराम मच गया ।
सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के वार्ड नं 11 निवासी शारिक पुत्र नौशाद 26 वर्ष सोमवार की शाम बाइक से सैनी आया था बाइक सवार जैसे ही सैनी बसअड्डे के आगे पहुंचा तभी अज्ञात वाहन बाइक सवार को टक्कर मारकर फरार हो गया हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई , आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही में जुट गई है , इधर युवक की मौत की खबर पर घर में कोहराम मच गया ।

# परिवार परामर्श केंद्र द्वारा परिजनों की सहमति से मिले बिछड़े परिवार



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र में प्रभारी श्यामा नारायण यादव, महिला हेड कांस्टेबल पूनम, महिला कांस्टेबल नीतू यादव के माध्यम से 12 फाइलों की काउंसलिंग की गयी, जिसमें काउंसलिंग के दौरान 02 फाइलों में पति-पत्नी व उनके परिजनों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया।
परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी को उनके जीवन की पारिवारिक कर्तव्य को बताते हुए समझाया गया। दोनों पति-पत्नी द्वारा बताया गया कि अब हम दोनों के बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। हम दोनों अपनी खुद की सहमति से सुलह समझौता करना चाहते हैं । परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों पति-पत्नी को सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा व्यक्त किया गया कि अब हम दोनो एक दूसरे के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करेंगे ।परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों को सलाह दिया गया, अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपने जीवन की नई शुरुआत करें।

# प्रतियोगी छात्र मोर्चा ने प्रदर्शन कर सोपा ज्ञापन




**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** प्रतियोगी छात्र मोर्चा के बैनर तले विकी खान के नेतृत्व में सैकड़ो प्रतियोगी छात्रों ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग पर धरना दियाद्य अध्यक्ष और सचिव के अनुपस्थिति में कार्यवाहक उपसचिव शिव जी मालवीय से वार्ता हुई वार्ता के दौरान विक्की खान ने दो सूत्रीय मांग रखी की ,असिस्टेंट प्रोफेसर तथा टीजीटी- पीजीटी 2022 की परीक्षा अतिशीघ्र आयोजित की जाए ,लेकिन तिथि की घोषणा एवं परीक्षा तिथि के बीच 60 से 90 दिन का अंतराल अवश्य होना चाहिए, ताकी तैयारी का उचित समय मिल सकेद्य साथ ही परीक्षा की प्रत्येक अपडेट समाचार पत्रों में प्रकाशित होती रहे अगले बिंदु के रूप में विक्की खान का कहना था कि नए अधियाचन के लिए तुरंत पुनः पोर्टल खोला जाए ताकि नए विज्ञापन को भी जारी किया जा सके इस अवसर पर उपसचिव ने यह आश्वासन दिया कि आपकी मांगे जायज हैद्य आयोग इस पर सहानुभूति विचार करेगा ,लेकिन सारे निर्णय आयोग की मीटिंग में लिए जाएंगेद्य अध्यक्ष की अनुपस्थिति के कारण विक्की खान का कहना है कि 04 दिसंबर को आयोग पर अध्यक्ष को पुनः ज्ञापन दिया जाएगा।
इस अवसर पर विक्की खान ,कृपाशंकर निरंकारी, लोकेंद्र शुक्ला, अजय अवस्थी , इफ्तखारुल हक ,विवेक मिश्रा, संजीव सिंह ,सत्येंद्र यादव ,दिनेश पाल, रमेश भारती, आदि मौजूद थे ।

# मिशन शक्ति अभियान : महिलाओं, बालिकाओं को किया जागरूक




**बांदा।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान महिलाओं को उनकी सुरक्षा के साथ ही आपातकालीन नंबरों के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है ताकि आवश्यकता पड़ने पर वह आपातकलीन नंबरों पर फोन करके पुलिस की मदद प्राप्त कर सकें।
मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत पैलानी थाना पुलिस ने सिंधनकलां गांव में सोमवार को चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान चौपाल में शामिल महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के महत्व को समझाते हुए जागरूक किया। शासन द्वारा चलाए गए विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, जैसे आपात कालीन सेवा 112, वोमेन पावर लाइन नंबर 1090, स्वास्थ्य सेवा 102, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 आदि से अवगत कराया। वर्तमान में हो रहे साइबर अपराध और उनसे बचने के बारे में जानकारी दी। साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 से अवगत कराया, गुड टच बेड टच के बारे मे बताया गया। महिलाओं से उनकी समस्याएं पूछीं गई और समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। वहीं थाना प्रभारी सुखराम सिंह के साथ महिला उपनिरीक्षक हिमांशी वर्मा और सुनीता चौरसिया शामिल रहीं।

# भर्ती परीक्षा की तारीख घोषित करने को किया शिक्षा सेवा चयन आयोग का घेराव

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर और टीजीटी-पीजीटी 2022 की परीक्षा घोषित करने समेत अन्य मांगों को लेकर अभ्यर्थियों ने सोमवार को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग एलनगंज में धरना दिया। अध्यक्ष प्रो. कीर्ति पांडेय और सचिव मनोज कुमार की अनुपस्थिति में अभ्यर्थियों ने कार्यवाहक उपसचिव शिवजी मालवीय से वार्ता की।
प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे प्रतियोगी छात्र मोर्चा के विक्की खान ने लंबित भर्ती परीक्षाएं अतिशीघ्र कराने और परीक्षा तिथि की घोषणा एवं परीक्षा तिथि के बीच 60 से 90 दिन का अंतर रखने की मांग की, ताकी तैयारी का उचित समय मिल सके। नए अधियाचन के लिए तुरंत पोर्टल खोलने का अनुरोध किया ताकि नया विज्ञापन भी जारी हो सके। उपसचिव शिवजी मालवीय ने आश्वासन दिया कि मांगों पर सहानुभूति विचार किया जाएगा। अभ्यर्थियों ने चार दिसंबर को आयोग अध्यक्ष को पुनः ज्ञापन देने का निर्णय लिया। इस अवसर पर कृपाशंकर निरंकारी, लोकेंद्र शुक्ला, अजय अवस्थी, इफ्तखारुल हक, विवेक मिश्रा, संजीव सिंह, सत्येंद्र यादव, दिनेश पाल, रमेश भारती आदि मौजूद थे।

# डॉ ए एच रिजवी कॉलेज में जल व पर्यावरण-संरक्षण की दिलाई शपथ

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** करारी कस्बे में स्थित शनिवार को डा. ए एच रिजवी डिग्री कॉलेज के प्रशिक्षण हॉल में आयोजित डिजिटल लिटरेसी की कार्यशाला के दौरान जल एवं प्रकृति सरंक्षण के प्रति जागरण मंच के तत्वावधान में बौद्धिक परिसंवाद का आयोजन राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक हरिओम सिंह व जल-संरक्षण के प्रणेता ने संयुक्तरूप से किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर की प्राचार्य निधि शुक्ला व रिजवी कालेज के प्राचार्य राजेश सक्सेना ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य निधि शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि जल एवं पेड़ पौधे प्रकृति द्वारा दिये गये ऐसे उपहार हैं, जो जीवन के आधार स्तंभ हैंय इनका दोहन भविष्य के लिए घातक होगा। हम सबको इस मुहिम में शामिल होकर जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए एक कदम आगे बढ़ाना चाहिए। रण विजय निषाद ने कहा कि जल एक ऐसा रसायन है जिसे हम केवल बचा सकते हैं, लेकिन इसे बना नहीं सकते हैं। जल जीवन का पर्याय है। उन्होंने कहा कि सोखपिट के निर्माण, खुली हुई टोंटियों को बंद करने, बाथरूम में जग-मग के प्रयोग करने पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। बर्ड एंड नेचर प्रोटेक्शन कैंपेन के संयोजक, राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त हरिओम सिंह ने कृषक बन्धुओं को खेत में बागवानी करने, पेड़ पौधे को लगाने पर बल दिया। उन्होंने खेत का पानी खेत में रोकने की सलाह दिया। उन्होंने अतिथियों का आभार भी व्यक्त किया। झीलों, तालाबों आदि का महत्व बताते हुए डायट प्रवक्ता डा. सुरेश चंद मिश्र ने कहा कि पेड़-पौधे, नदी-तालाब, मानव, पशु-पक्षी सभी एक-दूसरे पर आश्रित हैं। इनका सरंक्षण जरूरी है। शिक्षक अतुल प्रकाश प्रजापति ने जल के महत्त्व को बताते हुए कहा कि अतिथियों के आने आधा गिलास पानी दें, टोंटियों को बंद रखें। केपटाउन में जल की कितनी भयावहता है पर चर्चा किया। भास्कर मिश्र ने स्प्रिंकलर से सिंचाई करने के फायदे बताते हुए जल संरक्षण को रेखांकित किया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए सपा समेत तीन ने कराया नामांकन

– भाजपा ने भी खोले पत्ते, विवेकानंद को उममीदवार बनाया



**बांदा।** नगर पंचायत बबेरू में अध्यक्ष पद के उप चुनाव में समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार ने सोमवार को नामांकन कराया। दो अन्य निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी नामांकन कराते हुए चुनाव में किस्मत आजमाते नजर आ रहे हैं। अतर्रा में सभासद पद के लिए महिला प्रत्याशी ने अपना नामांकन कराया है।
बबेरू में सोमवार दोपहर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी वसदेईया यादव अपने समर्थकों के साथ गर्म जोशी के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं नामांकन के समय बांदा चित्रकूट सांसद कृष्णा देवी पटेल क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव, पूर्व मंत्री शिव शंकर पटेल सपा जिला अध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य इन्द्रजीत, रजनी यादव, किरण यादव, किरण वर्मा, ज्ञान यादव अनूप यादव, छेदीलाल गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में समर्थकों ने गर्मजोशी के साथ नामांकन में शामिल रहे। वहीं इनके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी अरविंद कुमार व मोहनलाल धुरिया ने भी अपना नामांकन करवाया है। आज एक और पर्चा खरीदा गया जानकारी अध्यक्ष पद के आरओ राजेश कुमार व एआरओ सुधीर कुमार ने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष उप चुनाव मे सपा से बसदेईया यादव ने नामांकन कराया व दो निर्दलीय लोगो ने नामांकन कराया गया पर्चे की बिक्री10 बजे से3 बजे तक खरीद जाते है
अतर्रा में नगर पालिका परिषद के सुदामापुरी वार्ड नंबर 4 की रिक्त सभासद सीट के लिए समाजवादी पार्टी ने कांति देवी को अपना प्रत्याशी घोषित किया। सोमवार को कांति देवी ने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ नगर पालिका सभागार में आरओ अखिल कुमार एआरओ अक्षय साहू को नामांकन पत्र सौंपा।

## खेल कूद प्रतियोगिता 7 को

**सहसों।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग एवं खेल संघ के तत्वधान मे विकास खंड सहसों में 7 दिसंबर खंड स्त्रीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन श्री कृष्णा इंटर कॉलेज देवनहरी सहसों में होना सुनिश्चित हुआ है जिसमें एथेलिट्स, बालीबल, कबड्डी, कुश्ती, बैडमिंटन, वेट लिफ्टिंग, फुटबॉल, जूडो, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह जानकारी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुप्रिया सिंह ने दी है।

# पोलियो कार्यक्रम सफल बनाने के लिए दिया प्रशिक्षण

– प्रशिक्षण सत्र के दौरान दी गईं महत्वपूर्ण जानकारियां




**जसपुरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शनिवार को आयोजित होने वाले पोलियो दिवस के सफल क्रियान्वयन के लिए आज प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र का मार्गदर्शन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डा. दीपक कुमार यादव द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्साधिकारी डा. सन्दीप कुमार गुप्ता ने की।
प्रशिक्षण में ड्यूटी पर लगाए गए आशाओं, आशा संगिनियों और आँगनवाड़ी कार्यकत्रियों के पहले बैच को पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीकाकरण प्रक्रिया, बच्चों की निगरानी और अन्य संबंधित कार्यों पर विस्तार से जानकारी दी गई। बी0पी0एम0 स्वप्निल गुप्ता और टीकाकरण अधिकारी श्री रामदीन यादव ने संयुक्त रूप से सभी प्रतिभागियों को पोलियो से निपटने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान, विश्व स्वास्थ्य संगठन के फील्ड मॉनिटर सुनील कुमार गुप्ता ने भी भाग लिया और उन्होंने पोलियो उन्मूलन की प्रक्रिया, तकनीकी जानकारी और बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के संबंध में गंभीर चर्चा की। सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि पोलियो उन्मूलन की दिशा में हर एक व्यक्ति की जिम्मेदारी अहम है और हमें सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा पोलियो से बचाव के टीके से वंचित न रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 40 से अधिक आशाएं, आशा संगिनियाँ और आँगनवाड़ी कार्यकत्रियां शामिल हुईं।
सभी ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी भूमिका को लेकर दृढ़ संकल्प लिया।
कार्यक्रम के अंत में, सभी प्रतिभागियों को पोलियो दिवस के आयोजन के लिए पूरी तरह से तैयार रहने का आह्वान किया गया। इसके साथ ही,आयोजकों ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पोलियो उन्मूलन के उद्देश्य को लेकर जागरूकता फैलाएं और सुनिश्चित करें कि टीकाकरण अभियान के दौरान कोई भी बच्चा टीके से वंचित न रहे।